अधिकतम तापमान 21.00* » न्यूनतम तापमान 11.00* » सूर्योदय 6:35 » सूर्यास्त 5:25 » डॉलर 86.54 » यूरो 90.30 »

**छोटीबड़ीबात**

आज ही के दिन 1939 में रामकृष्ण मिशन सांस्कृतिक संस्थान की स्थापना की गई थी।

dainikbhaskarup.com bhaskardigital.com
क्यूआर कोड स्कैन कर पढ़ें ताजा खबरें

# दैनिक भास्कर

देश का विश्वसनीय अखबार

नोएडा । वर्ष-15, अंक-221 । बुधवार, 29 जनवरी 2025 । कुल पृष्ठ 24 । मूल्य 6.00 रूपये    वैब संस्करण

झांसी, नोएडा, लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित






# पुण्य का 'महास्नान' आज

## महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी



भास्कर ब्यूरो

महाकुम्भ नगर। मौनी अमावस्या पर प्रयागराज महाकुंभ में दूसरे अमृत स्नान के लिए मंगलवार तड़के से ही संगम तट की ओर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ने लगा है। दूसरे अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ से भी अधिक श्रद्धालुओं के संगम में डुबकी लगाने की संभावना जताई गई है। ऐसे में प्रयागराज रेल मण्डल ने भी श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। मौनी अमावस्या पर्व पर बुधवार को प्रयागराज रेल मण्डल ने शहर के सभी स्टेशनों पर यात्रियों के आने और जाने के लिए विशेष योजना बना ली है। इसके लिए प्रयागराज जंक्शन पर श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास की विशेष व्यवस्था प्रतिबंध के साथ लागू की है। ये प्रतिबंध मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के एक दिन पहले मंगलवार से ही लागू हो गया है। प्रतिबंध शुक्रवार तक लागू रहेंगे। मौनी अमावस्या पर्व पर प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश केवल सिटी साइड, प्लेटफ़ॉर्म नं.-एक की ओर से दिया जाएगा। निकास केवल सिविल लाइंस साइड, प्लेटफार्म न. 6 की ओर से दिया जा रहा है। आरक्षित यात्रियों, जिनका पहले से टिकट रिजर्व है, उन्हें सिटी साइड के गेट नंबर- 5 से अलग से प्रवेश मिल रहा है। वहीं अनारक्षित यात्रियों को दिशावार कलर कोडेडे आश्रय स्थलों के माध्यम से प्र वे श कराया जा रहा है। रेलवे के अफसरों के अनुसार टिकट के लिए आश्रय स्थलों में ही अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम और मोबाइल टिकटिंग की व्यवस्था है। भीड़ के अतिरिक्त दबाव का प्रबंधन करने के लिए खुसरो बाग में एक लाख लोगों के ठहरने के लिए होल्डिंग एरिया बनाया गया है।

**नैनी, छिवकी, सूबेदार गंज स्टेशनों पर भी विशेष कार्य योजना लागू**

मौनी अमावस्या पर्व पर बुधवार को नैनी जंक्शन में प्रवेश केवल स्टेशन रोड से और निकास केवल मालगोदाम की ओर से होगा। आरक्षित यात्रियों को गेट नंबर-दो से अलग से प्रवेश दिया जाएगा। वहीं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रवेश केवल प्रयागराज-मिर्जापुर राजमार्ग को जोड़ने वाले सीओडी मार्ग से और निकास केवल जीईसी नैनी रोड की ओर से होगा। आरक्षित यात्री गेट नंबर -दो से प्रवेश करेंगे। सूबेदार गंज स्टेशन में प्रवेश झलवा, कौशाम्बी रोड की ओर से होगा, जबकि निकास केवल जीटी रोड की ओर होगा। आरक्षित यात्री गेट नंबर-तीन से प्रवेश करेंगे। अनारक्षित यात्रियों के लिए सभी स्टेशनों पर दिशावार कलर कोडेड आश्रय स्थल बनाये गये हैं। जहां से यात्रियों को उनके जाने के गंतव्य स्टेशन के मुताबिक आश्रय स्थलों में अलग-अलग कलर के टिकट के हिसाब से प्लेटफार्म में पहुंचाया जाएगा। जहां से नियमित और मेला स्पेशल ट्रेनों से यात्रियों को उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुचांया जाएगा।

**महाकुम्भ : श्रद्धालुओं पर 25 कुंतल गुलाब की पंखुड़ियों से होगी पुष्प वर्षा**

महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर योगी सरकार ने श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बनाने के लिए विशेष तैयारी की है। इस अमृत स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं पर आसमान से गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्प वर्षा की जाएगी। अनुमान जताया जा रहा है कि मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालु अमृत स्नान करेंगे। पुष्प वर्षा का यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए अद्वितीय अनुभव और उत्साह का संचार करेगा और श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था और उत्साह को नई ऊंचाई देगा। श्रद्धालु इस अनोखे अनुभव को देखने और महसूस करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मौनी अमावस्या के इस पावन पर्व पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की जाएगी। इसके लिए लगभग 25 कुंतल गुलाब के पंखुड़ियों की व्यवस्था की गई है। उपनिदेशक उद्यान, प्रयागराज मंडल कृष्ण मोहन चौधरी ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए 5 कुंतल अतिरिक्त गुलाब की पंखुड़ियां भी तैयार रखी गई हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर पुष्प वर्षा की संख्या बढ़ाया जा सके।

## महाकुम्भ में दूसरे "अमृत स्नान" से एक दिन पहले संगम में उमड़ा जनसैलाब



महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ का दूसरा अमृत स्नान मौनी अमावस्या के दिन 29 जनवरी को है। इस दिन आसमान से दूसरी बार अमृत टपकेगा। इस दिन 14 जनवरी को हुए पहले अमृत स्नान से भी अधिक लोगों के पहुंचने की पूरी संभावना है। मौनी अमावस्या के दिन किए जाने वाले अमृत स्नान से न केवल आपको शुभ फल मिलते हैं, बल्कि आपके पितरों की आत्मा भी तृप्त होती है। प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक ये चार प्रमुख स्थान हैं, जहां कुम्भ का आयोजन किया जाता है। गौरतलब है कि मौनी अमावस्या को लगभग 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। मौनी अमावस्या से एक दिन पहले मंगलवार को तीन करोड़ से अधिक लोगों ने संगम में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कुम्भ मेले का विशेष महत्वसनातन धर्म में कुंभ मेले का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है।

### अवाडा ग्रुप ने किया ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 में 20,700 करोड़ के एमओयू

## ओडिशा बनेगा ग्रीन एनर्जी हब में अग्रणी, सीएम के समक्ष अनुबंध

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिष्ठित कार्यक्रम का उद्घाटन किया**

केपी मलिक






भुवनेश्वर। भारत के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी नाम अवाडा ग्रुप ने मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की उपस्थिति में ओडिशा सरकार के साथ 20,700 करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन किए गए इस कार्यक्रम में भारत में अग्रणी ग्रीन एनर्जी हब बनने की ओडिशा की महत्वाकांक्षा पर प्रकाश डाला गया। मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव, राज्य का प्रमुख निवेश शिखर सम्मेलन, वैश्विक निवेशकों, नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के नेताओं के लिए ओडिशा के गतिशील आर्थिक परिदृश्य में अवसरों का पता लगाने का एक मंच है। अवादा समूह सम्मेलन के दौरान अपने अभिनव अक्षय ऊर्जा पोर्टफोलियो का प्रदर्शन कर रहा है, जिसमें सौर, पवन और हरित हाइड्रोजन शामिल हैं। अवादा ग्रुप के द्वारा किए गए इस महत्वपूर्ण और साहसिक नवेशस समझौते तहत यह तमाम संकल्पलए गए। जिसमें एक हज़ार पांच सौ मेगावाट की फ्लोटिंग सौर परियोजनाएँ, एक हज़ार मेगावाट की पंप स्टोरेज परियोजनाएँ (पीएसपी) और हरित ऊर्जा उपकरण निर्माण इकाइयाँ है।

कंपनी का मानना है कि यह निवेश ओडिशा के सतत भविष्य के लिए अपने प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों का लाभ उठाते हुए औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। भास्कर से बात करते हुए अवादा समूह केचेयरमैन विनीत मित्तल ने कहा कि ओडिशा भारत की अक्षय ऊर्जा क्रांति का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। राज्य के समृद्ध संसाधन और दूरदर्शी नेतृत्व हरित औद्योगीकरण के लिए अद्वितीय अवसर पैदा करते हैं। फ्लोटिंग सोलर और पंप स्टोरेज सहित अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं में हमारा 20,700 करोड़ रुपए का निवेश स्थिरता और नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## आरोपितों को नोटिस भेजने में पुलिस कानूनी तरीके ही अपनाए : सुप्रीम कोर्ट

- **आरोपितों को व्हाट्सएप के जरिए नोटिस नहीं भेज सकती पुलिस**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि पुलिस आरोपितों को भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जरिये नोटिस नहीं भेज सकती है। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे पुलिस को अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35 के तहत नोटिस भेजने के लिए केवल वही तरीके अपनाएं, जिनकी कानून में अनुमति हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि व्हाट्स ऐप या दूसरे इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस भेजना अपराध प्रक्रिया संहिता या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों का विकल्प नहीं हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त एमिकस क्यूरी सिद्धार्थ लूथरा ने इस बात पर कोर्ट का ध्यान आकृष्ट किया कि अपराध प्रक्रिया संहिता की 41ए के तहत व्हाट्स ऐप के जरिये भेजे गए नोटिस में आरोपी जांच अधिकारी के सामने पेश नहीं हुए। लूथरा ने कहा कि पुलिस को स्थापित कानूनी प्रावधानों को नजरअंदाज कर व्हाट्स ऐप या दूसरे इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस नहीं भेजना चाहिए, बल्कि उन्हें सामान्य तरीके का पालन करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाई कोर्ट को निर्देश दिया कि वे अपनी कमेटियों की बैठक करके इस फैसले का पालन सुनिश्चित करें।

दुःख हमारे पास आता है, हमें दुखी लेकिन संयमी बनाने के लिए, हमें उदास नहीं बल्कि बुद्धिमान बनाने के लिएः एचजी वेल्स

## दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025

# भाजपा ने सबसे ज्यादा अमीरों आप ने दागियों पर लगाया 'दांव'

भास्कर ब्यूरो




**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार दागी नेताओं को सबसे ज्यादा टिकट आम आदमी पाटी की ओर से दिए गए हैं। कांग्रेस इस मामले में दूसरे और भाजपा तीसरे नंबर पर है। प्रत्याशियों के हलफनामों का विश्लेषण करने के बाद ऐसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) संस्था ने लेखा-जोखा जारी किया है।

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, निर्वाचन आयोग को दिए गए हलफनामों में आम आदमी पार्टी के 63 फीसदी, कांग्रेस के 41 और भाजपा के 29 प्रतिशत उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। हालांकि, आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों की कुल संख्या में एक फीसदी की गिरावट आई है। वहीं, धनी उम्मीदवारों की संख्या के मामलों में सबसे आगे भाजपा है। कुल 699 प्रत्याशियो में से पांच अरबपति हैं, जिनमें तीन भाजपा के हैं और एक-एक उम्मीदवार कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के हैं।

चुनाव में उतरे कुल 699 प्रत्याशियों में से 278 राष्ट्रीय दलों के हैं और इनमें 93 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। राज्य स्तर के राजनीतिक दलों के 29 उम्मीदवारों में से चार पर और 138 निर्दलीय प्रत्याशियों में से 14 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। आम आदमी पार्टी के 70 में से 44, कांग्रेस के 70 में से 29 और भाजपा के 68 में से 20 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें आप के 29, कांग्रेस के 13 और भाजपा के नौ उम्मीदवारों पर गंभीर श्रेणी के मुकदमे दर्ज हैं।

### गंभीर मामलों का मापदंड

पांच साल या इससे अधिक सजा वाले अपराध, गैर जमानती और चुनाव से संबंधित अपराध, सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने वाले मामले, हमला, हत्या, अपहरण, बलात्कार से संबंधित केस, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-8 में उल्लेखित अपराध, भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम कानून के तहत अपराध, महिलाओं और बच्चों से संबधित मामले।

## नगर निगम प्रतिभा विद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस का जश्न

**शाहदरा।** गणतंत्र दिवस की धूम मची हुई है, और दिल्ली सरकार के नगर निगम प्रतिभा विद्यालय, कड़कड़डूमा-2 में भी यह पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर, नगर निगम प्रतिभा विद्यालय, कड़कड़डूमा-2 सहित सभी स्कूलों में ध्वजारोहण के साथ-साथ राष्ट्रीय गान भी गाया गया। कार्यक्रम में ऑल दिल्ली पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री भूषण कुमार जैन, स्कूल के पूर्व छात्र सचिन पाल, मेंटर टीचर अरविंद नेहरा और अक्षय कक्कर को स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती लीनू जैन द्वारा आमंत्रित किया गया था। छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, और पूरे विद्यालय परिसर में एक उत्साहजनक माहौल बना रहा। सर्वोदय को-एड स्कूल, आजाद नगर और नगर निगम प्रतिभा सह शिक्षा विद्यालय, आजाद नगर में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्या नीरज सिंघल के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां छात्रों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

## कांग्रेस प्रत्याशी अनिल भारद्वाज ने शास्त्री नगर में पदयात्रा कर जनसमर्थन मांगा

भास्कर ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सदर बाजार विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के प्रतिष्ठित प्रत्याशी अनिल भारद्वाज ने आज किशन गंज चौक, आजाद मार्केट, रविदास गली, बहादुरगढ़ रोड, अशोक गली, महावीर बाजार, प्रकाश गली, स्कूल वाली गली, माता वाली गली, गली तेलियान, पुल मिठाई रुई वाली गली, शास्त्री नगर के बी ब्लॉक से दुर्गा मंदिर तक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से मिलकर उनका समर्थन मांगा और कांग्रेस पार्टी की नीतियों तथा दिल्ली व क्षेत्रवासियों के लिए कांग्रेस की गारंटियों की जानकारी दी।



पदयात्रा के दौरान भारद्वाज ने स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने इस पदयात्रा में हिस्सा लिया और भारद्वाज के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। ♭

# अजय महावर ने दिल्ली के विकास कार्यों पर केजरीवाल को बहस की दी चुनौती

मुकेश उपाध्याय

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा इस बार अधिक आक्रामक मुद्रा में है। आप के वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए वह अब तक तीन चरणों में घोषणापत्र ला चुकी है और विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए इनमें कई लुभावनी घोषणाओं के दिल्ली वासियों के लिए सौगाता का पिटारा खोल दिया। जिस तरह से चुनावी गतिविधियां जारी हैं, वह दशार्ता है कि आप का इस बार पहले से अधिक मजबूत और एकजुट भाजपा से मुकाबला है। ऐसे में क्या हैं प्रमुख मुद्दे और इन मुद्दों को लेकर क्या है भाजपा का रुख। इसे लेकर घोंडा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अजय महावर से दैनिक भास्कर के वरिष्ठ संवाददाता मुकेश उपाध्याय ने विस्तृत बात की। प्रस्तुत हैं इस बातचीत के प्रमुख अंश...

**●भाजपा आप सरकार की रेवड़ियों का लगातार विरोध करती रही, फिर इस बार ऐसी क्या मजबूरी हुई कि आपको भी रेवड़ियां लेकर आना पड़ा?**

●देखिए, किसी सरकार की जो योजना होती है, वो किसी पार्टी की नहीं होती, सरकार की होती है। जो नई सरकार आती है, वो उसे आगे ही बढ़ाती है। ऐसे में जो सरकार की मौजूदा योजनाएं हैं वो भाजपा की सरकार बनने पर भी जारी रहेंगी, फर्क सिर्फ इतना है कि अब हम ये बात जनता को बता रहे हैं, ताकि वो केजरीवाल के झूठ से भ्रमित न हों कि भाजपा के आने पर ये योजनाएं बंद कर दी जाएंगी।

**●आप लगातार यह कह रही है कि भाजपा ने दिल्ली में कुछ काम किया है तो बताए, भाजपा केवल गाली-गलौज कर चुनाव जीतना चाहती है। आप क्या कहेंगे?**

●आप का यह बहुत ही घटिया आरोप है। हमारी आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को खुली चुनौती है कि वह पिछले दस साल में अपनी सरकार के कराए गए विकास कार्यों की लिस्ट लेकर आएं और मैं केंद्र में हमारी सरकार द्वारा दिल्ली के विकास को लेकर कराए गए कार्यों की लिस्ट लेकर आऊंगा। वह जहां चाहें, हमसे बहस करें। हम उन्हें बता देंगे कि केंद्र में हमारी सरकार ने दिल्ली के लोगों का जीवन किस तरीके से आसान किया है, लोगों को सुविधाएं देने के लिए क्या-क्या काम किए हैं।

**●तो क्या दिल्ली में विकास कार्यों की भाजपा की लिस्ट ज्यादा लंबी है?**

●यही बात हम समझाना चाह रहे हैं कि दिल्ली की सत्ता में रहने के दौरान आप की सरकार ने कोई काम नहीं किया। जबकि केंद्र सरकार ने अनगिनत काम किए, जिनकी लिस्ट वास्तव में बहुत लंबी है।

आपको आश्चर्य होगा कि दिल्ली सरकार के एक साल के कुल बजट से ज्यादा हर साल केंद्र की भाजपा सरकार दिल्ली में पैसा खर्च करती है, जो एक लाख करोड़ के करीब है। प्रगति मैदान सुरंग सड़क, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे, पेरिफेरल एक्सप्रेस वे, द्वारका एक्सप्रेस वे, दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-सहारनपुर एक्सप्रेस वे, मेट्रो का चौथा चरण और इस जैसी अनेक परियोजनाएं दिल्ली को मोदी सरकार की देन हैं।

**●केजरीवाल ने महिलाओं को 2100 रुपये देने की बात कही तो आप एक कदम बढ़कर 2500 रुपये देने की बात कर रहे हैं, इसे कैसे देखा जाए?**

●केजरीवाल की घोषणा वास्तव में भाजपा की ही योजना को दिल्ली में परोसने जैसा है। भाजपा मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों में अलग अलग नाम से ये योजना दे रही है। दिल्ली में भाजपा आएगी तो यहां भी महिलाओं को ये राशि दी जाएगी। मैं केजरीवाल से पूछता हूं कि पंजाब में घोषणा करने के बाद भी महिलाओं को पैसे क्यों नहीं दिए? दूसरी बात, आप कह रहे हैं कि हमारी सरकार आएगी तो फरवरी में हम पानी के बिल माफ कर देंगे, अरे भाई...अभी सरकार किसकी है, तबसे अब तक में क्यों नहीं माफ कर दिए?



**●आपने विधानसभा में कैग रिपोर्ट नहीं रखने का मुद्दा उठाया और हाई कोर्ट में भी गए, भाजपा इस पर इतना आक्रामक क्यों है?**

●मेरा सवाल ये है कि आप सरकार अपना भ्रष्टाचार छिपाने के लिए इस हद तक कैसे जा सकती है कि सात साल से इसने एक भी कैग रिपोर्ट सदन के पटल पर नहीं रखी है। यह 14 विभागों की रिपोर्ट दबाकर बैठी है।

इनमें आबकारी घोटाला, मुख्यमंत्री का शीशमहल घोटाले से लेकर तमाम घोटाले दर्ज हैं। जनता को सच जानने का हक है। एलजी के कई बार पत्र लिखने के बाद भी ये लोग रिपोर्ट दबाकर बैठे हैं। मजबूरन मुझे हाई कोर्ट जाना पड़ा। हाई कोर्ट ने भी इनसे पूछा कि रिपोर्ट क्यों नहीं पेश करते हैं। हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

**●पिछले दो विधानसभा चुनावों में आप की लहर में भाजपा दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंची, अब इस चुनाव को आप कैसे देखते हैं?**

●साफ दिख रहा है कि ये चुनाव पिछले दोनों चुनावों से बिल्कुल अलग है। ये चुनाव बदलाव का चुनाव है। दस साल में दिल्ली की बदहाली, केजरीवाल का झूठ, उनका नाटक और उनका भ्रष्टाचार जनता देख चुकी है। कोई एक आबकारी घोटाला या शीशमहल घोटाला ही नहीं, ऐसे कई घोटालों में आप सरकार लिप्त है।

केजरीवाल और उनकी पार्टी के जिन अन्य नेताओं को कोर्ट से जमानत मिली हुई है, उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के पूरे सुबूत हैं, जांच एजेंसियां ये सुबूत अदालत को दे चुकी हैं। जमानत मिलने को ये सभी खुद की बेगुनाही के रूप में दिखाकर दिल्ली के लोगों को भ्रमित कर रहे हैं।

**●लेकिन, आप नेताओं का कहना है कि भाजपा ने उन्हें झूठे मुकदमो में फंसाया है?**

●मैं पूछता हूं, ये मुकदमे झूठे थे तो केजरीवाल और उनके अन्य नेता चार महीने से लेकर दो साल तक जेल में क्यों बंद रहे? आप किसी को ऐसे ही बंद कर सकते हैं क्या? देश में न्याय प्रणाली इतनी मजबूत है, किसी को बिना वजह जेल में बंद नहीं रखा जा सकता और वो भी ऐसे नेताओं को, जो लाखों खर्चकर अदालत में बड़े-बड़े वकील खड़े करते थे। इनका ये कहना कि इन्होंने घोटाला नहीं किया, जनता को गुमराह करने के लिए है। मैं फिर से दोहरा रहा हूं, जमानत मिल जाना किसी का अपराध समाप्त हो जाने का सुबूत नहीं है।

## कांग्रेस प्रत्याशी गुरचरण सिंह राजू ने कृष्णा नगर में किया प्रचार

भास्कर ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही कृष्णा नगर विधान सभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार गुरचरण सिंह राजू के समर्थन में उत्साह बढ़ता जा रहा है। आज उन्होंने अपनी प्रचार रैली घोंडली चौक से शुरू की, जो जे एंड एच ब्लॉक, ईस्ट कृष्णा नगर से होते हुए बी और सी ब्लॉक पर संपन्न हुई।

रैली में सभी समुदायों के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राजू ने छोटे बच्चों को तोहफे देकर उनका दिल जीता और जनता को उनके मुद्दे सुलझाने का भरोसा दिलाया।



क्षेत्रवासी पिछले विधायक की नीतियों से नाराज हैं और राजू को समर्थन देकर बदलाव की उम्मीद जता रहे हैं। उन्होंने कहा मैं आपकी सभी परेशानियों का समाधान करने और क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। रैली के दौरान जनता का जबरदस्त समर्थन देखने को मिला, जिससे उनकी लोकप्रियता और बढ़ती जा रही है। कृष्णा नगर के लोग उनके नेतृत्व में बेहतर भविष्य की उम्मीद कर रहे हैं।

## Format C-1

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25thSeptember, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil)No.536of2011(PublicInterestFoundation&Ors.Vs .UnionofIndia&Anr.)

Name and address of candidate: **GURCHARAN SINGH S/o LATE SH SAROOP SINGH R/o G-255, PREET VIHAR, DELHI-110092.**

Name of political party: **INDIAN NATIONAL CONGRESS (INC)**

Name of Election: **DELHI ASSEMBLY ELECTIONS 2025**

*Name of Constituency: **AC- 60, KRISHNA NAGAR**

I **GURCHARAN SINGH** (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Sl. No. | Pending criminal cases | | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Court | CaseNo. and status of case | Section(s) of Acts concerned and Brief description of offence (s) | Name of Court & Date(s) of order(s) | Description of Offence(s) & punishment imposed |
| 1. | Ld JMFC-03, EAST, KARKARDOOMA DISTRICT COURT | 2917/2022, PENDING | U/s- 188,34 IPC | NIL | NIL |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

## Format C-7

Information regarding individuals with pending cases, who have been selected as candidate, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's direction issued in pursuance of the order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP(C)no.536 of 2011)

Name of the Political Party: **AAM AADMI PARTY**

Name of the Election: **DELHI ASSEMBLEY ELECTIONS,2025**

Name of the State/UT: **DELHI**

(1) Name of the constituency:**GOKALPUR (AC-68)**

Name of the Candidate:**SURENDRA KUMAR**

| Sl. No. | | | |
|---|---|---|---|
| | **Criminal antecedents** | | |
| | a | Nature of the offences | U/S 147/148/149/332/427 IPC |
| | b | Case no. | CR. CASE 35/2019<br>FIR No. 267/2010<br>PS: GOKUL PURI |
| | c | Name of the Court | Mr. Vishal Pahuja, Ld. ACMM, Rouse Avenue Court |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | Yes |
| | e | Date of conviction, if any | 08.10.2020 |
| | f | Details of punishment undergone, if any | 56 Days |
| | g | Any other information required to be given | The above sentence has been suspended by the Hon'ble High court of Delhi dated. vide order 29.04.2021 Rev in Crl. Petition No, 106/2021. |

In the case of election to Council of States or States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of Constituency.



भारतीय रेल

# महाकुम्भ 2025 स्पेशल

प्रयागराज और संगम क्षेत्र के माध्यम से **13,479** से अधिक ट्रेन यात्राएं जिनमें **3450** से अधिक विशेष ट्रेन यात्राएं शामिल हैं।

| ट्रेन नं. | स्टेशन | गंतव्य स्टेशन | प्रस्थान की तारीख | प्रस्थान समय |
|---|---|---|---|---|
| 01033 | सीएसएमटी, मुंबई | मऊ जंक्शन | 05.02.25, 22.02.25, 26.02.25 | 11.30 |
| 01034 | मऊ जंक्शन | सीएसएमटी, मुंबई | 06.02.25, 23.02.25, 27.02.25, | 23.50 |
| 01217 | नागपुर | दानापुर | 05.02.25, 09.02.25, 23.02.25 | 10.00 |
| 01218 | दानापुर | नागपुर | 06.02.25, 10.02.25, 24.02.25 | 16.00 |
| 01455 | पुणे जं. | मऊ जं. | 06.02.25, 08.02.25, 21.02.25 | 10.10 |
| 01456 | मऊ जं. | पुणे जं. | 07.02.25, 09.02.25, 22.02.25 | 23.50 |
| 01661 | रानी कमलापति (भोपाल) | बनारस | 06.02.25, 17.02.25, 20.02.25 | 11.10 |
| 01662 | बनारस | रानी कमलापति (भोपाल) | 07.02.25, 18.02.25, 21.02.25 | 14.45 |
| 01801 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | सूबेदारगंज | 01.02.25, 02.02.25, 08.02.25, 09.02.25, 15.02.25, 16.02.25, 22.02.25, 23.02.25 | 6.10 |
| 01802 | सूबेदारगंज | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 01.02.25, 02.02.25, 08.02.25, 09.02.25, 15.02.25, 16.02.25, 22.02.25, 23.02.25 | 14.45 |
| 02417 | सूबेदारगंज | दिल्ली जं. | 31.01.25, 01.02.25, 07.02.25, 08.02.25, 14.02.25, 15.02.25, 21.02.25, 22.02.25, 28.02.25 | 21.35 |
| 02418 | दिल्ली जं. | सूबेदारगंज | 01.02.25, 02.02.25, 08.02.25, 09.02.25, 15.02.25, 16.02.25, 22.02.25, 23.02.25, 01.03.25 | 9.30 |
| 03021 | हावड़ा | टूंडला जं. | 05.02.25, 07.02.25, 14.02.25, 21.02.25, 26.02.25 | 19.35 |
| 03022 | टूंडला जं. | हावड़ा | 07.02.25, 09.02.25, 16.02.25, 23.02.25, 28.02.25 | 11.20 |
| 03023 | हावड़ा | टूंडला जं. | 16.02.25, 17.02.25, 18.02.25, 20.02.25 | 0.30 |
| 03024 | टूंडला जं. | हावड़ा | 17.02.25, 18.02.25, 19.02.25, 21.02.25 | 11.20 |
| 03025 | हावड़ा | टूंडला जं. | 28.02.25 | 5.45 |
| 03026 | टूंडला जं. | हावड़ा | 01.03.25 | 11.20 |
| 03029 | हावड़ा | टूंडला जं. | 06.02.25, 20.02.25 | 19.35 |
| 03030 | टूंडला जं. | हावड़ा | 08.02.25, 22.02.25 | 3.00 |
| 03031 | हावड़ा | भिंड | 19.02.25 | 0.30 |
| 03032 | भिंड | हावड़ा | 21.02.25 | 3.30 |
| 03219 | पटना जं. | प्रयागराज जंक्शन | 07.02.25, 08.02.25, 09.02.25, 10.02.25, 15.02.25, 16.02.25, 17.02.25, 18.02.25, 20.02.25, 22.02.25, 23.02.25, 24.02.25 25.02.25, 27.02.25, 28.02.25 | 14.25 |
| 03409 | मालदा टाउन | प्रयागराज जंक्शन | 06.02.25, 08.02.25, 15.02.25 20.02.25, 22.02.25 | 20.45 |
| 03689 | गया जं. | प्रयागराज जंक्शन | 07.02.25, 08.02.25, 09.02.25, 10.02.25, 15.02.25, 16.02.25, 17.02.25, 18.02.25, 20.02.25, 22.02.25, 23.02.25, 24.02.25, 25.02.25, 27.02.25, 28.02.25 | 2.20 |
| 04065 | फाफामऊ जं. | दिल्ली जं. | 01.02.25, 09.02.25, 17.02.25, 28.02.25 | 23.30 |
| 04066 | दिल्ली जं. | फाफामऊ जं. | 31.01.25, 08.02.25, 16.02.25, 27.02.25 | 23.25 |
| 04145 | सूबेदारजंगज | दिल्ली जं. | 30.01.25, 06.02.25, 13.02.25, 20.02.25, 27.02.25 | 21.35 |
| 04146 | दिल्ली जं. | सूबेदारजंगज | 31.01.25, 07.02.25, 14.02.25, 21.02.25, 28.02.25 | 9.30 |
| 04153 | कानपुर सेंट्रल जंक्शन | भागलपुर | 03.02.25, 10.02.25, 17.02.25 | 14.00 |
| 04154 | भागलपुर | कानपुर सेंट्रल जंक्शन | 04.02.25, 11.02.25, 18.02.25, 21.02.25 | 8.40 |
| 04315 | फाफामऊ जं. | देहरादून | 10.02.25, 17.02.25, 24.02.25 | 6.30 |
| 04316 | देहरादून | फाफामऊ जं. | 09.02.25, 16.02.25, 23.02.25 | 8.10 |
| 04525 | फाफामऊ जं. | भटिंडा जं. | 09.02.25, 19.02.25, 23.02.25 | 6.30 |
| 04526 | भटिंडा जं. | फाफामऊ जं. (प्रयागराज) | 08.02.25, 18.02.25, 22.02.25 | 04.30 |
| 04527 | फाफामऊ जं. (प्रयागराज) | अम्ब अंदौरा | 10.02.25, 16.02.25, 24.02.25 | 22.30 |
| 04528 | अम्ब अंदौरा | फाफामऊ जं. (प्रयागराज) | 15.02.25, 23.02.25 | 22.05 |
| 04661 | फाफामऊ जं. (प्रयागराज) | अमृतसर जं. | 08.02.25 | 6.30 |
| 04662 | अमृतसर जं. | फाफामऊ जं. | 06.02.25 | 20.10 |
| 05611 | कामाख्या जं. | टूंडला जं. | 08.02.25, 22.02.25 | 5.30 |
| 05612 | टूंडला जं. | कामाख्या जं. | 10.02.25, 24.02.25 | 3.00 |
| 05811 | नाहरलागुन | टूंडला जं. | 08.02.25, 22.02.25 | 14.30 |
| 05812 | टूंडला जं. | नाहरलागुन | 10.02.25, 24.02.25 | 11.20 |
| 06001 | पुरैची थलाइवर डॉ. एम.जी.आर सेंट्रल, चेन्ई | गोमती नगर | 05.02.25, 19.02.25, 26.02.25 | 14.20 |
| 06002 | गोमती नगर | पुरैची थलाइवर डॉ. एम.जी.आर सेंट्रल, चेन्ई | 08.02.25, 22.02.25, 01.03.25 | 3.45 |
| 06003 | कन्याकुमारी | बनारस | 17.02.25 | 20.30 |
| 06004 | बनारस | कन्याकुमारी | 20.02.25 | 18.05 |
| 06007 | तिरुवनंतपुरम उत्तर | बनारस | 18.02.25 | 14.00 |
| 06007 | तिरुवनंतपुरम उत्तर | बनारस | 25.02.25 | 19.30 |
| 06008 | बनारस | तिरुवनंतपुरम उत्तर | 21.02.25, 28.02.25 | 18.05 |
| 06019 | मंगलुरु सेंट्रल | वाराणसी जं. | 15.02.25 | 4.15 |
| 06020 | वाराणसी जं. | मंगलुरु सेंट्रल | 04.02.25 | 18.20 |
| 06022 | गया जं. | तिरुवनंतपुरम उत्तर | 07.02.25 | 23.55 |
| 06062 | वाराणसी जं. | मंगलुरु सेंट्रल | 18.02.25 | 18.20 |
| 06071 | पुरैची थलाइवर डॉ. एम.जी.आर सेंट्रल, चेन्ई | गोमती नगर | 15.02.25, 01.03.25 | 14.20 |
| 06072 | गोमती नगर | पुरैची थलाइवर डॉ. एम.जी.आर सेंट्रल, चेन्ई | 18.02.25, 04.03.25 | 3.45 |
| 06207 | मैसूर जं. | दानापुर | 15.02.25, 01.03.25 | 5.10 |
| 06208 | दानापुर | मैसूर जं. | 18.02.25, 04.03.25 | 23.00 |
| 07081 | गुंटूर जं. | आजमगढ़ | 14.02.25 | 23.00 |
| 07082 | आज़गमगढ़ | विजयवाड़ा जं. | 16.02.25 | 19.45 |
| 07083 | मछलीपट्टनम | आज़मगढ़ | 05.02.25 | 22.00 |
| 07084 | आज़मगढ़ | मछलीपट्टनम | 07.02.25 | 19.45 |
| 07085 | काकीनाडा टाउन जंक्शन | आज़मगढ़ | 20.02.25 | 20.10 |
| 07086 | आज़मगढ़ | विजयवाड़ा जं. | 22.02.25 | 19.45 |
| 07087 | मौला अली | बनारस | 17.02.25 | 23.55 |
| 07088 | बनारस | मौला अली | 19.02.25 | 19.15 |
| 07089 | मौला अली | गया जं. | 15.02.25 | 17.50 |
| 07090 | गया जं. | मौला अली | 17.02.25 | 19.45 |
| 07091 | विकारबाद जंक्शन | गया जं. | 18.02.25 | 15.45 |
| 07092 | गया जं. | विकारबाद जंक्शन | 20.02.25 | 19.45 |
| 07093 | विजयवाड़ा जं. | गया जं. | 05.02.25 | 19.20 |
| 07094 | गया जं. | विजयवाड़ा जं. | 08.02.25 | 19.45 |
| 07095 | काकीनाडा टाउन जंक्शन | गया जं. | 08.02.25 | 14.30 |
| 07096 | गया जं. | विजयवाड़ा जं. | 10.02.25 | 14.15 |
| 07099 | हजूर साहिब नांदेड़ | पटना जं. | 13.02.25 | 23.00 |
| 07100 | पटना जं. | हजूर साहिब नांदेड़ | 15.02.25 | 15.30 |
| 07101 | औरंगाबाद | पटना जं. | 19.02.25, 25.02.25 | 19.00 |
| 07102 | पटना जं. | औरंगाबाद | 27.02.25 | 15.30 |
| 07103 | काचीगुडा | पटना जं. | 22.02.25 | 16.45 |
| 07104 | पटना जं. | काचीगुडा | 24.02.25 | 11.30 |
| 07105 | सिकंदराबाद जं. | पटना जं. | 07.02.25 | 17.00 |
| 07106 | पटना जं. | सिकंदराबाद जं. | 09.02.25 | 15.30 |
| 07107 | तिरूपति | बनारस | 08.02.25, 15.02.25, 22.02.25 | 20.55 |
| 07107 | बनारस | विजयवाड़ जं. | 10.02.25, 17.02.25, 24.02.25 | 17.30 |
| 07109 | नरसापुर | बनारस | 02.02.25 | 6.00 |
| 07110 | बनारस | नरसापुर | 03.02.25 | 17.30 |
| 07707 | मौला अली | आज़मगढ़ | 21.02.25 | 23.55 |
| 07708 | आज़मगढ़ | मौला अली | 23.02.25 | 19.45 |
| 08253 | बिलासपुर जं. | वाराणसी जं. | 22.02.25 | 8.15 |
| 08254 | वाराणसी जं. | बिलासपुर जं. | 24.02.25 | 10.50 |
| 08313 | टूंडला जं. | टिटलागढ़ | 08.02.25, 22.02.25, 01.03.25 | 5.00 |
| 08314 | टिटलागढ़ | टूंडला जं. | 06.02.25, 20.02.25, 27.02.25 | 17.00 |
| 08418 | टूंडला जं. | पुरी | 19.02.25 | 3.00 |
| 08425 | भुवनेश्वर | टूंडला जं. | 05.02.25, 19.02.25, 26.02.25 | 12.30 |
| 08426 | टूंडला जं. | भुवनेश्वर | 07.02.25, 21.02.25, 28.02.25 | 3.00 |
| 08529 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | विशाखापत्तनम | 08.02.25, 22.02.25, 01.03.25 | 20.10 |
| 08530 | विशाखापत्तनम | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 06.02.25, 20.02.25, 27.02.25 | 17.35 |
| 08561 | गोरखपुर जं. | विशाखापत्तनम | 19.02.25 | 14.20 |
| 08562 | विशाखापत्तनम | गोरखपुर जं. | 16.02.25 | 22.20 |
| 08791 | दुर्ग | वाराणसी जं. | 16.02.25 | 13.50 |
| 08792 | वाराणसी जं. | दुर्ग | 10.02.25 | 10.50 |
| 09017 | वापी | गया जं. | 07.02.25, 14.02.25, 18.02.25, 22.02.25 | 8.20 |
| 09018 | गया जं. | वापी | 08.02.25, 15.02.25, 19.02.25, 23.02.25 | 22.00 |
| 09019 | वलसाड | दानापुर | 08.02.25, 15.02.25, 19.02.25, 26.02.25 | 8.40 |
| 09020 | दानापुर | वलसाड | 09.02.25, 16.02.25, 20.02.25, 27.02.25 | 23.30 |
| 09029 | विश्वामित्री (बड़ोदरा) | बलिया | 17.02.25 | 8.35 |
| 09030 | बलिया | विश्वामित्री (बड़ोदरा) | 18.02.25 | 23.30 |
| 09031 | उधना जं. (सूरत) | गाजीपुर शहर | 16.02.25 | 6.40 |
| 09032 | गाजीपुर शहर | उधना जं. (सूरत) | 18.02.25 | 0.30 |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | बलिया | 08.02.25, 22.02.25 | 13.45 |
| 09372 | बलिया | डॉ. अम्बेडकर नगर | 09.02.25, 23.02.25 | 23.45 |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | जंघई जं. | 05.02.25, 14.02.25, 15.02.25, 18.02.25, 19.02.25, 26.02.25 | 21.15 |
| 09404 | जंघई जं. | अहमदाबाद जं. | 07.02.25, 16.02.25, 17.02.25, 20.02.25, 21.02.25, 28.02.25 | 8.30 |
| 09413 | साबरमती (अहमदाबाद) | बनारस | 05.02.25, 09.02.25, 14.02.25, 18.02.25 | 11.00 |
| 09414 | बनारस | साबरमती (अहमदाबाद) | 06.02.25, 10.02.25, 15.02.25, 19.02.25 | 19.30 |
| 09537 | राजकोट जं. | बनारस | 06.02.25, 15.02.25, 19.02.25 | 6.05 |
| 09538 | बनारस | राजकोट जं. | 07.02.25, 16.02.25, 20.02.25 | 19.30 |
| 09555 | भावनगर टर्मिनस | बनारस | 16.02.25, 20.02.25 | 5.00 |
| 09556 | बनारस | भावनगर टर्मिनस | 17.02.25, 21.02.25 | 19.30 |
| 09592 | बनारस | वेरावल | 24.02.25 | 19.30 |
| 09801 | सोगिरया (कोटा) | बनारस | 07.02.25, 14.02.25, 18.02.25, 21.02.25 | 8.15 |
| 09802 | बनारस | सोगिरया (कोटा) | 08.02.25, 15.02.25, 19.02.25, 22.02.25 | 14.45 |
| 03690 | प्रयागराज जं. | गया जं. | 07.02.25, 08.02.25, 09.02.25, 10.02.25, 15.02.25, 16.02.25, 17.02.25, 18.02.25, 20.02.25, 22.02.25, 23.02.25, 24.02.25, 25.02.25, 27.02.25, 28.02.25 | 11.00 |
| 03220 | प्रयागराज जं. | पटना जं. | 07.02.25, 08.02.25, 09.02.25, 10.02.25, 15.02.25, 16.02.25, 17.02.25, 18.02.25, 20.02.25, 22.02.25, 23.02.25, 24.02.25, 25.02.25, 27.02.25, 28.02.25 | 22.35 |



भारतीय रेल
www.indianrailways.gov.in

हमें फॉलो करें @RailMinIndia

कठिन परिस्थितियों में समझदार आदमी रास्ता खोजता है और कमजोर आदमी बहाना

# इंसानी हवस की भेंट चढ़ गई है जिले की नदियां

■ खोखरी नदी का अस्तित्व ही हो गया समाप्त, कृष्णा नदी गिन रही है अंतिम सांस



**दीपक वर्मा**

**शामली।** नदियों के मामले में जिला शामली पहले से ही संकट में है। यहां पर यमुना, कृष्णा और खोखरी नदी ही है। यदि और कोई नदी है तो वह केवल रिकॉर्ड में ही होगी। धरातल पर कोई नदी नजर नहीं आती। खोखरी नदी का अस्तित्व अतिक्रमण में विलुप्त हो गया है। कृष्णा नदी भी अपने अस्तित्व की अंतिम सांसें गिन रही है।

**एनजीटी में हो रही है खोखरी नदी की सुनवाई**-जिले में लोगों ने खोखरी नदी पर अतिक्रमण करके उसका अस्तित्व पूरी तरह समाप्त कर दिया है। इस मामले की सुनवाई अब एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) में चल रही है। एनजीटी ने शामली और सहारनपुर के जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी थी लेकिन एनजीटी का कहना है कि दोनों ही जिलाधिकारी द्वारा भेजी गई रिपोर्ट आधी अधूरी है। इसलिए एनजीटी ने सहारनपुर और शामली के जिलाधिकारी से दोबारा से स्पष्ट रिपोर्ट मांगी है। इस रिपोर्ट में नदी का उद्गम स्थल, बहाव रुट और नदी के पुनर्जीवित करने की योजना भी होनी चाहिए। पिछली सुनवाई में एनजीटी में दोनों जिलों से भेजी गई रिपोर्ट पर तीखी नाराजगी जाहिर की और नए सिरे से रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए थे। इस मामले की सुनवाई अप्रैल माह में होगी।

## सिसक रही है कृष्णा नदी

जिले की दूसरी बरसाती नदी कृष्णा नदी की हालत भी बहुत गंभीर है। कई जगह इसका अस्तित्व खत्म हो गया है। अब तो बरसात के दिनों में ही यह नदी 10-15 दिन के लिए बहती हुई दिखती है। कई जगह पर लोगों ने इसे अपने खेतों में मिला लिया है तो कई जगह पर इसका नामोनिशान ही खत्म कर दिया गया है। दो-चार बार इस नदी के चिन्हांकन और इस नदी का बहाव सुचारु करने की कोशिश भी गई लेकिन परिणाम ढाक के तीन-पात ही निकले। अब यह नदी केवल दस्तावेजों में ही है। धरातल पर खोजने जाएंगे तो जिले में इस नदी का अस्तित्व टुकड़ों में नजर आएगा।

## प्रदूषण लील रहा है यमुना को

जिले में भौतिक रूप से बहने वाली यमुना नदी भी संकट में है। जिले में इसका भाव लगातार दिखता है। इस नदी में भी पानी बहुत कम रह गया है। यही नहीं इस नदी के पानी में प्रदूषण बहुत ज्यादा हो गया है। नदी किनारे लगी फैक्ट्री से निकलने वाला कचरा नदी में बेरोक-टोक बहाया जा रहा है और हानिकारक केमिकल नदी के पानी में छोड़े जा रहे हैं। गर्मी के दिनों में नदी में बहाव बहुत कम हो जाता है। बरसात के दिनों में जरूर इसका बहाव सुकून देने वाला होता है लेकिन नदी में प्रदूषण की वजह से इसमें नहाना खतरे से खाली नहीं है।

# पहली सूची में भाजपा को जिलाध्यक्ष मिलना मुश्किल

■ पहले चरण में 75 से 80 जिलाध्यक्षों की हो सकती है घोषणा

■ 30 जनवरी को आ सकती है पहले चरण के नामों की सूची



**भास्कर ब्यूरो**

**शामली।** भाजपा दावा चाहे जो करे, लेकिन जिलाध्यक्ष बनाने में संगठन को पसीने आ गए हैं। हालांकि पार्टी स्तर पर दावा किया जा रहा है कि 30 जनवरी के बाद जिलाध्यक्षों की घोषणा की जा सकती है, लेकिन यह है कि शामली समेत कई जनपदों को पहले चरण में जिलाध्यक्ष मिला मुश्किल है। पहले चरण में पार्टी 75 से 80 जिलों की घोषणा करेगी। शामली जिले में अभी मंडल अध्यक्षों का चुनाव ही नहीं हो पाया है। ऐसे में पहले चरण में जिलाध्यक्ष की घोषणा होगी, इसकी संभावना कम ही है। इन दिनों भाजपा में संगठन के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। पार्टी ने संगठन के आधार पर प्रदेश को 98 जिलों में बांटा हुआ है। इनमें से 91 जिलाध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया चल रही है। सिद्धार्थनगर, बस्ती, फतेहपुर, शामली व हापुड़ में मंडलों का गठन पूरा न हो पाने के कारण जिलाध्यक्ष का चुनाव नहीं हो रहा है। पहले 30 दिसंबर तक जिलाध्यक्षों का चुनाव होना था, किंतु मंडल अध्यक्षों के चयन में हुए विलंब के कारण जिलाध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया आगे न बढ़ सकी थी। इसके बाद 15 जनवरी तक जिलाध्यक्ष के चयन की बात कही गई थी किंतु यह भी पूरा नहीं हो सका। पार्टी के पदाधिकारियों का दावा है कि करीब 80 जिलाध्यक्षों के नामों पर आम सहमति बन गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ भी नामों को लेकर मंथन हो चुका है। अब मुख्यमंत्री व दोनों उपमुख्यमंत्रियों के साथ बैठक होनी है। इसके बाद दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व के पास जिलाध्यक्षों की सूची भेजी जाएगी। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद जिलाध्यक्ष घोषित होंगे। ऐसे में जिलाध्यक्षों की घोषणा में तीन से चार दिन का समय व लगना तय है। सूत्रों के अनुसार 30 जनवरी के बाद कभी भी जिलाध्यक्षों की घोषणा हो सकती है। जिलाध्यक्ष का चुनाव होने के बाद ही प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा। चूंकि यूपी में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराने के लिए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में वह भी व्यस्त हैं। ऐसे में विधानसभा चुनाव के बाद ही प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा।

# अंजान व्यक्ति को न दे ओटीपी व गोपनीय जानकारी : राजकुमार



■ श्री सत्यनारायण इंटर कालेज में फेक न्यूज व साइबर अपराध पर कार्यशाला का आयोजन

**भास्कर ब्यूरो**

**शामली।** शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कालेज में मंगलवार को साइबर अपराध पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए साइबर क्राइम अधिकारी राजकुमार ने छात्र-छात्राओं को फेक न्यूज व साइबर अपराध के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम करने वाले अपराधी लोगों को लालच देकर अथवा डर दिखाकर अपना शिकार बनाते हैं, यदि व्यक्ति लालच न करे और भयभीत न हो तो ऐसे अपराधों से काफी हद तक बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई इनाम जीतने वाला, लोन स्वीकृत करने वाला या आपके सिम पर ड्रग्स आदि मंगवाने का कोई मैसेज आए तो ऐसे लोगों के बहकावे में न आएं, बिना डरे पुलिस को मामले की जानकारी दे। किसी भी अनजान व्यक्ति को न तो अपना ओटीपी बताएं और न ही अपनी कोई व्यक्तिगत जानकारी दें। यदि ऐसी बातों का ध्यान रखेंगे तो साइबर अपराधों से बचे रहेंगे। कालेज प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने भी छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से सचेत रहने का आहवान किया। इस मौके पर घनश्याम सारस्वत, सतीश आत्रेय, रामनाथ, अनिल कुमार कश्यप, शिव कुमार, फूल कुमार, लोकेन्द्र, प्रसून भार्गव मौजूद रहे।


# तीन मंजिला मकान से गिरा मासूम छात्र, मौत

## छत पर खेलने के दौरान जाल की खुली जगह से गिरा, परिजनों में मचा कोहराम

**भास्कर ब्यूरो**

**कैराना।** खेलने के दौरान मंजिला मकान की छत से दूसरी कक्षा का छात्र जाल की खुली जगह से नीचे फर्श पर गिर गया। इसके बाद छात्र की मौत हो गई। हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

नगर के मोहल्ला अंसारियान निकट इमामबाड़ा निवासी साजिद पंजाब के लुधियाना में कपड़े की दुकान करता है। सोमवार की शाम करीब छह बजे उसका दस वर्षीय पुत्र आकिब अपने मकान की तीसरी मंजिल पर खेल रहा था। लिंटर के मकान में जाल लगवाने के लिए खुली जगह छोड़ी हुई थी, जिस पर त्रिपाल डाली गई थी। छत पर खेलने के दौरान बच्चा जाल समझकर त्रिपाल पर चढ़ गया, जिस कारण वह फर्श पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजनों में अफराकृतफरी मच गई। आननकृफानन में बालक को नगर में एक निजी डॉक्टर के यहां ले जाया गया। जहां से उसे रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन बालक को शामली के एक निजी हॉस्पिटल में ले गए। जहां चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। बालक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि आकिब चार भाई बहनों में सबसे बड़ा था और दूसरी कक्षा में पढ़ाई करता था। देर रात मृतक के शव को गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। उधर, बच्चे के पतंग उड़ाने के दौरान हादसे की चर्चा भी हुई, लेकिन परिजनों ने इससे इनकार कर दिया है।



# युवती को बहला ले जाने में रिपोर्ट दर्ज

**भास्कर ब्यूरो कैराना।** युवती को बहलाकृफुसलाकर ले जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई। नगर के एक मोहल्ले के रहने वाले व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि 19 जनवरी को घर पर उसकी पत्नी और 18 वर्षीय पुत्री थी। इस दौरान उसकी पुत्री घर में रखे 22 हजार रुपये और एक जोड़ी चांदी की पाजेब लेकर गायब हो गई। आरोप है कि उसकी पुत्री को अनस मंसूरी निवासी नानूपुरा शामली बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित ने बताया कि उसने आरोपी के घर जाकर अपनी पुत्री को वापस देने के लिए कहा, तो आरोपी पक्ष ने एककृदो में देने का वादा किया। लेकिन, इसके बाद भी उसकी पुत्री वापस नहीं आई। मामले में पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

## सार सुर्खियां

### दो अलग-अलग मामलों में सात दोषियों को सजा

कैराना। न्यायालय ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम व चोरी के दो अलग-अलग मामलों में सात दोषियों को सजा सुनाई। वर्ष 1996 में थाना कांधला पर ओंकार सिंह, हरपाल, माहीचंद, ओमवीर, सुधीर और ब्रह्मप्रकाश निवासीगण गांव मकमूलपुर के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। यह मामला कैराना स्थित कोर्ट में विचाराधीन चल रहा था। मंगलवार को कोर्ट ने सभी दोषियों को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास और 2500-2500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। दूसरे मामले में 2001 में शामली कोतवाली पर वाहिद निवासी मक्काबस थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसे जेल में बिताई अवधि के कारावास और 2500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

### घर से नकदी और मोबाइल किया चोरी

कैराना। चोरों ने घर से गैस सिलेंडर, नकदी और मोबाइल चोरी कर लिया। पीड़ित ने तहरीर दी है। नगर के मोहल्ला खैलकलां निकट रहमतुल्ला मस्जिद निवासी शमशाद ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि रात्रि में वह अपने परिवार के साथ घर पर सोया हुआ था। इस दौरान अज्ञात चोर दीवार फांदकर अंदर घुस आए, जिनके द्वारा बरामदे में रखे दो गैस सिलेंडर, 1500 रुपये की नकदी और मोबाइल चोरी कर लिया। सुबह घटना की जानकारी हुई। मामले में पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### लायंस ओलंपियाड परीक्षा में छात्रों ने लिया भाग

शामली। सेंट आरसी स्कूल में आयोजित मैथमेटिक्स ओलंपियाड परीक्षा में कक्षा 5 से 34, कक्षा 6 से 12, कक्षा 7 से 17, कक्षा 8 से 35 कक्षा 9 से 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर लायंस क्लब शामली सेनरजी के अध्यक्ष भारत संगल ने कहा कि शिक्षा बच्चों को जीवन में आगे बढने का सबसे सशक्त माध्यम है, ऐसी प्रतियोगिता उनके अंदर आत्मविश्वास व प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करती है। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या उज्मा जैदी, अरविन्द चौधरी, पंकज गोयल, अजय गोयल, मनीष मित्तल, अंशुल गुप्ता, अभिषेक वर्मा, रजनी, संचिता आदि भी मौजूद रहे।

### स्काउट गाइडों को दिया गया गांठें व टैंट निर्माण का प्रशिक्षण



शामली। शहर के आरके इंटर कालेज में आयोजित स्काउट गाइड शिविर के दूसरे दिन प्रधानाचार्य लोकेन्द्र सिंह ने स्काउट गाइडों से पहले दिन के संबंध में चर्चा की तथा सभी गतिविधियों में भागीदारी का आहवान किया। शिविर की सभी टोलियों ने देश के अलग अलग राज्यों के बारे में जानकारी दी। जिला स्काउट गाइड कमिश्नर गीता रानी ने अनेक प्रकार की गांठें लगाना व टैंट निर्माण का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीओसी राजसिंह ने छात्रों को स्काउट शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर का संचालन डा. रवि खन्ना ने किया।

### हमलावर की तलाश में हरियाणा पुलिस की दबिश

कैराना। जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे आरोपी की तलाश में हरियाणा पुलिस ने दबिश दी। इस दौरान सफलता नहीं मिली। मंगलवार को हरियाणा के जनपद यमुनानगर के थाना बुरिया में तैनात एसआई नरसिंह ने अपनी टीम के साथ कोतवाली पहुंचकर आमद दर्ज कराई। बताया गया कि वर्ष 2019 में उनके थाना क्षेत्र में जानलेवा हमला की घटना हुई थी, जिसमें कैराना के गांव गोगवान निवासी एक आरोपी फरार चल रहा है। हरियाणा पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से गांव में जाकर दबिश दी। इस दौरान टीम के हाथ सफलता नहीं लग सकी, जिसके बाद टीम को बेरंग ही लौटना पड़ा।

### पेंशन स्कीम के विरोध में किया प्रदर्शन

शामली। आल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसियेशन (अटेवा) द्वारा मंगलवार को नई पेंशन योजना व यूनिफाइड पेंशन स्कीम के विरोध में विरोध प्रदर्शन कर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। कर्मचारियों ने सरकार पर आरोप लगाया कि नई नई पेंशन स्कीम लाकर कर्मचारियों को गुमराह किया जा रहा है। अटेवा के जिला संयोजक नवनीत गहमरी ने कहा कि सरकार नई पेंशन स्कीम जो शेयर आधारित है, का विरोध पूरे देश में होने पर गुमराह करने के लिए कर्मियों में फूट डालने के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम लायी गयी है जो स्वीकार नहीं की जाएगी। इस दौरान कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग करके नारेबाजी भी की।

### अवैध लेंटर डालने की फिराक में कब्जाधारी

चौसाना। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव जिजौला में ऊन तिराहे पर लोक निर्माण विभाग की भूमि खसरा नम्बर 198 पर अवैध कब्जा कर चौसाना के कुछ दबंगो ने दुकान का निर्माण शुरू कर दिया था। जिजौला के ग्रामीणो ने मौके की हालात को देखकर विभागीय अधिकारियो को अवैध कब्जे की जानकारी दी। जिसके बाद जेई पंकज कुमार ने राजस्व विभाग के अधिकारियों व पुलिस की मदद से निर्माण कार्य को रूकवा दिया था। मंगलवार को उम्मीद थी कि विभाग की सम्पत्ति पर अवैध कब्जे पर अधिकारी मौके पर पहुँचकर अवैध दुकानों को गिराने का काम करेगे लेकिन अधिकारियों ने कोई सख्त रवैया नही अपनाया। सरकार की नीति के अनुसार किसी भी सरकारी सम्पत्ति पर नया कब्जा नही होने दिया जायेगा और पुराने कब्जो को मुक्त कराया जायेगा।

### युवक ने बालक का हाथ तोड़ा, दी तहरीर

कैराना। घर के बाहर खेल रहे बालक का युवक ने हाथ तोड़ दिया। पीड़ित के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी। मोहल्ला आलकलां निवासी जुल्फुकार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की दोपहर करीब तीन बजे उसका 11 वर्षीय पुत्र मो. शाद घर के बाहर खेल रहा था। आरोप है कि तभी मोहल्ले का ही एक युवक वहां पहुंचा और उसके पुत्र को डरातेकृधमकाते हुए थप्पड़ जड़ दिया, जिस पर बच्चा रोने लगा। इसके बाद आरोपी ने उसका एक हाथ पकड़कर मरोड़ दिया, जिससे हाथ टूट दिया। इसके बाद धमकी देते हुए आरोपी फरार हो गया।

### रोजगार मेले में 32 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

शामली। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय मेलें का आयोजन खण्ड विकास कार्यालय, कांधला में किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेलें में 3 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेलें में 88 छात्रों ने साक्षात्कार दिया। कार्यक्रम मे कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा 32 छात्रों चयनित किए गए। पुखराज हेल्थकेयर 05, भारतीय जीवन बीमा निगम 10, ईपेक्स ग्रुप आफ कम्पनी द्वारा 17 अभ्यर्थी को चयनित किया गया। सभी चयनित अभ्यर्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी गई। रोजगार मेलें मे अमरजीत अनुदेशक , ओमवीर सिंह अनुदेशक, बिजेंद्र कुमार फोरमैन आदि ने सहयोग किया। जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आगामी 29 जनवरी को शामली, 30 जनवरी को कैराना, 31 जनवरी को थानाभवन एवं 01 फरवरी को खण्ड विकास कार्यालय ऊन में रोजगार मेलें का आयोजन किया जाएगा।

# संविदाकर्मी समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैराना। विभागीय अनुमति के बिना विद्युत लाइन से छेड़छाड़ के मामले में संविदाकर्मी समेत दो आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। पंजीठ बिजलीघर पर तैनात अवर अभियंता सत्यप्रकाश ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि मोहल्ला पीरबाला वार्ड नंबरकृ3 में पेड़ छंटाई हेतु शटडाउन लिया गया। इस दौरान संविदाकर्मी फिरोज ने अपने साथी के साथ बिना विभागीय आदेश एवं सूचना के व्यक्ति के नवनिर्मित मकान के निकट स्थित पोल पर लाइन से छेड़छाड़ की तथा लाइन को सड़क की ओर कर दिया गया। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# प्रमाणपत्रों में फजीर्वाडा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

■ छात्रों ने डीएम से शिकायत कर तहसील प्रशासन पर कार्रवाई न करने का लगाया आरोप



**भास्कर ब्यूरो**

**शामली।** फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाकर छात्रों के भविष्य से खिलवाड करने वाले के खिलाफ पीडित छात्रों ने डीएम से कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। पीडितों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में ऊन तहसील में भी प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को कई छात्रों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उन्होंने एक रंगाना स्थित एक जनसेवा केन्द्र पर अपने-अपने जन्म प्रमाण पत्र बनवाए थे। जब उन्होंने उक्त जन्म प्रमाण पत्र जब स्कूल में जमा कराए गए तो स्कूल स्टाफ ने उक्त जन्म प्रमाण पत्रों को फर्जी व जाली बताते हुए जमा करने से इंकार कर दिया जिसके बाद उन्हें अपने साथ हुई धोखाधडी का पता चला। उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र बनवाने वाले जनसेवा केन्द्र संचालकों से इसे ठीक कराने को कहा तो उक्त युवक ने उन्हें दो-तीन दिन में प्रमाण पत्रों को ठीक कराने का आश्वासन दिया लेकिन जन्म प्रमाण पत्रों को ठीक नहीं कराया गया। उन्होंने युवक के खिलाफ ऊन तहसील में प्रार्थना पत्र भी दिया था लेकिन आज तक भी युवक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी। पीडितों ने डीएम से युवाओं के भविष्य से खिलवाड करने व फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाकर देने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने व उनके सही प्रमाण पत्र बनवाए जाने की गुहार लगायी है। इस मौके पर दीपक सभासद, मनीष कालखंडे, वासु, भक्ति, प्रिंस आदि भी मौजूद रहे।

# टीकाकरण में पिछडे कांधला व ऊन, डीएम ने जताई नाराजगी

**भास्कर ब्यूरो शामली।** जिला पंचायत शामली सभागार में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की एजेंडा बिंदु के अनुसार समीक्षा करते हुए जिन विभागीय कार्यक्रमों में प्रगति खराब पाई गई उसमें सुधार करने के कड़े निर्देश संबंधित को दिये।

बैठक में विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कांधला और ऊन में टीकाकरण की उपलब्धि कम होने के साथ ही ऊन व कैराना में टीकाकरण का सुपरविजन कम होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए शत प्रतिशत प्रगति के निर्देश दिए। साथ ही टीकाकरण की उपलब्धि कम होने पर बीपीएम कैराना को नोटिस के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने शामली उपकेंद्र सिक्का के सीएचओ को कार्य में लापरवाही को लेकर सेवा समाप्ति के निर्देश दिए। विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी को टीबी माइक्रोप्लान की पूर्ण जानकारी न होने पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देशित किया गया। साथ ही सीडीओ ऑफिस में बने कंट्रोल रूम से टीबी कार्यक्रम की मॉनिटरिंग हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक उपकेंद्रों को डिलीवरी प्वाइंट में तैयार करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सीएमओ कार्यालय के एनएचएम एवं स्थापना बाबू के पटल परिवर्तन के भी निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जिन सीएचसी पर मातृ मृत्यु हुई है किन कारण से हुई उसमें जांच के निर्देश दिए। समीक्षा में जननी सुरक्षा योजना में जहां भुगतान कम है वहां पर शत प्रतिशत भुगतान के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने एन.आर.सी. के सफल संचालन हेतु दिशा निर्देश दिए। बैठक में विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव कराना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक जिलाधिकारी ने 30 जनवरी से चलने वाले कुष्ठ अभियान व 10 फरवरी 2025 से चलने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवसको लेकर भी माइक्रो प्लान के साथ गतिविधि संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार, सीएमएस डॉ किशोर आहूजा, एसीएमओ अश्वनी शर्मा, अतुल बंसल, डॉ करन चौधरी डीआईओ, डी पी ओ आईसीडीएस, समस्त चिकित्सा अधीक्षक एवं डीपीएम आशुतोष, डीसीपीएम फहीम अहमद अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# बार एसोसिएशन एल्डर कमेटी के लिए प्रत्याशियों ने खरीदे नामांकन

■ एल्डर कमेटी चुनाव के लिए शुरू हुई प्रक्रिया, चुनाव को लेकर तेज हुइ रस्साकशी



**भास्कर ब्यूरो**

**शामली।** जिला बार एसोसियेशन एल्डर कमेटी के चुनाव के लिए मंगलवार को प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्रों की खरीददारी की। चुनाव की प्रक्रिया को लेकर तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की चहल पहल भी रही। जिला बार एसोसियेशन एल्डर कमेटी के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। मंगलवार को विभिन्न प्रत्याशियों ने नामांकन पत्रों की खरीददारी की। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए राजपाल, विजेन्द्र कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए महेन्द्र सिंह, रतन सिंह, उपाध्यक्ष (दस वर्ष से अधिक) के लिए प्रदीप कुमार, प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष (दस वर्ष से कम) के लिए अशोक कुमार, दीपा, कोषाध्यक्ष के लिए मोहित, रूपेश कुमार, सचिव के लिए दीपक कौशिक, जसपाल राणा, सह सचिव पद के लिए मणिकांत शर्मा, सत्यदेव मैथल, सहसचिव प्रशासन के लिए मोहित गर्ग, सत्यांशु वर्मा, सह सचिव पुस्तकालय के लिए सत्यपाल सिंह, विपिन कुमार, वरिष्ठ सदस्य के लिए कृष्णपाल, कनिष्ठ सदस्य के लिए हरीश कुमार, हिमांशु गौतम, मयंक सिंघल, ऋषभ जैन, प्रवीण कुमार चौहान, प्रशांत कश्यप शामिल रहें। एल्डर कमेटी के चुनाव की प्रक्रिया को लेकर तहसील में भी अधिवक्ताओं की चहल पहल रही।

# सैंकडों मरीजों की निशुल्क जांच कर दिया उचित परामर्श, बांटी दवाईयां

**भास्कर ब्यूरो शामली।** मंगलवार को श्री विश्वकर्मा परिवार सहायता ट्रस्ट द्वारा भैंसवाल रोड सैनी चौंक स्थित हाईटेक हास्पिटल में स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में डा. किरणप्रीत कौर व डा. झरना राजपूत द्वारा सैंकडों मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श एवं दवाईयां वितरित की गयी। कैंप में शुगर व गर्भवती महिलाओं की भी जांच कर उन्हें प्रोटीन, आयरन व कैल्शियम की दवाईयां भी निशुल्क प्रदान की गयी। कैंप में प्रदीप विश्वकर्मा, अध्यक्ष मैनपाल पांचाल, उपाध्यक्ष मोहन पांचाल, रविंद्र आर्य, अनिल धीमान पोपट, राकेश कुमार, अमर गोयल, प्रमोद जांगिड़ सभासद, रमेश विश्वकर्मा, प्रदीप पांचाल रमेश, सौरव विश्वकर्मा, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रयागराज महाकुंभ में शाही स्नान के लिए रवाना हुई श्रद्धालुओं की पांच बसें



**भास्कर ब्यूरो शामली।** मंगलवार को शामली से भी सैंकडों की संख्या में श्रद्धालु बसों के माध्यम से प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना हुए। शहर के दिल्ली रोड से बसों को भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, साथ ही श्रद्धालुओं की सुखद यात्रा की भी कामना की। वहीं विकास बस सर्विस के प्रोपराइट जितेन्द्र प्रधान ने बताया कि पांच डीलक्स बसों के माध्यम से करीब 250 श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना हुए। महाकुंभ में स्नान के बाद भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, वहीं बसों में सवार सभी यात्रियों के लिए चाय, पानी व नाश्ते का भी पूरा इंतजाम किया गया है। इस मौके पर धर्मेन्द्र कुमार, संदीप मलिक, संदीप, धर्मेन्द्र, अरविन्द कुमार, राजीव, संजय चौधरी, आकाश चौधरी, अजीत सिंह आदि भी मौजूद रहे।

## भाजपा अटल स्मृति संकलन व संपर्क अभियान के तहत 31 जनवरी तक सभी जनपदों में चलेगा अभियान

# पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के सहायकों को चिन्हित करेगी भाजपा

**भास्कर ब्यूरो**

**शामली।** भारतीय जनता पार्टी अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान के माध्यम से 31 जनवरी तक सभी जनपदों में अभियान चलाकर ऐसे लोगों को चिन्हित करेगी जिन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ कार्य किया हो। ऐसे लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।




मंगलवार को नगर पालिका सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनायी गयी। इस दौरान बूथ, मंडल, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों कार्यक्रमों के भी आयोजन किए गए। उन्होंने बताया कि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान के माध्यम से 31 जनवरी तक सभी जनपदों में ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करेंगे जिनके पास पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ साझा किए गए किसी भी क्षण की स्मृति या कागजी माध्यम जिनमें पेपर कटिंग, किताब पर दिया गया आटोग्राफ या अन्य कोई कागज जो कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अटलजी से संबद्ध है, या स्मृति का ऑडियो क्लिप, वीडियो क्लिप उपलब्ध है। भाजपाई ऐसे लोगों के पास जाकर उन्हें सम्मानित कर उपलब्ध स्मृति को सम्मानपूर्वक उसकी एक कापी लेकर संकलित करेंगे। इसी अभियान के तहत ऐसे लोगों को भी चिन्हित किया जाएगा जिन्होंने अटलजी के साथ पार्टी, संघ के किसी भी संगठन में कार्य किया हो,। उन्होंने बताया कि अटलजी पर लिखे गए लेखों, पुस्तकों को एकत्रित कर सूचीबद्ध किया जाएगा, इनमें से चुनी गयी जानकारी को प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत 15 फरवरी से 15 मार्च के बीच हर जनपद में अटल विरासत सम्मेलन का भी आयोजन होगा जिसमें गणमान्य लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस दौरान अटलजी के साथ कार्य करने वाले वरिष्ठ कार्यकताओं, लेखकों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने ऐसे लोगों का आहवान किया जिनके पास अटलजी से जुडी कोई भी कागजी, ऑडियो या वीडियो क्लिप हो तो वह भाजपा कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री पुनीत द्विवेदी, नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल, जयदेव मलिक प्रमुख, राजेन्द्र मादलपुर, पंकज राणा आदि भी मौजूद रहे।

**56 केंद्र व्यवस्थापकों को नोटिस**

अमरोहा। यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर केंद्र व्यवस्थापक गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। 71 में से 56 केंद्रों ने सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर बोर्ड की साइट पर ऑनलाइन नहीं की है। डीआईओएस ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित केंद्र व्यवस्थापकों को नोटिस जारी कर तत्काल डीवीआर से संबंधित कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया है।

# जीडीए की प्राथमिकता: मधुबन बापूधाम योजना में अनियोजित भूमि के नियोजन की प्रक्रिया का श्री गणेश

## शुरू हुआ टोटल स्टेशन सर्वे

भास्कर ब्यूरो

**गाजियाबाद।** जीडीए गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण की प्राथमिकता में शामिल मधुबन-बापूधाम योजना के अंतर्गत पॉकेट-डी में अनियोजित भूमि को नियोजित करने के निर्देशों के क्रम में प्राधिकरण के अभियंत्रण जोन-3 एवं भू-अधिग्रहण अनुभाग द्वारा टोटल स्टेशन सर्वे का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

### नियमित मॉनिटरिंग जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स द्वारा स्वयं कर रहे है

खास बात यह है कि शीघ्र ही उक्त भूमि को नियोजित करते हुए बाह्य विकास कार्य भी प्रस्तावित किए जाएंगे। मधुबन-बापूधाम योजना प्राधिकरण की शीर्ष प्राथमिकताओं में सम्मिलित है, जिसकी नियमित मॉनिटरिंग जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स द्वारा स्वयं की जा रही है।



### इंदिरापुरम विस्तार योजना में प्लॉटेड डिवेलपमेंट

इसके अतिरिक्त, प्रभारी मुख्य अभियंता श्री मानवेंद्र सिंह ने इंदिरापुरम विस्तार योजना में प्लॉटेड डिवेलपमेंट हेतु आंतरिक विकास कार्यों को शुरू किए जाने पर उसका स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए।

### आमजन को भूखंड नीलामी के माध्यम से उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ

गौरतलब है कि इंदिरापुरम विस्तार योजना में प्लॉटेड डिवेलपमेंट का कार्य भी प्रारंभ कराया गया है। योजना के तहत आमजन को भूखंड नीलामी के माध्यम से उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ की जाएगी।

## बेटी को ससुराल से ले जाकर करा दिया दूसरा निकाह

**डिडौली।** दामाद की गैर मौजूदगी में एक शख्स अपनी बेटी को ससुराल से ले गया और दूसरे युवक के साथ उसका निकाह करा दिया। इतना ही नहीं बाद में घर के बाहर खेल रहे नातिन का अपहरण कर लिया। सीजेएम कोर्ट के आदेश पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की शादी संभल जिले के बनियाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ हुई थी। दंपति के एक छह साल का बेटा भी है। युवक पानीपत में रहकर वहां रुई की मशीन पर मजदूरी करता है। उसका आरोप है कि गैर मौजूदगी में बीते साल ससुर घर पर आया और पत्नी को अपने साथ ले जाने के बाद दूसरे युवक से उसका निकाह करा दिया।

## लूट की झूठी सूचना देने वाला दूध व्यवसायी पुलिस ने दबोचा



भास्कर ब्यूरो

**साहिबाबाद।** थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में 28 तारीख को दूध व्यवसाययी ने साजिश रची ढाई घंटे के भीतर पुलिस ने खुलासा कर दिया ऑनलाइन सट्टा में पैसा हारने के बाद परिवार से बचने के लिए उसने एक लूट की झूठी सूचना कहानी गढ़ी और 112 नंबर पर पुलिस को लूट की सूचना दी पुलिस ने ढाई घंटे की भीतर फर्जी लूट का खुलासा कर दिया एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि व्यवसायी अक्षय कुमार पुत्र अशोक कुमार वेरमन्दपुर थाना गुलावठी जिला बुलंदशहर हालेपता मकान नंबर 344 ग्राउंड फ्लोर सेक्टर 2 वसुंधरा इंदिरापुरम निवासी से तीन बाइक सवार बदमाशों ने दो लाख 75 हजार लूट लिए हैं और ब्लेड से उसकी जेब कटी विरोध करने पर मारपीट की गई है पुलिस ने जहां शुरू की तो जांच में कई सन्दिग्ध बाते सामने आई अक्षय का छोटा हाथी के बहन की तलाशी में 51हजार बरामद हुए यह भी पता चला उसका दैनिक कलेक्शन इतना नहीं होता है जितनी लूट की राशि बता रहा है जब अक्षय से कड़ी से पूछताछ की गई तो उसने स्वीकार की मैं खुद ही अपनी जेब कटी है और स्वयं को टोटल किया है मैं एविएटर नाम का ऑनलाइन सट्टा गेम खेलता हूं जिसमें 73000 हार गया था परिवार को यह बात छुपाने के लिए मैं पुलिस को झूठी सूचना दी थी पुलिस ने अक्षय से छोटा हाथी और 51 हजार बरामद कर लूट की झूठी सूचना देने अभियोग पंजीकृत जेल भेजा जा रहा है।

## सार सुर्खियां

### भाजपा नेता व निगम पार्षद धर्मवीर शर्मा ने फहराया तिरंगा



नई दिल्ली (भास्कर ब्यूरो)। रविवार को 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में रोहिणी स्थित जी –28 पार्क में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय लोगों के साथ साथ स्थानीय पार्षद व भाजपा नेता धर्मवीर शर्मा तथा दिल्ली सरकार के भूतपूर्व मंत्री राजकुमार चौहान के पुत्र बोवी चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इसके साथ ही रिद्धि सिद्धि महिला मंच व बाहरी दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष सरिता ढींगरा के नेतृत्व में स्कूली छात्रों ने पारम्परिक पोशाकों में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पार्षद धर्मवीर शर्मा ने गणतंत्र दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय भावना से ओत–प्रोत कर देने वाला संबोधन दिया। इस ध्वजारोहण कार्यक्रम में सुरेश गर्ग, राकेश विज, चौ सत्यनारायण दहिया, राधेश्याम बंसल, कैलाश बंसल, सुरेश बंसल, मास्टर धर्मवीर यादव, नरेश सिंगला, जोगीराम गर्ग, राजिंद्र गोयल, बीके शर्मा, वीडी शर्मा, मोहन लाल और जैन साहब मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार संजय शर्मा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बॉबी चौहान ने कहा कि यदि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी तो सभी पार्कों का जीर्णोद्वार नए सिरे से किया जाएगा और पार्कों की खोई हुई सुन्दरता को पुनर्जीवित किया जाएगा।

### रॉयल पब्लिक ग्रुप ऑफ स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**मानेसर।** रॉयल पब्लिक ग्रुप ऑफ स्कूल्स में 76वें गणतंत्र दिवस का उत्सव बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ. विजय सिंह द्वारा ध्वजारोहण से हुई। जैसे ही तिरंगा फहराया गया, पूरा स्कूल राष्ट्रीय गान और भारत माता की जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर धर्मसिंह चौहान, एडवोकेट मनीष शर्मा सहित विभिन्न लोग मोजूद थे, इस विशेष अवसर पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने नृत्य, कविताओं और नाटकों के माध्यम से भारत के स्वतंत्रता संग्राम और वीर शहीदों के बलिदान को याद किया। हर प्रस्तुति में देशभक्ति की भावना स्पष्ट झलक रही थी, जिसने वहां उपस्थित सभी दर्शकों को प्रेरित किया। डॉ. विजय सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों को गणतंत्र दिवस का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें संविधान की ताकत और देशभक्ति की भावना को याद दिलाता है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा, आप देश के भविष्य हैं। आदर्श नागरिक बनकर अपने कर्तव्यों का पालन करें और हमेशा देश के वीरों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद रखें। स्कूल परिसर में हर ओर जोश और उत्साह का माहौल था। शिक्षकों और अभिभावकों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ हुआ। इस समारोह ने सभी को देश के प्रति अपने दायित्वों और कर्तव्यों की याद दिलाई और एकता व देशभक्ति की भावना को प्रबल किया।

### हर घर नल योजना: गांवों में टंकियों के चालू नहीं होने पर जताया रोष

रहरा। हर घर जल, हर घर नल योजना के तहत गांव में बनी टंकियों के चालू नहीं होने पर भाकियू शंकर पदाधिकारियों ने रोष जताया। टंकियों से पेयजलापूर्ति जल्द शुरू कराने की मांग की। मंगलवार को ब्लॉक परिसर में आयोजित संगठन की पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान उखाड़ी गई सडकों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए। पेराई सत्र के कई माह बाद भी गन्ना मूल्य घोषित नहीं होने पर सरकार की आलोचना की। 450 रुपये प्रति कुंतल गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग की। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर किसान आयोग का गठन करने, छुट्टा पशुओं को गोशाला भेजने, पौरारा में शिव मंदिर व देवी मंदिर के बीच खराब हैंडपंप को दुरुस्त कराने, अमरोहा को विकास प्राधिकरण का दर्जा देने, गजरौला में ट्रामा सेंटर खोलने की मांग भी की। किसानों की अन्य समस्याओं को भी उठाया गया। पंचायत के बाद बीडीओ अश्विनी कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता व राकेश कुमार के संचालन में आयोजित पंचायत में संगठन के ब्लाक अध्यक्ष योगेंद्र, कुमार, शीशपाल सिंह, कमल ठाकुर, राकेश कुमार, सुभाष त्यागी, बालकिशन सिंह, जयप्रकाश गुप्ता, हेमराज सिंह, भक्तमाल, लल्लू सिंह व चरन सिंह आदि रहे।

### कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज में कार्यवाहक प्रधानाचार्य को पीटा

अमरोहा। सहायक अध्यापक ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य को थप्पड़ मारे और अभद्र व्यवहार किया। बेहोशी की हालत में कार्यवाहक प्रधानाचार्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया। कॉलेज के शिक्षकों ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला शहर के कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज का है। प्रधानाचार्य के छुट्टी पर जाने के बाद वरिष्ठ प्रवक्ता संतराम सिंह कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य हैं। गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम के बाद 11:30 बजे संतराम सिंह प्रधानाचार्य कक्ष में पूर्व प्रबंधक खचेड़ू सिंह एवं उनकी पत्नी व धर्मपाल सिंह प्रबंध समिति के सदस्य की उपस्थिति में विद्यालय में अनुशासन व व्यवस्था सुधारने के संबंध में वार्ता कर रहे थे। तभी, अचानक सहायक अध्यापक सुरेंद्र सिंह ने गुस्से में आकर संतराम सिंह को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद जमीन पर गिरकर गिरकर लात–घुसों से पीटा। इस दौरान संतराम सिंह बेहोशी की हालत में जमीन पर गिर पड़े और अन्य स्टाफ ने बामुश्किल बचाया। बाद में कॉलेज के ही स्टाफ ने संतराम सिंह को बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि यह सारी घटना पूर्व प्रबंधक खचेड़ू सिंह और धर्मपाल सिंह के संरक्षण में हुई है। इससे पहले भी कई बार इन्हीं लोगों के द्वारा ऐसी घटनाएं की जाती रही है।

## मधुबन बापू धाम के समीप अविकसित अवैध कॉलोनी पर फिर गरजा महाबली

भास्कर ब्यूरो

**गाजियाबाद।** जीडीए वीसी अतुल वत्स के निर्देश पर अवैध निर्माण/अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने खसरा संख्या-919, दुहाई (निकट मधुबन बापूधाम) में लगभग 12 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अनधिकृत कॉलोनी में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

इस कार्रवाई के तहत भूखंडों की बाउंड्री वॉल, आरसीसी सड़क आदि को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय विकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं ने भारी विरोध किया, लेकिन प्राधिकरण पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए कार्यवाही जारी रखी।



जीडीए ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनधिकृत कॉलोनियों में भूखंडों की खरीद-फरोख्त न करें।

ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर्स/ मेट्स, स्थानीय पुलिस बल और प्राधिकरण पुलिस बल मौजूद रहे।

## कैलसा में पेट्रोल पंप और बैंक्वेट हॉल के बाहर दिखा तेंदुआ

**अमरोहा।** जिले में तेंदुए की दहशत लगातार बनी हुई है। अब तेंदुआ कैलसा में पेट्रोल पंप और बैंक्वेट हॉल के बाहर देखा गया है। तेंदुए की चहल पहल सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। खालिद हसन नाम के व्यक्ति ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज फेसबुक पर शेयर की हैं। तेंदुआ देखे जाने के बाद से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। मामला कैलसा में आरके फिलिंग स्टेशन कैलसा निकट बैंक्वेट हॉल के पास का है। सोमवार की सुबह करीब तीन बजे तेंदुआ पेट्रोल पंप और बैंक्वेट हॉल के पास घूमता देखा गया। तेंदुए की चहल पहल सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। स्थानीय लोगों को तेंदुआ देखे जाने की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। तेंदुए की दहशत के कारण स्थानीय लोगों ने खेतों पर जाना बंद कर दिया।

## स्माइल इंटरनेशनल फेस्टिवल की शुरूआत इतालवी फिल्म द टाइगर्स नेस्ट के साथ हुई



भास्कर समाचार सेवा

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने नई दिल्ली में स्माइल फाउंडेशन की पहल स्माइल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल फॉर चिल्ड्रन एंड यूथ के 11वें संस्करण का उद्घाटन किया। यूरोपीय संघ भारत में यूरोपीय संघ का प्रतिनिधिमंडल के साथ साझेदारी में आयोजित किया जा रहा यह वार्षिक फिल्म महोत्सव 28-30 जनवरी, 2025 के बीच नई दिल्ली के सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। सिफ्सी 2025 की शुरूआत ब्रैंडो क्विलिसी द्वारा निर्देशित बहुप्रशंसित इतालवी कृति द टाइगर्स नेस्ट के साथ हुई। इसमें युवा अभिनय सनसनी सनी पवार मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने लायन और सेक्रेड गेम्स में अपने अभिनय के लिए भी ख्याति अर्जित की है। उद्घाटन स्क्रीनिंग के बाद सनी पवार के साथ प्रश्नोत्तर सत्र ने युवा दर्शकों को प्रेरित और मंत्रमुग्ध कर दिया। भारत में यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने युवा दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा, सिनेमा एक सार्वभौमिक भाषा है, एक ऐसी भाषा जो युवाओं से बात करती है। यह युवा दिमागों के लिए अपने आस-पास की दुनिया को जानने और समझने, विभिन्न संस्कृतियों के बारे में जानने और रचनात्मकता को नए पंख देने का साधन है। सिफ्सी के अध्यक्ष आई एम कलाम के निमार्ता और स्माइल फाउंडेशन के सह-संस्थापक शांतनु मिश्रा ने कहा कि अच्छा सिनेमा युवा दिमाग को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और बच्चों और युवा वयस्कों में अवसाद, अकेलापन और आक्रामकता जैसी समस्याओं से लड़ने में भी मदद कर सकता है। सिफ्सी महोत्सव निदेशक जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि हम इस साल अपने महोत्सव में शानदार ब्रैंडो क्विलिसी द्वारा निर्देशित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित सिनेमाई कृति द टाइगर्स नेस्ट का भारत में प्रीमियर पेश करने के लिए उत्साहित हैं।

## गणतंत्र दिवस पर स्कूली बच्चों के लिए सतीश यादव ने पेंसिल व बुक का वितरण किया



भास्कर ब्यूरो

**गुरुग्राम।** 76वें गणतंत्र दिवस पर सतीश यादव ने तिरंगा झंडा फहरा कर प्रोग्राम का शुभारंभ किया सतीश यादव गाँव झुंड सराय, स्कुल में हुए प्रोग्राम मे बताया कि गणतंत्र दिवस पर हमारे राष्ट्रपति कर्तव्य पथ पर तिरंगा झंडा फहराकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते है और 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ था, और कर्तव्य पथ पर झाँकियों के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन किया जाता है, जिसमें वायुसेना थल सेना, आर्मी व देश के जवान अपना शक्ति प्रदर्शक दिखाते हैं।

76वें गणतंत्र दिवस पर भाई सतीश यादव ने स्कूली बच्चों के लिए पेंसिल व बुक का वितरण किया और टीटू यादव ने भी 11000 हजार की सहयोग राशि दी, बच्चों के उज्जवल भविष्य की मनोकामनाएं की, तरंगा फहराते समय वन्दे मातरम् जय हिन्द इंकलाभ जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए, स्कूली बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से 76वें गणतंत्र दिवस का समा बाँध दिया, इस अवसर पर शमशेर, सुनील, विजय, महिपाल, अजीत व समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

## पुरुषोत्तम कौशिक एडवोकेट ने फहराया तिरंगा



भास्कर ब्यूरो

**मानेसर।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर वार्ड नंबर 3 में आने वाली सोसाइटी में भाई पुरुषोत्तम कौशिक एडवोकेट ने राष्ट्र की शाम तिरंगा फहराकर कार्यक्रम का शुभआरम्भ किया।

भाई पुरुषोत्तम कौशिक ने सोसाइटी के अंदर हुए प्रोग्राम में बच्चों ने जो सांस्कृतिक कार्यक्रम दिखाया उनकी बहुत ही प्रशंसा की और कहा समय समय पर इस तरह के प्रोग्राम होते हैं तो बच्चों में देश हित की भावना जागृत होती है

पुरुषोत्तम कौशिक ने सरकार की उपलब्धियों के बारे में वहां पर मौजूद व्यक्ति को उनसे अवगत कराया जैसे हरियाणा दिव्यांग पैशन नियम मे 2016 संशोधन को मंजूरी दी जिसके तहत अब प्रदेश में 10और श्रेणियो दिव्यांगजनों को मासिक पेंशन का लाभ दिया जाएगा इससे 32 हजार दिव्यांगजन होंगे लाभावित भाई ने सरकार की बहुत ही सारी उपलब्धियों के बारे में बताया और इस प्रोग्राम के चलते हुए भाई ने आपने अमर शहीदों को भी याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर सोसइटी के, नाथू सिंह यादव आर डब्ल्यू ए डीएलएफ ,प्रदीप वाशने, रविन्दर पासी, वन्दना , मिलन सोसाइटी के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## दिल्ली राज्य कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न



भास्कर ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली राज्य कबड्डी प्रतियोगिता सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग का आयोजन वसुंधरा एनक्लेव, दिल्ली में 25 व 26 जनवरी 2025 को संपन्न हो गया। इसकी जानकारी दिल्ली राज्य कबड्डी संघ के महासचिव रामवीर सिंह ने सोमवार को प्रेस वार्ता में दी। प्रतियोगिता में सीनियर पुरुष वर्ग में द्वारका जिला दक्षिण पश्चिम की टीम ने सरिता विहार जिला दक्षिण पूर्व को 27 अंकों के मुकाबले 17 अंकों से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि तीसरे स्थान पर महरौली जिला दक्षिण व गाजीपुर जिला पूर्व की टीम रही। महिला वर्ग में रितु व विधि और पुरुष वर्ग में प्रवीण व अजय का प्रदर्शन सराहनीय रहा। समापन समारोह में मनीष डेढ़ा (निगम पार्षद), श्री एम एस त्यागी, श्री निरंजन सिंह-पूर्व उपाध्यक्ष दिल्ली राज्य कबड्डी संघ ने विजेता टीम को पुरस्कार दिया। इस मौके पर श्री सुरेंद्र सिंह (पूर्व महासचिव), श्री काशीराम, श्री विकास अवाना कोषाध्यक्ष, श्री सुरेंद्र (पूर्व सचिव गाजीपुर कबड्डी एसोसिएशन), बबली भड़ाना (सचिव गाजीपुर कबड्डी एसोसिएशन) और दिल्ली राज्य कबड्डी संघ के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सिकंदरपुर बढ़ा के शहीद सूबेदार पार्थ सिंह स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

### समाजसेवी सरपंच सुंदर लाल यादव व प्रधानाचार्य ने किया ध्वजारोहण

भास्कर ब्यूरो

**गुरुग्राम।** सिकंदरपुर बढ़ा गांव स्थित शहीद सूबेदार पार्थ सिंह गवर्नमेंट हाई स्कूल में रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुन्दर लाल सरपंच एवं प्रधानाचार्य द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ। मंजू यादव ने मंच संचालन किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, नृत्य और नाटकों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और एकता का संदेश दिया। छात्रों ने स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महापुरुषों की संघर्ष गाथाएं दिखाई गईं। अपने संबोधन में सरपंच सुन्दर लाल यादव ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरुक किया। उन्होंने संविधान की अहमियत को समझाया और युवा पीढ़ी को देश सेवा की दिशा में प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा ही इस देश के कर्णधार हैं। सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी ही देश का भविष्य सुनिश्चित करती है। यह भागीदारी मजबूती से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सकारात्मक सोच के साथ किसी भी क्षेत्र में कदम रखते हैं तो सफलता जरूर मिलती है।



इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न छात्रों को उनकी उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के शिक्षकों शालिनी मेहता मधु रोहिल्ला, नीरुबाला, भावना, रविन्दरा, अजय कुमार, दिनेश कुमार ने भी इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष योगदान दिया। गांव के प्रमुख लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान सत्यप्रकाश यादव, ईश्वर यादव, कर्मबीर यादव, संजय यादव, राजेश यादव, महेंद्र सिंह, बिन्नू सहित गांव के अनेक मौजिज लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व सभासद के बेटे को राजस्थान पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमरोहा।** एसी मकैनिक के रूप में काम करने वाले पूर्व सभासद के बेटे के विरुद्ध अजमेर की विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लिहाजा वहां की पुलिस ने सोमवार रात दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा साथ ले गई है।

नगर के मुहल्ला बसावन गंज निवासी पूर्व सभासद नूर फैजी का बेटा ताबिश अंसारी एसी मकैनिक है। वह राजस्थान के जिला अजमेर के ब्यावर थाना क्षेत्र में काम करता था। वहां रहने वाली महिला से उसके प्रेम संबंध हो गए हैं। आरोप है कि युवक ने महिला को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना लिए। कुछ दिन पहले वह महिला को लेकर अमरोहा आ गया था। तलाश करता हुआ उसका पति अमरोहा पहुंचा था तथा यहां से पत्नी को वापस साथ ले गया था। वहां जाकर महिला ने ब्यावर थाने में ताबिश के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लिहाजा सोमवार रात को दारोगा रोडूराम सिंह टीम के साथ अमरोहा नगर कोतवाली पहुंचे थे।

## जमीन पर कब्जे के इरादे से बर्बाद की गेहूं की फसल, रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा।** कृषि भूमि पर कब्जा करने के इरादे से गेहूं की फसल को बर्बाद कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव उमर मोहम्मदपुर मजरा मानकजूड़ी की है। यहां पर रहने वाले किसान ऋषिपाल सिंह की गांव के जंगल में पुश्तैनी कृषि भूमि है। करीब 40 साल से वह अपने तीन भाईयों के साथ मिलकर लगातार इस भूमि पर खेती कर रहे हैं। वर्तमान में चारों भाईयों ने अपने-अपने हिस्से के खेतों में गेहूं की फसल की बुआई कर रखी है। उनका आरोप है कि गांव मजरा मानकजूडी का रहने वाला हरिराज सिंह उनकी जमीन पर कब्जा करने की नीयत रखता है। 24. जनवरी की रात इसी इरादे से हरिराज सिंह ने अपने भाई गुलशन, बेटे विवेक तथा बल्लू निवासी गांव डाईडेरा के साथ मिलकर गेहूं की फसल को नष्ट कर दिया। आरोपी इससे पूर्व भी आए दिन हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के अलावा फसल बर्बाद कर चुके हैं। पीड़ित ऋषिपाल ने मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। उनके आदेश पर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

## 'मध्य वर्ग' पर केंद्रित दिल्ली चुनाव


दिल्ली में राजनीति और चुनाव 'जातीय' कम होते हैं। इस बार चुनाव 'वर्ग' पर आधारित होता जा रहा है। यह पहली बार हो रहा है कि चुनाव में आर्थिक मुद्दों की गूंज है। पहली बार ही किसी राजनीतिक दल ने 'मध्य-वर्ग' पर विशेष घोषणा-पत्र जारी किया है। यह काम भी केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) ने किया है। अभी तक चुनाव में आर्थिक मुद्दों के संदर्भ में 'मुफ्त की रेवडिय़ों' का शोर था। एक सामाजिक और विशेषज्ञ पक्ष इसे 'रेवड़ी' मानने को तैयार नहीं है। उसका मानना है कि जनता का पैसा जनता के कल्याण पर खर्च किया जा रहा है, वंचित और गरीब तबके की मदद की जा रही है, तो इसमें गलत, अनैतिक और अर्थव्यवस्था-विरोधी क्या है? दूसरा पक्ष इसे सरेआम 'रिश्वतखोरी' करार देता है, क्योंकि मतदाता को कुछ नकदी, मुफ्त का लालच देकर उसका वोट हासिल किया जा रहा है, लेकिन एक वर्ग ऐसा है, जो देश के आर्थिक संसाधनों की 'रीढ़' है, लेकिन चुनावों में अभी तक उपेक्षित रहा है। उस वर्ग में डॉक्टर, इंजीनियर, सरकारी कर्मचारी, सरकारी पेंशनभोगी, बैंकर, एक खास वर्ग के पत्रकार, अध्यापक, प्रोफेसर आदि ऐसे पेशेवर लोग आते हैं, जो आयकर और अन्य करों के रूप में देश को 'खजाना' मुहैया कराते हैं। औसतन 100 रुपए कमाते हैं, तो 30 फीसदी कर चुकाना पड़ता है। आयकर देने वाला यह वर्ग आबादी का मात्र 4-5 फीसदी ही है। कुछ और लोग भी हैं, जो परोक्ष रूप से करदाता हैं और देश की अर्थव्यवस्था के संचालक हैं। वैसे जीएसटी और कुछ उपकर ऐसे हैं, जो देश की करीब 65 फीसदी आबादी को चुकाने ही पड़ते हैं।

इनमें आम आदमी भी शामिल है, लेकिन मध्य-वर्ग ऐसा है, जिसे निचोड़ा जाता रहा है, लेकिन बदले में वह 'रेवडिय़ों' की अपेक्षा भी नहीं करता। वह मुफ्तखोरी का पक्षधर नहीं है। अरबपति उद्योगपतियों का एक खास वर्ग है, जिसे किसी भी पार्टी की सत्ता पाल-पोस कर रखती है। इस वर्ग के 14.56 लाख करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज बैंकों को 'बट्टे खाते' (राइट ऑफ) में डालने ही पड़ते हैं। एक अरबपति को 6500 करोड़ रुपए का कर्ज मिला, लेकिन जब यह मामला आपस में सैटल किया गया, तो अरबपति को 1500 करोड़ रुपए का ही भुगतान करना पड़ा। देश में 400-500 'औद्योगिक मित्र' ऐसे हैं, जिनके 10 लाख करोड़ रुपए का कर्ज सरकार ने माफ करा दिया। बेशक यह वर्ग भी मतदाता है, लेकिन यह वर्ग सरकारें संचालित करता है। सरकार से सिर्फ इतनी अपेक्षा रखता है कि वह उसके मोटे कर्जों को 'बट्टे खाते' में डलवाती रहे अथवा हजारों करोड़ रुपए के कर्ज के बदले उसे कुछ सौ करोड़ रुपए ही चुकता करने पड़ें। मध्य-वर्ग में भी अपर, अद्र्ध अपर, मिडिल और लोअर वर्ग हैं। उनका मूल्यांकन उनके वेतन के आधार पर किया जाता है, क्योंकि आयकर भी उसी के अनुसार तय होता है। मध्य-वर्ग ऐसा है, जो गेहूं के साथ घुन की तरह पिसता रहा है। हालांकि यह वर्ग परिभाषित नहीं है, लेकिन माना जाता है कि दिल्ली में करीब 67 फीसदी आबादी मध्य-वर्ग के दायरे में आती है। देश में औसतन 31 फीसदी मध्य-वर्ग माना जाता है। बहरहाल यह मुद्दा दिल्ली के चुनाव की दिशा और दशा मोड़ भी सकता है।

## जो हो रहा है उसके जिम्मेदार हम खुद

हम मनुष्यों की एक सामान्य सी आदत है कि दुःख की घड़ी में विचलित हो उठते हैं और परिस्थितियों का कसूरवार भगवान को मान लेते हैं। भगवान को कोसते रहते हैं कि हे भगवान हमने आपका क्या बिगाड़ा जो हमें यह दिन देखना पड़ रहा है। गीता में श्री कृष्ण ने कहा है कि जीव बार-बार अपने कर्मों के अनुसार अलग-अलग योनी और शरीर प्राप्त करता है। यह सिलसिला तब तक चलता है जब तक जीवात्मा परमात्मा से साक्षात्कार नहीं कर लेता। इसलिए जो कुछ भी संसार में होता है या व्यक्ति के साथ घटित होता है उसका जिम्मेदार जीव खुद होता है। संसार में कुछ भी अपने आप नहीं होता है। हमें जो कुछ भी प्राप्त होता है वह कर्मों का फल है। इश्वर तो कमल के फूल के समान है जो संसार में होते हुए भी संसार में लिप्त नहीं होता है। ईश्वर न तो किसी को दु?ख देता है और न सुख। इस संदर्भ में एक कथा प्रस्तुत है? गौतमी नामक एक वृद्धा ब्राह्मणी थी। जिसका एक मात्र सहारा उसका पुत्र था। ब्राह्मणी अपने पुत्र से अत्यंत स्नेह करती थी। एक दिन एक सर्प ने ब्राह्मणी के पुत्र को डंस लिया। पुत्र की मृत्यु से ब्रह्मणी व्याकुल होकर विलाप करने लगी। पुत्र को डंसने वाले सांप के ऊपर उसे बहुत प्रोध आ रहा था। सर्प को सजा देने के लिए ब्राह्मणी ने एक सपेरे को बुलाया। सपेरे ने सांप को पकड़ कर ब्राह्मणी के सामने लाकर कहा कि इसी सांप ने तुम्हारे पुत्र को डंसा है, इसे मार दो। ब्राह्मणी ने संपरे से कहा कि इसे मारने से मेरा पुत्र जीवित नहीं होगा। सांप को तुम्ही ले जाओ और जो उचित समझो सो करो। संपेरा सांप को जंगल में ले आया। सांप को मारने के लिए संपेरे ने जैसे ही पत्थर उठाया, सांप ने कहा मुझे क्यों मारते हो, मैंने तो वही किया जो काल ने कहा था। संपेरे ने काल को ढूंढा और बोला तुमने सर्प को ब्राह्मणी के बच्चे को डंसने के लिए क्यों कहा। काल ने कहा ब्राह्मणी के पुत्र का कर्म फल यही था। मेरा कोई कसूर नहीं है। सपेरा कर्म के पहुंचा और पूछा तुमने ऐसा बुरा कर्म क्यों किया। कर्म ने कहा मुझ से क्यों पूछते हो, यह तो मरने वाले से पूछो मैं तो जड़ हूं। इसके बाद संपेरा ब्राह्मणी के पुत्र की आत्मा के पास पहुंचा। आत्मा ने कहा सभी ठीक कहते हैं। मैंने ही वह कर्म किया था जिसकी वजह से मुझे सर्प ने डंसा, इसके लिए कोई अन्य दोषी नहीं है।

## प्रेरणाप्रद मोती



जो शिक्षा मनुष्य को परावलंबी, अहंकारी और धूर्त बनाती हो, वह शिक्षा, अशिक्षा से भी अधिक बुरी है।

**पं श्रीराम शर्मा आचार्य**
**(गायत्री परिवार)**

## राशिफल

मेष राशि :- किसी आरोप से बचिये, मान-प्रतिष्ठा प्रभुत्व में वृद्धि में आंच आ सकती है, ध्यान दें।

वृष राशि :- कुछ बाधाऐं कष्टप्रद हों, स्त्री शरीर कष्ट, कारोबार में बाधा आयेगी, ध्यान दें।

मिथुन राशि :- स्त्री वर्ग से कष्ट, चिन्ता, व्यवसायिक कार्यों में आरोप से अवश्य ही बचेंगे।

कर्क राशि :- दैनिक व्यवसाय गति मंद रहे, असमर्थता का वातावरण बना ही रहेगा।

सिंह राशि :- व्यर्थ धन का व्यय, दूसरों के कार्यों में हस्ताक्षेप करने से हानि होवेगी।

कन्या राशि :- विशेष कार्य स्थिगित रखें फिर भी सब कार्य सफलता पूर्वक अवश्य चलेंगे।

तुला राशि :- आशानुकूल सफलता का हर्ष, दैनिक व्यवसाय गति उत्तम बनी ही रहेगी।

वृश्चिक राशि :- अधिकारियों का मेल-मिलाप फलप्रद, कार्य-योजना की चिन्ता बनी रहे।

धनु राशि :- विशेष कार्य स्थिगित रखें, परिश्रम से सफलता, कार्य व्यवसाय उत्तम होगा।


मकर राशि :- मनोबल उत्साह वर्धक हो, कार्यगति में सुधार, कार्य-योजना अवश्य बनेगी।

कुंभ राशि :- कार्य-क्षमता में बाधा, अचानक असमर्थता का वातावरण बना ही रहेगा।

मीन राशि :- अर्थव्यवस्था से संतोष, सुख-धन समृद्धि के साधन अवश्य ही जुटाएंगे।

**मनीष शर्मा**

# 'वसुधैव कुटुंबकम' का प्रतीक है महाकुंभ



तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ हमारी सनातन संस्कृति की आस्था और आध्यात्मिकता की जीवंत अभिव्यक्ति है परंतु ऐसे समय में भी हमारे देश का विपक्ष राजनीति करने से,सनातन की मान्यताओं का मखौल उड़ाने से बाज नहीं आ रहा है। कुंभ में भाजपा नेताओं के स्नान को डुबकी कह कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बता दिया है कि उन्हें सनातन धर्म की, उसकी परंपराओं की कितनी गहरी समझ है। वरना वे करोड़ों लोगों की आस्था को अपने शब्दों से आहत नहीं करते । उन्होंने कहा कि इस महाकुंभ में हजारों रुपये खर्च कर के कंपटीशन में भाजपा नेता डुबकी लगा रहे हैं और तब तक डुबकी लगाते हैं जब तक टीवी में अच्छा नहीं आ जाता। उनका मानना है कि धर्म के नाम पर गरीबों का शोषण हो रहा है । उन्होंने कहा कि क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर हो सकती है ? क्या इससे पेट भरता है? उनका यह बयान उस दिन आया जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने महाकुंभ में संगम पर पवित्र स्नान किया। वस्तुतः ऐसे ही बयान कांग्रेस और उसके नेताओं ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के समय दिये थे कि राम मंदिर बनने से क्या हो जाएगा?

कुंभ भारत की सनातन संस्कृति की अद्वितीय शक्ति, आध्यात्मिकता, सहिष्णुता और एकता का प्रतीक है । यह आत्मा की शुद्धता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। भारत अपनी सनातन संस्कृति के लिए विश्व भर में जाना जाता है। यह कुंभ आत्मा के शुद्धिकरण और पुनर्जन्म के चक्र से मुक्ति का माध्यम है ।कुंभ सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है बल्कि यह भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है कुंभ मेला ' वसुधैव कुटुंबकम' की उस अवधारणा को चरितार्थ करता है जिसमें संपूर्ण विश्व को स्वयं में समाहित करने की शक्ति है । देश दुनिया से अनेक लोग अपने-अपने आस्था- विश्वास की डोर को हाथों में थाम कर, अपने रीति- रिवाज, संस्कार, आचार- व्यवहार को अपने साथ लेकर भारत भूमि पर आए हैं और यहां का दृश्य देख वे आश्चर्य और विस्मय से भर गए हैं । वे देख रहे हैं कि भारत की सनातन संस्कृति किस तरह से अपनी बांहे खोल उनका स्वागत कर रही है। वे देख रहे है यहां की सामाजिक समरसता को जहां लिंग, जाति, धर्म, पंथ, संप्रदाय ,मत, अमीर-गरीब, पूरब - पश्चिम के भेद का कोई अर्थ नहीं है। यहां अनेक को एकाकार होते हुए देखा जा सकता है।

तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ हमारी सनातन संस्कृति की आस्था और आध्यात्मिकता की जीवंत अभिव्यक्ति है परंतु ऐसे समय में भी हमारे देश का विपक्ष राजनीति करने से,सनातन की मान्यताओं का मखौल उड़ाने से बाज नहीं आ रहा है। कुंभ में भाजपा नेताओं के स्नान को डुबकी कह कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बता दिया है कि उन्हें सनातन धर्म की, उसकी परंपराओं की कितनी गहरी समझ है। वरना वे करोड़ों लोगों की आस्था को अपने शब्दों से आहत नहीं करते । उन्होंने कहा कि इस महाकुंभ में हजारों रुपये खर्च कर के कंपटीशन में भाजपा नेता डुबकी लगा रहे हैं और तब तक डुबकी लगाते हैं जब तक टीवी में अच्छा नहीं आ जाता। उनका मानना है कि धर्म के नाम पर गरीबों का शोषण हो रहा है । उन्होंने कहा कि क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर हो सकती है ? क्या इससे पेट भरता है? उनका यह बयान उस दिन आया जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने महाकुंभ में संगम पर पवित्र स्नान किया।

वस्तुतः ऐसे ही बयान कांग्रेस और उसके नेताओं ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के समय दिये थे कि राम मंदिर बनने से क्या हो जाएगा? क्या लोगों को रोजगार मिल जाएगा,मंदिर की जगह अस्पताल की देश को जरूरत है आदि? आज उन्होंने गंगा स्नान पर इस तरह का बयान दिया है। बात सिर्फ महाकुंभ या राम मंदिर की नहीं है। हमेशा से विपक्ष और विपक्ष के नेताओं ने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर सनातन की आस्था पर प्रहार करने का एक भी मौका नहीं छोड़ा है। ये लोग बताए कि क्या महाकुंभ में आने वाला हर एक व्यक्ति बीजेपी का है। हजारों वर्षों की कुंभ की परंपरा क्या बीजेपी ने शुरू की थी? क्या ये कह सकते है कि हज यात्रा करने से क्या हो जाएगा? जब बात दूसरे धर्म की धार्मिक मान्यताओं की, परंपराओं की होती है तब यह लोग कुछ नहीं कहते परन्तु जब बात सनातन की होती है तो इनके सामने देश की हर समस्या आ जाती है।इन्हें सनातन संस्कृति की हर एक मान्यता, हर एक प्रथा , प्रत्येक रीति रिवाज अंधविश्वास लगता है। ये अपने बयानों में उसका मजाक उड़ाते हैं। पिछले 15 दिनो में महाकुंभ में 14 करोड लोगों ने पवित्र स्ना न किया है ।क्या ये सभी 14 करोड लोग भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है या योगी ,मोदी सरकार के लोग हैं । इसी के साथ करीब 62 देशों के दो लाख के करीब विदेशी अनुयायियो ने महाकुंभ में स्नान किया जिनमें कई प्रसिद्ध लोग भी है। क्या वह भी बीजेपी के हो गए ।

आज संपूर्ण दुनिया महाकुंभ के वैभव, सनातन की आस्था को देखकर विस्मित, नतमस्तक है ।लेकिन हमारे देश के हिंदू धर्म में ही पैदा हुए लोग महाकुंभ में पवित्र स्नान को डुबकी लगाना, अंधविश्वास कहते हैं। इन लोगों को ना देश की सांस्कृतिक विरासत का ज्ञान है, ना परंपरा की समझ है । लेकिन सवाल यही है कि हर बार सनातन पर ही प्रहार क्यों? क्यों हर बार सनातन की परंपरा, मूल्य, नायकों और संस्कृति को निशाना बनाकर प्रहार किया जाता है। भारत को एक सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में सारा विश्व जानता है राष्ट्र जिसकी एक संस्कृति, परंपरा, साहित्यिक अवधारणा आचार- विचार, व्यवहार होता है। इस संदर्भ में कुंभ महज एक मेला भर नहीं है। वह हजारों सालों से पोषित भारत की सनातन संस्कृति की वह परंपरा है जिसमें सनातन संस्कृति की आत्मा रची बसी है। अतः धर्मनिरपेक्षता का अर्थ किसी धर्म विशेष की आस्था पर प्रहार नहीं होता है। यह बात बड़े - बड़े बोल बोलने वाले और आस्था का अपमान करने वाले नेता जान लें तभी वे भी देश का और जनता का भला सोच पाएंगे।

**प्रो. मनीषा शर्मा**
(लेखिका, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक में प्राध्यापक हैं।)

# स्वामित्व योजना से आर्थिक सशक्तीकरण की ओर




देश में ग्रामीण भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त की समस्या प्रमुख रही है। कई राज्यों में गांवों के आबादी क्षेत्रों के नक्शे और दस्तावेजीकरण का अभाव रहा है। आधिकारिक रिकॉर्ड की अनुपस्थिति के कारण इन क्षेत्रों में संपत्ति के मालिक अपने घरों को अपग्रेड करने या अपनी संपत्ति को ऋण और अन्य वित्तीय सहायता के लिए वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग करने में असमर्थ रहे हैं, जिससे उनके लिए संस्थागत ऋण प्राप्त करना मुश्किल रहा। इस तरह के दस्तावेजीकरण की कमी ने 70 से अधिक वर्षों तक ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास में बाधा डाली। यह स्पष्ट हो गया कि आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त संपत्ति रिकॉर्ड के महत्व के आलोक में एक समकालीन समाधान की आवश्यकता थी। गांवों के आबादी क्षेत्रों के सर्वेक्षण और मानचित्रण के लिए अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का उपयोग करने के लिए पीएम स्वामित्व योजना विकसित की गई है। इस योजना ने जल्द ही खुद को इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों लाखों स्वामित्व दस्तावेज भू-मालिकों को सौंपे हैं।

पंचायतीराज मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की पहल को स्वामित्व (ग्रामीण क्षेत्रों में सुधारित प्रौद्योगिकी के साथ गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण) कहा जाता है। इसे नौ राज्यों में कार्यक्रम के पायलट चरण (2020-2021) के सफल समापन के बाद 24 अप्रैल, 2021 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देश भर में पेश किया गया था। यह कार्यक्रम भूमि के टुकड़ों का मानचित्रण करने और गाँव के घरेलू मालिकों को ₹अधिकारों का रिकॉर्ड₹ प्रदान करने के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग करता है। कानूनी स्वामित्व कार्ड, जिन्हें संपत्ति कार्ड या शीर्षक विलेख के रूप में भी जाना जाता है, तब संपत्ति के मालिकों को जारी किए जाते हैं, जो ग्रामीण आबादी वाले (आबादी) क्षेत्रों में संपत्ति के स्पष्ट स्वामित्व की स्थापना की दिशा में एक सुधारात्मक क़दम है।

सर्वे ऑफ इंडिया और सम्बंधित राज्य सरकारों के बीच एक समझौता ज्ञापन स्वामित्व योजना को लागू करने के लिए रूपरेखा द्वारा प्रदान की गई बहुचरणीय संपत्ति कार्ड निर्माण प्रक्रिया में पहला कदम है। सभी पैमानों पर राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डेटाबेस तैयार करने के लिए, विभिन्न पैमानों पर स्थलाकृतिक मानचित्रण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है, जैसे उपग्रह इमेजरी, मानव रहित हवाई वाहन या ड्रोन प्लेटफॉर्म और हवाई फोटोग्राफी ड्रोन। समझौता ज्ञापन के पूरा होने के बाद, एक सतत संचालन संदर्भ प्रणाली स्थापित की जाती है। एक आभासी बेस स्टेशन जो लंबी दूरी की, अत्यधिक सटीक नेटवर्क आरटीके (रियल-टाइम किनेमेटिक) सुधार प्रदान करता है, संदर्भ स्टेशनों के इस नेटवर्क द्वारा प्रदान किया जाता है। अगला चरण यह निर्धारित करना है कि किन गांवों का सर्वेक्षण किया जाएगा और जनता को संपत्ति मानचित्रण प्रक्रिया के बारे में सूचित करना है। प्रत्येक ग्रामीण संपत्ति को चूना पत्थर (चुन्ना) से चिह्नित किया जाता है, जो गांव के आबादी क्षेत्र (आबाद क्षेत्र) को चित्रित करता है यह जांच / आपत्ति प्रक्रिया का समापन है, जिसे संघर्ष / विवाद समाधान के रूप में भी जाना जाता है। फिर सम्पत्ति पत्रक या अंतिम संपत्ति कार्ड / शीर्षक विलेख तैयार किए जाते हैं। आप इन कार्डों को खरीद सकते हैं। इस कार्यक्रम के लाभों में एक समावेशी समाज शामिल है। गांवों में कमजोर आबादी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति संपत्ति के अधिकारों तक उनकी पहुँच के साथ सकारात्मक रूप से सहसम्बद्ध है। स्वामित्व योजना इसे संभव बनाने का प्रयास करती है। आबादी की स्पष्ट रूप से परिभाषित सीमा की कमी के कारण भूमि-संघर्ष के मामलों की संख्या बहुत अधिक है। स्थानीय स्तर पर संघर्षों के अंतर्निहित कारणों को सम्बोधित करना स्वामित्व योजना का लक्ष्य है। बेहतर ग्राम पंचायत विकास योजनाएं जो उच्च-रिजॉल्यूशन वाले डिजिटल मानचित्रों का उपयोग करती हैं, सड़कों, स्कूलों, सामुदायिक स्वास्थ्य सुविधाओं, नदियों, स्ट्रीटलाइट्स और अन्य बुनियादी ढाँचे में सुधार लाती हैं। अधिक सुलभ संसाधनों और प्रभावी वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से। लोगों को अपनी संपत्ति को संपार्श्विक के रूप में मुद्रीकृत करने में मदद करना मुख्य लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त, जिन राज्यों में संपत्ति कर लगाया जाता है, वहाँ इसे सरल बनाने से निवेश को बढ़ावा मिलता है और व्यापार करना आसान हो जाता है, जिससे भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलता है।

भूमि स्वामित्व से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को विकास और सशक्तिकरण के अवसरों में बदलकर, स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत की कहानी बदल रही है। यह योजना, जिसमें डिजिटल संपत्ति कार्ड और परिष्कृत ड्रोन सर्वेक्षण शामिल हैं, केवल सीमाओं और नक्शों के बजाय संभावनाओं और सपनों के बारे में है। स्वामित्व सिर्फ एक सरकारी कार्यक्रम से कहीं ज्यादा बन गया है क्योंकि गांव इस बदलाव का स्वागत करते हैं; यह बढ़ी हुई आजादी, ज्यादाा चतुराईपूर्ण योजना और ज़्यादा एकजुट, शक्तिशाली ग्रामीण भारत के पीछे एक प्रेरक शक्ति है। स्वामित्व योजना के परिणामस्वरूप ग्रामीण भारत बदल रहा है। भूमि स्वामित्व से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही कठिनाइयां विकास और आत्मनिर्णय के अवसरों में बदल रही हैं। बाधाओं को दूर करने, विवादों को निपटाने और संपत्ति को आर्थिक उन्नति के लिए एक शक्तिशाली साधन में बदलने के लिए नवाचार और समावेशिता को जोड़ा जा रहा है। डिजिटल संपत्ति कार्ड और परिष्कृत ड्रोन सर्वेक्षण इस बात के दो उदाहरण हैं कि कैसे योजना सरल सीमाओं और मानचित्रों से आगे जाती है। यह अवसरों और आकांक्षाओं से भरपूर है।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**
**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सतीत्व और स्वाभिमान की रक्षा का जौहर

*27जनवरी को सूर्य उदय होते ही युद्ध शुरू हुआ।तीसरे दिन 29 जनवरी को भीषण और निर्णायक युद्ध हुआ। पराक्रम से लड़ते हुए राजा मेदिनीराय वीरगति को प्राप्त हुए। राजा की मृत्यु और बाबर के महल की ओर आने की सूचना जैसे ही रानी मणिमाला के पास पंहुचीतो उन्होंने 1600 क्षत्राणियों और अपने सतीत्व की रक्षा हेतु जौहर का निर्णय लिया। महल के अंदर बनाए गए जौहर कुंड में प्रज्जवलित अग्नि में एक-एक कर सभी क्षत्राणियों ने समिधा के समान स्वयं की आहुति दे दी। अग्नि की लपटें कई कोस दूर तक दिखाई दे रही थी।जब यह दृश्य महल में आए बर्बर बाबर ने देखा तो वह भी कांप गया।उसके साथ आई चौथी बीबी दिलावर बेगम वहीं बेहोश होकर गिर गयी। इस प्रकार इन महान नारियों ने अपने स्वाभिमान और सतीत्व की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान कर दिया।*



हितानंद शर्मा

स्वदेश,स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा करने के भारतीयों के संकल्प और संघर्ष विश्व इतिहास में अनूठे हैं। किसी थोड़े से कालखंड नहीं बल्कि यह हजार वर्षों के सतत संघर्ष की शौर्यगाथा है।संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिएपुरुष,स्त्री, युवा, बच्चे, वृद्धसभी के बलिदान प्रणम्य हैं। अपने स्वत्व, स्वाभिमान और सतीत्व की रक्षा के इस संघर्ष में स्त्रियों ने भी सदैव त्याग और बलिदान का मार्ग चुना। पहले अपने परिवार के पुरुषों का संबल बन कर विजय की कामना के साथ उनके भाल पर तिलक कर युद्ध क्षेत्र में भेजा। दुर्भाग्य से यदि विजयश्री न मिली तो किले मेंही स्वयं की अस्मिता की हर कीमत पर रक्षा की। भारत की महान बेटियों ने अग्नि की भस्म बन जाना स्वीकार किया लेकिन अपनी मृत देह को भी शत्रु को स्पर्श नहीं करने दिया। मध्यकालीन बर्बर आक्रांताओं से अपनी अस्मिता की रक्षा करने के लिए इन महान भारतीय नारियों ने जौहर के अग्निपथ पर चलने में भी एक क्षण की देरी नहीं की। जौहर की ऐतिहासिक घटनाओं के ये उदाहरण केवल भारत में ही मिलते हैं।

मध्यकालीन बर्बर मुगल आक्रांताओं से युद्ध में पराजय के बाद अपनी अस्मिता बचाने के लिए सिंध, ग्वालियर, रणथंभौर, चित्तौड़,चंदेरी सहित अन्य कई स्थानों पर वीरांगना नारियों ने जौहर कर अपना आत्मोत्सर्ग किया। इनमें चंदेरी का जौहर सबसे बड़ा जौहर रहा। चंदेरी वर्तमान में अशोकनगर जिले में स्थित एक नगर है।इसी चंदेरी के दुर्ग में राजपूताने की 1600 से अधिक वीरांगनाओं ने एक साथ अग्निकुंड में अग्निदाह कर मृत्यु को स्वीकार किया।मालवा की राजधानी रहे चंदेरी का मजबूतदुर्ग आज भी राजा मेदिनी राय के पराक्रम और वीरता की गाथा कहता है। इसी दुर्ग के खूनी दरवाजे में 1600 से अधिक वीरांगना नारियों के बलिदान की करुण किन्तु महान बलिदान की कथा भी



लिखी है। 496 वर्ष बीत गए हैं। यह इतिहास के उस कालखंडकी पराक्रमी राजा मेदिनी राय और रानी मणिमाला की वीरता और शौर्य के साथ करुणा से भरी गाथा है। चंदेरी में तब राजा मेदिनी राय का शासन था। उनकी रानी मणिमाला भी उन्हीं की तरह स्वाभिमानी थी। चंदेरी सामरिक, व्यापारिक और मालवा में प्रवेश की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण था। विध्वंसक विस्तारवादीनीति के साथ आक्रांता बाबर मालवा पर अपनी कुदृष्टि डाल चुका था। वह दिसंबर 1527 में अपनी सेना लेकर चंदेरी की ओर बढ़ा। उसने इस युद्ध को जेहाद घोषित किया। 20 जनवरी 1528 को उसने राजा मेदिनी राय को एक पत्र भेजा जिसमें आत्मसमर्पण कर मुगल राज्य की अधीनता स्वीकार करने का प्रस्ताव था। बदले में शमशाबादकी जागीर देने का भी प्रस्ताव था। राजा मेदिनी राय स्वाभिमानीराजा थे, उन्होंने अधीनता का यह प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया। शत्रु बिल्कुल निकट आ गया था यह देख उन्होंने युद्ध की तैयारी और तेज कर दी।मेवाड़ के राणासांगाइसके पूर्व में16 मार्च 1927 को बाबर के विरुद्ध राजपूत शक्ति की ओर खानवा के युद्ध में पराजय देख चुके थे, राजा मेदिनी राय भी इस युद्ध में वीरता से लड़े थे। खानवा के युद्ध में राजपूत शक्ति कमजोर पड़ जाने से राणासांगा की ओर से भी सहायता मिलना संभव नहीं हो रहा था। पराजय लगभग तय थी फिर भी वीर मेदिनीराय ने झुकने के स्थान पर युद्ध का विकल्प चुना। एक वीर योद्धा युद्ध लड़ कर विजय प्राप्त करने या वीरगति को प्राप्त हो जाने के लिए सदैव उन्मुख रहता है। युद्ध की घोषणा कर दी गई।

27जनवरी को सूर्य उदय होते ही युद्ध शुरू हुआ।तीसरे दिन 29 जनवरी को भीषण और निर्णायक युद्ध हुआ। पराक्रम से लड़ते हुए राजा मेदिनीराय वीरगति को प्राप्त हुए। राजा की मृत्यु और बाबर के महल की ओर आने की सूचना जैसे ही रानी मणिमाला के पास पंहुचीतो उन्होंने 1600 क्षत्राणियों और अपने सतीत्व की रक्षा हेतु जौहर का निर्णय लिया। महल के अंदर बनाए गए जौहर कुंड में प्रज्जवलित अग्नि में एक-एक कर सभी क्षत्राणियों ने समिधा के समान स्वयं की आहुति दे दी। अग्नि की लपटें कई कोस दूर तक दिखाई दे रही थी।जब यह दृश्य महल में आए बर्बर बाबर ने देखा तो वह भी कांप गया।उसके साथ आई चौथी बीबी दिलावर बेगम वहीं बेहोश होकर गिर गयी। इस प्रकार इन महान नारियों ने अपने स्वाभिमान और सतीत्व की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान कर दिया।

चंदेरी के दुर्ग में ऐतिहासिक जौहर की यह गाथा क्षत्राणियों ने अपने रक्त से लिखी है। यह भारत की नारियों का अपनी अस्मिता और सतीत्व की रक्षा के लिए किए गए आत्मोत्सर्ग का ऐसा उदाहरण है जिसकी दूसरी मिसाल विश्व इतिहास में नहीं मिलती। इसी जौहर की स्मृति में किले में एक स्मारक बनाया गया है और प्रतिवर्ष इन वीरांगनाओं को श्रृद्धांजली देने आयोजन होते हैं। यह स्मारक इस बात का संदेश देता है कि भारतीयों ने बिना झुके अपना बलिदान देकर भी देश, धर्म, संस्कृतिऔर स्वाभिमान को बचाए रखा। ऐसे ही अनगिनत बलिदानों की बुनियाद पर आज भारतीय समाज सुखी और स्वतंत्र जीवन जी रहा है। चंदेरी का यह जौहर वास्तव में देश के स्वाभिमान के लिए प्रेरणा है।

**(लेखक भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश संगठन महामंत्री हैं।)**

# हादसा : धार्मिक आयोजन में मौत का झपट्टा सात की मौत, 75 घायल

## निर्वाण महोत्सव में श्रधांलुओं के दबाव से गिरा मंच

- आयोजन स्थल पर बनाए गए मंच पर थी मिट्‌टी में नमी,
- श्रद्धालु के अधिक संख्या में चढ़ने से बल्लियों का बिगड़ा बैलेंस,

भास्कर ब्यूरो





बागपत। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में बड़ा हादसा हुआ है। बागपत में भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर कार्यक्रम के लिए लकड़ी से बना मंच ढह गया। नीचे दबने से सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 75 से अधिक घायल हैं। मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है।

बताया गया कि तुरंत एम्बुलेंस नहीं मिलने पर घायलों को ई रिक्शा में बैठाकर अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर बड़ौत कोतवाली इंस्पेक्टर भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसपी और एडिशनल एसपी भी मौके पर पहुंचे। घायलों में तकरीबन 15 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, बड़ौत शहर कोतवाली इलाके के गांधी रोड पर यह दर्दनाक हादसा हुआ है। श्री दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज के मैदान पर बनाए गए कार्यक्रम का मंच टूट गया। इससे सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 75 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बनाया गया था 65 फीट ऊंचा मंच

मंगलवार को निर्वाण महोत्सव के तहत यहां धार्मिक कार्यक्रम होना था, इसके लिए यहां 65 फीट ऊंचा मंच बनाया गया था। मंच पर श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने से इसकी सीढ़ियां टूट गई। बताया जा रहा है कि जैन कॉलेज परिसर में स्थापित मानस्तम्भ में विराजमान प्रतिमा जी का अभिषेक करने के लिए लगाई गई अस्थायी सीढ़ियां गिर गई हैं। इससे श्रद्धालु नीचे दब गए और भगदड़ मच गई।

### इनकी हुई मौत

हादसे में तरसपाल (66) पुत्र हुकमचंद गांधी रोड इमली वाली गली, अमित (35) पुत्र नरेश चंद, अरुण(48) पुत्र केशव राम, ऊषा (24) पत्नी सुरेंद्र, शिल्पी (24) पुत्री सुनील जैन, विनीत जैन (40) पुत्र सुरेंद्र, कमलेश जैन(65) पत्नी सुरेश चंद की मौत हो गई है। घायलों का उपचार चल रहा है।

### 25 वर्ष से हर साल होता था आयोजन

बता दें कि ये आयोजन करीब 25 वर्षों से प्रतिवर्ष होता है। जहां आयोजन हो रहा था वहां तभी भराव हुआ था। मिट्‌टी में नमी थी। आयोजन स्थल पर बनाए गए मंच पर श्रद्धालु अधिक संख्या में चढ़ने से बल्लियों का बैलेंस बिगड़ गया और रस्सियां टूट गई।

### घायलों में पुलिसकर्मी भी शामिल

हादसा होते ही ऊंचाई पर बना मंच भरभराकर नीचे गिर पड़ा और 15 पुलिस कर्मी और 75 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। इनको अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें अभी तक सात की मौत हो चुकी है और कई की हालत गंभीर है। वहीं मृतकों के पोस्टमार्टम नहीं कराने को लेकर मौके पर मौजूद लोगों ने हंगामा कर दिया। मौके पर दिन भर अधिकारी मौजूद रहे।

# नगर निगम की जनसुनवाई में आईं 10 शिकायतें

- सात शिकायतों का मौके पर ही किया गया निस्तारण,

भास्कर ब्यूरो,



मथुरा। नगर निगम में हुई जनसुनवाई में 10 शिकायतें पहुचीं। अपर नगर आयुक्त रामजी लाल एवं अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने जनरलगंज स्थित नगर निगम सभागार में मंगलवार को जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त द्वारा सभी शिकायतकर्ताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन में कुल 10 शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें सात शिकायतों का निस्तारण टीम को भेजकर तत्काल करा दिया गया शेष लंबित तीन शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। अपर नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुई शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराया जाये।

जनसुनवाई में सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान, अधिशासी अभियंता सिविल मोहम्मद रिजवान अहमद, अधिशासी अभियंता जल राम कैलाश, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेंद्र यादव, सहायक अभियंता जल हेमेंद्र गौतम आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## कमरे में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से लाखों का नुकसान

भास्कर ब्यूरो, सौंख। मंगलवार को कस्बा के निकटवर्ती गांव नौधरा के एक घर में करीब 4 बजे विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार गांव नौधरा निवासी हरीराम के घर में उनका बेटा रनवीर अपने परिवार के साथ छत पर बने कमरे में रहता था। इसी कारण से उसका गृहस्थी का ज्यादातर सामान कमरे में ही रखा था। मंगलवार को शाम करीब 4 बजे विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घर के सदस्य नौहरे पर गए हुए थे। आग का पता तब चला जब कमरे से धुंआ तथा लपटें निकलने लग गई। आनन फानन में ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। तब तक कमरे में रखे बैड, सोफा, बिस्तर, सीलिंग फैन तथा नकदी आदि जल गए। आग से लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। सूचना पर चौकी प्रभारी सौंख रविंद्र कुमार सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने जानकारी जुटा कर आवश्यक कार्रवाई की।

# लकड़ी का मचान ढांचा तैयार करने वाले ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

- जिलाधिकारी ने हादसे की मजिस्ट्रेट जांच बैठाई,

भास्कर ब्यूरो,

बागपत। निर्वाण लड्डू महोत्सव मान स्तंभ परिसर गांधी रोड बड़ौत में लकड़ी का मचान टूट जाने पर जिलाधिकारी ने हादसे की मजिस्ट्रेट जांच बैठाई है और मुकदमा पंजीकृत कर ठेकेदार को हिरासत में ले लिया गया। निर्वाण लड्डू महोत्सव मान स्तंभ परिसर गांधी रोड बड़ौत में लकड़ी का मचान टूट गया था जिसमे लगभग 40 से 50 श्रधांलू घायल हों गए थे।

जिसमें 8 पुलिसकर्मी भी घायल हैं। चिकित्सकों द्वारा 7 लोगों की मृत्यु होने की पुष्टि की है। लकड़ी का मचान ढांचा तैयार करने वाले ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर हिरासत में लिया गया है। जिलाधिकारी ने हादसे की मजिस्ट्रियल जांच करने के निर्देश दिए हैं जो एक सप्ताह में रिपोर्ट देगी किन कारणों से हादसा हुआ। आयुक्त मेरठ मण्डल मेरठ डा0 हृषिकेश भास्कर यशोद, डीआईजी कलानिधि नैथानी, जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने मान स्तंभ घटनास्थल के साथ साथ आस्था मेडिसिटी आनंद हॉस्पिटल सहित अन्य अस्पतालों में पहुंचकर चिकित्सकों द्वारा दिया जा रहा उपचार के संबंध में जानकारी ली और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और दुःखद हादसे पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

## शिक्षा मित्र संघ के जिला प्रवक्ता बने मुकेश

भास्कर ब्यूरो,

सौंख। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष खेमसिंह चौधरी ने गोवर्धन ब्लॉक अध्यक्ष व जिला महासचिव राजकुमार चौधरी की सहमति से यूपीएस जानू में कार्यरत मुकेश भारद्वाज को संगठन का जिला प्रवक्ता मनोनीत किया है। इनके मनोनयन से शिक्षा मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है। इस बारे में गोवर्धन ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने बताया कि संगठन को मजबूत करने तथा नए शिक्षामित्रों को संगठन से जोड़ने के लिए मुकेश भारद्वाज की नियुक्ति की गई है। नव नियुक्त जिला प्रवक्ता मुकेश भारद्वाज का कहना है कि संगठन की नीति रीति के अनुरूप कार्य किया जाएगा तथा संगठन को मजबूत करने के लिए ब्लॉक स्तर पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। इस मौके पर वेदवीर सिंह प्रधान, जयप्रकाश, सुशील कुमार, रामस्वरूप शर्मा, ब्लॉक महामंत्री भरत जोशी, हेमेंद्र कौशिक, रामबाबू, रविंद्र सिंह पटेल, जमील खान अमरपाल सुंदर पाल ,हेमलता तिवारी, लक्ष्मी, सरोज, चंद्रकला, रेखा, ठाकुर कृपाल सिंह, प्रमोद कुमार, ठाकुर नारायण सिंह, राजेश शर्मा , देवेश शर्मा, रेखा शर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# भूतेश्वर पर जलभराव से निपटने को रेलवे के साथ प्रशासन ने शुरू की कवायद

## जल्द शुरू होगा गोविन्द नगर सड़क प्रोजेक्ट पर कार्य

- डीएम व नगर आयुक्त ने किया प्रोजेक्ट का स्थलीय निरीक्षण,

भास्कर ब्यूरो,



मथुरा। भूतेश्वर पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने रेलवे के साथ मिलकर समाधान की कवायद शुरू की है। नगर के भूतेश्वर रेलवे अंडरपास के नीचे होने वाले जलभराव का स्थायी समाधान होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त द्वारा भूतेश्वर रेलवे अंडरपास का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कन्स्ट्रक्शन एवं डिजाइन सर्विसेज उत्तर प्रदेश जल निगम मथुरा के परियोजना प्रबंधक उपस्थित थे।

जिलाधिकारी द्वारा मौके पर परियोजना प्रबंधक को रेलवे अंडरपास के नीचे जल भराव के स्थायी समाधान के लिए नाला निर्माण करते हुए परियोजना तैयार कर प्रस्तुत किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा जिला अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने संयुक्त रूप से अर्बन रोड़ इन्फ्रास्टचर डेवलपमेन्ट एजेन्सी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रीन रोड़ इन्फ्रास्ट्क्रर डेवलपमेन्ट योजनान्तर्गत निर्माणाधीन गोविन्द नगर सड़क का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी द्वारा मैप का अवलोकन कर प्लेन की जानकारी ली गई। फर्म मैसर्स नेशनल हाईवें कन्स्ट्रक्शन को परियोजना की गाइडलाइन के अनुसार तत्काल कार्य प्रारम्भ किये जाने के लिए निर्देशित किया गया तथा प्रत्येक सप्ताह कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया जाएगा। इसी के साथ कार्य में लगे सभी संबंधित विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि मौके पर उपस्थित रहकर अपने पर्यवेक्षण में कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान पार्षद राजवीर सिंह चौधरी, नीरज वशिष्ठ, ब्रजेश खरे, धन्जय पटेल, पार्षद प्रतिनिधि धर्मेश तिवारी, कुंजबिहारी, प्रभारी मुख्य अभियंता अमरेंद्र गौतम, अवर अभियन्ता मुनि देव एवं सीवरेज ईकाई उत्तर प्रदेश जल निगम, डेरा कन्सल्टेन्ट एवं मैसर्स नेशनल हाईवें कन्स्ट्रक्शन के प्रोपराइटर आदि उपस्थित रहें।

# मथुरावासी दिसम्बर में गटक गये '90 करोड़' से ज्यादा की शराब

- मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही से बढ़ी सरकारी मदिरा की खपत,

भास्कर ब्यूरो,

मथुरा। सर्दी में मदिरा की खपत बढ़ जाती है। अगहन, पूस की कडकडाती सर्दी में मथुरा वासियों ने खूब शराब गटकी। जिसके चलते मदिरा की बिक्री से राजस्व अर्जन में मंडल में मथुरा जनपद दिसम्बर महीने में अव्वल रहा, जबकि प्रदेश भर में छटवां स्थान रहा। दिसम्बर महीने में लगभग 90 करोड़ रूपये की शराब पी गये, जिससे सरकार को करीब 65 करोड़ का शुद्ध राजस्व मिला।



हरियाणा और राजस्थान राज्यों की सीमाओं को जोडते हुए फैला मथुरा जनपद अंतरराज्यीय मदिरा तस्करों के लिए भी बेहद खास कडी रहता है। मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार की जा रही कार्यवाही के चलते सरकारी मदिरा की खपत में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज हुई है। चालू वित्त वर्ष के दिसंबर महीने में रिकॉर्ड 6 हजार लीटर से अधिक शराब जब्त की गई है और 47 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तस्करी में प्रयुक्त चार वाहन भी जब्त किये गये। जबकि विगत वर्ष इसी अवधि में 790 लीटर शराब जब्त की गई थी और 42 अभियुक्त गिरफ्तार हुए थे। आबकारी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक मथुरा में दिसम्बर महीने में आठ लाख 47 हजार लीटर देसी, सात लाख 82 हजार बोतल अंग्रेजी शराब की बोतलों की खपत हुई। नौ लाख 65 हजार केन बीयर की गटक गये। विगत वर्ष सात लाख 42 हजार लीटर देशी शराब, 6 लाख 99 हजार बोतल अंग्रेजी शराब की जबकि 8 लाख 68 हजार केन बेयरी की कुल खपत हुई थी। मदिरा की बिक्री से विगत वर्ष दिसम्बर महीने में करीब 60 करोड़ का राजस्व मिला था जिसके सापेक्ष इस वित्त वर्ष में इसी अवधि में यह बढ़कर 65 करोड़ से अधिक रहा। जबकि कुल बिक्री 90 करोड़ से अधिक की रही है। जिला आबकारी अधिकारी उपेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद में उनकी तैनाती के दौरान एक अक्टूबर से अब तक मदिरा तस्कारी में 25 वहनों को जब्त किया गया है।

# बिजली का निजीकरण किसान हितों पर कुठाराघात: रतन सिंह

- भाकियू चढ़ूनी की कैम्प कार्यालय पर हुई बैठक में जताई चिंता,

भास्कर ब्यूरो,



मथुरा। कैंप कार्यालय गढ़सौली में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी कार्यकर्ताओं ने बैठक की। बैठक में किसानों की समस्याओं के हल न होने पर आक्रोश जताया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान ने कहा सरकार किसानों की मांगों पर संवेदनशील नहीं है। किसानों की हर स्तर पर अनदेखी की जा रही है, जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा है। बिजली का निजीकरण कर किसान मजदूरों के हितों पर कुठाराघात करने जा रही है। किसान सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे, खेती की लागत बढ़ जाएगी। एक तरफ सरकार किसानों को मुफ्त बिजली का वादा करती है, दूसरी ओर निजीकरण किया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष संजय पराशर ने कहा किसान को न समय से खाद मिलता है और न सिंचाई के लिए बिजली। कभी प्राकृतिक आपदा से उसकी फसल खराब हो जाती है तो उसे सम्मान से जीने लायक मुआवजा नहीं मिलता है। खेती किसानी की लागत लगातार बढ़ी है, उस अनुपात में किसान को उपज का लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा है। किसान लंबे समय से कानूनी रूप से गारंटीकृत खरीद के साथ एमएसपी की मांग कर रहे हैं। जिसे लागू किया जाना चाहिए। गर्मियों में जायद की फसल के लिए पानी नहीं मिला। अब किसानों को रबी फसल के लिए पानी नहीं मिला है।

इस अवसर पर बिल्ला सिंह, रामभरोसी, हरिपाल सिंह परिहार, अंतराम शर्मा, बच्चू सिंह, पंचम सिंह पचहरा, भूदर सिंह, मदन, भजन लाल, नेमवती, रेनू, महाराज सिंह, गजेंद्र, महेंद्र सिंह सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# लापरवाही: लूट की रकम बरामद करने में पुलिस के छूट रहे पसीने

- व्यापारी परेशान, राजस्थान के उप मुख्यमंत्री से की मुलाकात

भास्कर ब्यूरो,



सौंख। गत 11 जनवरी को कस्बा सौंख के व्यापारी के कर्मचारियों से दौसा के मानपुर थाना क्षेत्र स्थित जयपुर हाईवे पर हुई 65 लाख की लूट की घटना का पुलिस पूरी तरह से खुलासा नहीं कर पाई है। कुछ संदिग्धों से पूछताछ और उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई के बाद भी लूट की रकम बरामद करने में पुलिस के पसीने छूट रहे हैं। इससे व्यापारियों में आक्रोश है। पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं लेकिन पुलिस पर कोई असर नजर नहीं आ रहा। रविवार को स्थानीय व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री से मुलाकात कर घटना के जल्द खुलासे की मांग की है।

घटनाक्रम के अनुसार गत 11 जनवरी की सुबह श्री यमुना जी कंस्ट्रक्शन सौंख (मथुरा) से जुड़े कर्मचारी बिरजो तथा गाड़ी चालक बलवीर जमीन की खरीद के संदर्भ में पैसा लेकर जयपुर जा रहे थे। तभी मानपुर थाना क्षेत्र में जयपुर हाईवे के निकट एक चार पहिया गाड़ी सवार बदमाशों ने कर्मचारियों की गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी लगाकर कर्मचारियों की गाड़ी को रोक लिया। कर्मचारी तथा ड्राइवर को तमंचे के बल पर डरा कर गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया। गाड़ी में रखे 65 लाख रुपए तथा कर्मचारी एवं ड्राइवर के मोबाइल भी अपने कब्जे में कर लिए तथा बाद में कर्मचारी तथा ड्राइवर को गाड़ी से धक्का देकर कर रकम को ले गए। पीड़ित कर्मचारी ऐसे तैसे थाने पहुंचे और अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। फर्म से जुड़े व्यापारियों को पता चला तो तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और व्यापारी गौरव अग्रवाल ने थाना मानपुर में 65 लाख रुपए लूट लिए जाने की तहरीर दी। दिनदहाड़े सरेराह हुई लूट की घटना से सनसनी मच गई। व्यापारियों ने लगातार पुलिस अधिकारियों से घटना का खुलासा किए जाने की मांग की। बाद में पुलिस ने 16 जनवरी को शक के आधार पर सौंख क्षेत्र से दो युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। एक अन्य युवक से भी पूछताछ कर विधिक कार्रवाई की गई है। लेकिन पुलिस अभी तक लूटी गई रकम को बरामद नहीं कर सकी है। पीड़ित व्यापारी गौरव अग्रवाल के पिता विष्णु अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने रविवार को गोवर्धन क्षेत्र के विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह व भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय सिंह के साथ जतीपुरा मंदिर आए उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा से मुलाकात की और घटना का खुलासा किए जाने की मांग की। उप मुख्यमंत्री ने जल्द घटना का खुलासा किए जाने का आश्वासन दिया है।

> रकम बरामदगी को पुलिस टीम लगी हुई हैं। कुछ आरोपितों को नामजद किया गया है। विधिक कार्रवाई की गई है। पूछताछ में कुछ नए नाम भी सामने आए हैं। जल्द ही गिरफ्तारी होगी और लूटी गई रकम बरामद कर मामले का खुलासा किया जाएगा।
>
> दीपक मीणा
>
> क्षेत्राधिकारी, मानपुर(दौसा, राजस्थान)


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी खतौली (मु.नगर)

पत्रांक: 2594/लेखा–वि0नि0/2024–25

दिनांक : 20.01.2025

### अल्प कालीन निविदा आमन्त्रण सूचना

सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि खण्ड विकास अधिकारी खतौली की ओर से विधायक निधि योजनान्तर्गत धन की प्रत्याशा में निम्नलिखित निमार्ण कार्यो पर निविदाये राज्य सरकार के समस्त राजकीय विभागो में पंजीकृत ठेकेदारो से उनकी पजींकरण सीमा अन्तर्गत दिनांक 10–02–2025 की अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रतिशत दर पर मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 10–02–2025 की पूर्वाहन 12. 00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। निमार्ण कार्यो की अरनेस्ट मनी/जमानत राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैक की एफ0डी0आर0 या एन.एस.सी. के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी खतौली के पक्ष में बन्धक कराकर एव समस्त अभिलेख निविदा के साथ जमा की जानी है। निविदाए दिनांक 10–02–2025 को अपराहन 03:00 बजे ब्लाक स्तरीय समिति के द्वारा उपस्थित निविदा दाताओ के समक्ष खोली जायेगी। कोई भी निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा सर्शत स्वीकार नही होगी। किसी भी विवाद के उत्पन होने की दशा में न्याय क्षेत्र मुजफ्फरनगर ही मान्य होगा। कार्य इस विकास खण्ड के अवर अभियन्ता (ग्रा0अभि0वि0) की देखरेख में कराया जायेगा, उनके सत्यापन के उपरान्त ही भुगतान देय होगा। कार्यादेश प्राकल्लंन की धनराशि की तकनीकी स्वीकृति के आधार पर जारी किये जायेगे। किसी भी प्रकार की जानकारी किसी कार्यदिवस में कार्यालय से की जा सकती है। यदि निविदा खुलने के दिन किसी भी प्रकार सार्वजनिक अवकाश देय होता है तब निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

| कं0 | कार्य का नाम | कार्य की धनराशि एवं जी.एस.टी. | कार्य की कुल धनराशि | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खतौली कस्बा निकुंज एडवोकेट के मकान के सामने से धर्मवीर गडरिया की दुकान तक इण्टरलॉकिग टाईल्स निर्माण कार्य (कार्य लम्बाई 178 मी0) | 996103+179299 | 1175402 | 19922 | 1716 | 3 माह |
| 2 | खतौली में जी0टी0 रोड पालीवाल पैट्रोल पम्प के बराबर तेजसिंह विधुडी की दुकान के समीप 01 हाईमास्ट लाईट की अवस्थापना का कार्य | 264982+47697 | 312679 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 3 | ग्राम खोकनी में नदी के पुल से गाँव के मैन चौराहे तक सीसी रोड निर्माण कार्य (कार्य लम्बाई 110 मी0) | 820979+147776 | 968755 | 16420 | 1480 | 3 माह |
| 4 | ग्राम बुआडा कला में रविदास मन्दिर के पास 01 हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य | 264982+47697 | 312679 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 5 | ग्राम बुआडा कला में राजवाहे की पुल से रविदास मन्दिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य (कार्य लम्बाई 117 मी0) | 998120+ 179662 | 1177782 | 19962 | 1716 | 3 माह |
| 6 | ग्राम मुबारिकपुर में सफेदा रोड से अशोक शर्मा के बर्फ खाने तक इण्टरलॉकिग टाईल्स निर्माण कार्य (कार्य लम्बाई 115 मी0) | 769160+138449 | 907609 | 15383 | 1480 | 3 माह |
| 7 | ग्राम मन्सूरपुर में इण्टरलॉकिंग टाईल्स कार्य (एहसान कबाडी के मकान से सैययद मौलाना के घर की ओर) (कार्य लम्बाई 165 मी0) | 996429+179357 | 1175786 | 19928 | 1716 | 3 माह |
| 8 | ग्राम भैसी में राजकीय इण्टर कॉलेज के पास में योगिन्द्र के मकान के सामने 01 हाई मास्ट लाईट अवस्थापना का कार्य | 264982+47697 | 312679 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 9 | ग्राम नावला में जामा मस्जिद के पास में 01 वाटर कुलर की स्थापना का कार्य | 188971+34015 | 222986 | 3780 | 772 | 3 माह |
| 10 | ग्राम नगलारूद्र में कब्रिस्तान में 01 हाईमास्ट लाईट की स्थापना | 264982+47697 | 312679 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 11 | खतौली में सन्त निरंकारी भवन के गेट तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य (कार्य लम्बाई 125 मी0) | 578279+104090 | 682369 | 11565 | 1126 | 3 माह |
| 12 | खतौली कस्बा में तीर्थ कालौनी में सीसी रोड निर्माण कार्य (दिमाग सिहं वाली गली में) (कार्य लम्बाई 85 मी0) | 349841+62971 | 412812 | 6993 | 990 | 3 माह |
| 13 | ग्राम नंगला में चढाव में मुस्तकीम के मकान से नाजर के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य (कार्य लम्बाई 92 मी0) | 526785+94821 | 621606 | 10535 | 1000 | 3 माह |

खण्ड विकास अधिकारी
खतौली (मु.नगर)

# शहीदों के बलिदान से मिली आजादी :सतपाल चौधरी

-भास्कर ब्यूरो-



मुरादनगर। पाइपलाइन मार्ग स्थित एकलव्य पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें प्रबंधक सतपाल चौधरी तिरंगा झंडा फहराया। इस मौके पर प्रबंधक सतपाल चौधरी ने कहा कि शहीदों के बलिदान से हमें आजादी मिली है। उन्हें के कारण आज हम आजादी की सांस ले रहे हैं। गणतंत्र दिवस पर तिरंगा झंडा शहीदों की याद में फहरा कर उन शहीदों को सम्मानित करते हैं। इस मौके पर प्रबंधक सतपाल चौधरी ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रबंधक सतपाल चौधरी, मैनेजर कल्याण सिंह, कमलेश चौधरी पूनम सिंह रूपा त्यागी व विकास त्यागी सहित स्टाफ मौजूद रहा है। दिल्ली मेरठ रोड रैपिड ट्रेन स्टेशन के निकट मुरादनगर पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस पर प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह ने तिरंगा झंडा फहराया। इसके अलावा गणतंत्र दिवस पर ओमसन पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का समापन हुआ। जिसमें विजेताओं को प्रबंधक अशोक गुप्ता ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। गणतंत्र दिवस पर प्रबंधक अशोक गुप्ता ने तिरंगा झंडा फहराकर गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया । तथा सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दिल्ली मेरठ रोड के निकट स्थित कृष्णा विद्या निकेतन मंदिर स्कूल में प्रबंधक सतबीर चौधरी ने तिरंगा झंडा फहराकर गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके अलावा दिल्ली मेरठ रोड गांव सैंथली के सामने स्थित पूर्णज्ञानाजन्जली इंटर कॉलेज में प्रबंधक योगेंद्र चौधरी ने तिरंगा झंडा फहराकर गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर मौजूद स्टाफ व लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सब रजिस्ट्रार कार्यालय की खिड़की तोड़कर घुसे चोर

भास्कर ब्यूरो



शिकारपुरः नगर स्थित उप निबंधक कार्यालय में बीती रात चोरों ने सेंध लगाने का प्रयास किया। कार्यालय के कनिष्ठ सहायक निबंधक विशाल कुमार तायल ने बताया कि जब वे सुबह कार्यालय पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कार्यालय की खिड़की टूटी हुई थी। चोरों ने निबंधक कक्ष में घुसकर कई दरवाजो के कुंडे तोड़े और रिकॉर्ड रूम का ताला भी तोड़कर करेंसी चेस्ट को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। हालांकि चोर कैश और पंजी... निका... असप... की र... पुलि... उप नि... शिक... प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है सरकारी कार्यालय में हुई इस घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। वहीं ... खुलासा नहीं हो पाया है । अज्ञात चोरों द्वारा सब रजिस्टर कार्यालय में हुई चोरी के प्रयास से नगर में हड़कंप मचा हुआ ।

# मुकेश भारती बने गौतम बुद्ध डा भीमराव अंबेडकर सामाजिक संगठन के जिला अध्यक्ष

भास्कर ब्यूरो



फिरोजाबाद शिकोहाबाद। गणतंत्र दिवस पर नगला किला अबेंडकर पार्क में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया कार्यक्रम में गौतम बुद्ध डा भीमराव अंबेडकर सामाजिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बच्चों को पुरूस्कार वितरित किए। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिला फिरोजाबाद की टीम का गठन किया। जिसमें जिला अध्यक्ष और जिला उपाध्यक्ष के पद पर दो लोगो को नियुक्ति पत्र दिए गये। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजेश कुमार भारती ने मुकेश भारती को जिला अध्यक्ष और शोबरन सिंह को जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया। जिला अध्यक्ष द्वारा क्षेत्र में समाज के लोगो के साथ हो रहे उत्पीड़न को लेकर कहा कि समाज के लिए हमेशा तैयार रहेगें। इस दौरान संगठन प्रचार मंत्री योगेश यादव, राज बहादुर निरंकारी,प्रदीप सोनी, अबेंश, राजेश भारती, नीरज, बिल्लु, नौरंगी आदि लोगो ने स्वागत किया।

# आर०पी० जायसवाल चुने गए उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोशिएशन अध्यक्ष

भास्कर ब्यूरो



फिरोजाबाद । उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोशिएशन वाराणसी के प्रान्तीय चुनाव मैनपुरी सम्भाग द्वारा शिकोहाबाद में चुनाव सम्बन्न कराया गया, जिसमें प्रत्यासी के के हार-जीत के भाग्य का फैसला किया गया रात भर चली वोटिंग में मत पेटी में बंद हो जाने के बाद हुआ चुनाव का फैसला।

26 जनवरी दोपहर में 1 बजे से चले मतों की काउटिंग सबसे पहले अध्यक्ष पद पर आर०पी० जेसवाल अधिवक्ता वारायणी को अध्यक्ष पद के लिए चयनित हुए। उन्होंने अपने निकटम प्रतिद्वान्दी पुर्णेन्दु शर्मा नोयडा को 23 मतों से पराजित किया और कार्यकारणी सदस्य के पद पर राजीव कलश्रेष्ठ मैनपुरी, अशोक बाबू अग्रवाल शिकोहाबाद, रामबाबू कश्यप मुरादाबाद, ए०पी०एस० तोमर आगरा, रूपेन्द्र चौहान इटावा आदि चयनित हुए।

इस सभी चयनित अधिवक्ताओं ने अपनी जीत के लिए सभी को धन्यवाद दिया और जी०एस०टी० से सम्बन्धित समस्या व अधिवक्ताओं को हो रही समस्याओं के संदर्भ में चिन्तन व्यक्त किया, जिसमें उन्होंने अश्वासन दिया गया कि जी०एस०टी० द्वारा आ रही समस्याओं पर अधिवक्ताओं ने आश्वासन दिया कि हो रही समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

इसके बाद सम्भागीय कर अधिवक्ता मण्डल मैनपुरी सम्भाग कार्यालय, डवरई फिरोजाबाद द्वारा की गयी अधिवेशन समिति के सदस्यों को धन्यवाद दिया। उपस्थित अधिवक्तागण संजीव कुमार वर्मा अध्यक्ष शिकोहाबाद, विकास पाल महामंत्री शिकोहाबाद, प्रदीप पारासर अध्यक्ष मैनपुरी सम्भाग, अंशुल अग्रवाल अध्यक्ष फिरोजाबाद, संजय जैन अध्यक्ष डिस्ट्रक्टवार, अशोक कुमार गुप्ता अध्यक्ष मैनपुरी, पंकज गुप्ता विवेक वर्मा एडवोकेट अध्यक्ष इनकम टैक्स ट्रेड टैक्स आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा धूमधाम से मनाएगी जन्म शताब्दी वर्ष, गांव-गांव ढूंढी जाएंगी अटल जी की स्मृतियां

भास्कर ब्यूरो




फिरोजाबाद । भारतीय जनता पार्टी देश के पूर्व प्रधानमंत्री व पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता, भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष एवं अटल संस्कृति संकलन व संपर्क अभियान को लेकर ठा. विश्वदीप सिंह की अध्यक्षता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन मथुरा नगर में किया गया। आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ठा. विश्वदीप सिंह, महापौर कामिनी राठौर एवं जिलाध्यक्ष महानगर राकेश शंखवार जिला मीडिया प्रभारी अमित गुप्ता अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने बताया कि, भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

इस दौरान अटल स्मृति संकलन व संपर्क अभियान के तहत जिले में ऐसे व्यक्तियों को चिह्नित किया जाएगा, जिनके पास अटल जी के साथ साझा किए गए क्षणों की कोई स्मृति हो। मसलन, कोई फोटो, किताब या फोटोग्राफ, आडियो और वीडियो क्लिप। ऐसे लोगों से उन स्मृतियों को प्राप्त कर पार्टी संकलित करेगी।

उन्होंने बताया कि, एसे लोगों को भी चिह्नित किया जाएगा, जिन्होंने, बीजेपी पदाधिकारी या संघ के स्वयंसेवक के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी के साथ काम किया हो। अटल जी पर लिखे लेखों, पुस्तकों को एकत्रित कर सूचीबद्ध किया जाएगा। इन जानकारियों को राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा। संगठन की ओर से 15 फरवरी से 15 मार्च तक अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिले के वरिष्ठ कार्यकताओं, अटल पर लिखी गई पुस्तकों, लेखों और लेखकों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं अटल जी की संकलित स्मृतियों की जानकारी डिजिटल प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। सम्मेलन में अटल जी की प्रेरणा से शुरू हुई योजनाओं का भी प्रस्तुतीकरण होगा।

इस मौके पर मुख्य रूप से कार्यक्रम सयोजक रामनरेश कटारा महानगर उपाध्यक्ष श्री निवास शर्मा रीतेश आर्य व अन्य मौजूद रहे।

# थाना प्रभारी वैभव कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ शातिर अपराधी को पकड़ा, तमंचा बरामद

भास्कर ब्यूरो

फिरोजाबाद । जिले की थाना सिरसागंज पुलिस टीम ने नगला धुरे मोड बंद खोखे के पास से एनएच 19 से चैकिंग के दौरान शातिर अपराधी राजेंद्र उर्फ करिया उर्फ हरि सिंह निवासी गिहार कॉलोनी थाना सिरसागंज को पकड़ा है। उसके पास से अवैध तमंचा व 1 जिंदा कारतूस बरामद हुआ हैं। थाना प्रभारी सिरसागंज वैभव कुमार सिंह ने बताया राजेंद्र उर्फ करिया शातिर अपराधी है जो कि गिहार कॉलोनी सिरसागंज का रहने बाला है उसको चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है उसके पास से तमंचा बरामद हुआ है। इस दौरान गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी वैभव कुमार सिंह, उपनिरीक्षक भैयालाल, कांस्टेबल देवदत्त शर्मा, कांस्टेबल अर्जुन शामिल रहे।

## कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत उदमावला वि0 खं0 मुरादाबाद

प्रत्रांक मीमो ग्राम निधि /ग्रा0 पं0/निविदा/2024–25 दिनांक 28/01/2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत उदमावला विकासखंड मुरादाबाद की आयोजित बैठक दिनांक 2.10.2023 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजना अंतर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराए जाने हैं। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत आपूर्ति कर्ता दिनांक 07/02/2025 को 12:30 बजे तक अपनी अपनी निविदाएं आद्योहस्तक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र / व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छाया प्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियम अनुसार जमानत राशि के साथ/ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 07/02/2025 के अपरान्ह 3:30 बजे खोली जाएगी।

| क्र० स० | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | सामग्री की अनुमानित लागत (रु० लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अशरफ के घर से अफ़ज़ल के नाली / सी सी टाइल्स निर्माण | ईट, बजरी, बजारफुट आदि | 36 मी० | 142946 | 500 | 2% | 6 महीने |
| 2 | मैन रोड से राजपाल के घर तक नाली टाइल्स कार्य | ईट, बजरी, बजारफुट आदि | 41 मी० | 190782 | 500 | 2% | 6 महीने |
| 3 | नवाब के घर से रफ़ीक के घर तक नाली / टाइल्स निर्माण कार्य | ईट, बजरी, बजारफुट आदि | 25 मी० | 130190 | 500 | 2% | 6 महीने |
| 4 | कमल की दुकान से विनोद के घर तक नाली टाइल्स | ईट, बजरी, बजारफुट आदि | 50 मी० | 177185 | 500 | 2% | 6 महीने |

1- उपयुक्त कार्य के लिए पंजीकृत फॉर्म जीएसटी नंबर सहित निविदायक प्रपत्र देय होगा

2- इस निविदा को बिना बताए पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा मान्य नहीं होगा

सचिव/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत उदमावला
विकासखंड मुरादाबाद

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, चान्दपुर (बिजनौर)

पत्रांक: 847/ न0पा0परि0 चान्दपुर / 2025 दिनांक: 25-1-25

### अन्तिम आवश्यक सूचना

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि उ०प्र० नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली, 2024 उ0प्र0 शासन, नगर विकास अनुभाग-9 के गजट सं०912 /नौ -9-24 85ज/05 टी०सी०-1 लखनऊ दिनांक 28 जून, 2024 के अनुपालन में नगर पालिका परिषद, चान्दपुर द्वारा अपनी सीमान्तर्गत परिसम्पत्तियों पर कर पुनरीक्षित की दर (प्रति वर्ग मीटर /वर्ग फुट) निर्धारित करते हुए नगरवासियो/ हितबद्ध पक्षों से 15 दिवस के भीतर आपत्ति व सुझाव आमंत्रित किये गये थे । जिसके क्रम में कुल 1033 आपत्तियाँ पालिका को प्राप्त हुई है, जिनकी सुनवाई दिनांक 15.01.2025 से दिनांक 20.01.2025 तक की गयी। समस्त प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई एवं निस्तारण के उपरान्त अन्तिम निर्णलय लेते हुए पालिका द्वारा कर निर्धारण हेतु पूर्व प्रकाशित मासिक दरों को संशोधित करते हुए निम्नानुसार निर्धारित किया गया है ।

### नगर में स्थित मौहल्लों में आवासीय / अनावासीय भवनों पर स्वकर निर्धारण हेतु

### मासिक दर (प्रति वर्ग मीटर/वर्गफुट)

#### 1- प्रमुख मार्ग (24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग)

| क्र० सं० | मार्ग का विवरण | आवासीय क्षेत्र (मूल्य प्रति वर्ग मीटर/वर्गफुट रुपये में) | | | वाणिज्यिक क्षेत्र (मूल्य प्रति वर्ग मीटर/वर्ग फुट रुपये में) | खाली प्लाट (रुपये में) (मूल्य प्रति वर्ग मीटर / वर्गफुट रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पक्का | अर्द्ध पक्का | कच्चा | | |
| 1 | अम्बेडकर चौक से धनौरा रोड पर जे०पी० पब्लिक स्कूल तक | 4.31SqM / 0.40 SqFt | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 11.84 SqM/ 1.10 SqFt | 1.62 SqM/ 0.15 SqFt |
| 2 | अम्बेडकर चौक से चौ० चरण सिंह चौक तक | 4.31 SqM / 0.40 SqFt | 2.69 5qM/ 0.25 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 11.84 SqM/ 1.10 SqFt | 1.62 SqM/ 0.15 SqFt |
| 3 | चौ० चरण सिंह तिराहा से नूरपुर रोड पर सागर कोल्ड स्टोर तक | 4.31 SqM / 0.40 SqFt | 2.69 5qM/ 0.25 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 11.84 SqM/ 1.10 SqFt | 1.62 SqM/ 0.15 SqFt |
| 4 | चौ० चरण सिंह तिराहा से बिजनौर रोड रेलवे फाटक से होते हुए देवी मन्दिर | 4.31 SqM / 0.40 SqFt | 2.69 5qM/ 0.25 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 11.84 SqM/ 1.10 SqFt | 1.62 SqM/ 0.15 SqFt |
| 5 | सरस्वती इन्टर कालेज से दत्तियाना रोड पर सौभाग्य गार्डन तक | 4.31 SqM / 0.40 SqFt | 2.69 5qM/ 0.25 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 11.84 SqM/ 1.10 SqFt | 1.62 SqM/ 0.15 SqFt |
| 6 | एच०पी० पैट्रोल पम्प, हल्दौर रोड पर मण्डी समिति तक | 4.31 SqM / 0.40 SqFt | 2.69 5qM/ 0.25 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 11.84 SqM/ 1.10 SqFt | 1.62 SqM/ 0.15 SqFt |
| 7 | थाना कोतवाली से नहटौर रोड पर ढम्मलपुरी रेलवे फाटक तक | 4.31 SqM / 0.40 SqFt | 2.69 5qM/ 0.25 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 11.84 SqM/ 1.10 SqFt | 1.62 SqM/ 0.15 SqFt |
| 8 | अम्बेडकर चौक से बास्टा रोड पर मेडिकल कालेज व सतसंग भवन तक | 4.31 SqM / 0.40 SqFt | 2.69 5qM/ 0.25 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 11.84 SqM/ 1.10 SqFt | 1.62 SqM/ 0.15 SqFt |

#### 2- प्रमुख मार्ग (12 मीटर से 24 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग)

| क्र० सं० | मार्ग का विवरण | आवासीय क्षेत्र (मूल्य प्रति वर्ग मीटर/वर्गफुट रुपये में) | | | वाणिज्यिक क्षेत्र (मूल्य प्रति वर्ग मीटर/वर्ग फुट रुपये में) | खाली प्लाट (रुपये में) (मूल्य प्रति वर्ग मीटर / वर्गफुट रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पक्का | अर्द्ध पक्का | कच्चा | | |
| 1 | डॉ० भारद्वाज के क्लीनिक से जहीर के कारखाने तक | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 11.84 SqM/ 1.10 SqFt | 1.08 SqM/ 0.10 SqFt |
| 2 | दत्तियाना रोड पर ईट भट्टे से राजकीय इंजीनियरिंग कालेज तक | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 11.84 SqM/ 1.10 SqFt | 1.08 SqM/ 0.10 SqFt |
| 3 | अम्बेडकर चौक से फव्वारा चौक तक | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 11.84 SqM/ 1.10 SqFt | 1.08 SqM/ 0.10 SqFt |
| 4 | फव्वारा चौक से रामलीला ग्राउण्ड तक | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 11.84 SqM/ 1.10 SqFt | 1.08 SqM/ 0.10 SqFt |
| 5 | फव्वारा चौक से रेलवे स्टेशन तक | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 11.84 SqM/ 1.10 SqFt | 1.08 SqM/ 0.10 SqFt |
| 6 | फव्वारा चौक से पप्पू चैयरमेन तक | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 11.84 SqM/ 1.10 SqFt | 1.08 SqM/ 0.10 SqFt |
| 7 | नेहरू चौक से बिजनौर रोड रेलवे फाटक तक | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 11.84 SqM/ 1.10 SqFt | 1.08 SqM/ 0.10 SqFt |
| 8 | नेहरू चौक से भटिया कन्फैक्सनर्स तक | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.69 SqM/ 0.25 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 11.84 SqM/ 1.10 SqFt | 1.08 SqM/ 0.10 SqFt |

#### 3- प्रमुख मार्ग (09 मीटर से 12 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग)

| क्र० सं० | मार्ग का विवरण | आवासीय क्षेत्र (मूल्य प्रति वर्ग मीटर/वर्गफुट रुपये में) | | | वाणिज्यिक क्षेत्र (मूल्य प्रति वर्ग मीटर/वर्ग फुट रुपये में) | खाली प्लाट (रुपये में) (मूल्य प्रति वर्ग मीटर / वर्गफुट रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पक्का | अर्द्ध पक्का | कच्चा | | |
| 1 | अनीस टैंकर वाले से इकबाल ठेकेदार के क्रेशर तक | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 1.62 SqM/ 0.15 SqFt | 10.76 SqM/ 1.00 SqFt | 1.08 SqM/ 0.10 SqFt |

#### 4- प्रमुख मार्ग (09 मीटर तक चौड़ाई वाला मार्ग)

| क्र० सं० | मार्ग का विवरण | आवासीय क्षेत्र (मूल्य प्रति वर्ग मीटर/वर्गफुट रुपये में) | | | वाणिज्यिक क्षेत्र (मूल्य प्रति वर्ग मीटर/वर्ग फुट रुपये में) | खाली प्लाट (रुपये में) (मूल्य प्रति वर्ग मीटर / वर्गफुट रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पक्का | अर्द्ध पक्का | कच्चा | | |
| 1 | प्रमुख मार्ग 1, 2 व 3 को छोड़कर मौ० सरायरफी, मौ० काजीजादगान, मौ० पतियापाड़ा, मौ० शाहचन्दन, मौ० मुफ्तीसराय, मौ० चाहसंग, मौ० काजीसराय, मौ० बाजार, मौ० चिम्मन, मौ० कायस्थान, मौ० साहुवान, मौ० कोटला, मौ० कटारमल, मौ० कटकुई की अन्य सभी सड़कें | 2.15 SqM/ 0.20 SqFt | 1.62 SqM/ 0.15 SqFt | 1.08 SqM/ 0.10 SqFt | 8.61 5qM/ 0.80 5qFt | 0.54 SqM/ 0.05 SqFt |

उक्त दरों के आधार पर परिसम्पत्तियों पर वार्षिक मूल्यांकन की गणना की जायेगी जिस पर 10 प्रतिशत की दर से गृहकर व 7.5 प्रतिशत की दर से जलकर वसूल किया जाना है। वार्षिक मूल्यांकन की गणना में अधिसूचना के अनुसार छूट दी जायेगी तथा भूगर्भ जल संभरण व वृक्षारोपण, हरियाली तथा पार्किंग की व्यवस्था युक्त परिसम्पत्तियों पर उनके वार्षिक मूल्यांकन में उ०प्र० नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली, 2024 के अनुपालन में दो प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

(नीरज सिंह)
का0 कर अधीक्षक

(पूर्णिमा)
अधिशासी अधिकारी

(जीनत परवीन)
अध्यक्ष

हमें जिस चीज की जरूरत हो और वो हमें मिल जाए तो वो हमारे लिए सफलता है, जबकि मिली हुई चीज को शिद्दत से चाहना प्रसन्नता है।

# सार सुर्खियां

## छात्राओं ने देशभक्ति गीत किये प्रस्तुत

पिलखुवा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर स्थित केशव मारवाड़ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्रधान द्वारा झंडारोहण किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किये तथा प्रबंध समिति एवं प्राचार्य ने अपने-अपने वक्तव्य से संदेश देकर छात्राओं को जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव प्रेमचंद गुप्ता, राजीव कंसल, राजेश यादव, वैभव गुप्ता, आशा गुप्ता के अलावा समस्त प्रबंध समिति एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



## वैश्य अग्रवाल महासभा ने किया ध्वजारोहण

पिलखुवा। नगर की वैश्य अग्रवाल महासभा द्वारा माता महालक्ष्मी महाराज अग्रसेन धाम पर 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर उपस्थित हुए अतिथि यों ने बाबा साहेब के विचारों और उनके संघर्षो पर प्रकाश डाला और सविधान का महत्त्व बताया। इस दौरान चेयरमैन विभु बंसल, प्रधान मनीष किसान, मंत्री महेश मित्तल, कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल, रुचिका गोयल, डिंपल मित्तल, सीमा मित्तल, नीरज, सुशील, अखिलेश के अलावा अनेक संस्था के सदस्य व पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## जीएस में चिकित्सकों ने किया ध्वजारोहण

पिलखुवा। जीएस विश्वविद्यालय मे 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गंगा शरण शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशि शर्मा और कुलपति डॉ. यतीश अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। समारोह में शशि शर्मा ने राष्ट्र और उसके सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त किया। उप निदेशक मनोज शिशोदिया ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में संस्थान की उपलब्धियों को साझा करते हुए कहा कि हमे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि जीएस अस्पताल जिले में सबसे तेजी से बढ़ते स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में से हैं'। इस मौके पर अंकुर शर्मा, डॉ0 अंकित शर्मा, डॉ0 रूपाली शर्मा, डॉ0 नेहा गोयल, सोनाली शर्मा, निधि शर्मा, डॉ0 प्रदीप गर्ग, डॉ0 सुरेन्द्र कुमार, सुमित सिंह, डॉ0 भावना सिंह, डॉ0 प्रवीन गोयल, क्रिश्चिना जियोर्ज, नवनीत भरद्वाज, अंकित विझ, मुकुल शर्मा, सभी विभागाध्यक्ष, कैंसर विभाग के सभी सदस्य, लेखा विभाग, मानव संसाधन विभाग के सदस्य, सुरक्षा विभाग के सदस्य सभी चिकित्सक, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।



## भारत विकास परिषद ने किया 76वां गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण

पिलखुवा। भारत विकास परिषद सृष्टि शाखा के तत्वाधान में 76वां गणतंत्र दिवस गंगा सहाय अधोड़ी वालों की धर्मशाला मे बड़े ही उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण संस्था की अध्यक्ष शशि गुप्ता, मार्गदर्शक बीना गोयल, संरक्षक वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अशोक गोयल व अन्य पदाधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पधारे छोटे-छोटेबच्चे देश भक्तों की वेशभूषा में सज कर आए। कार्यक्रम में पधारे सभी सदस्यों व आगंतुकों का हिमानी बंसल व अलका अग्रवाल ने स्वागत किया। कार्यक्रम में श्वेता बंसल, रिंकी अग्रवाल, गरिमा गर्ग ,शालिनी गुप्ता, रंजना मित्तल मोनिका सिंघल, वीरेंद्र गुप्ता, भूमि, रिषु, मान्या, रिदित,किरण गुप्ता ,अनिका गुप्ता आदि के अतिरिक्त अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



# बंद घरो में चोरी करने वाले चार गिरफ्तार, पुलिस ने चोरी का किया खुलासा

**भास्कर ब्यूरो**

हापुड़। स्वाट टीम व थाना पिलखुवा पुलिस की संयुक्त टीम ने बन्द मकानों, दुकानों में चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए चार शातिर चोर सहित चोरी के आभूषण खरीदने वाले सराफा को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से निशानदेही पर 28 हजार पांच सौ रुपये की नकदी, भारी मात्रा में चोरी के पीली व सफेद धातु के आभूषण, तीन एलईडी टीवी, घटना करने में प्रयुक्त ई-रिक्शा व औजार उपकरण एवं दो अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस बरामद। मंगलवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एएसपी विनीत भटनागर ने बताया स्वाट टीम व थाना पिलखुवा पुलिस की संयुक्त टीम ने बन्द मकानों, दुकानों में चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए चार शातिर चोर सहित चोरी के आभूषण खरीदने वाले सराफा को गिरफ्तार किया।जिनके कब्जे से निशानदेही पर 28 हजार पांच सौ रुपये की नकदी, भारी मात्रा में चोरी के पीली व सफेद धातु के आभूषण, तीन एलईडी टीवी, घटना करने में प्रयुक्त ई-रिक्शा व औजार उपकरण एवं दो अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। शातिर चोरों की पहचान शाहरुख पुत्र याकूब निवासी मौहल्ला सिद्दापुरी पिलखुवा, सलमान पुत्र शाकिर निवासी मौहल्ला रमपुरा पिलखुवा, शाकिर पुत्र हुसैन निवासी प्रताप विहार गाज़ियाबाद, सराफा वरुण पुत्र सतीश निवासी शुक्लान जटपुरा पिलखुवा के रूप मे हुई।

जिनके खिलाफ विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।



### कबाड़े की फेरी कर करता था बंद मकानों रैकी

गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के चोर हैं जिसमें शाकिर कबाडी का कार्य करता हैं जो दिन कबाड़े की फेरी करने के दौरान बन्द मकानों, दुकानों की रैकी करता हैं। उसके बाद साथियों के मिलकर मौका पाकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जनपद हापुड़ में चोरी, एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट आदि अपराधों के करीब तीन दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है।


# भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है : डॉ0 एम0 जावेद

**भास्कर ब्यूरो**

पिलखुवा। मोनाड विश्वविद्यालय में रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया तथा ध्वजारोहण के उपरान्त "विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश" है नामक थीम पर एक गोष्ठी आयोजित की गयी, जिसमें भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान एवं भारतीय विरासत व हमारी संस्कृति हमारी पहचान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ० एम जावेद द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त शिक्षकों एवं छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस बार सम्पूर्ण भारतवर्ष अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि यह संविधान ही है जो देश के नागरिकों को लोकतांत्रिक तरीके से अपनी सरकार चुनने का अधिकार देता है। इस अवसर पर विश्विद्यालय के शिक्षक डॉ० आरबी सिंह, डॉ० प्रताप सिंह, डॉ० सुनील श्रीवास, डॉ० सोमादास, डॉ० सारिका अग्रवाल, डॉ० अरविन्द कुमार, डॉ० अमित चौधरी, डॉ० सुशील कुमार, डॉ० गणेश शंकर, संजीव निमेष आदि शिक्षकों के साथ प्रीति तोमर, मीडिया प्रभारी विपुल चौधरी, अमित मित्तल, रवि एवं बड़ी संख्या में छात्र भी मौजूद रहे।



# साइबर ठगो ने पुलिस ने नगदी वापस कराई



हापुड़। थाना देहात क्षेत्र के गढ रोड निवासी बबीता पत्नी आदेश से साइबर ठगो ने एनी डेस्क नाम का एक एप्प डाउनलोड कराकर 99 हजार 9 सौ 99 रूपयों की ठगी कर ली। जिसकी शिकायत पीड़िता द्वारा थाना देहात में की गई। थाना देहात पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़िता को 99 हजार 9 सौ 99 रुपये नकदी वापस करायी। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया पीड़ित की शिकायत दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़िता को 99 हजार 9 सौ 99 रुपये नकदी वापस कराई गई है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में पिलखुवा-धौलाना में 47 जोड़ों ने एक-दूसरे का थामा हाथ

**भास्कर ब्यूरो**

पिलखुवा। यूपी में गरीब परिवारों के बेटियों की शादी के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना चलाई जा रही है। जिसके तहत नगर पालिका पिलखुवा व धौलाना ब्लॉक में 47 जोड़ो का विवाह रीति रिवाज के साथ कराया गया। शैलश फार्म स्थित एक भवन में नगर पालिका परिषद पिलखुवा के अध्यक्ष विभू बंसल व अधिशासी अधिकारी इंदरपाल सिंह ने 19 वर वधु को आशीर्वाद दिया और उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सामूहिक विवाह में शामिल हुए लोगो को केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वही दूसरी ओर धौलाना के एक फार्म हाउस में ब्लॉक प्रमुख निशान सिसोदिया ने करीब 28 जोड़ो को नए जीवन में प्रवेश करने पर आशीर्वाद के साथ वर वधु को उपहार देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि प्रत्येक जोड़े के लिए 51 हजार रुपये का अनुदान शासन से स्वीकृत है।

इसमें 35 हजार रुपये कन्या खाते में और 10 हजार के गहने-कपड़े भेंट किए जाते हैं। इसके अलावा 6 हजार रुपये आयोजन पर खर्च के लिए स्वीकृत किये है।



# चाकू के बल पर थ्रीव्हीलर चालक से लूटी मोबाइल व नकदी

**भास्कर ब्यूरो**

पिलखुवा। सोमवार की रात बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने थ्रीव्हीलर चालक से मारपीट कर चाकू के बल पर मोबाइल और नकदी लूट लिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हिंडालपुर निवासी नरेश गिरी ने बताया कि सोमवार की रात वह थ्रीव्हीलर द्वारा पिलखुवा से वापस अपने घर हिंडालपुर जा रहा था। जैसे ही वह हिंडालपुर कट के समीप पंहुचा से तो पीछे से आये एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने थ्रीव्हीलर को ओवरटेक कर रुकवा लिया और उनकी पिटाई करते हुए गर्दन पर चाकू रख दिया और जेब में रखे मोबाइल व 650 रुपए लूट लिए। घर पहुंचने के बाद पुलिस को 112 पर सूचना दी। इस मामले में कोतवाली प्रभारी रघुराज सिंह का कहना है कि पीड़ित के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।



# अमर शहीद मोहित राठौर की धर्मपत्नी व परिवारजन सम्मानित



**भास्कर ब्यूरो**

बदायूँ। देश के लिए अपना सर्वस्व बलिदान देने वाले बदायूँ की तहसील बिसौली के ग्राम सवानगर निवासी रहे वीर सपूत अमर शहीद मोहित राठौर की धर्मपत्नी व परिवारजनों को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार में वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरुण कुमार ने सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने दर्शकों का जीता दिल



**भास्कर ब्यूरो**

बदायूँ। रविवार को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद छात्र - छात्राओं द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती एवं महापुरूषों की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया किया गया। ज्योति इंटर कॉलेज परा दातागंज में स्कूली छात्राओं ने देशभक्ति मे ओतप्रोत प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। स्कूल के उपप्रधानाचार्य शरद जौहरी ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे सम्पन्न हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत देशभक्ति गीत, लघु नाटिका, काव्यपाठ, भाषण, सामूहिक नृत्य आदि प्रस्तुत किए। इस अवसर पर शिक्षिका भाव्या जौहरी, सोनल गुप्ता, महक सक्सेना, वर्षा सक्सेना , दिव्यता जौहरी, शिवांगी सक्सेना , पूजा सक्सेना , फिजा, लक्ष्मी शाक्य, दीपिका, मोनी, रेखा, हरि इच्छा आदि मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन अध्यापक सौरभ कुमार सक्सेना ने किया।

## वीएन पब्लिक स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस

पिलखुवा। पबला मार्ग स्थित वीएन पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्ले से कक्षा 8 तक के बच्चों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार जैन ने ध्वजारोहण किया इसके बाद नीलिमा जैन ने सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल प्रधानाचार्य अलका रावत ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी बच्चों, अभिभावक एवं स्कूल से जुड़े सभी अध्यापकों कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं संदेश देते हुए उन्हें शिक्षा के साथ आजादी का महत्व भी समझाया। इस कार्यक्रम में स्कूल के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार जैन उनकी धर्मपत्नी नीलिमा जैन , स्कूल मैनेजर नागेंद्र सिंह ,स्कूल के खेल शिक्षक सचिन रावत एवं सभी अध्यापक गणों एवं कर्मचारीगणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



## पिलखुवा में अनेक स्थानों पर ध्वजारोहण कर हुआ राष्ट्रगान

पिलखुवा। नगर में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, स्कूल एवं कॉलेजों में ध्वजारोहण किया गया। रविवार को नगर के मोहल्ला मुंशी नगर धोबी घाट में मुस्लिम समाज के लोगों ने एकत्रित होकर तिरंगा फहराया और छोटे-छोटे सैकड़ो बच्चों ने देश के प्रति अपनी भावना व्यक्त करते हुए राष्ट्रगान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वही कार्यक्रम में शामिल हुए एसएसआई इजहारुल इस्लाम ने छोटे छोटे बच्चों को शिक्षा के साथ साथ देश के लिए समर्पित होने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सभासद पति प्रेम सिरोही, मोहमद ईशाक, कादिर ,मेहराज, सोनू ,फिरोज, नौशाद, सोनू राणा, जाहिद, बाबू, इमरान, दानिश सैफी, आंसू, शाहिद, फकीरा, नफीस, जाहुल हवारी, शाहजफर, रज्जाक व बाबू सहित सैकड़ो छोटे छोटे बच्चे शामिल हुए। वही दूसरी ओर कोतवाली पिलखुवा के प्रांगण में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पिलखुवा पुलिस क्षेत्राधिकारी अनीता चौहान ने ध्वजारोहण कर पुलिसकर्मियों को संविधान का पालन करने की शपथ दिलाई।



## तगासराय में डूडा द्वारा कराए गए कार्यो का सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण

हापुड़। मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने विकास खण्ड धौलाना के अन्तर्गत सिंचाई विभाग बुलन्दशहर खण्ड के कार्यक्षेत्र में जनपद हापुड से सम्बन्धित चलित परियोजनओं का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के समय श्री भूपेन्द्र कुमार सहायक अभियन्ता बुलन्दशहर खण्ड एवं अवर अभियन्ता उपस्थि रहें। रजवाहा नूरपुर के कि0मी0 1.160 पर निर्मित पुल एवं रजवाहो का पुर्ननिर्माण कार्य में फिनिसिंग के निर्देश दिए गए। रजवाहा नूरपुर पर पक्की सडक एवं इन्टरलोकिंग का कराए गए निर्माण कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके पर उपर्स्थित सहायक अभियन्ता को कार्य को ठीक कराने एवं भुगतान कार्य ठीक व पूर्ण होने के उपरान्त करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्ति नगर पालिका परिषद हापुड़ के वार्ड संख्या 25 मौ0 तगासराय में मुख्यमंत्री अल्प विकसित मलीन बस्ती डूडा हापुड द्वारा कराए गए कार्यो का निरीक्षण किया गया तथा मौके पर उपस्थित सहायक अभियन्ता को आवश्यक निर्देश दिए गए।



## पैमाइश कर आठ संपत्तियों पर किया पालिका ने कब्जा

पिलखुवा। नगर पालिका अपनी संपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए कंप्यूटराज्ड पैमाइश कर रही है। इसी के चलते नगर पालिका अब तक आठ संपत्तियों की पैमाइश कर, उन्हें अपने कब्जे में ले चुकी है। इसी कड़ी में नगर पालिका द्वारा मंगलवार को चार संपत्तियों की कंप्यूटराज्ड पैमाईश की गयी और उन्हें कब्जे में लिया गया जिनमें गांव खेडा मोड, बजरंगपुरी भूमियों को कंप्यूटर पैमाईश करके अपने कब्जे में लिया गया है। नगर पालिका का पूरा प्रयास है कि वह अपनी भूमि को सुरक्षित रख सके। अवैध कब्जों पर नगर पालिका लगातार कार्यवाही कर रही है। पालिकाध्यक्ष विभू वंसल ने बताया कि किसी का नुकसान करना पालिका का मकसद नही है लेकिन सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पैमाइश कर कब्जे का अभियान आगे भी जारी रहेगा।



## इंटर कॉलेज रोहान में धूमधाम से मना 76 वां गणतंत्र दिवस

बदायूँ। ओम नम:शिवाय डॉ वीपी सिंह सोलंकी इंटर कॉलेज रोहान बदायूं में, 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक महोदय डॉ वीपी सिंह सोलंकी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तथा शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजवीर सिंह सोलंकी ने छात्र-छात्राओं को गणतंत्र दिवस के बारे में विस्तार से बताया। छात्र-छात्राओं ने मनमोहन व सामाजिक संदेश देते हुए लघु नाटक, नृत्य, देशभक्ति गीत व कविताओं का मंचन किया। उपस्थित सभी अभिभावक बंधुओ ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ वीपी सिंह सोलंकी, मुकेश तोमर, जुगेंद्र सिंह यादव, सोमेंद्र यादव, यशपाल सिंह तोमर, अभिलाख सिंह , एवं सभी शिक्षक बंधु उपस्थित रहे।




**कार्यालय नगर पालिका परिषद जसवन्तनगर, इटावा**

**सार्वजनिक सूचना नोटिस पत्र (अन्तर्गत धारा 147 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916)**

सर्व साधाराण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीनादेवी पत्नी श्री सुनील कुमार व श्रीमती संतोषी देवी पत्नी श्री सुशील व श्रीमती प्रियंका रानी पत्नी श्री जितेन्द्र कुमार निवासी मु०- गुलाबवाड़ी जसवन्तनगर (इटावा) ने रजिस्टर्ड दानपत्र की छायाप्रति एवं स्वंय के शपथ पत्र की मूलप्रति प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न करते हुये प्रार्थना की है कि पालिका के कर निर्धारण रजिस्टर के वार्ड नं0 01 मुहल्ला-गुलाबवाडी, जसवन्तनगर (इटावा) में स्थित एककिता व्यवसायिक दुकान व मकान की डिमाण्ड सं० 158 हैं को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर श्रीमती मीनादेवी पत्नी श्री सुनील कुमार व श्रीमती संतोषी देवी पत्नी श्री सुशील व श्रीमती प्रियंका रानी पत्नी श्री जितेन्द्र कुमार के नाम अंकित करने की मांग की है।

पालिका के कर निर्धारण रजिस्टर के वार्ड नं0 01 मु० गुलाबवाड़ी में उक्त एककिता व्यवसामिक दुकान व मकान की डिमाण्ड सं0 158 पर पर श्री सुनील कुमार व श्री सुशील कुमार व श्री जितेन्द्र कुमार पुत्रगण श्री दलवीर सिंह निवासी मु० गुलाबवाड़ी कस्बा व तहसील- जसवन्तनगर (इटावा) का नाम अकित्त चला आ रहा है। उक्त एककिता व्यवसायिक दुकान व मकान को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर पालिका के कर निर्धारण रजिस्टर के वार्ड नं0 01 गुलाबवाड़ी की डिमाण्ड सं० 158 पर श्रीमती मीनादेवी पत्नी श्री सुनील कुमार व श्रीमती संतोषी देवी पत्नी श्री सुशील व श्रीमती प्रियंका रानी पत्नी श्री जितेन्द्र कुमार के नाम दाखिल-खारिज मात्र करों की उगाही हेतु जिसका स्वामित्व से कोई सम्बन्ध नहीं किया जाना है। अतः इस सम्बन्ध में आपत्तियां एवं सुझाव आमंन्त्रित किये जाते हैं, जो इस प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर पालिका कार्यालय कार्य दिवस में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, जसवन्तनगर को संबोधित साक्ष्यों सहित प्रस्तुत करें। म्याद गुजर जाने के उपरान्त विचार नहीं किया जा सकेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,**
**जसवन्तनगर-इटावा**

**Job Alert**

Field Technician (BBNL Project Basis) 18-35 yrs, 3 yr Diploma in CS / IT / Electronics/Electrical/Mech/Instru, Rs 18325 + allowance, location all UP, 9558245479

**सूचना**

मेरे तीन पुत्र है रवि कुमार , अमित कुमार ,राहुल कुमार , मेरा पुत्र अमित कुमार मेरे ओर मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं हैं और परिवार वालों के साथ दुर्व्यवहार करने के कारण मैं इसे आज से अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं।

**अशोक कुमार पुत्र श्री हरनंद**
**ग्राम राजपुरा कॉम्बोह माजरा**
**मानकमऊ सहारनपुर**
**9690355438**

**सूचना**

आवश्यकता है अनुभवी शिक्षक व शिक्षिकाओं की चौ. ओमकार सिंह कन्या महाविद्यालय एदलगढ़ी, गोमत रोड बाजना में। योग्यता-विवि मानकानुसार बीएसएसी (गणित, रसायन, भौतिक, जूलॉजी, बॉटनी), बीए (हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीतिक विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र)। अभ्यर्थी बॉयोडाटा मेल पर भेंजे। coskm.bajana@gmail.com. मो.8006700900

**सम्बन्ध विच्छेद**

हम अपने पुत्र भोपेन्द्र सिंह व पुत्रवधु नेहा के कृत्यों से परेशान हो कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर परिवार साहित सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। भविष्य में इनके कृत्यों के हम ज़िम्मेदार नहीं होंगे।

**जबर सिंह उर्फ कमल सिंह पुत्र जगमाल सिंह व दयावती पत्नी जबर सिंह निवासी ग्राम मुक्तेश्वरा थाना बाबूगढ, जिला हापुड।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत छिमारा विकास खण्ड सैफई - इटावा**

पत्रांकः-मीमो ग्राम पंचायत- छिमारा ../निविदा प्रकाशन /2024-25 दिनांकः-28.1.2025

**नोटिस/विज्ञप्ति**

महामहिम, राज्यपाल उ०प्र० की ओर से ग्राम पंचायत छिमारा सैफई इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद / पी०एफ०एम०एस० निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने बाले निर्माण कार्यों हेतु ग्राम पंचायत छिमारा विकास खण्ड सैफई में फर्मों/ठेकेदारों से निविदायें / टैण्डर 29-01-2025 से 31-01-2025 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 31-2-25 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 29-01-2025 से 30-01-2025 तक ग्राम पंचायत छिमारा सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अहिवरन के घर से दयालु के घर तक नाला निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त | 362595 | 7500/- | 500/- |
| 2 | आंगनवाडी केन्द्र मरम्मत कार्य। | राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त | 212484 | 4500/- | 500/- |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत छिमारा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
01-अपर मुख्य सचिव उ०प्र० शासन के पत्र सं०-730/33-3-2022-11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी / कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं०) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तवारों द्वारा स्थापित फर्म / वेण्डर की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत छिमारा**
**विकास खण्ड सैफई - इटावा**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत छिमारा**
**विकास खण्ड सैफई - इटावा**


# वन मंत्री ने पुलिस लाइन में किया ध्वजारोहण

**भास्कर ब्यूरो**

बदायूँ। 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को प्रदेश सरकार में वन राज्यमंत्री अरुण सक्सेना ने पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया। उन्होंने वहां परेड की सलामी ली। उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। वन मंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें राष्ट्र प्रेम को ऊंचाइयों पर ले जाता है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय, सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता व जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। वही बदायूं क्लब में वन राज्यमंत्री व जिलाधिकारी ने ध्वजारोहण किया। वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर राष्ट्रगान भी हुआ। प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन उत्तर प्रदेश अरुण सक्सेना ने कहा कि आजादी के बाद देश ने बहुत तरक्की की है और जब से मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और योगी जी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में विकास की बहार आई हुई है। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रारूप समिति के डॉ भीमराव अंबेडकर अध्यक्ष थे तथा संविधान सभा के डॉ राजेंद्र प्रसाद अध्यक्ष रहे। उन्होंने कहा कि संविधान से धारा 370 हटाई गई तो कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कर विभिन्न उद्यमियों के साथ एमओयू हस्ताक्षर कर रोजगार सृजन किया व उद्यम स्थापना कराई और प्रदेश प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है।

उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था, कानून व्यवस्था सब में उत्तरोत्तर सुधार हुआ है तथा व्यवस्थाओं में आया परिवर्तन साफ परिलक्षित भी होता है। उन्होंने कहा कि विरासत व विकास का स्वर्णिम भारत है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है इसके लिए सभी को ईमानदारी से अपना योगदान देना होगा। इस अवसर पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य लोग मौजूद रहे।



दैनिक भास्कर
11 बुधवार, 29 जनवरी 2025 नोएडा

सहारनपुर

# उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत से बनेगी पीडीए की सरकार: मनोज चैधरी

- पूर्व विधायक ने कहा देवबंद की जनता का 8 वर्ष से हो रहा है शोषण,
- 2027 में जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेकेंगी, मंझौल गांव में सपा कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ आयोजित,

भास्कर ब्यूरो



देवबंद। पूर्व विधायक मनोज चैधरी ने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार ने भू माफिया और भ्रष्टाचार के अलावा प्रदेश की जनता को कुछ नहीं दिया है। 2027 में पूर्ण बहुमत से पीडीए की सरकार बनने जा रही है। मंगलवार को देवबंद विधानसभा के गांव मंझौल में आयोजित संविधान बचाओ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज चैधरी ने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। सरकार द्वारा आज तक भी किसानों का गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया। देवबंद में भूमाफियाओं का राज है, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, पिछले 8 वर्ष से देवबंद की जनता शोषण और अत्याचार झेल रही है। लेकिन अब जनता को डरने की जरूरत नहीं है। अगर किसी भी कार्यकर्ता व जनता का उत्पीड़न होता है तो ऐसे लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। पूर्व विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को डरने की जरूरत नहीं है वह उनके साथ खड़े हैं।

पूर्व विधायक ने आरोप लगाया की देवबंद के अंदर ग्राम प्रधानों के अधिकार जबरन सीज किए जा रहे हैं। देवबंद में अराजकता और गुंडागर्दी का खुला नंगा नाच हो रहा है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने देवबंद में हर एक सरकारी कॉलेज में कार्य कराया और शिमला में डिग्री कॉलेज की स्थापना कराई। लेकिन पिछले 8 वर्ष से देवबंद में विकास कार्य कपड़े हैं कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सपा जिला अध्यक्ष चैधरी अब्दुल वाहिद ने कहा की प्रदेश में भाजपा सरकार हर मोर्चे पर असफल रही है।

नौकरी के नाम पर युवाओं ठगा का जा रहा है। उन्होंने कहा केंद्र प्रदेश की भाजपा सरकार देश के अंदर संविधान और लोकतंत्र को समाप्त कर रही है। अब जनता उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगी। 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत से सरकार बनने जा रही है। कार्यक्रम को युवजन सभा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव कार्तिकेय राणा, पूर्व राज्य मंत्री विनोद तेजियान, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रमेश पवार, देवबंद विधानसभा प्रभारी मझाहिर हसन राणा और सुदेश गुर्जर ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सचिन चैधरी, चैधरी अनूप सिंह, रफल सिंह गुर्जर, राजीव त्यागी, अनमोल शर्मा, सुरेश त्यागी, सुखपाल राणा, प्रमोद त्यागी, अजय यादव, सुरेंद्र यादव, अरुण यादव, देश दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।


**देवबंद में पैदा किया जा रहा है डर का माहौल.....**

गांव मंझौल में आयोजित सपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व विधायक मनोज चैधरी ने देवबंद के मुद्दों को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा, आरोप लगाया देवबंद में डर की राजनीति हो रही है। लेकिन स्थानीय लोगों को देवबंद में डरने की जरूरत नहीं है। अगर किसी भी व्यक्ति का शोषण होता है तो मुंह तोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि अब सरकार के भू माफियाओं और अपराधिक तत्वों से आर पार की लड़ाई होगी।

# बिना हेलमेट पेट्रोल-डीजल देने से किया इनकार

## सहारनपुर में जिलाधिकारी के सख्त आदेशों का दिखा असर

भास्कर ब्यूरो





सहारनपुर। सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों का पालन शहर के पेट्रोल पंपों पर सख्ती से किया जा रहा है। बिना हेलमेट के टू-व्हीलर चालकों को पेट्रोल और डीजल देने से स्पष्ट इनकार कर दिया गया है। आज सहारनपुर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर हेलमेट न होने के कारण कई लोगों को पेट्रोल-डीजल नहीं दिया गया। कई स्थानों पर चालक हेलमेट के लिए गिड़गिड़ाते नजर आए, जबकि कुछ पेट्रोल पंप परिसर में ही हेलमेट का इंतजाम करते हुए दिखे। कई लोग दूसरों से हेलमेट मांगकर पेट्रोल लेने की कोशिश कर रहे थे। यह नजारा पेट्रोल पंपों पर जागरूकता और आदेशों की सख्ती को दशार्ता है। जिलाधिकारी का यह कदम सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और बाइक सवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। इसका शहरवासियों और व्यापारियों ने स्वागत किया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष शीतल टंडन ने इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह एक साहसिक और सराहनीय पहल है, जो न केवल दुर्घटनाओं को कम करेगी, बल्कि नागरिकों को सड़क नियमों का पालन करने के लिए भी प्रेरित करेगी। उन्होंने पेट्रोल पंप मालिकों और कर्मचारियों से जिलाधिकारी के आदेशों का सख्ती से पालन करने की अपील करते हुए कहा कि इससे शहर में हर वाहन चालक के सिर पर हेलमेट अनिवार्य रूप से दिखेगा।

जिलाधिकारी के इस सख्त निर्णय से उम्मीद है कि सहारनपुर में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक बदलाव होगा। यह कदम न केवल दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करेगा, बल्कि हेलमेट पहनने की आदत को भी मजबूती से स्थापित करेगा।

# एनोमिया मुक्त करने को लेकर बीडीओ ने की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ बैठक

भास्कर ब्यूरो



नागल। मंगलवार को खंड विकास कार्यालय के सभागार में सहारनपुर को एनोमिया मुक्त करने को लेकर खंड विकास अधिकारी देवेंद्र सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बीडीओ देवेंद्र सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिलाधिकारी मनीष बंसल तथा मुख्य विकास अधिकारी सुमित महाजन के दिशा निर्देश अनुसार सहारनपुर को एनोमिया मुक्त बनाने के लिए सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा आशाएं अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर बालिकाओं में किशोरी अवस्था के दौरान पाए जाने वाली ब्लड की कमी के कारण होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए उनके ब्लड की जांच करते हुए उन्हें ब्लड आपूर्ति के लिए पोशाक तत्व वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विकासखंड की सभी ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी तथा आशाएं 10 से 19 वर्ष तक की बालिकाओं के हीमोग्लोबिन संबंधी जांच कर सुनहरा कल मिशन के अंतर्गत उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देते हुए हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए निशुल्क पोषक तत्व वितरित किए जाएंगे।

बाल विकास परियोजना अधिकारी अलका त्रिपाठी ने सहारनपुर को एनोमिया मुक्त करने को लेकर सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयो से योजना का प्रचार प्रसार करते हुए कहां कि बालिकाओं में किशोरी अवस्था के दौरान शारीरिक मानसिक तथा भावनात्मक बदलाव आने से उनके खून में कमी आ जाती है इसलिए उन्हें हीमोग्लोबिन बढ़ाने के तत्वों की आवश्यकता होती है। इस दौरान क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों मौजूद रही।


# कार्यालय ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर विकास खण्ड लोनी गाजियाबाद।

पत्रांक: 148 / पंचायत / पंचम राज्य वित्त / 15वां वित्त आयोग / निविदा / 2024-25 दिनांक 28-01-2025

## अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर विकास खण्ड लोनी गाजियाबाद मे पंचम राज्य वित्त/15वांवित्त आयोग के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 के लिए सरकारी विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों की शील्ड बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 29-01-2025 से दिनांक 04-02-2025 कार्यालय समय मे अपरान्ह 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर, विकास खण्ड लोनी गाजियाबाद से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदायें खोले जाने के समय निविदादाता भी उपस्थित रह सकते हैं। यदि नियत समय पर निविदादाता उपस्थित नही हुये तो भी नविदायें खोल दी जायेंगी, जिसके लिए ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर उत्तरदायी नही होगी। निविदा दिनांक 04-02-2025 को अपरान्ह 3:00 बजे खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की माप | कार्य की लागत (18% G.S.T सहित) | अर्नेस्ट मनी (10%) | निविदा मूल्य (18% G.S.T सहित) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पंचम राज्य वित्त / 15वां वित्त आयोग | | | | | | |
| 1 | ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर मे गुरुद्वारे से बलजोर के मकान तक इन्टरलोकिंग टाईल्स व यू०- नाली निर्माण कार्य | 37.80 मी० | 208500.00 | 20850.00 | 248.00 | 1 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर मे भूले त्यागी के मकान से छेदा त्यागी के मकान तक यू०-नाली व पुलिया निर्माण कार्य | 198.00 मी० | 355900.00 | 35590.00 | 425.00 | 1 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर मे राकेश सैनी के मकान से विशाल टेलर के मकान तक यू०-नाली व पुलिया निर्माण कार्य | 93.00 मी० | 112500.00 | 11250.00 | 142.00 | 1 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर मे बाल्मिकि मौहल्ले व बारात घर के सामने इन्टरलोकिंग टाईल्स का कार्य | 45.50 मी० | 180400.00 | 18040.00 | 224.00 | 1 माह |

1- अर्नेस्ट मनी निविदा डालने के समय एन0एस0सी/एफ0डी0आर के रूप मे जमा की जा सकती है जो सचिव ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर के नाम से बंधक होगी।
2- कार्य पी0डब्लू0डी की विशिष्टियों के अनुरूप होगा।
3- नियमानुसार सभी शासकीय कटोतिया की जाएंगी।
4- निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
5- कार्य के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी सलाहकार अभियंता (पंचायती राज) विकास खण्ड लोनी से ली जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर
विकास खण्ड लोनी गाजियाबाद।

सचिव/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर
विकास खण्ड लोनी गाजियाबाद।



# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी खतौली (मु.नगर)

पत्रांक: 2596/लेखा–वि0नि0/2024–25 दिनांक: 20.01.2025

## अल्प कालीन निविदा आमन्त्रण सूचना

सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि खण्ड विकास अधिकारी खतौली की ओर से विधायक निधि योजनान्तर्गत धन की प्रत्याशा में निम्नलिखित निमार्ण कार्यो पर निविदाये राज्य सरकार के समस्त राजकीय विभागो में पंजीकृत ठेकेदारो से उनकी पर्जीकरण सीमा अन्तर्गत दिनांक. 08–02–2025 की अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रतिशत दर पर मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08–02–2025 की पूर्वाहन 12.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। निमार्ण कार्यो की अरनेस्ट मनी/जमानत राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैक की एफ0डी0आर0 या एन. एस. सी. के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी खतौली के पक्ष में बन्धक कराकर एव समस्त अभिलेख निविदा के साथ जमा की जानी है। निविदाए दिनांक 08–02–2025 को अपराह्व 03:00 बजे ब्लाक स्तरीय समिति के द्वारा उपस्थित निविदा दाताओ के समक्ष खोली जायेगी। कोई भी निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा सर्शत स्वीकार नही होगी। किसी भी विवाद के उत्पन होने की दशा में न्याय क्षेत्र मुजफ्फरनगर ही मान्य होगा। कार्य इस विकास खण्ड के अवर अभियन्ता (ग्रा0अभि0वि0) की देखरेख में कराया जायेगा, तथा उनके सत्यापन के उपरान्त ही भुगतान देय होगा। कार्यादेश प्राकल्लंन की धनराशि की तकनीकी स्वीकृति के आधार पर जारी किये जायेगे। किसी भी प्रकार की जानकारी किसी कार्यदिवस में कार्यालय से की जा सकती है।

| कं0 | कार्य का नाम | कार्य की धनराशि एवं जी.एस.टी. | कार्य की कुल धनराशि | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम कस्बा खतौली में मस्तराम नागर के घर से नहर तक रास्ते पर इन्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य (50मी0) | 348780+62780 | 411560 | 6958 | 890 | 3 माह |
| 2 | ग्राम चन्दसीना में सुनील प्रजापति के मकान से विमल के मकान तक इन्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य (29 मी0) | 109738+19753 | 129491 | 2195 | 536 | 3 माह |
| 3 | ग्राम अम्बरपुर में मैन रास्ता जो मैथडी प्राईमरी स्कूल से बसंत की बिजली तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य (30 मी0) | 319718+57549 | 377267 | 6394 | 792 | 3 माह |
| 4 | ग्राम भूपखेडी में रोड पर इन्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य (रविन्द्र सिंह पूर्व प्रमुख के घर के पास) (35 मी0) | 149834+26970 | 176804 | 2997 | 536 | 3 माह |
| 5 | ग्राम अन्तवाडा में हाजीपुर मार्ग पर जितेन्द्र के घेर से नदी तक नाली निर्माण कार्य (90मी0) | 565598+101808 | 667406 | 11312 | 1008 | 3 माह |
| 6 | जानसठ बस स्टैण्ड पुलिस चौकी के सामने गलीनम्बर 2 भूड खतौली में मास्टर लख्मी चन्द की दुकान से रजवाहे की पटरी तक सीसी रोड निर्माण कार्य (73 मी0) | 413192+74375 | 487567 | 8264 | 890 | 3 माह |
| 7. | ग्राम मन्सूरपुर में मैन रोड से फहीम पुत्र मौ0 इब्राहिम के घर तक वाले रास्ते पर इन्टरलॉकिंग, टाईल्स निर्माण कार्य (95 मी0) | 342739+61693 | 404432 | 6855 | 772 | 3 माह |
| 8. | ग्राम ताजपुर में कब्रिस्तान की चार दीवारी का निर्माण कार्य (100मी0) | 400138+72025 | 472163 | 8003 | 772 | 3 माह |
| 9 | ग्राम सठेडी में दलित बस्ती में हाईमास्ट लाईट की अवस्थापना का कार्य | 264982+47697 | 312679 | 5300 | 654 | 3 माह |
| 10 | ग्राम मोहिउदीनपुर में श्री पंच देव कुटी गोगा जाहरवीर माढी मन्दिर के बाहर एक वाटर कूलर की अवस्थापना का कार्य | 188941+34009 | 222950 | 3779 | 554 | 3 माह |
| 11 | ग्राम गदनपुरा में हरिजन बस्ती में एक हाईमास्ट लाईट की अवस्थापना का कार्य | 264982+47697 | 312679 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 12 | ग्राम यूसुफपुर पिपलहेडा में सेन्ट्रल बैक आफ इण्डिया के बाहर एक वाटर कूलर की अवस्थापना का कार्य | 188971+34015 | 222986 | 3780 | 665 | 3 माह |
| 13 | ग्राम मलवा में ईदगाह पर एक हाईमास्ट लाईट की अवस्थापना का कार्य | 264982+47697 | 312679 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 14 | कस्वा खतौली में राजाराम मण्डी में एक हाईमास्ट लाईट की अवस्थापना का कार्य | 264982+47697 | 312679 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 15. | ग्राम शाहपुर में तालाब के पास निर्माणधीन आश्रम के पास एक हाईमास्ट लाईट की अवस्थापना का कार्य | 269272+48469 | 317741 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 16 | ग्राम शाहपुर में अनन्त राम इस्पैक्टर के मकान के पास एक हाईमास्ट लाईट की अवस्थापना का कार्य | 264982+47697 | 312679 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 17 | ग्राम पिपलहेडा में श्री शिव कुमार पुत्र हेम सिंह नम्बरदार के निकट हरिजन बस्ती तालाब वाली गली में स्थित चौक पर एक हाईमास्ट लाईट की अवस्थापना का कार्य | 264982+47697 | 312679 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 18 | ग्राम जसौला में विकास उर्फ राफे के मकान के पास एक हाईमास्ट लाईट की अवस्थापना कार्य | 264982+47697 | 312679 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 19 | ग्राम चॉदसमन्द में जगत पुत्र भौपाल सिंह के पुस्तकालय के पास हाईमास्ट लाईट की अवस्थापना का कार्य | 264982+47697 | 312679 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 20 | ग्राम फूलत में बालीबाल खेल के मैदान में एक हाई मास्ट लाईट की अवस्थापना का कार्य | 264982+47697 | 312679 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 21 | लोहड्डा में प्राथमिक विद्यालय व जूनियर हाईस्कूल के पास में हाईमास्ट लाईट | 264982+47697 | 312679 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 22 | ग्राम बिहारीहपुर मजरा बाहपुर में शिव मन्दिर पर एक हाईमास्ट लाईट की अवस्थापना का कार्य | 264982+47697 | 312679 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 23 | ग्राम ताजपुर में कश्यप मन्दिर के पास एक हाईमास्ट लाईट की अवस्थापना का कार्य | 264982+47697 | 312679 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 24 | ग्राम अम्बरपुर के चौराहे/ तिराहे पर एक हाईमास्ट लाईट की अवस्थापना का कार्य | 264982+264982 | 312679 | 5300 | 772 | 3 माह |
| 25 | ग्राम मौहम्मदपुर माफी में नेताजी गुलजार के घर से शौचालय की तरफ मदरसे वाले रास्ते पर सीसी रोड का निर्माण काय। | 987677+177782 | 1165459 | 19753 | 1716 | 3 माह |
| 26 | ग्राम समौली के शमशानघाट मे शेड का निर्माण कार्य | 997724+179590 | 1177314 | 19954 | 1716 | 3 माह |
| 27 | ग्राम गालिबपुर खतौली में पानी की टंकी से नागिन नदी के पुल तक रास्ते पर सीसी रोड निर्माण कार्य (180 मी0) | 997961+179633 | 1177594 | 19954 | 1716 | 3 माह |
| 28 | ग्राम कैलावडा कला में ईदगाह के बराबर जाने वाले रास्ते पर इण्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य (65 मी0) | 4372215+78699 | 515914 | 8744 | 1008 | 3 माह |
| 29 | ग्राम गदनपुरा में तिलकराम के मकान से सोमपाल के मकान तक रास्ते पर इण्टरलॉगिंग टाईल्स निर्माण कार्य (390 मी) | 991496+178469 | 1169965 | 19830 | 1716 | 3 माह |
| 30 | ग्राम मन्सुरपुर में मैन रोड से तालाब के किनारे होते हुये नई बस्ती में अमित नाई व संजय के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य (180 मी0) | 979704+176347 | 1156051 | 19594 | 1716 | 3 माह |
| 31 | कस्बा खतौली में कुन्द – कुन्द बिहार में गली नं0 सरकारी अस्पताल के पीछे वाली मिस्त्री के यहॉ से आशीष के घर तक सीसी रोड व दोनो ओर नाली निर्माण कार्य (162 मी0) | 996897+179441 | 1176338 | 19938 | 1716 | 3 माह |
| 32 | ग्राम मुजाहिदपुर में मौहल्ला बाकी वाली गली में सुबोध के घर से राम मन्दिर की ओर सीसी रोड का निर्माण कार्य (200 मी0) | 818962+147413 3 | 966375 | 16379 | 1480 | 3 माह |
| 33 | कस्बा खतौली में सरफान मौहल्ला पूर्वी में चौक से चक्की तक रास्ते पर इन्टरलॉकिग टाईल्स निर्माण कार्य (139मी0) | 888658+159958 | 1048616 | 17773 | 1598 | 3 माह |
| 34 | ग्राम शेखपुरा में धर्म प्रधान के मकान से ईलम सिंह गुर्जर के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य (80 मी0) | 666205+119917 | 786122 | 13324 | 1244 | 3 माह |
| 35 | ग्राम पिपलहेडा में टिटौडा वाले रास्ते से देवताओ की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य (174 मी0) | 988422+177916 | 1166338 | 19768 | 1716 | 3 माह |
| 36 | ग्राम अन्तवाडा में पप्पू के मकान से अमित के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य (180 मी) | 964785+173661 | 1138446 | 19296 | 1716 | 3 माह |
| 37 | पिपलहेड़ा में सुभाष पुत्र नेपाल के घर से सुनील पुत्र मोघ सिंह के घर तक हरिजन बस्ती का रास्ते तक सीसी रोड निर्माण कार्य (150 मी0) | 990978+178376 | 1169354 | 19820 | 1716 | 3 माह |
| 38 | ग्राम जासौला के शिव मन्दिर के पास शिव चरण जाटव के मकान से महिपाल के घेर तक सीसी रोड निर्माण कार्य (110 मी0) | 929788+167362 | 1097150 | 18596 | 1716 | 3 माह |
| 39 | ग्राम बसायच में शमशान घाट से गाव की ओर कच्ची सडक पर सीसी रोड निर्माण कार्य (195 मी0) | 992243+178604 | 1170847 | 19845 | 1716 | 3 माह |
| 40 | ग्राम अन्तवाडा में रकम सिंह के खेत से शमशान घाट तक सीसी रोड निर्माण कार्य (195 मी0) | 992243+178604 | 1170847 | 19844 | 1716 | 3 माह |

खण्ड विकास अधिकारी
खतौली (मु.नगर)

किस्मत के भरोसे पर बैठने वाले लोगों को अवसर उतना ही मिलता है, जितना मेहनत करने वाले छोड़ देते है।

# बंद पड़े ताले बढ़ा रहे सामुदायिक शौचालय की शोभा

## सामुदायिक शौचालय पर चार साल से लगा है ताला, लोग खुले में शौच को मजबूर

भास्कर ब्यूरो

**शमसाबाद।** विकास खण्ड शमसाबाद के ग्राम पंचायत सिंगेचा में बने सामुदायिक शौचालय की हालत बेहद दयनीय है। चार साल पहले ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाए गए इस शौचालय का ताला अब तक नहीं खोला गया। शौचालय जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है, टाइल्स उखड़ गई हैं, सीढ़ियां टूट चुकी हैं, और पानी का स्रोत बोरवेल पूरी तरह से बैठ चुका है। ग्रामवासियों का कहना है कि यह शौचालय केवल कागजी प्रक्रिया पूरी करने और सरकारी धन का दुरुपयोग करने के लिए बनाया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि सामुदायिक शौचालय के बंद होने के कारण बच्चे और अन्य ग्रामीण खुले में शौच करने को मजबूर हैं। शौचालय के आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासी कुंवर पाल ने बताया, शौचालय तो कभी खुला ही नहीं। बच्चे और बस्ती के लोग आसपास के रास्तों और खुले स्थानों पर शौच करने जाते हैं। यह स्थिति बेहद शर्मनाक और असुविधाजनक है। ग्रामीण मोनू ने बताया, गांव में साफ-सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। सामुदायिक शौचालय के पास और नहर किनारे इतनी गंदगी है कि वहां खड़ा भी नहीं हुआ जा सकता। हालात दिन-ब-दिन खराब होते जा रहे हैं। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने ग्रामीण इलाकों को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाने के उद्देश्य से सामुदायिक शौचालय और हर घर में शौचालय निर्माण की योजना शुरू की थी। लेकिन ग्राम पंचायत सिंगेचा में यह योजना धरातल पर पूरी तरह विफल नजर आ रही है।



### दोषियों पर होगी कार्यवाही: उपजिलाधिकारी

इस मामले में उपजिलाधिकारी फतेहाबाद अनिल कुमार सिंह ने कहा, सामुदायिक शौचालय के ताले बंद होने, गंदगी और शौचालय की जर्जर अवस्था का वीडियो सामने आया है। इस पर कार्रवाई के लिए जांच टीम गठित कर दी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# नकली टाटा नमक और डिटर्जेंट फैक्ट्री पकड़ी

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** मंगलवार को एसटीएफ और पुलिस ने अवधपुरी चौकी क्षेत्र में फैक्ट्री पर छापा मारा। एसीपी मयंक तिवारी के अनुसार, टीम के छापे में फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में नकली नमक और डिटरजेंट बनाया जा रहा था।

फैक्ट्री में कई मशीन लगी हुई थीं, इन मशीनों से नकली नमक और डिटरजेंट तैयार कर ब्रांडेड कंपनियों के रेपर में भर कर बेचा जाता था। टीम ने मौके से बड़ी मात्रा में नमक और डिटरजेंट जब्त किया है। टीम के छापे में 200 किलोग्राम डिटरजेंट के पाउच मिले हैं। इसके साथ ही 50 किलो के 52 कटटे टाटा नमक और 25 किलो के 55 कटटे मिले हैं। इसके साथ ही सादा नमक के कटटे और पाउच भी बड़ी मात्रा में मिले हैं। पुलिस ने इन्हें सील कर दिया है।



### नकली नमक तैयार कर बाजार में हो रहा था सप्लाई

एसीपी मयंक तिवारी के अनुसार, धनौली का रहने वाला जितेंद्र टाटा कंपनी के नमकी नमक और नकली डिटरजेंट बनाने की कंपनी चला रहा था। जितेंद्र को अरेस्ट कर लिया है, फैक्टी से नमक और डिटरजेंट सील किया गया है। फैक्ट्री में नकली नमक बनाने के बाद बाजार में सप्लाई किया जा रहा था। इस पूरे रैकेट का पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है।

# शाही जामा मस्जिद के पदाधिकारी ने हिंदू बेटियों पर की आपत्तिजनक टिप्पणी, अज्ञात हमलावरों ने पीटा

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** आगरा की शाही जामा मस्जिद के एक पदाधिकारी ने हिंदू नेताओं पर अश्लील और आपत्तिजनक बातें की हैं। इसका ऑडियो सोमवार सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जामा मस्जिद के पदाधिकारी की भाषाशैली इतनी अभद्र और आपत्तिजनक है कि जिसे सुनकर हर कोई हैरान है। वायरल ऑडियो क्लिप को पुलिस कमिश्नर के एक्स हैंडिल पर टैग किया गया है। आगरा पुलिस ने मामले का संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी है। 35 सेकेंड वायरल ऑडियो क्लिप में जामा मस्जिद का पदाधिकारी ऐसी आपत्तिजनक बातें कर रहा है। वायरल ऑडियो में हिंदू नेताओं की बहन और बेटियों के बारे में आपत्तिजनक बातें की जा रही हैं। ये ऑडियो क्लिप जामा मस्जिद के बड़े पदाधिकारी का बताया जा रहा है। आगरा पुलिस कमिश्नर के सोशल मीडियो अकाउंट्स पर टैग किया गया है। इस दौरान ऑडियो क्लिप में आपत्तिजनक बातें करने वाला पदाधिकारी थाना मंटोला क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। वह हिंदू नेताओं की बहन और बेटियों के बारे में बेहद शर्मनाक और गंदी बातें बोल रहा है। थाना मंटोला के प्रभारी ने बताया कि उन्हें ऑडियो क्लिप के बारे में जानकारी मिली है। पुलिस अधिकारियों के आदेश पर इस ऑडियो क्लिप की जांच की जा रही है। हालांकि अभी तक उनके पास किसी ने लिखित शिकायत नहीं दी है। वहीं मंगलवार को तड़के दोपहर में आगरा की जामा मस्जिद के अध्यक्ष मोहम्मद जाहिद पर कोठी मीना बाजार के पास हमला किया गया। दो कारों में आए लोगों ने मारपीट की। भीड़ जुटने पर हमलावर युवक भाग निकले। सूचना पर थाना शाहगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल जाहिद को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी का कहना है कि हमले की जानकारी मिली है। घायल से पूछताछ की जा रही है।

# पुरानी रंजिश को लेकर किशोरी के साथ मारपीट और छेड़छाड़

## पिता-पुत्र सहित चार के खिलाफ मुकदमा

**फतेहाबाद (भास्कर ब्यूरो)।** मंगलवार सुबह थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर के बाहर बैठी नाबालिक किशोरी के साथ मारपीट, पिता पुत्र सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव निवासी पिता ने थाने में दहरीर देकर पुलिस को बताया कि मेरी 17 वर्षीय पुत्री घर के बाहर बैठी थी। खेत की पुरानी रंजिश को लेकर बृजमोहन पुत्र श्यामवीर गाली गलौज करने लगा। जब मेरी पुत्री के द्वारा विरोध किया तो ब्रजमोहन मारपीट व गलत हरकत करने लगा तभी बृजमोहन ने आवाज देकर अपने पिता श्यामवीर व परिवार के चरन सिंह पुत्र डरेलाल , यशपाल निवासी पक्का चमरपुरा थाना फतेहाबाद को बुला लिया और मेरी पुत्री के साथ मारपीट करते हुए छेड़छाड़ करने लगे। प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद डीपी तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर छेड़छाड़ व पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# मुठभेड़ में पांच शातिर ठगों को पकड़ा

## कारनामे सुनकर पुलिस भी हुई हैरान, महिलाओं को बनाते थे शिकार

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** आगरा पुलिस ने पांच शातिर ठगों को मुठभेड़ में अरेस्ट किया है। इनमें से दो के गोली लगी है जिससे वो घायल हो गए हैं। पूछताछ में पुलिस को इनके कारनामे पता लगे है जिससे पुलिस भी हैरान रह गई। ये लोग अपनी कदकाठी का फायदा उठाकर लोगों को ठगा करते थे और खासकर महिलाओं को ये जल्दी अपना शिकार बनाते थे। थाना लोहामंडी और एसओसी ने मुठभेड़ में इस गिरोह के पांच सदस्यों को अरेस्ट किया है। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि ये गिरोह पुलिसकर्मी बनकर राह चलती महिलाओं से ठगी करने में माहिर हैं। ये गैंग मध्य प्रदेश और ओड़िशा का है जो आगरा आकर वारदात को अंजाम दे रहा था। इनके पास पुलिस का फर्जी आईडी कार्ड भी होता था जिसके माध्यम से ये लोगों को अपने



विश्वास में लेकर उनके पहने हुए गहनों को चोरी हो जाने का डर दिखाकर उन्हें बदल देते थे। बाद में गहनों को बेचकर रुपयों को आपस में बांट लिया करते थे। पकड़े गए शातिरों में हाशिम निवासी सैंधंवा बडवानी मध्य प्रदेश, सलीम उर्फ सलमान निवासी टेढ़ी बगिया आगरा, मीसम हुसैन पनिवासी सैधंवा बडवानी, मध्य प्रदेश, हसन अली उर्फ हसनैन अली निवासी कस्तूरी नगर रायगढ़ ओड़िशा, मोइन निवासी सैधंवा जिला बडवानी मध्य प्रदेश।

## सार सुर्खियां

### हाइवे पर कैंटर में घुसी बस चालक सहित दो लोग घायल

**किरावली (भास्कर ब्यूरो)।** आगरा-जयपुर हाइवे पर किरावली से महुअर तक मार्ग हादसों का हाइवे बना हुआ है। सोमवार को देर रात 11बजे हाइवे स्थित गोपऊ नहर के समीप तेज रफ़्तार टू वाई टू बस रजिस्ट्रेशन संख्या एमपी 44 जेडडी 3017 आगे चल रही कैंटर रजिस्ट्रेशन संख्या आरजे 02 जीए 7129 में जा टकराई। जिसमें बस चालक दिनेश, सावरी सीताराम, सुनीता गंभीर रूप घायल हो गए। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार हेतु एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कैंटर डिवाइडर पर चढ़ गई और बस का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। थाना प्रभारी केवल सिंह ने बताया कि दुर्घनाग्रस्त वाहनों के हाईवे पर जाम की स्थिती उत्पन्न हो गई। क्षति ग्रस्त वाहनों को क्रेन द्वारा उठवाकर सड़क किनारे रखवाया और यातायात को सुचारू कराया।

### सुखलाल पुरा के लोगों ने सांसद से पुलिया बनवाने की मांग की

**पिनाहट (भास्कर ब्यूरो)।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत अरनोटा के उपगांव सुखलाल पुरा के करीब 600 निवासियों को आवागमन के लिए हर रोज उटंगन नदी के पानी को पार करना पड़ता है। गांव के पास कोई पक्का रास्ता न होने के कारण ग्रामीणों को यह कठिनाई झेलनी पड़ती है। 25 जनवरी को सांसद राजकुमार चाहर की जन चौपाल में महिलाओं और प्रधान रूमा देवी ने लिखित शिकायत कर पुलिया निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि नदी के उस पार फतेहाबाद सीमा में उनकी खेती है, जहां पहुंचने के लिए या तो 20 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है या नदी के पानी से गुजरना पड़ता है। बरसात के दिनों में यह मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है, जिससे फसलें और पशु भारी नुकसान झेलते हैं। ग्रामीणों ने 120 फीट लंबी और 12 फीट चौड़ी पुलिया निर्माण की मांग की है। प्रधान रूमा देवी के पति रामनिवास वर्मा ने बताया कि सांसद ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।

### बीच सड़क पर युवक के साथ की मारपीट मुकदमा पंजीकृत

**पिनाहट (भास्कर ब्यूरो)।** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत गांव अमरूका पुरा गांव में सोमवार शाम सड़क पर झगड़े का मामला सामने आया। दौजी राम पुत्र पंचम सिंह निवासी अमरूका पुरा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार शाम को वह अपने खेत पर जा रहे थे। उसी समय सुनील पुत्र हाकिम सिंह और पालकी पुत्र हाकिम सिंह निवासी अमरी की मढैया थाना राजाखेड़ा ट्रैक्टर लेकर सड़क से गुजर रहे थे। दौजी राम का आरोप है कि ट्रैक्टर लेकर गुजरते समय दोनों ने उसे सड़क से हटने को कहा। बात बढ़ने पर दोनों ने गाली-गलौज की और मारपीट की। इसके साथ ही अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया। वहीं मनसुखपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक सुदामा लाल ने बताया कि दौजी राम की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 351(2), और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# एक्सप्रेस-वे पर अनियंत्रित होकर पलटी बस, दस सवारियां घायल

भास्कर ब्यूरो

**फतेहाबाद।** थाना बमरौली कटारा क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 0.5 पर बस्ती से दिल्ली जा रही तेज रफ्तार बस गोल चक्कर पर उतरते समय अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में चीख पुकार मच गई। दस सवारियां घायल हो गई। पुलिस व यूपीडा के कर्मचारियों ने पहुंचकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थानाध्यक्ष बमरौली कटारा सौरभ सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह 9:20 बजे के करीब बस चालक शरीफ पुत्र हयातुल्ला निवासी गांव धौसर सुनाह जिला बस्ती बस्ती से सवारियां लेकर दिल्ली जा रहा था। बस में 60 से 70 सवारियां बैठे थी। जैसे ही थाना बमरौली कटारा क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 0.5 के पास पहुँची तो बस की रफ्तार अधिक होने के कारण गोल चक्कर पर मुड़ते समय अनियंत्रित होकर बस रोड पर पलट गई। जिसमें बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर थाना बमरौली कटारा पुलिस सहित यूपीडा के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और बस से सवारियों को बाहर निकाला गया। जहां बस पलटने से सवारियां व सामान एक दूसरे के ऊपर गिर जाने से शीशा तोड़कर कड़ी मस्कत के बाद सवारियों को बाहर निकाला गया। इस दौरान बस में बैठे दस सवारियां घायल हो गई। वही घायलो को उपचार के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा भिजवा गया है।

वहीं अन्य सवारियों के हल्की फुल्की चोटे आई है। जिन्हें अन्य वाहन से गतंव्य के लिए भिजवा दिया गया है।



### हादसे में ये हुए घायल

मुशरफिया पुत्री इरशाद निवासी नरेला नई दिल्ली, सोनू पुत्र गंगा राम निवासी गांव अडिगवा थाना सुनाह बस्ती, जालो यादव पुत्र बुलग यादव गांव बिरने थाना गया जिला ग्रडीह, सबितुल निशा पत्नी मोहम्मद नईम गांव भगवानपुर थाना डुमिनी गंज सिध्दार्थ नगर, संजय पुत्र जगदीश सिंह ग्राम मोहलीडी थाना जामताडा जिला विद्या सागर झारखंड, स्वेता पत्नी बिनय कुमार निवासी वेस्ट कमल विहार दिल्ली, संजय पुत्र साहदेव नीनावे निवासी सिहोरा थाना सिहोरा जिला भणडारा नागपुर, प्रमोद पुत्र श्रीराम निवासी निकूडे थाना सिहोरा नागपुर, ईश्वर सिंह पुत्र राम किशन निवासी गुड मण्डी सोनी पत हरियाण, धर्मेन्द्र पुत्र जयराम निवासी गांव बरापुर थाना हरेया जिला बस्ती घायल हो गए।

# युवक ने पुल से यमुना नदी में लगाई छलांग, नहीं लगा सुराग

**बाह (भास्कर ब्यूरो)।** थाना चित्राहाट क्षेत्र के अंतर्गत कचोरा घाट यमुना नदी पुल से एक युवक ने आत्महत्या करने के लिए यमुना नदी में छलांग लगा दी जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानिक गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया मगर पानी में कूदे लापता युवक का कोई सुराग नहीं लगा है। अनुज यादव उम्र 28 वर्ष पुत्र सर्वेश यादव निवासी गांव मुकुटपुरा थाना जैतपुर मंगलवार को सुबह अपनी पल्सर बाइक से घर से निकला था और उसने चित्राहाट के कचोरा घाट यमुना नदी पुल पर अपनी पल्सर बाइक को खड़ी करके पुल से आत्महत्या को नदी में छलांग लगा दी। युवक को नदी में कूदता देख मौजूद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। तत्काल मामले में पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची थाना चित्राहट पुलिस ने मामले में जानकारी की और नदी में कूदे युवक का पता लगाया। सूचना पर मौके परिजन भी पहुंच गए पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्च अभियान चलाया। और आगरा से एसडीआरएफ की टीम मौके पर बुलाई गई।

# नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान: पेट्रोल पंपों पर नहीं दिख रहा है कोई असर

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** शासन द्वारा जारी किए गए आदेशों के बाद 26 जनवरी 2025 से आगरा प्रशासन ने नो हेलमेट–नो फ्यूल अभियान शुरू कर दिया है लेकिन आगरा के पेट्रोल पंपों पर यह अभियान अभी शायद मजाक ही बना हुआ है, क्योंकि शहर के अधिकतर पेट्रोल पंपों पर अभी भी दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के ही पेट्रोल दिया जा रहा है। अभियान को लेकर किसी भी प्रकार की कोई सख्ती नहीं दिखाई दे रही है।



### सड़क सुरक्षा के लिए शुरू हुआ है अभियान

आगरा सहित प्रदेशभर में 26 जनवरी से पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट–नो पेट्रोल अभियान शुरू हो गया है। सड़क सुरक्षा बढ़ाने और दुर्घटनाओं में हो रही मौतों को कम करने के लिए इसकी शुरूआत की गई है, लेकिन आगरा में अभी इसका पूरी तरह से पालन नहीं किया जा रहा है। कई पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के ही पेट्रोल दिया जा रहा है।

# ठगी: इंटरनेट पर फोटो वायरल करने की धमकी देकर युवती से वसूले लाखों

पिनाहट (भास्कर ब्यूरो)। कस्बा के एक मोहल्ले की युवती से ठगी का मामला सामने आया है। युवती ने 27 जनवरी को थाना पिनाहट में रिपोर्ट दर्ज कराई कि इंस्टाग्राम पर 'क्यूट गर्ल' नामक आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट आने पर बातचीत शुरू हुई। आरोपी ने खुद को महिला बताया, जिससे युवती ने कुछ फोटो साझा कर दिए। बाद में पता चला कि आईडी के पीछे एक युवक है। आरोपी ने फोटो एडिट कर युवती को इंटरनेट पर प्रसारित करने की धमकी देकर 60,000 रुपये खाते में डलवा लिए। इसके बाद 20 नवंबर 2024 को आरोपी ने एक लाख पांच हजार रुपये नकद भी वसूले। इस दौरान आरोपी के साथ उसके जीजा विवेक धाकरे और दीपक चौहान भी मौजूद थे। उन्होंने फोटो डिलीट करने का वादा किया, लेकिन ऐसा नहीं किया। अब आरोपी फिर से फोटो प्रसारित करने की धमकी देकर पैसे मांग रहा है। साथ ही, युवती के परिजनों को अश्लील गालियां देकर परेशान कर रहा है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# स्वच्छता अभियान को लेकर नगर निगम गंभीर

## नगरायुक्त ने लापरवाही बरतने वाले दो एसएफआई का वेतन रोकने के आदेश दिए

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** मंगलवार को नगरायुक्त अंकित खंडेलवाल ने नाराजगी जताते हुए दो एसएफआई जितेंद्र गौतम एवं मनोज पाल का पन्द्रह दिनों का वेतन रोकने के आदेश दिये हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए कभी भी भारत सरकार की टीम आ सकती है ऐसे में सफाई व्यवस्था में लापरवाही अक्षम्य है। नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ आवास विकास के वार्ड संख्या 75, 69, 47 के अतिरिक्त नगला अजीता वार्ड संख्या 37 में सफाई व्यवस्था और सौंदर्यीकरण के कार्यों का परखा। निरीक्षण के दौरान सीएंडडी वेस्ट,पार्क की सफाई, सौंदर्यीकरण, गड्ढों का पैचवर्क, पार्क की सफाई और हाई मास्ट लगाने के साथ ही रोड पर लगी टाइल्स को रोड के बराबर करके लगाने के निर्देश निर्माण अभियंताओं को दिये। आवास विकास के और कई सैक्टर का निरीक्षण करने के उपरांत अनेक खामियों को दुरूस्त कराने के निर्देश अधीनस्थों को दिये। निरीक्षण के दौरान नगरायुक्त के साथ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. संजीव वर्मा, सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम, जेडएसओ राजीव बालियान, एसएफआई संजीव यादव के अलावा एई सोमेश कुमार भी रहे।



# अमरपुरा में सांसद निधि से होगा नाला निर्माण एवं पुलिया का चौड़ीकरण

## सांसद चाहर ने ग्रामीणों और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के बीच समझौता की सहमति बनाई

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** मंगलवार को फतेहपुर सीकरी लोकसभा के सांसद राजकुमार चाहर ने बिचपुरी ब्लॉक के गांव अमरपुरा में नाले का निरीक्षण किया।

बता दें बीते गांव अमरपुरा में नाले पर सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र सिंह फोगाट अपनी टीम के साथ नाले पर किए अतिक्रमण को तोड़ने गई थी। स्थानीय लोगो के विरोध करने पर सिंचाई विभाग की टीम ने थाने की पुलिस बुलाई थी। पुलिया तोड़े जाने के बाद पुलिस लौट गई। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों द्वारा पुलिस के जाते ही हमला करने का आरोप लगाया। सहायक अभियंता पंकज अग्रवाल की कार ओर जेसीबी के शीशे तोड़ने का आरोप लगाकर गांव के अभिषेक राजपूत, सहित 50 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था। मंगलवार को ग्रामीणों से मिलने एवं पुलिया के निरीक्षण करने सांसद राजकुमार चाहर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को लेकर अमरपुरा पहुंचे। सांसद चाहर ने कहा जो ये नाला है ये क्षेत्र एडीए के अंतर्गत आता है उनका प्रयास होगा क्षेत्र के विकास के एडीए इसका विकास कराए। जिससे यहां का डेवलपमेंट हो सके साथ ही नाले की साफ सफाई व्यवस्थित हो सके। सांसद चाहर ने अमरपुरा के नाले व पुलिया को चौड़ीकरण बनाने को लेकर 25 लाख रुपये सांसद निधि से देने की घोषणा की। साथ ही सांसद चाहर ने ग्रामीणों ओर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के बीच समझौता बनाने की सहमति बनाई। सांसद के इस प्रयास से ग्रामीणजन सांसद निधि से नाले व पुलिया का निर्माण एवं मुकदमा में समझौता बनने की बात पर ग्रामीणजनों ने सांसद चाहर का आभार जताया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गिर्राज सिंह कुशवाहा, महामंत्री शिवकुमार प्रमुख, संजय चौहान, संतोष कटारा, संजय चौहान, संतोष सिकरवार, उमाशंकर माहौर, ठा. भवर सिंह, सहदेव शर्मा, अधिशासी अभियंता करनपाल सिंह, सहायक अभियंता सहित समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।



### एडीए ने ताजगंज वार्ड में सीलिंग अभियान जारी रखा

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** मंगलवार को ताजगंज वार्ड के अंतर्गत क्षेत्रान्तर्गत मुकेश राठौर द्वारा भूखंड संख्या- 144, ब्लॉक बी-1 , सीएनजी पंप के पास फेस- 2, आगरा पर स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर निर्माण करने पर निमार्णाधीन भवन को सहायक अभियंता के नेतृत्व में परिवर्तन टीम व सचल दस्ता के सहयोग से सील बंद क्रियान्वित की गई।



### आज बिजली सप्लाई रहेगी बंद

**फतेहाबाद (भास्कर ब्यूरो)।** अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण फतेहाबाद मृत्युंजय पाठक की सूचना अनुसार दिन बुधवार को 33/11 केवी उपकेंद्र मुरावल पर प्रोटेक्शन कार्य किया जाएगा जिसके कारण 33 केवी उपकेंद्र मुरावल से जुड़े ग्रामो की सुबह 10:00 बजे से 5:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। असुविधा के लिए खेद है।

नाम परिवर्तन

मेरे शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम भूल से अराजू मुदगल ARAJU MUDGAL गलत दर्ज हो गया है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम आरजू मुदगल AARJU MUDGAL लिखा है जो सही है। **आरजू मुदगल पत्नी अभिषेक शर्मा निवासी टीचर्स कालौनी बाह आगरा।**

# नाराजगी: पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जिला अस्पताल के इमरजेंसी गेट पर प्रदर्शन

▶ समस्या को लेकर कर्मचारियों में रोष व्याप्त,

भास्कर ब्यूरो,



मुरादाबाद। देश के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने मंगलवार को यूपीएस यूनिफाइड पेंशन स्कीम व पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रदर्शन किया। हेमन्त चौधरी ने कहा केन्द्र सरकार द्वारा यूपीएस यूनिफाइड पेंशन स्कीम का गजट जारी किया है। इसके विरोध में आज जिला चिकित्सालय मुरादाबाद में समस्त विभाग के कर्मचारियों ने युपीएस व एनपीएस को लेकर प्रदर्शन किया।

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सन्दीप बडोला ने बताया कि एक जनवरी 2004 को केंद्र सरकार द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर शेयर बाजार पर आधारित नई पेंशन व्यवस्था को लागू कर देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की भविष्य की सुरक्षा पूंजीपतियों के हवाले किया गया जो पूर्णतः असंवैधानिक है।

नई पेंशन व्यवस्था के अंतर्गत सेवानिवृत होने वाले शिक्षक कर्मचारी आज आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। यूपीएस नई पेशन स्कीम से भी खराब है दोनों स्वीकार नहीं है।

अटेवा जिला महामंत्री हेमन्त चौधरी ने बताया पुरानी पेंशन कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा के साथ बुढ़ापे का सहारा है। सरकार ने इसे छीन लिया है। कर्मचारी पुरानी पेंशन की माँग कर रही है, सरकार पुरानी पेंशन न देकर यूपीएस लेकर आयी है जिसे लेकर कर्मचारियों में रोष उत्पन्न है। पुरानी पेंशन के अलावा कुछ स्वीकार करने के मूड में नहीं है। अटेवा के जिला महामंत्री ने कहा कर्मचारी शिक्षकों को पुरानी पेंशन की व्यवस्था को बहाल किया जाए, उन्होंने कहा नई पेंशन स्कीम व यूपीएस कर्मचारियों के लिए छलावा है। 30 से 40 वर्ष की सेवा करने के पश्चात कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर मात्र दो रुपए 2000 की पेंशन मिल रही है जिससे सेवानिवृत्ति के पश्चात कर्मचारियों का जीवन अंधकारमय हो रहा है।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से राजकीय नर्सेज संघ की अध्यक्ष पूनम मैसी जिला मंत्री प्रतिमा शर्मा, शशांक शाही, सुशील, पुष्पा, अर्चना, मीनाक्षी, सीमा भारती, योगेश राजपूत, शिवप्रसाद रतूड़ी, राजेश पाठक, सुशील, शशांक साही, पंकज पाण्डेय, हरीश चौहान, संजीव, मक़सूद, शेखर आदि मौजूद रहे।

डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप बडोला ने जानकारी देते हुए बताया पूर्व में उनके द्वारा प्रदेशभर के जिलों में जिले के जनप्रतिनिधियों, आला अधिकारियों के साथ जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जा चुका है। यह आंदोलन का चौथा चरण है। अगर अब भी उनकी मांग नही पूरी की जाती हैं तो लखनऊ कूच किया जाएगा।

## विवाहिता को जहर देकर हत्या, एफआईआर दर्ज

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। जिला रामपुर टांडा के क्षेत्र रफातपुर निवासी धर्मपाल के पुत्र विवेक कुमार ने इंस्पेक्टर भगतपुर को शिकायत करते हुए बताया कि उसकी बहन काजल की शादी भगतपुर के गांव आंदोनंगली निवासी सूरजभान के पुत्र दिनेश के साथ की गई थी।

शादी के बाद से ही कम दहेज लाने पर उसे तरह तरह से पीड़ा देते हुए गत 24 जनवरी के दिन उसकी बहन को जहरीला पदार्थ पिलाकर उसकी हत्या कर दी गई। मृतका के भाई की तहरीर के आधार पर इंस्पेक्टर भगतपुर द्वारा पति दिनेश जेठ नरेश सूरजभान के तीसरे पुत्र हरि सिंह और पुत्री रूबी के खिलाफ दहेज हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इन सभी आरोपियों के खिलाफ नए कानून की धाराओं में यह कार्यवाही अमल में लाई गई हैं। इंस्पेक्टर भगतपुर का कहना है। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में दविश दी जा रही हैं। जल्द ही इन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




# नगला ताहर के 60 भक्त महाकुंभ में लगाएंगे आस्था की डुबकी

▶ महंत विकास नाथ गुरुजी महाराज ने झंडी दिखाकर बस को किया रवाना,

भास्कर ब्यूरो



डिलारी। गांव नगला तहार के भक्त महाकुंभ की आस्था में डुबकी लगाने के लिए रवाना हुए। जिसमें आज भगवाधारी विकास नाथ गुरुजी मठ के मंदिर मां दक्षिणेश्वरी काली गोरखनाथ सिद्ध मंदिर बाजपुर धाम उत्तराखंड गांव नगला तहार पहुंचे।

भक्तों को जागरुक करते हुए गुरु जी महंत विकास महाराज जी ने बताया कि मां बाप की सेवा करना ही सबसे बड़ा कर्म है। जैसी शिक्षा हम बच्चों को देने बच्चे वैसे ही सीखेंगे। महंत विकास नाथ गुरुजी महाराज ने आगे बताया कि शराब आदि अन्य नशे से दूर रहना चाहिए और भगवान की पूजा के लिए कुछ समय निकाल लेना चाहिए जैसी शिक्षा आपके द्वारा बच्चों को की जाएगी बच्चे भी वैसे ही शिक्षा प्राप्त करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि आज पूरी दुनिया प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ की आस्था में डुबकी लगा रही है। हमारा सौभाग्य है कि बरसों बाद हमारे समय में प्रयागराज का महाकुंभ चल रहा है वहां पहुंचकर यह प्रेरणा ले कि वहां से लौटकर कोई भी ऐसा कार्य नहीं करेंगे जो कि गलत हो। गुरुजी ने आगे बताया बहू बेटियां घर की लक्ष्मी है इनका सम्मान करोगे तो धन की वर्षा खुद होने लगेगी। गुरु जी ने भक्तों को जागरुक करते हुए आगे बताया कि आज हम देखते हैं कि वृद्धाश्रम हर जगह बने हुए हैं इसकी क्या जरूरत है आप बुजुर्ग मां-बाप की घर पर ही सेवा कीजिए क्योंकि उन्होंने आपको जन्म दिया है वह आपके ऊपर बोझ नहीं है। गुरु जी ने सभी भक्तों को सही मार्ग दिखाते हुए गांव के लगभग 50 से ज्यादा अधिक भक्तों को महाकुंभ के लिए रवाना किया।

इस मौके पर प्रधान पति राशिद मियां, रोहतास सिंह, अशोक कुमार, चंद्रपाल सिंह, ओमवीर सिंह, अनिल कुमार, काफी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे

## 50 हजार की नकदी सहित गाय चोरी, चार पर मुकदमा

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद । थाना मूंढापांडे के इलाके गांव सलेमपुर निवासी प्रताप सिंह ने इंस्पेक्टर मूंढापांडे राम प्रसाद शर्मा को शिकायत करते हुए बताया गत 25 जनवरी की रात लगभग 3 बजे चोर घर में घुसे और कमरे में रखी अलमारी के ताले तोड़कर लॉकर से 50 हजार रुपयों की नगदी और आंगन में बंधी कीमती दुधारू गाय चुरा कर ले गए हैं। इंस्पेक्टर मूंढापांडे द्वारा पीड़ित प्रताप की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इतना ही नहीं इंस्पेक्टर मूंढापांडे द्वारा पीड़ित के घर के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखकर चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किए जाने के आदेश भी दिए हैं। गांव पँहुची पुलिस ने सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने का काम शुरू कर दिया है।




# बोली मां, बच्ची को अपने साथ रखने के लिए किया अपहरण

▶ मामले में दोनों पक्षों को आमने सामने बैठाकार होगी वार्ताः मनीष सक्सैना,

भास्कर ब्यूरो,



मुरादाबाद। थाना सिविल लाइन के क्षेत्र कांठ रोड़ स्थित माल के सामने से कपड़ा कारोबारी के बच्चे का अपहरण कर लिया गया है। यह सूचना सिविल लाइन पुलिस को दी गई थी।



एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि जब माल के सामने लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई पता चला बच्ची को उसकी मां ही छीनकर ले गई हैं। इंस्पेक्टर सिविल लाइन मनीष सक्सेना ने बताया कि बच्ची की माँ से संपर्क कर लिया गया है और दोनो पक्ष के लोगों को थाने बुलाया गया है। उन्होंने कहा बच्ची पर कानून के अनुसार मा का ही अधिकार है। दोनों पक्ष के बीच समझौता कराए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इंस्पेक्टर सिविल लाइन मनीष सक्सेना ने बताया कि बच्ची की मां का साफ कहना है । वह बच्ची को अपने साथ रखना चाहती हैं। उन्होंने कहा अभी क्योंकि आरोपी महिला बच्ची की माँ है। इसलिए समझौता कराए जाने की कोशिश की जा रही हैं। वरना उनके पास सभी साक्ष्य मौजूद हैं। जिसमें महिला बच्ची को छीनकर ले जाते हुए साफ नजर आ रही हैं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाः 20 मुस्लिम सहित 201 जोड़ों की हुई शादी

भास्कर ब्यूरो,



स्योहारा। खंड विकास कार्यालय द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 20 मुस्लिम लड़कियों सहित 201 हिंदू मुस्लिम जोड़ों की शादी संपन्न की गई।

सोमवार को धामपुर रोड स्थित एक विवाह मंडप में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 181 हिन्दू व 20 मुस्लिम जोड़ों सहित 201 जोड़ों की शादी कराई गई। इससे पूर्व मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। शांति कुंज परिवार से आये पंडित रुपेन्द्र कुमार व चारुल सिंह ने विधि विधान के साथ विवाह की रस्मे पूर्ण कराई। शासन की ओर से सभी कन्याओं को बर्तन व कुछ चांदी की चीजें भी शगुन के तौर पर भेंट की गई। भाजपा विधायक धामपुर अशोक कुमार राणा, स्योहारा ब्लोक प्रमुख उज्जवल चौहान व खंड विकास अधिकारी रामकुमार ने सभी वर वधु को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा कि भाजपा सरकार कन्या के जन्म से लेकर उसके विवाह तक की जिम्मेदारी के लिए तरह तरह की अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब कन्याओं की शादी होने से माता पिता का काफी खर्च बचता है।

ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान ने कहा कि भाजपा बिना भेदभाव किये सभी वर्गों के लिए अनेक योजनाएं लागू कर रही हैं। कार्यक्रम का संचालन आशीष कुमार ने किया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, एडीओ पंचायत राजनारायण सिंह, एडीओ सहकारिता उदय भान यादव, एडीओ समाज कल्याण अरुण कुमार, मोहम्मद आदिल ग्राम प्रधान, यामीन अहमद, नोडल अधिकारी राजवीर सिंह, आशीष कुमार, गजपति सिंह, माधव राणा, अमित कुमार, विपुल कुमार, शुभम कुमार, विवेक राजपूत, कविराज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## सार सुर्खियां

### राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर समस्त शिक्षकों ने व्यक्त किया हर्ष

भास्कर ब्यूरो, बिलारी। सुशील कुमार पांडे को प्राथमिक शिक्षक संघ के 28 राज्यों के प्राथमिक शिक्षकों के प्रतिनिधियों द्वारा सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। इस खुशी के मौके पर जिला अध्यक्ष रोहित कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि सुशील कुमार पांडे का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना उत्तर प्रदेश के समस्त शिक्षकों के लिए सम्मान एवं गौरव का पल है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रोहित कुमार मिश्रा, जिला मंत्री रविकांत गहलोत, ब्लॉक बिलारी अध्यक्ष सतपाल सिंह, ब्लॉक मंत्री चरित्र कुमार, पपीन चौधरी, सुबोध शर्मा, हिंद वीर, जयपाल, पवन गौड़ मोहर सिंह, सूरज सिंह, अरुण, संसारी सिंह, अजरा शाहीन, विनीत चौहान, मयंक, मनीष कौशिक, अनस रजा, रवि कुमार यादव आदि सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।



### कमलेश आर्य सनातन समरसता महाकुंभ पुरस्कार से सम्मानित

भास्कर ब्यूरो, मंडावली। आर्य सुगंध संस्थान मुस्सेपुर की प्रबन्धिका कमलेश आर्य को सनातन समरसता महाकुंभ पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। निरंतर समाज सेवा में लगी हुई श्रीमती कमलेश आर्य को जीवन भर अनाथ दिव्यांग बेसहारा बच्चों एवं वृद्धों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा महा कुंभ में सम्मानित विभूषित किया गया। जिससे संस्थान में खुशी की लहर दौड़ गई । सभी बच्चों बड़ों ने भी पुष्प भेंट कर कमलेश जी को बधाई दी। कमलेश जी को श्रेष्ठ कार्यों के लिए समाज के लोग समय-समय पर सम्मनित करते रहते हैं। आश्रम के बच्चों व स्टाफ ने प्रबन्धिका कमलेश आर्य को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। बच्चों की सेवा के लिए घुमने आये इटली से मेथियोन कैसीनो, जर्मन से इरिना ने पुष्प भेंट कर कमलेश जी को सम्मानित किया। कमलेश आर्य ने आश्रम में सबके साथ खुशियाँ बांटी। इस अवसर पर संस्थान में प्रधानाचार्य गर्जना आर्य ,उपप्रधानाचार्य रजनी शर्मा, साहिबा, गगन, सिद्धार्थ, फरहाना, सुमायला, अश्विनी कुमार और समस्त आश्रम परिवार उपस्थित रहा और आश्रम में मिठाई बाटी और खुशियां मनाईं।



# 2027 में पीडीए की ताकत से बनेगी सपा सरकार : विधायक हाजी फहीम इरफान

भास्कर ब्यूरो,



बिलारी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में चलाए जा रहे पीडीए जागरूकता अभियान के तहत विधानसभा बिलारी के गांव मुंडिया राजा में मंगलवार को पीडीए जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने पीडीए को एकजुट करने का आह्वान किया। कहा कि 2027 में पीडीए की ताकत से सपा की सरकार बनने जा रही है, कहा कि पीडीए की ताकत की बदौलत ही 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने प्रदेश में सर्वाधिक 37 सीटों पर जीतकर देश की नंबर तीन की पार्टी बनने का एजाज हासिल किया।

विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने आगे कहा कि पीडीए समाज को आपस में बांटने का प्रयास भाजपा सरकार कर रही है। कहा कि पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों तथा पीड़ित व्यक्तियों तक बाबा साहेब के विचारों को पहचाने, एकजुट करने तथा उनके अधिकारों से अवगत कराना आवश्यक है। कैंप में सामाजिक न्याय, आरक्षण, बेरोजगारी, महंगाई, जातीय जनगणना तथा स्थानीय मुद्दा पर चर्चा की गई। कैंप के अंत में पीडीए समाज को अधिकार तथा भागीदारी दिलाने का संकल्प दिलाया गया।

इस अवसर पर कैंप में प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ यादव, सत्तार मलिक, सगीर मलिक, गंगाराम जाटव, बदाम सिंह जाटव, प्रेम पाल जाटव , मुकुल यादव, जयपाल सिंह चौधरी, छाया जाटव, बृज पाल चौधरी, सुमित चौधरी, कमल मौर्य, राहुल प्रजापति, हसमत अली, रईस सलमानी, तस्लीम कस्सार, शफीक इदरीसी, अशरफ अली अंसारी, सैफ अली, नसरूल इस्लाम, रवि शर्मा, चिराग अग्रवाल आदि समेत बड़ी संख्या में पीडीए परिवार के लोग मौजूद रहे।

# सौर ऊर्जा का ठेका दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी, तीन पर मुकदमा

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद। थाना सिविल लाइन के क्षेत्र पोस्ट काजीपुरा निवासी मौहम्मद शमीम ने एसएसपी सतपाल अंतिल के दरबार में पेश होकर बताया कि लखनऊ निवासी वीर सिंह उर्फ सुधीर अमित श्रीवास्तव और जिला बनारस निवासी चन्द्र प्रताप सिंह ने उसे ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा का ठेका दिलाने के नाम पर सौदा तय किया था। जिसमें फर्जी दस्तावेजों के आधार पर तीनों आरोपियों द्वारा उससे साढे पांच लाख रुपए की मोटी रकम वसूल कर ली गई। गत दो बर्ष पूर्व 10 जनवरी 23 से 16 नबंवर 23 तक यह रकम उनको अलग अलग तरीके से दे दी गई लेकिन रकम देने के दो साल बीत जाने पर भी उसे किसी तरह का कोई ठेका नही मिल पाया है। पीड़ित ने एसएसपी सतपाल अंतिल को दिए प्रथना पत्र में इन तीनो आरोपियों पर पैसा वापस मांगने पर इनके द्वारा गाली गलौज मारपीट के साथ जान से मारने की धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया है।



एसएसपी सतपाल अंतिल ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर सिविल लाइन मनीष सक्सेना को इस मामले में तत्काल तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज किए जाने के आदेश दिए। एसएसपी के आदेश व पीड़ित की तहरीर के आधार पर अलग अलग सात संगीन अपराध की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं। इन तीनों आरोपियों पर धोखाधड़ी की धाराओं के साथ मारपीट , गाली गलौज और जान से मारने की धाराओं में यह रिपोर्ट कल रात दर्ज कर ली गई हैं।

## 30 जनवरी को आयोजित की जाएगी कार्यशाला

भास्कर ब्यूरो, ठाकुरद्वारा। गन्ने की फसल में लाल सड़न रोग एवं अन्य कीट/रोगों की रोकथाम हेतु एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र, मलपुरा लक्ष्मीपुर पर को गन्ने के सम्बंध में एक विशेष कार्यशाला का 30 जनवरी को आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला क्षेत्र के गन्ना कृषको के लिए अति महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में गन्ना शोध संस्थान, काशीपुर के वैज्ञानिक, जिले के अधिकारी तथा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एक मंच पर किसानों की गन्ने से सम्बन्धित सभी समस्यओं जैसे लाल सड़न रोग, का निराकरण करेंगे, साथ ही बसंत कालीन समय मे गन्ने के सही बीज का चयन, गन्ने की प्रजातियों, बीज शोधन, भूमि शोधन आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी, डॉ रवींद्र कुमार द्वारा दी गई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत दौलतपुर अजमतपुर वि0 खं0 मूढांपाण्डे (मुरादाबाद)**

पत्रांकः मीमो/ग्राम निधि/निविदा पत्रावली / 2024-25 — दिनांक 28-01-2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत- दौलतपुर अजमतपुर में ग्राम निधि/मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्नलिखित कार्य कराये जाने के लिए उच्चकोटि की निम्नलिखित तालिका में अंकित सामग्री की आपूर्ति मांग के अनुसार निर्माण स्थल पर करने हेतु मोहरबन्द निविदाए पृथक-पृथक दिनांक- 28/01/2025 से दिनांक 04/02/2025 की अपरान्ह 11.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 04.02.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे उपस्थित निविदादाओं के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय हसनगंज में खोली जायेगी । निविदा प्रपत्र एवं शर्ते दिनांक 04.02.2025 की अपरान्ह 11.00 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस में संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय से क्रय कर, यहाँ रखे निविदा बॉक्स में जमा कर सकते है । सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगी । उपरोक्तानुसार निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार संबंधित ग्राम सचिव में निहित होगा ।

| क्र० स० | कार्य का नाम | Name of Item | धरोहर राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सुबान के घर से इकरार के घर तक नाली व सी सी टाइल्स कार्य | M150 Class Bricks, Cement, 2.25 FM Coarse Sand, 40MM Brick Blast, 20MM Stone Grit 80MM CC tile etc | 10000 | 100 |
| 2 | जाबिर के मकान से शकूर के घर तक नाल व सी सी टाइल्स कार्य | M150 Class Bricks, Cement, 2.25 FM Coarse Sand, 40MM Brick Blast, 20MM Stone Grit 80MM CC tile etc | 5000 | 100 |
| 3 | अनीस के घर से असी अहमद के घर तक नाली व सी सी टाइल्स कार्य | M150 Class Bricks, Cement, 2.25 FM Coarse Sand, 40MM Brick Blast, 20MM Stone Grit 80MM CC tile etc | 5000 | 100 |

ग्राम प्रधान / सचिव - ग्राम पंचायत दौलतपुर अजमतपुर
वि.खं. मूढांपाण्डे (मुरादाबाद )

# विधुत विभाग की मनमानी को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## नाराज संयुक्त किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं ने विरोध में की नारेबाजी

भास्कर ब्यूरो,



ठाकुरद्वारा। मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा कमेटी अध्यक्ष सरदार जसवंत सिंह के नेतृत्व में अनेक कार्यकर्ता तहसील गेट पर इकट्ठा हुए तथा विद्युत विभाग एवं उपखंड अधिकारी के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए तहसीलदार के कार्यालय के समक्ष पहुंचे।

इस दौरान किसान नेता प्रीतम सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली विभाग के द्वारा मनमानी की जा रही है तथा उपभोक्ताओं की लगातार जेबों पर चूना लगाया जा रहा है।विद्युत बिलों की गड़बड़ी, खराब मीटरों का न बदलना, बिजली कटौती, एक ही नाम पर डबल फर्जी कनेक्शन करना आम हो गया है। अपनी मांगों से संबंधित मांग पत्र तहसीलदार भूपाल सिंह को सोपा जिसमें कहा गया कि मुंशीगंज के कश्मीर सिंह तथा रामनावाला के बलवीर सिंह के नाम विभाग के द्वारा डबल कनेक्शन कर दिए गए और उपभोक्ता अपने घर पर लगे हुए कनेक्शन के अनुसार समय-समय पर बिल जमा करते आ रहे हैं लेकिन विधुत उपखंड अधिकारी मनमानी करते हुए आरसी जारी करवाकर फर्जी कनेक्शन की धनराशि जबरदस्ती जमा करवाना चाहते हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि अगर दोनों उपभोक्ताओं के नाम पर किए गए फर्जी कनेक्शन समाप्त न किए गए और साथ-साथ जारी की गई वसूली की आरसी को तत्काल समाप्त न किया गया तो कार्यकर्ता तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर होंगे और ऐलान किया गया कि विद्युत विभाग की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान तहसीलदार ने विद्युत संबंधित समस्याओं का उपखंड अधिकारी से तत्काल समाधान करवाने का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर सरदार जोगिंदर सिंह, हरपाल सिंह, सुखविंदर सिंह, हजूर सिंह, गगनदीप सिंह,सुखवंत सिंह, अर्जुन सिंह, नरेश सिंह, रवि चौहान, पलविंदर सिंह, आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी खतौली (मु.नगर)**

पत्रांकः 2595 /लेखा–वि0नि0/2024–25 — दिनांक : 20.01.2025

**अल्प कालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि खण्ड विकास अधिकारी खतौली की ओर से विधायक निधि योजनान्तर्गत धन की प्रत्याशा में, निम्नलिखित निमार्ण कार्यो पर निविदाये राज्य सरकार के समस्त राजकीय विभागो में पर्जीकृत ठेकेदारो से उनकी पंजीकरण सीमा अन्तर्गत दिनांक 07–02–2025 की अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रतिशत दर पर मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र दिनांक 07–02–2025 की पूर्वाहन 12.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। निमार्ण कार्यो की अरनेस्ट मनी/जमानत राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 या एन. एस. सी. के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी खतौली के पक्ष में बन्धक कराकर एवं समस्त अभिलेख निविदा के साथ जमा की जानी है। निविदाए दिनांक 07–02–2025 को अपराह्न 03 :00 बजे ब्लाक स्तरीय समिति के द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। कोई भी निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा सर्शत स्वीकार नही होगी। किसी भी विवाद के उत्पन होने की दशा में न्याय क्षेत्र मुजफ्फरनगर ही मान्य होगा । कार्य इस विकास खण्ड के अवर अभियन्ता (ग्रा0अभि0वि0) की देखरेख में कराया जायेगा , तथा उनके सत्यापन के उपरान्त ही भुगतान देय होगा । कार्यादेश प्राकल्लंन की धनराशि की तकनीकी स्वीकृति के आधार पर जारी किये जायेगे। किसी भी प्रकार की जानकारी किसी कार्यदिवस में कार्यालय से की जा सकती है। यदि निविदा खुलने के दिन किसी भी प्रकार सार्वजनिक अवकाश देय होता है तब निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

| क0 | कार्य का नाम | कार्य की धनराशि एवं जी.एस.टी. | कार्य की कुल धनराशि | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम नावला में स्वास्थय केन्द्र में शीतल पेयजल हेतु वाटर कूलर की अवस्थापना का कार्य | 188972+34015 | 222987 | 3779 | 654 | 3 माह |
| 2 | सठेडी में जवाहर लाल नेहरू स्मृति ई0का0 के बाहर वाटर कूलर की अवस्थापना का कार्य | 188972+34015 | 222987 | 3779 | 654 | 3 माह |
| 3 | ग्राम गगधाडी में हरि सिंह के घर से शमशान की ओर जाने वाले रास्ते पर सीसी रोड निर्माण कार्य | 988905+178003 | 1166908 | 19778 | 1716 | 3 माह |
| 4 | ग्राम शाहबाजपुर तिगाई में जाकिर के मकान से होली चौक की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य | 366431+65958 | 432389 | 7329 | 890 | 3 माह |
| 5 | ग्राम वार्जिदपुर खुर्द में बारात घर | 989868+178176 | 1168044 | 19797 | 1716 | 3 माह |
| 6 | खतौली में सराफन मौहल्ले वाले कब्रिस्तान में हाईमास्ट अवस्थापना का कार्य | 271612+48890 | 320502 | 5432 | 772 | 3 माह |

खण्ड विकास अधिकारी
खतौली (मु.नगर)




# इंदिरापुरम में तीन दिवसीय अतिक्रमण हटाओ अभियान

## नगर आयुक्त ने टीम का किया गठन, पुलिस बल का रहेगा सहयोग

- अधिकारियों ने बनाई कार्य योजना,
- अपर नगर आयुक्त ने निर्माण स्वास्थ्य तथा जोनल प्रभारीयों से की संयुक्त बैठक





**भास्कर ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा इंदिरापुरम क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों को तेजी देने के लिए कार्यवाही की जा रही है नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में इंदिरापुरम के अवैध अतिक्रमण हटाने हेतु तीन दिवसीय महा अभियान भी चलाया जा रहा है जिसके लिए निर्माण, स्वास्थ्य, उद्यान तथा जोनल प्रभारी की टीम को शामिल करते हुए टीम का गठन किया गया है` खास बात यह है कि अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को कार्य योजना बनाते हुए कार्यवाही प्रारंभ करने की आदेश दिए गए हैं।

### शिकायतों के बाद एक्शन में नगर निगम

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि इंदिरापुरम क्षेत्र से अवैध अतिक्रमण की शिकायती प्राप्त हो रही है जिसका संज्ञान लेते हुए गाजियाबाद नगर निगम नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार 29 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक तीन दिवस का महा अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाएगा

### दोपहर 2:00 से 5:00 तक अभियान चलेगा

इंदिरापुरम क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्गो से रेहड़ी पटरी, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, ग्रीन बेल्ट पार्कों से अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही की जाएगी, प्रतिदिन दोपहर 2:00 से 5:00 तक अभियान चलेगा पुलिस बल में महिला पुलिस भी शामिल रहेगी।

### समस्त जोनल प्रभारी के साथ-साथ उद्यान निर्माण स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर रहेगी

समस्त जोनल प्रभारी के साथ-साथ उद्यान निर्माण स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर रहेगी सभी विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर इंदिरापुरम क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का महा अभियान चलेगा प्रभावी कार्यवाही के लिए पुलिस विभाग को भी सूचित किया गया है।

### अवैध अतिक्रमण के साथ-साथ बेतरतीब वाहनों के खड़े करने पर भी कार्यवाही

अवैध अतिक्रमण के साथ-साथ बेतरतीब वाहनों के खड़े करने पर भी कार्यवाही की जाएगी, बैठक में सभी जोनल प्रभारी निर्माण विभाग के सहायक अभियंता उद्यान विभाग के उद्यान पर्यवेक्षक, समस्त जोन के सेनेटरी इंस्पेक्टर भी उपस्थित रहे।

# गंगा वैली फार्म एंड कॉटेज का हुआ शुभारंभ




**भास्कर ब्यूरो**

**गढ़ मुक्तेश्वर।** दिल्ली से एक घंटे की दूरी पर स्थित गंगा वैली प्रोजेक्ट का शुभारंभ गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पूर्व मंत्री डी.पी यादव व हरेंद्र सिंह तेवतिया विधायक गढ़मुक्तेश्वर के द्वारा किया गया, इस अवसर पर डॉ. संजीव गर्ग, पूर्व विधायक कमल मलिक व प्रमोद नागर जिला पंचायत अध्यक्ष हापुड़,वर्षा यादव जिला पंचायत अध्यक्ष बदायूं सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे, मुख्य अतिथि डी.पी यादव ने अपने विचार रखते हुए हमें प्रकृति से प्रेम करने व आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ व तनाव रहित रखने के लिए लोगों को इस प्रकार के वातावरण में रहने के लिए कहा, उन्होंने कहा गांव में रहने वाले व्यक्ति का स्वास्थ्य शहरों से अच्छा रहता है, क्योंकि वो प्रकृति के नजदीक रहते हैं और परिश्रम करते हैं, गंगा वैली में आकर शहर के लोग भी साफ हवा, धूप व पानी मिल सके, प्रोजेक्ट के बारे में आयोजकों ने बताया की दिल्ली, गाजियाबाद एन.सी.आर के लोगों के सिर्फ एक घंटे की दूरी पर गंगा वैली स्थित है, यहां पर लोग फार्म हाउस में कॉटेज खरीद कर अपना सेकंड होम बना सकते हैं और प्रत्येक वीकेंड पर अपने परिवार सहित आकर रह सकते हैं जहां पर अनेक प्रकार के प्रदूषण से राहत मिलेगी और शहरों की तेज जिंदगी से मुक्ति मिलेगी, उनके स्वास्थ्य के साथ उनके कार्य क्षमता भी बढ़ेगी, यूरोप व यू.एस के लोग इसी प्रकार का जीवन जीते हैं, पांच दिन का काम दो, दिन पूरा आराम, प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानने के लिए आप कंपनी में संपर्क कर सकते हैं, इस अवसर पर मेहमानों के लिए घोड़ा गाड़ी, ऊंट गाड़ी व घोड़ियों का डांस व बच्चों के लिए जादूगर व संस्कृति कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, कार्यक्रम में कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की जिसमें मनोज गुप्ता पत्रकार , आमोद गुर्जर जिला पंचायत अध्यक्ष, जितेंद्र यादव पूर्व एमएलसी, स्थानीय प्रधान प्रमुख व कॉरपोरेट सेक्टर के कई व्यापारी भी शामिल रहे, कार्यक्रम का आयोजन फाइव इंफ्रा कंपनी के डायरेक्टर सिकंदर यादव, रवि कुरील, रोहित प्रताप, संजय व यतेंद्र चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## गुरुग्राम में अपने दिव्य प्रवचन देंगे सुधांशु जी महाराज

**गुरुग्राम ( भास्कर ब्यूरो )।** विश्व जागृति मिशन के तत्वाधान परम पूज्य सुधांशु जी महाराज का दिव्य भक्ति सत्संग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश–विदेश से साधु–संतों को आमंत्रित किया गया है। सनातन धर्म जागृति दिव्य भक्ति सत्संग के कार्यक्रम के आयोजन के लिए 26 जनवरी 2025 को श्री गौरी शन्कर मन्दिर सेक्टर 9 ए गुरुग्राम में बैठक हुई, जिसमें सभी धार्मिक संस्थाएं, सामाजिक संस्थाएं और सनातन धर्म, आर्य समाज सभा के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गुड्डू चौधरी
प्रॉपर्टी डीलर नगला तुल्फी नियर पीतांबरा डिग्री कॉलेज पोहिया घाट दयाल बाग, आगरा
मो. 999762343


समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल दुबे (डायरेक्टर)
(माइ छोटा स्कूल एत्मादपुर आगरा)
मो.-9756080215


समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ नरेंद्र यादव
आरबीएस इंटर कॉलेज भागूपुर एत्मादपुर, आगरा
मो.- 9457282102


समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
योगेश वर्मा (डायरेक्ट)
खुशी लेब कुबेरपुर आगरा
मो.- 7906764970


समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विमल कुमार
(एस एम एस इंटर प्राइजेस)
बास शोभा एत्मादपुर आगरा
मो.9756478826


समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ दुष्यंत यादव
ममता मेडिकल भागलपुर एत्मादपुर आगरा
मो. 8477997311


समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पत्रकार बंटी यादव
मो. 7505243870
(दैनिक भास्कर एत्मादपुर आगरा)


समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ विनूप यादव
सुधा मेडिकल नगला लाले एत्मादपुर आगरा
मो. 9639432993


समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामशेवक त्यागी जी
(एरिया मैनेजर. एच डी एफ सी लाइफ इन्सुरेंस कंपनी संजय प्लेस आगरा)
मो. 9719603149





संस्थापक स्व. महेश प्रसाद अग्रवाल। दैनिक भास्कर के स्वत्वाधिकारी संजय कुमार अग्रवाल के लिए मुद्रक व प्रकाशक अशोक निर्वाण द्वारा विवेक पब्लिशर्स ए–16 सेक्टर–7 नोएडा 201301 से मुद्रित एवं जे–2 बिशनपुरा सैक्टर, 58 नोएडा (उ0प्र0) से प्रकाशित, सम्पादक अशोक निर्वाण* (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी*)। समस्त विवाद नोएडा न्यायालय के अधीन होंगे। वेबसाइट : danikbhaskarup.com आरएनआई नं. UPHIN/2010/33190, संपादकीय कार्यालय : 29, आरडीसी राजनगर निकट जिला न्यायालय व जिला जिलाधिकारी कार्यालय गाजियाबाद–201002 उत्तर प्रदेश, ई–मेल : nirwanjournalist.nirwan7@gmail.com, bhaskarnoidaadvertisement@gmail.com मो. 9711991712, लैंडलाइन +911203166405

# वृहद गो संरक्षण केंद्र का विधायक ने किया लोकार्पण

भास्कर ब्यूरो



**फतेहाबाद।** तहसील फतेहाबाद में तीन वृहद गो संरक्षण केंद्र स्वीकृत करायें ग.ए। जिसमें एक गो संरक्षण केन्द्रों का लोकार्पण हो चुका है। दूसरी वृहद गो शाला का लोकार्पण आज मंगलवार को धनौला कलां में किया जा रहा है। उक्त उद्गार मंगलवार को निबोहरा के गांव धनौला कलां में वृहद गो संरक्षण केंद्र का लोकार्पण करते हुए विधायक छोटेलाल वर्मा ने व्यक्त करते हुए कहा कि पहले 30 रुपए प्रति दिन के हिसाब से गाय के भरण-पोषण करने के लिए दिये जातें थें। मुख्यमंत्री ने अब भरण पोषण के लिए 50 रुपए प्रति दिन के हिसाब से दिया जा रहा है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि गोशाला से दूध देने वाले गोवंश को मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना के तहत गोशाला से ले सकते हैं। और गोवंश के लिए 50 रुपए भरण पोषण के लिए अलग से मिलेंगे। लेकिन शर्त यह है किजब गोवंश दूध देना बंद कर देगी तब आप छोड़ेंगे नहीं।

उन्होंने स्वारा और धनौला कलां के गो संरक्षण केंद्रों की बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य कराने के लिए बीडीओ प्रस्ताव भेजने का काम करें। उन्होंने कहा कि रामपुर से मड़ैया हरलाल तक वर्ष 2022-23 में सड़क निर्माण के लिए 14लाख रुपए स्वीकृत करायें गए थे। परंतु लोक निर्माण विभाग ने कागजों में सड़क बन गई, पैसा भी निकल गया लेकिन धरा पर सड़क निर्माण कार्य नहीं हुआ। इस संबंध में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जांच कराने का काम करेंगे।

## गो संरक्षण केंद्र में लगे झटका के तार

धनौरा कला के गो सरंक्षण केंद्र में तारों की बाउंड्री वॉल के साथ साथ झटका मशीन लगे तार लगें हुए थे। जिस पर विधायक छोटेलाल वर्मा ने कड़ी आपत्ति जताई तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों को झटका तार हटाने के लिए निर्देश दिए गए।

## लोकार्पण से पहले ही कई स्थानों पर टूटी तार फैसिंग

वृहद गो संरक्षण केंद्र धनौला कलां का आज मंगलवार को लोकार्पण विधायक द्वारा किया गया है। जबकि इस गोशाला की बाउंड्री वॉल के लिए की गई तार फैन्सिग कई जगहों पर टूटी हुई दिखी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रंजीत सिंह जादौन,एसडीएम अनिल कुमार सिंह, सीबीओ डा दिलीप कुमार पाण्डेय, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी फतेहाबाद डा विकास सचान, ग्राम प्रधान बहादुर सिंह, प्रधान कौलारा कलां शंकर सिंह, प्रधान स्वारा लोटन सिंह, राजकुमार ने विचार व्यक्त किए गए।

## पानी के हौद में भरा हुआ था गंदा पानी

वृहद गो संरक्षण केंद्र धनौला कलां में वर्तमान में 70 गोवंशीय है। इन गोवंशीय को गंदा पानी पिलाया जा रहा था।इस ओर किसी भी अधिकारी का ध्यान नहीं गया।

## गोशाला में कुत्ते कर रहे थे भ्रमण

वृहद गो संरक्षण केंद्र धनौला कलां में बाउंड्री वॉल कंटीले तारों से न कर साधारण तार लगाने की वजह से गोशाला के अंदर कुत्ते भ्रमण करते हुए देखें गये।

# युवा दंपति सम्मेलन संपन्न: भारतीय कुटुंब व्यवस्था को सुदृढ़ करने का आह्वान

भास्कर ब्यूरो

**शमसाबाद।** मंगलवार को संघ दृष्टि से संबोधित जिला फतेहाबाद में ब्रज प्रांत के कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के अंतर्गत युवा दंपति सम्मेलन का आयोजन खाटू श्याम वाटिका में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 50 युवा दंपतियों सहित कुल 135 लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार सिंह चौहान ने की। मुख्य अतिथि के रूप में संतोष खिरवार (विभाग सह कार्यवाह) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राधा शर्मा (जिला कार्यवाहिका, राष्ट्र सेविका समिति) मौजूद रहीं। आयोजन का संयोजन महेश सिकरवार (जिला संयोजक) और सह संयोजन सत्य प्रकाश गोस्वामी ने किया। मुख्य वक्ता महावीर प्रसाद (प्रांत टोली सदस्य) ने भारतीय कुटुंब व्यवस्था की प्राचीनता और उसकी अद्वितीयता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अनादिकाल से भारत की कुटुंब व्यवस्था समाज को एकजुट और सुदृढ़ करने में सहायक रही है। वर्तमान में इसे व्यवस्थित रूप से संचालित करने और समाज को सुदृढ़ बनाने के लिए कुटुंब प्रबोधन कार्यरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे भारतीय परंपरा और संस्कृति के आदर्शों को परिवारों में पुनर्स्थापित करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से संपर्क करें।

# सार सुर्खियां

## धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व झंडा रोहण कार्यक्रम पतंजलि योग भजन पाठशाला और ध्यानयोग सेवा संस्थान ग्रीन पार्क के संयुक्त तत्वाधान में बड़े ही धूमधाम के साथ सहयोग वाटिका पालीवाल पार्क मनाया गया। इस मौके पर योगाचार्य त्रिलोकीनाथ बंसल सर्वेश, राघव, पवन वर्मा, विनय मंगल की उपस्थिति में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ एक साथ मनाया गया। कार्यक्रम के बाद प्रसादी का वितरण हुआ। जिसमें मुख्य रूप से महक सिंगल, सुरेंद्र कौर, सारिका, दीप्ति गर्ग, चारु, सीमा सोनिया अग्रवाल, विजय, मदन मोहन आदि रहे। पतंजलि योग भजन पाठशाला पालीवाल पार्क के सभी सम्माननीय योग साधक गणों ज्यादा संख्या में आकर कार्यक्रम को भव्य दिव्य बनाया।

## श्रीराम इंटर कॉलेज पर स्पोर्ट्स डे का आयोजन



**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** श्री राम इण्टर कॉलेज, राहुल नगर आगरा में स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सजल भारद्वाज ने ध्वजा रोहन कर एकता का संदेश दिया,मां सरस्वती की प्रार्थना के बाद कॉर्डिनेटर आरती कपूर द्वारा हवा में तिरंगा गुब्बारे उड़ाकर स्पोर्ट्स डे का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के टीम वॉलंटियर कृष, पूजा गौतम, रश्मि, अमन आदि ने स्पोर्ट्स कार्यक्रम का मुख्य भागीदारी निभाई, जिसमें जलेबी दौड़, म्यूजिकल चेयर, सैक रेस, हर्डल्स, चेस, खो-खो आदि प्रमुख रहे। खेल दिवस में विजय छात्र छात्राओं के नाम बुरहान, महिरा, युवराज, महिरा,तानिया, नवीरा, रोहित, कार्तिक, आयुष, देव, निखिल, अनाबिया, ऋचा, आफरीन, निकिता, साक्षी, आदि ने विजय प्राप्त कर मेडल हासिल कीये, विद्यालय स्टाफ में जाकिर अली, रवि कुमार, मोहिनी ,सुखवीर , शुभम जी, गुलनाज, ममता वर्मा, पंकज आदि का मुख्य योगदान रहा।

## मेडल देकर विजेताओं को सम्मानित किया



**खंदौली (भास्कर ब्यूरो)।** गांव पिलीपोखर में डॉक्टर रिंकू की टीम ने दौड़ का मैच कराया। जिसमें सुनील कुमार समाजसेवी प्रदेश प्रभारी भारतीय किसान यूनियन स्वतंत्र मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारम्भ किया। जिसमें 80 बच्चों ने भाग लिया। सर्वप्रथम 10 विजेताओं को समाजसेवी द्वारा सम्मानित किया। जिसमें प्रथम स्थान पर अबदेश सादाबाद ने आये दूसरे स्थान पर शिवशंकर पाल एटा के आये ओर रघुबीर सिंह साशनी से, लव कुमार पटलोनी से, डीके भरतपुर से, बिबेक हाथरस से, कुलदीप पटलोनी से, सतेंद्र फतेहाबाद से, प्रमोद तोडरा से, कुलदीप बघेल आगरा से 10 प्रथम स्थान पर आने वालों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। डॉक्टर रिंकू की टीम में में सुनील कुमार, पुष्पेंद्र उर्फ लल्लू, किशन स्वरूप, लक्की वर्मा, एलन वर्मा, बिबेक फोजी, ब्रजेश कुमार, दीपक वर्मा, मोहित वर्मा, दीपक रेन्सर सामिल रहे।

# युवक के साथ गाली-गलौज कर की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**पिनाहट (भास्कर ब्यूरो)।** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत करकौली गांव निवासी दशरथ पुत्र चिरौंजी लाल ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार शाम करीब 6 बजे वह अपने घर पर बैठा था। इस दौरान पड़ोसी रामू, श्यामू और अभिषेक पुत्र दिनेश उसके घर के बाहर आए और गाली-गलौज करने लगे। जब दशरथ ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उसे गंभीर रूप से चोट पहुंचाई। सूचना मिलते ही पुलिस ने घायल को पिनाहट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल के लिए भेजा और घटना की जांच शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदामा लाल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 351(2), और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है ।

# श्यामो मोड़ होगा चौड़ा, ग्रामीणों में खुशी की लहर

## हटेंगे अतिक्रमण, कटेगा डिवाइडर, सड़क सुधार कार्य शुरू

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** आगरा-शमसाबाद मार्ग पर स्थित श्यामों मोड़ पर अतिक्रमण और सड़क कटाव के कारण हो रही दुर्घटनाओं से जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद है। इस क्षेत्र में जलभराव और सड़क की बदहाल स्थिति के कारण राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। श्यामों रोड के वीपी गौतम इंटर कॉलेज के पास जलभराव से सड़क का कटाव इतना बढ़ गया था कि आए दिन वाहन फिसलने और टकराने की घटनाएं हो रही थीं।

समाजसेवी विजय सिंह लोधी के नेतृत्व में श्यामों स्थित दुर्गा देवी मंदिर पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें दर्जनों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। बैठक में श्यामों मोड़ की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। इसके बाद विजय सिंह लोधी ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के जेई पुष्पेंद्र सिंह से संपर्क किया।

मंगलवार सुबह 11 बजे जेई पुष्पेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ श्यामों मोड़ पहुंचे और पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण किया। मौके पर मौजूद समाजसेवी विजय सिंह लोधी ने समस्या के हर पहलू से अवगत कराया। सर्वे के बाद जेई ने तुरंत अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए और अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी करने की बात कही।

श्यामों मोड़ पर चार मीटर तक डिवाइडर को काटा जाएगा। सड़क के दोनों किनारों पर आधा किलोमीटर तक टैल (सुरक्षा रैलिंग) लगाई जाएगी।

ब्लैक स्पॉट घोषित किए गए श्यामों मोड़ पर हजार्ड और संकेतक बोर्ड लगाए जाएंगे। वीपी गौतम इंटर कॉलेज के पास सड़क कटाव वाले हिस्से की सीसी (कंक्रीट) मरम्मत कराई जाएगी। सड़क पर जलभराव की समस्या को भी जल्द समाप्त किया जाएगा।

जेई द्वारा दिए गए त्वरित निर्देशों के बाद ग्रामीणों और समाजसेवी विजय सिंह लोधी ने अधिकारियों का आभार प्रकट किया। विजय सिंह ने कहा कि इस कार्य के पूरे होने के बाद क्षेत्र में दुर्घटनाओं और राहगीरों की परेशानियों में कमी आएगी।

इस दौरान समाजसेवी विजय सिंह लोधी के साथ मनोज माहौर, महेंद्र सिंह, फूल सिंह तिवारी, बबलू मिस्त्री, बीएल गौतम, राममूर्ति, लालसिंह, वासुदेव और रिंकेश कुमार समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# युवाओं के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास को लेकर सेमिनार आयोजित

भास्कर ब्यूरो



**फतेहाबाद।** मंगलवार को विकास खंड फतेहाबाद पर मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के द्वारा युवाओं को स्वरोजगार एवं व्यवसाय के क्षेत्र में बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत एक सेमिनार का आयोजन श्रम विभाग द्वारा किया गया। इसमें विकास खंड स्तर के समस्त ग्राम प्रधान तथा ग्राम विकास अधिकारी ,ग्राम पंचायत अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं पंचायत सहायकों आदि के माध्यम से ऐसे युवाओं का जो प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। उनका पंजीकरण करने के लिए एक योजना तैयार की गई है।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी रजत कुशवाहा द्वारा उपस्थित सभी लोगों को जानकारी दी गई तथा श्रम विभाग द्वारा युवाओं को जो प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। ऐसे युवा इसके आवेदन से पांच लाख रुपए तक का लोन बिना किसी ब्याज के तथा बिना किसी गारंटी के बैंकों द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। ताकि वह अपने नए धंधे को नए व्यवसाय को आगे बढ़ाने में संकोच नहीं करेंगे। इसी के साथ डॉक्टर प्रमोद कुशवाहा द्वारा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित जानकारी दी गई। नरेंद्र पाल सिंह एडीओ पंचायत द्वारा पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की चर्चा की गई तथा ग्राम विकास अधिकारी हर्षवर्धन प्रशांत द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत हो रहे सर्वे के संबंध में भी संपूर्ण जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में प्रधान संगठन के अध्यक्ष लल्लू राम गुर्जर व अन्य समस्त ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान तथा ग्राम विकास अधिकारी हरिश्चंद्र, संदीप कुमार, राहुल परिहार, धर्मवीर, विनोद कुमार, रणजीत सिंह, रितु यादव, रामविलास, नसीम अहमद उपस्थित रहे।

# पल्लवपुरम थाना प्रभारी मुनेश कुमार को मिलेगा राष्ट्रपति वीरता पदक

भास्कर ब्यूरो



**बाह।** मेरठ के पल्लवपुरम थाना प्रभारी मुनेश कुमार को उनकी बहादुरी और अपराधियों के खिलाफ उल्लेखनीय कार्यों के लिए राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। अपने करियर में बहादुरी और साहस की मिसाल पेश करने वाले मुनेश कुमार ने अपराधियों के खौफ को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई है।

**नामचीन बदमाशों का एनकाउंटर कर बढ़ाया गौरव:** मुनेश कुमार गाजियाबाद में देहात और शहर के दो थानों के प्रभारी रह चुके हैं। इसके बाद मधुबन बापूधाम थाना प्रभारी रहते हुए उन्होंने दो खतरनाक और नामचीन बदमाशों, राकेश दुजाना और बिल्लू दुजाना (दोनों एक-एक लाख रुपये के इनामी), का एनकाउंटर किया। उनकी इसी बहादुरी के चलते उन्हें राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित करने की घोषणा की गई है।

**सीने में गोली खाकर भी नहीं रुके, बदमाश को किया ढेर:** इससे पहले, मेरठ के कंकरखेड़ा बाईपास पर बदमाशों का पीछा करते हुए मुनेश कुमार को सीने में गोली लगी थी। इस गंभीर चोट के बावजूद, उन्होंने बहादुरी का परिचय देते हुए कुछ ही दिनों में ड्यूटी पर वापसी की। ड्यूटी ज्वॉइन करने के बाद उन्होंने अपने ऊपर हमला करने वाले बदमाश को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। इस घटना ने उनकी निडरता और कर्तव्यनिष्ठा को और भी उजागर किया।

# स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी ने श्रीकृष्ण-जन्मभूमि की शोभा बढ़ाई

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** श्रीकृष्ण-जन्मस्थान पर शोभायात्रा में श्रीविश्राम घाट पर यमुना महारानी के भव्य और दिव्य पूजा विद्वान पूजाचार्यों के द्वारा करायी गयी। स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी के दर्शन कर ब्रजवासी और श्रद्धालुजन अल्हादित थे। एस. लक्ष्मीनारायणन एवं श्रीमती सरस्वती लक्ष्मीनारायणन, संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य श्री गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने माँ यमुनाजी का पंचामृत अभिषेक, पुष्प श्रृंगार आदि सामग्री से पूजन किया। तदोरान्त 1008 मंगल परिधानों में सुहागिन महिलाएं कलश धारण कर श्रीमद्भागवत जी की यात्रा में सम्मिलित हुईं। यह दिव्य एवं अलौकिक श्रीमद्भागवत जी शोभायात्रा दोपहर 1 बजे श्रीयमुनाजी एवं श्रीमद्भागवत जी के पूजन-अर्चन के उपरान्त विश्राम-घाट से शुभारम्भ होकर स्वामीघाट, चौक बाजार, मण्डी रामदास, डीगगेट होते हुऐ श्रीकृष्ण जन्मस्थान के मुख्यद्वार (गेट नं0-1) पर पहुंची। इस भव्य शोभायात्रा में श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा, सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, उदार दानदाता एवं भगवत भक्त एस. लक्ष्मीनारायणन एवं उनकी धर्मपत्नी सरस्वती लक्ष्मीनारायणन, प्रबन्धक राजेश पाण्डेय, उप प्रबन्धक अनुराग पाठक, नारायण राय, संजीव भारद्वाज, ओमवीर सिंह एवं अनिलभाई आदि ने विशेष योगदान दिया।

# फतेहपुर सीकरी में सपाइयों ने लगाई पीडीए जन चौपाल

भास्कर ब्यूरो




**किरावली।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी फतेहपुर सीकरी के विधानसभा अध्यक्ष चौधरी प्रदीप मुखिया के नेतृत्व में फतेहपुर सीकरी के ग्राम नगला हीरामन में पीडीए की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष संजीव यादव व संचालन जिला सचिव रामस्वरूप ने किया।

संजीव यादव एवं प्रदीप मुखिया ने सयुक्त रूप से कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम शुरू हो गया है। शीर्ष नेतृत्व द्वारा विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव और वार्डों में कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है। जिसमें पीडीए परिवार को एकत्रित करने और लोगों को पूर्व में सपा सरकार के द्वारा जनहित में किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। इसके अलावा, पदाधिकारी अपने-अपने वार्डों में मतदाता सूची निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेंगे और पीडीए को मतदाता सूची में नाम बढ़ाने का काम करेंगे। साथ ही समाजवादी पार्टी के विस्तार और मजबूती के लिए महत्वपूर्ण बैठक है। इस मौके पर विधानसभा उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह चाहर, नरेश बघेल, सोनू, दीपक, मोहित, सत्य प्रकाश, देवराज, कप्तान, सिंह महावीर, शालू, मानिकचंद, सोनवीर, अमर सिंह, सुनील, रिंकू, चंद्रवीर, सतीश, राजवीर, श्यामवीर, रविंद्र सिंह, श्याम सिंह, नरेंद्र सिंह, भूपचंद, सुरेश, महेंद्र सिंह, योगेंद्र, देवेंद्र, ज्ञानेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सदस्य ने दर्ज कराया एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा

**पिनाहट (भास्कर ब्यूरो)।** वार्ड संख्या 47 के जिला पंचायत सदस्य महेश कठेरिया निवासी नगुपुरा थाना पिढोंरा ने थाना पिनाहट में तहरीर दी। कि सोमवार शाम करीब पांच बजे आगरा से अपनी कार से घर वापस लौट रहा था। तभी भदरोली पुलिस चोकी के सामने अजय, भूरे सिंह एक अज्ञात ने आकर कार रोककर खड़े हो गए। हटने की कहने पर जातिसूचक शब्दों से गालियां देते हुए हाथपाई करने लगे।जहां से बचकर भागने पर जूता फेंककर मारा है। वही पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मुलायम सिंह यादव की स्मृति में अनोखी पहल

# जैतपुर में पब्लिक लाइब्रेरी का उद्घाटन विद्यार्थियों को मिलेंगी सुविधाएं


भास्कर ब्यूरो



**बाह।** शिक्षा से समाजवाद पहल के तहत मुलायम सिंह यादव की स्मृति में नेताजी मुलायम सिंह यादव जनता लाइब्रेरी का मंगलवार को उद्घाटन किया गया। लाइब्रेरी में हाइस्पीड इंटरनेट, वातानुकूलित बैठने की व्यवस्था, किताबें, पत्रिकाएं और हिंदी व अंग्रेजी के अखबार उपलब्ध रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व मंत्री राम प्रताप सिंह शामिल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी आगरा के जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा रहे। मुख्य अतिथि राम प्रताप और विशिष्ट अतिथि श्रीकृष्ण वर्मा ने गणमान्य लोगों के साथ फीता काटकर लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राम प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि श्रीकृष्ण वर्मा, राजबहादुर शर्मा, नरेंद्र भारतीय, अजय कुशवाह, सलमान, डॉक्टर निखिलेश मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष राजेश यादव, महेश वर्मा, चिराग तोमर, विपिन यादव, रमेश कटारा, रामप्रसाद, डब्बल उपाध्याय, प्रहलाद, नंदकिशोर, आदित्य वर्मा, पूरन राजपूत, अंगद सर, संगीता, नारायणी देवी, गीता, नरेंद्र भारतीय, नवीन, सुधांशु गौतम, आशीष बंसल, अंकित बंसल, गुलशन, देवराज आदि मौजूद रहे।

# चिश्ती रहमतुल्ला अलैहे का सालाना उर्स 3 फरवरी को

भास्कर ब्यूरो



**किरावली।** फतेहपुर सीकरी जामा मस्जिद के पीछे स्थित दरगाह हजरत ताजुउद्दीन उर्फ वाले मियां चिश्ती रहमातुल्ला अलेह पर हर साल की तरह इस साल भी आफताब ए दीनो मिल्लत छ माह के पैदायशी वली हजरत शैख ताजुद्दीन उर्फ वाले मियां चिश्ती रहमतुल्लाह अलैहे का एक दिवसीय सालाना उर्स दिनांक 03 फरवरी दिन सोमवार को दरगाह सरकार के सज्जादा नशीन मुतबल्ली हाजी नवाब उद्दीन चिश्ती और हाजी मुकीम चिश्ती जी की सरपरस्ती में पूरी शान ओ शौकत के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर मजार शरीफ से जुड़े प्रबन्धन के लोगों ने उर्स की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उर्स की जानकारी देते हुए संयोजक दरगाह के रुहल अमीन चिश्ती ने बताया कि उर्स की शुरूआत 03 फरवरी को प्रातः दोपहर 03:00 बजे शुरू होकर 4:00 बजे संदल शरीफ के साथ चादर पोशी और गुलाब जल इत्र पेश किया जाएगा, बाद मगरिब 06:00 बजे से लंगर तकसीम किया जाएगा। जिसमें दुआ का एहतमाम किया गया है इसके बाद रात 9:00 बजे से कबालियो का प्रोग्राम व महफिल शमा का आयोजन होगा। जिसमें मशहूर कव्वाल अपना कलाम पेश करेंगे। तत्पश्चात हजरत ताजुद्दीन उर्फ वाले मियां चिश्ती रहमतुल्लाह अलैहे का कुल शरीफ होगा और रंगे महफिल के साथ उर्स का समापन होगा। और साथ ही लंगर तकसीम किया जाएगा। जिसमें 4 फरवरी को सुबह कुरान खानी व फातिहा खानी के साथ समापन किया जाएगा।

# सूरज भास्कर ने कराटे में ब्लैक बेल्ट एग्जाम पास किया

भास्कर ब्यूरो



**बाह।** बिजौली के होनहार युवा सूरज भास्कर, जो कि श्री कृपाल सिंह जी के पुत्र हैं, ने कराटे के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पिछले 5 वर्षों से विशुन मार्शल आर्ट्स अकैडमी, आगरा में अपने कोच विशुन मिश्रा के मार्गदर्शन में कराटे का प्रशिक्षण ले रहे सूरज ने हाल ही में कराटे ब्लैक बेल्ट एग्जाम पास कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। ब्लैक बेल्ट एग्जाम एक कठिन परीक्षा थी, जिसमें सूरज ने 7 से 8 घंटे तक कठोर परिश्रम और कौशल का प्रदर्शन किया। परीक्षा के दौरान 3000 से अधिक किक्स, 3000 से अधिक पंच, 500 पुशअप्स, 50 किलोग्राम से अधिक वजन उठाकर 6 किलोमीटर की दौड़ पूरी की। इसके अलावा, सूरज ने फाइट में तीन प्रतिभागियों को हराकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। इस परीक्षा का आयोजन कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तहत हुआ। एग्जामिनर मास्टर विशुन मिश्रा, जो कि चार बार के अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता हैं, ने सूरज की मेहनत और प्रदर्शन की सराहना की। कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बैकुंठ सिंह और सचिव योगेश कालरा ने सूरज को कराटे ब्लैक बेल्ट एग्जाम पास करने पर बधाई दी।

# जिलाधिकारी ने सफल आयोजनों के लिए सुरेंद्र चौहान को किया सम्मानित

भास्कर ब्यूरो,



सहारनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारीध् जिलाधिकारी मनीष बंसल ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्यक्रम संयोजक व प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसायटी के संयोजक सुरेन्द्र चैहान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही उनकी कार्यशैली की सराहना की। स्थानीय जनमंच सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी मनीष बंसल, उपजिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए वरिष्ठ समाजसेवी सुरेन्द्र चैहान को तालियों की गड़गड़ाहट के बीच स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

गौरतलब है कि वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी सुरेन्द्र चौहान विगत दस वर्षो में संपन्न हुए विधान सभा व लोकसभा चुनाव में एमसीएमसी कमेटी के सदस्य के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं तथा गत् वर्ष भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र के सहयोग से सात किलोमीटर लम्बी पेन्टिंग प्रदर्शनी का आयोजन भी करा चुके है। इसके अलावा श्री चौहान को समाज सेवा के लिए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा भी सम्मानित किया गया था।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, एसपी सिटी व्योम बिंदल, उपजिलाधिकारी सदर अंकुर वर्मा, उपजिलाधिकारी नकुड़ संगीता राघव, नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर श्वेता पांडे, जिला विद्यालय निरीक्षक रेखा सुमन, जिला विद्यालय निरीक्षक हर्ष देव स्वामी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.प्रवीण कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जसबीर सिंह, कार्यक्रम संचालक राकेश शर्मा, सुधीर जोशी, सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण, मीडिया बंधु एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक तथा छात्र उपस्थित रहे।

## बड़ौत हादसे पर राजपूत सभा ने जताया गहरा दुख

भास्कर ब्यूरो,

नानौता। बड़ौत के जैन कॉलेज परिसर में स्थापित दिगंबर जैन आदिनाथ मानस्तम्भ में विराजमान प्रतिमा जी का अभिषेक करने के लिए लगाई गई अस्थाई सीढियां गिरने से हुए हृदय विदारक हादसे पर राजपूत सभा नानौता ने गहरा दुःख प्रकट किया है। मंगलवार को नगर के देवबंद मार्ग स्थित कार्यालय पर राजपूत सभा की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसे सम्बोधित करते हुए सभा के अध्यक्ष डा विक्रम सिंह पुंडीर ने बड़ौत में श्री दिगंबर जैन आदिनाथ मानस्तम्भ में विराजमान प्रतिमा जी का अभिषेक करने के लिए लगाई गई अस्थाई सीढिया गिरने से हुए हृदय विदारक हादसे में मृतक श्रद्धालुओं को गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। साथ ही भगवान से घायलों को जल्द स्वस्थ करने की प्रार्थना की। पूर्व अध्यक्ष रामभूल सिंह ने पुण्यात्माओं की आत्मा को शान्ति की कामना कर शोकाकुल परिवारों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की भगवान से प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष रामभूल सिंह, नेत्रपाल सिंह चैहान, राकेश पुंडीर आदि मौजूद रहे।

# जनसुनवाईः नौ शिकायतों में से पांच का हुआ निस्तारण



भास्कर ब्यूरो,

सहारनपुर। नगर निगम में आज जनसुनवाई के दौरान आई नौ शिकायतों में से सफाई संबंधी पांच शिकायतों का तुरंत निस्तारण कराया गया। जबकि अतिक्रमण संबंधी तीन शिकायतों के संबंध में प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए गए।

नगर निगम में आज अपर नगर आयुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शिकायतों की जनसुनवाई की। सफाई संबंधी पांचों शिकायतों का निस्तारण किया गया। वार्ड नंबर 33 दिल्ली रोड विकास भवन के सामने अनिल नामक दुकानदार ने अपनी दुकान का जलकर व गृहकर ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक को जांच के आदेश दिए गए। इसके अतिरिक्त वार्ड 31 मानकमऊ निवासी मुशर्रफ ने गंगोह रोड़ मानकमऊ में शेड डालकर सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाने का प्रार्थना पत्र दिया। वार्ड 34 प्रद्युमन मगर निवासी सुशील जैन ने एक फोटो स्टेट दुकानदार पर सड़क पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाते हुए अतिक्रमण हटाने तथा वार्ड 43 मछयारों के मोहल्ला निवासी सुहेल ने भी सड़क से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जन सुनवाई में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सार सुर्खियां

### शिव शक्ति मंदिर पर श्री राम चरित्र मानस पाठ का आयोजन



अगवानपुर। नगर पंचायत शिव शक्ति मंदिर पर श्रीराम चरित्र मानस पाठ हुआ मंदिर पर भजन कीर्तन हवन का भी आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों को प्रसाद की वितरण हुआ श्रीराम भगवान के जीवन पर उपदेश दिए गए इस अवसर पर प्रेम पाल सैनी अरविंद सैनी अभिनव गुप्ता राजू अजय शिवम् आदि भक्त जन उपस्थित रहे

### हाजिर नहीं होने पर महिला के घर धारा 82 का नोटिस चस्पा

भास्कर समाचार सेवा। संभल जनपद के कैला देवी थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव निवासी महिला के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर धारा 82 के तहत कार्यवाही करते हुए घर पर नोटिस चस्पा किया गया है। कैलादेवी थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव निवासी सत्यपाल सिंह ने अपनी दूसरी शादी रुपवती के साथ कर ली थी। जिसको लेकर पहली पत्नी ओमवती ने अपने पति सत्यपाल तथा दूसरी पत्नी रूपवती के खिलाफ न्यायालय में वाद दायर किया था। जहां सत्यपाल ने किसी तरह न्यायालय से स्टे लाकर गिरफ्तारी रुकवाली है। लेकिन दूसरी पत्नी रूपवती गिरफ्तार नहीं हो सकी है। संबंधित थाना पुलिस द्वारा लगातार महिला के घर दबिश भी दी गई थी, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। गिरफ्तार नहीं होने पर न्यायालय ने महिला को गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। जिसके आधार पर संबंधित थाना पुलिस ने धारा 82 के तहत कार्यवाही करते हुए महिला के घर पर नोटिस चश्मा कर 30 जनवरी तक हाजिर होने को कहा है।



### पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल ने सीएमओ से मिलकर बतायी समस्याएं

भास्कर ब्यूरो, सहारनपुर। पश्चिम व्यापारी एकता व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा एवं प्रदेश महासचिव अनुज गुप्ता के नेतृत्व में संगठन कार्यकर्ताओ के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रवीण कुमार से मिलकर व्यापारीयों की समस्याओं से अवगत कराया कि कुछ तथाकथित लोगों द्वारा पत्रकार तथा विभागीय अधिकारी बताकर गांव व देहात के दवा विक्रेताओं व चिकित्सकों को परेशान करके अवैध वसूली तथा फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाकर ठगी की जा रही है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चिकित्साधिकारी से एसे लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की है। इस अवसर पर पश्चिमि एकता व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि कुमार, बिजेंद्र गुप्ता, प्रवीण जगा, हाजी शमशेर, अखिल प्रसाद, अमित गुप्ता, विजय कुमार, सुनील कश्यप, नरेंद्र कुमार, सुशील कुमार, डॉक्टर अभिषेक, जसवीर सिंह आदि व्यापारी मौजूद रहे।



### पीडीए पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन

भास्कर ब्यूरो, स्योहारा। अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के आदेशानुसार धामपुर विधान सभा क्षेत्र मे पीडीए चर्चा कार्यक्रम में जोन न. 5 के सेक्टर 13 जोतहिम्मा के ग्राम मुकर पुरी मे पीडीए पर चर्चा की गई। प्रोग्राम के मुख्य वक्ता नईम उल हसन पूर्व विधायक ने पीडीए पर चर्चा करते हुए बताया कि पीडीए के महानायक अखिलेश यादव के साहस से ही आज देश मे भाजपा की कमजोर सरकार है। किसानों, नौजवानो, बेरोज़गार नौजवान व माताओ ओर बहनो पिछड़े दलितो व अल्पसंख्यक की लड़ाई अखिलेश यादव लड रहे है। कार्यक्रम के अध्यक्ष बहादुर अंसारी अध्यक्ष धामपुर विधान सभा ने अध्यक्षता व संचालन एड शमशाद अहमद सैफी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नईम उल हसन पूर्व विधायक का फूल माला पहनाकर स्वागत किया व शेख कमरूल इस्लाम, मेहमूद कससार, सलीम प्रधान मुकरपुरी, हाजी हनीफ सेक्टर प्रभारी, जावेद अख्तर ने अपने विचार रखे। मीटिंग मे फुरकान, अहमद, हरपाल सिह, भारत सिंह, लिल्ला कुमार, परवीन कुमार. कोमल प्रजापति, धर्मवीर सिंह, महेन्द्र सिंह, फारूख, मनोज कुमार, शाहिद अहमद इसरार अहमद, सिकंदर अहमद, नासिर अंसारी, रईस अहमद, मो आलम, साजिद हुसैन, शाकिर अली, शराफत हुसैन, महफूज सागर आदि उपस्थित रहे।





### एस.बी.एस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाई गुडलक पार्टी

भास्कर ब्यूरो, बिलारी। नगर के एस.बी.एस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिलारी में कक्षा 12वीं के लिए फेयरवेल और कक्षा 10 के लिए गुड लक पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9 व 11 के बच्चों ने आकर्षक एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कक्षा 9 से ईरा ,आकांक्षा, अंशी, खुशी, कनिष्का, आकांक्षा चौधरी, अनामिका, अदिति, शिवम, तेजस ,उदित, अर्पित, अक्षत, हृदयांश और पार्थ ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 11 के शौर्य, पुलकित, निशांत ,तनिष्क, प्रसून और अस्मित ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को संगीत मय बना दिया। कक्षा 12 के कुछ विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों और यादों को सबके साथ साझा किया। फेयरवेल पार्टी में कक्षा 12वीं विज्ञान में मिस्टर फैशनेबल का खिताब नावेद को और 12वीं कॉमर्स के अमन को दिया गया। 2024- 25 की बेस्ट स्टूडेंट 12वीं विज्ञान की जूबिया रही। 12वीं कॉमर्स में स्टूडेंट ऑफ द ईयर अनू गुप्ता रही। मोस्ट फेवरेट 12वीं कॉमर्स में निखत रही। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान के प्रसून और आरुषि ने किया, साथ ही 11वीं कॉमर्स की नव्या और खुशबू ने भी सहयोग किया। विद्यालय प्रबंधक राजीव सहाय ने कक्षा 10 एवं 12वीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी साथी कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया

# मथुरा में 71384 परिवारों को दी जाएगी 'संयुक्त पहचान'

भास्कर ब्यूरो, मथुरा। जनपद को 71384 फैमिली आईडी बनाने का लक्ष्य मिला है। जिनमें से 10050 आईडी बनाई गई हैं। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा अपने कार्यालय कक्ष मे फैमिली आईडी की समीक्षा के लिए वीसी का आयोजन किया गया।

> 10050 फैमिली आईडी तैयार, 3819 आवेदन पत्र किये गये निरस्त,

समीक्षा बैठक में जिला अर्थ एंव संख्याधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), समस्त ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सर्वप्रथम जिला अर्थ एंव संख्याधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मे फैमिली आईडी का कुल 71384 का लक्ष्य आवटित किया गया है। जिसके सापेक्ष 10050 फैमिली आईडी बनाई जा चुकी है। जिसमें 5509 आवेदन पत्रों का सत्यापन किया जा चुका है साथ ही 3819 आवेदन पत्र निरस्त किये गये हैं, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा इतनी अधिक संख्या में आवेदन पत्रों को निरस्त किये जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई साथ ही निर्देशित किया गया कि आवेदन पत्रों को निरस्त किये जाने से पूर्व उनकी गहन जांच कराई जाये।



मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिक से अधिक आवेदन कराये जाने के निर्देश दिये गये साथ ही एक सप्ताह मे आवंटित किये गये लक्ष्य के सापेक्ष आवेदन कराये जाने पर विशेष ध्यान दिए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

# सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 237 जोड़े बंध विवाह बंधन में

## एसडीएम व पालिका अध्यक्ष ने नव दंपति को दिया आशीर्वाद

> रामरतन इंटर कॉलेज के मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन,

भास्कर ब्यूरो,

बिलारी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत रामरतन इंटर कॉलेज के मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक जयपाल सिंह व्यस्त रहे

सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम नगर के स्टेशन रोड स्थित रामरतन इंटर कॉलेज के मैदान में हुआ। जिसमें सारी सुविधाओं से लेस पंडाल में एक तरफ सनातन धर्म के द्वारा हिंदू दांपत्य जोड़ों को विवाह बंधन में जोड़ा गया । दूसरी तरफ मौलवियों द्वारा मुस्लिम दांपत्य जोड़ों को निकाह पढ़ाकर विवाह बंधन में जोड़ा गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 252 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन किया गया । जिसमें 237 जोड़े उपस्थित रहे। जिसमें मुस्लिम जोड़ों में 57 जोड़े एवं हिंदू जोड़ो में 180 जोड़े परिणय सूत्र में बांधे। मुस्लिम जोड़ों को मुस्लिम रीति रिवाज से मौलाना द्वारा निकाह पढ़ाया गया। जबकि हिंदुओं को रीति रिवाज अनुसार आचार्य पंडित ओम शास्त्री द्वारा अग्नि के समक्ष मन्त्रोउच्चारण विधि विधान के साथ रस्म अदा कराई गई। सरकार द्वारा विवाह योजना कार्यक्रम में जीवन उपयोग हेतु दान दहेज दिया गया। नगद राशि अनुदान के रूप में भी दी जाएगी। कार्यक्रम में नवयुग जोड़ों के परिजनों के लिए खान-पान की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से मौजूद रहा और व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा। इस दौरान कार्यक्रम में समय-समय पर एसडीएम बिलारी विनय कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी चैतन्य पाठक, एवं समाज कल्याण अधिकारी अनुराज, अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह, एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश सैनी सहित नगर के समाज सेवी आदि उपस्थित रहे।





# भाकियू टिकैत ने संगठन विस्तार को लेकर की पंचायत

> प्रदेश प्रमुख महासचिव बोले - शासन द्वारा किसानों की समस्याओं की हो अनदेखी,

भास्कर समाचार सेवा



संभल। बहजोई विकासखंड के आलपुर मैंथरा में भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने किसान जागरूकता और संगठन विस्तार को लेकर पंचायत का आयोजन किया। जिसमें किसानों की समस्याओं का मुद्दा उठाया गया तथा अधिकारियों द्वारा किसानों की समस्याओं को नहीं सुनने को लेकर चर्चा की गई।

मंगलवार को बहजोई विकासखंड के आलपुर मैंथरा गांव में साप्ताहिक बाजार में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में किसान जागरूकता तथा संगठन विस्तार को लेकर हुई पंचायत में प्रदेश प्रमुख महासचिव ने कहा कि लगातार शासन और प्रशासन द्वारा किसानों की अनदेखी की जा रही है। जिसके चलते क्षेत्रीय किसानों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि तमाम समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं कराया जा रहा।

उन्होंने राशन वितरण में भारी धांधली का भी आरोप लगाते हुए चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में कोई भी राजनीतिक पार्टियां नहीं है। उपस्थित किसानों से संगठन की सदस्यता लेने की अपील करते हुए एकजुट होने को कहा। उन्होंने कहा कि जनपद में खनन विभाग की मिली भगत के चलते भारी पैमाने पर खनन किया जा रहा है। जहां प्रदेश प्रमुख महासचिव के नेतृत्व में सैकड़ो किसानों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की और निजी कार्यों के लिए भ्रष्टाचार से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया।

इस दौरान मंडल संगठन मंत्री जबर सिंह यादव, पश्चिम उप सचिव उदयवीर सिंह यादव, महिला जिला अध्यक्ष गायत्री यादव, बनवारी सिंह जिला अध्यक्ष मनपाल सिंह यादव, नत्थू सिंह यादव, बृजेश कुमार ,डॉक्टर जाकिर, डॉक्टर होराम सिंह ,नरेशपाल सिंह, चंदौसी तहसील अध्यक्ष महेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## बाइक की आमने सामने की टक्कर में एक घायल

भास्कर समाचार सेवा

संभल। संभल के असमोली में मंगलवार देर शाम बाइक के आमने-सामने से टक्कर हो गई जिसमें एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया तथा दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घायल को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नखासा थाना क्षेत्र के ठिलुपुरा गांव निवासी पुष्पेंद्र पुत्र रामवीर व छत्रपाल पुत्र कृष्णा बाइक से मालपुर पट्टी मार्ग पर असमोली गए थे। असमोली में सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर होने से पुष्पेंद्र घायल हो गया तथा दूसरा बाइक सवार फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल पुष्पेंद्र को 108 एंबुलेंस के जरिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पुष्पेंद्र बाइक चला रहा था, जो कि शराब के नशे में था।

# शोरुम की दीवार काटकर ढाई लाख की चोरी, सीसीटीवी कैमरे भी चोरी

भास्कर ब यूरो,

अगवानपुर। थाना सिविल लाइन की चौकी क्षेत्र के सेरुआ धर्मपुर चौराहा स्थित बीत रात अज्ञात चोरों ने अगवानपुर निवासी मोहम्मद अज़ीम के शोरूम में नकब लगाकर ढाई लाख रुपए का सामान और नकदी चुरा ली। पीड़ित मोहम्मद अज़ीम ने बताया रात्रि वह शोरुम का ताला बंद कर के गये थे सुबह जब आकर देखा तो शोरुम के पीछे वाली दीवार कटी हुई थी और शोरुम का सामान इधर-उधर बिखरा हुआ पड़ा था और सामान वह नकदी गायब थी जिसकी सुचना अगवानपुर पुलिस चौकी पर दी गई। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी सुनील कुमार राठी ने घटनास्थल का मौका-मुआयना किया। पीड़ित मोहम्मद अज़ीम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है उनके शोरुम में फ्रिज कुलर बर्तन वह सोने चांदी के आभूषण मिलते हैं रात्रि किसी समय शोरूम की पीछे की दीवार में कुल लगाकर चोर अंदर आए और चोरी को अंजाम दिया है। शोरुम से इलैक्ट्रिक का सामान सोने के आभूषण और 80 हज़ार की नकदी वह शोरुम की पिछली दीवार पर लगे सीसीटीवी कैमरे चोरी हुए है। चौकी प्रभारी सुनील कुमार राठी ने बताया शोरूम मालिक मोहम्मद अज़ीम की तरफ से अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। जिनकी तलाश की जा रही है।

गौरतलब है इससे पहले भी इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है जिसका आज तक खुलासा नहीं हो पाया है। हैरत की बात यह है कि कुछ ही दूरी पर 24 घंटे पुलिस की पिकेट मौजूद रहती है उसके बाद भी शातिर चोरों ने घटना को अंजाम दे डाला।

# टैक्स में छूट देने और नियमों का सरलीकरण करने वाला हो बजट

> व्यापारी टैक्स पेयर के लिए चाहते हैं विशेष प्रोत्साहन योजना,

भास्कर ब्यूरो,




शिव शंकर वर्मा



कुंवर सेन



सुनील वर्मा



सोनु अग्रवाल

सौंख। आगामी माह में आ रहे बजट को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता है। व्यापारी, मजदूर तथा किसान आने वाले बजट से काफी उम्मीद लगाए बैठे हैं। व्यापारियों को लग रहा है कि वित्त मंत्री इस बार उनकी सेहत और सहूलियत का ध्यान रखें। व्यापारियों का कहना है कि माध्यम वर्ग को परिभाषित करने वाले व्यापारियों के लिए बजट में कुछ खास होना चाहिए।

इस बारे में नगर पंचायत सौंख के पूर्व चेयरमैन तथ व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर वर्मा ने बताया कि बजट में व्यापारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा तथा इनकम टैक्स रिटर्न का सरलीकरण करना चाहिए। व्यापारियों को उद्यमशील बनाने तथा उन्हें सहजता से व्यापार करने के लिए उन्मुख किया जाने वाला बजट सरकार को प्रस्तुत करना चाहिए। युवा व्यवसायी सोनू अग्रवाल ने बताया कि बजट में इनकम टैक्स छूट की सीमा बढ़ाई जानी चाहिए। टैक्स पेयर व्यापारियों के प्रोत्साहन की योजना लानी चाहिए। व्यापार के अनुकूल योजनाएं बनानी चाहिए तथा व्यापारियों को उद्यम से जुड़े नियमों को आसान बनाना चाहिए। इस बारे में सुनील वर्मा ने बताया कि हर बार व्यापारी बड़ी उम्मीद के साथ बजट को देखते हैं लेकिन निराशा हाथ लगती है। बजट इस तरह का हो कि करदाता उद्यमी को टैक्स भरने में असहजता महसूस न हो। नियमों का बोझ व्यापारी से कम किया जाए। ताकि वह आसानी से टैक्स भरने को तत्पर रहे। इस बारे में दवा व्यवसायी कुंवर सेन ने बताया कि बजट व्यापारियों को राहत दे। टैक्स छूट के साथ व्यापार के अनुकूल योजनाओं वाले बजट के इंतजार में व्यापारी हैं। सरकार को छोटे और माध्यम वर्ग के व्यापारियों को राहत देने वाला बजट लाना चाहिए।

## तहसील बार एसोसिएशन ने मरहूम एमएम हनफी के बेटों को दी आर्थिक सहायता



भास्कर ब्यूरो, नकुड़ (सहारनपुर)। तहसील बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के माध्यम से मरहूम एडवोकेट एमएम हनफी के दो नाबालिग बेटों अरहान हनफी और आहिल हनफी को 1,58,000 रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा। मंगलवार को नगर के मोहल्ला बंजारान निवासी मरहूम एडवोकेट एमएम हनफी का अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उनकी असामयिक मृत्यु के बाद तहसील बार एसोसिएशन द्वारा बनाई गई अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति ने यह सहायता प्रदान की। समिति के अध्यक्ष रामकिशन गुप्ता और एडवोकेट अफ्फान अंसारी की देखरेख में तहसील बार संघ के अध्यक्ष एडवोकेट विनोद पाल ने अपने चार पूर्व अध्यक्षों एडवोकेट मोहर चंद, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप चैधरी और अशोक शर्मा की टीम के साथ दिवंगत एमएम हनफी के ससुर मौलाना सलाउद्दीन अंसारी की उपस्थिति में यह चेक सौंपा। एडवोकेट अफ्फान अंसारी ने बताया कि अधिवक्ता कल्याण निधि के तहत 68 वर्ष की आयु पर 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है, जो मृत्यु उपरांत देय धनराशि में समायोजित की जाती है। इस दौरान इकबाल राही, एडवोकेट सलमान राही, सभासद हाजी दिलशाद कुरैशी, काजी अजकार, हाफिज इरफान निजामी समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पत्रकारों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

भास्कर ब्यूरो,

बिजनौर। मंगलवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पंजीकृत उत्तर प्रदेश इकाई जनपद बिजनौर के एक प्रतिनिधि मंडल ने नवागत जिलाधिकारी से मिलकर लंबित जिला स्तरीय स्थाई पत्रकार समिति का शीघ्र गठन कराकर शासनादेश के तहत ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष को समिति में नामित करने आदि महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पंजीकृत उत्तर प्रदेश इकाई जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष डॉ भानु प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी जसजीत कौर को दिए गए ज्ञापन में कहा कि पिछले कुछ वर्षो से लंबित पत्रकारों की उत्पीड़न संबंधित समस्याओं का निराकरण कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पत्रकार स्थाई समिति का गठन नहीं हो पाया।



संगठन के सदस्यों ने जिला स्तरीय स्थाई पत्रकार समिति का शीघ्र गठन कराकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ भानु प्रकाश वर्मा को शासन आदेश के तहत समिति में नामित कराने, जिला मुख्यालय पर जिला सूचना अधिकारी के रिक्त पद पर शीघ्र ही स्थाई नियुक्ति कराने, जिला सूचना विभाग से गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को प्रेस परिचय पत्र जारी कराने तथा जिला स्तरीय स्थाई पत्रकार समिति की बैठकों को तहसील स्तर पर भी आयोजित कराने की मांग की। जिलाधिकारी ने पत्रकारों की मांगों को गंभीरता से सुनकर उनका अति शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

इस दौरान संगठन के प्रदेश हरियाणा, उत्तराखंड प्रभारी एवं प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉक्टर नरेश पाल सिंह, जिला अध्यक्ष डॉ0 भानु प्रकाश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर राहुल चौधरी, जिला उपाध्यक्ष पुनीत गोयल, जिला महामंत्री मास्टर जितेंद्र कुमार, जिला मीडिया प्रभारी शेख मोहम्मद आदिल आदि की मौजूदगी रही।

समय और जरूरत बदलते ही सब के चेहरे बेनकाब हो जाते हैं पता नहीं या तो हम में कुछ कमी आ जाती है या वो एक्टिंग अच्छी करने लगते हैं।

# बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने गए तो होना पड़ेगा वापस

## डीएम ने शक्ति से पालन कराए जाने के लिए पेट्रोल पंप संचालकों को दिए निर्देश

भास्कर ब्यूरो

**कासगंज।** सड़क हादसों में होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से नो हेलमेट नो फ्यूल के नियम को 26 जनवरी के दिन से लागू कर दिया गया है। डीएम ने चालकों से हेलमेट लगाने की अपील की है। वहीं पंप संचालकों को बिना हेलमेट आने वाले वाहन चालकों को पेट्रोल बिना हेलमेट के पेट्रोल न दिए जाने के निर्देश दिए हैं।

नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान पर 26 जनवरी दिन रविवार की सुबह से जोर दिया गया है। पेट्रोल भरवाने के लिए हेलमेट का अनिवार्य कर दिया गया है। बिना हेलमेट के पेट्रोल न मिलने से दुपहिया वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ गई है। मंगलवार को घंटो पेट्रोल पंप पर खडे होने के बावजूद भी बिना हेलमेट बाइक सवारों को पेट्रोल नहीं मिल रही है। बाहर खडे होकर हेलमेट धारी बाइक सवार का इंतजार करते हैं। उनका हेलमेट लेकर पेट्रोल डलवा रहे हैं। अधिकांश बाइक चालक अपने घर जाकर हेलमेट लेकर आते हैं, तब उन्हें पेट्रोल मिल रही है। 10 प्रतिशत लोग ही हेलमेट लगाए थे। जिन्हे पेट्रोल बिना रोक-



टोक के पेट्रोल मिलता रहा। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने सड़क हादसों की घटनाओ में होने वाली मृत्यु दर को रोकने के लिए नो हेलमेट नो पेट्रोल के निर्देश जिले की समस्त पेट्रोल पंप संचालको को दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अगर कोई पेट्रोल पंप संचालक बिना हेलमेट के पेट्रोल की बिक्री करता है,तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी लोगों को यह नियम लागू करना अनिवार्य है। दोपहिया वाहन चालको को पेट्रोल तभी मिलेंगा, जब उनके पास हेलमेट होगा। अगर बाइक पर कोई बैठा भी है,तो उसका भी हेलमेट अनिवार्य है। इस संबंध में जिला प्रशासन ने सभी पंप संचालको को निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि सभी पेट्रोल पंपो के सीसीटीवी ठीक होने चाहिए।बिना हेलमेट के पेट्रोल देने वाले पंपो के सीसीटीवी कैमरे भी चेक कराए जाएंगे, ऐसा न करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वही बाइक चालक प्रशांत का कहना था कि बिना हेलमेट के पेट्रोल खरीदने के निर्णय प्रशासन का एक सराहनीय पहल है। जिससे हादसो में होने वाली मृत्युदरों में भी कमी आएगी। इससे सख्ती से लागू कराया जाए। वही पेट्रोल पंप मालिक आशीष गुप्ता का कहना था कि प्रतिदिन के हिसाब से 200 से 300 लीटर पेट्रोल कम बिक रही है। सरकार के द्वारा मुहिम चलाई गई है, हालांकि यह बेहतर पहल है।

## सभासदों एवं पालिका कर्मी ने एक-दूसरे पर लगाये गंभीर आरोप

भास्कर ब्यूरो

**एटा/जलेसर।** नगर पालिका परिषद की सरकारी जमीन पर आये दिन हो रहे अवैध कब्जे तथा पालिका पटल प्रभारी द्वारा एसडीएम के आदेश पर की गयी कार्रवाई एक बार फिर पालिका कर्मी और सभासदों के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई बनती दिख रही है। सभासदों द्वारा जहाँ पालिका कर्मी से एक बार फिर नक्शा व नजूल का प्रभार हटबाये जाने को लेकर चेयरमैन एवं अधिशाषी अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा गया है। वही पालिका कर्मी ने भी पालिका प्रशासन सहित जिला प्रशासन एवं शासन को भी पत्र भेज सभासदों द्वारा पालिका की जमीन पर कराये जाने का आरोप लगाया जा रहा है। नगर पालिका में तैनात पम्प आपरेटर रूप किशोर को पालिका का नक्शा एवं नजूल का चार्ज दिये जाने को लेकर सभासदों ने विरोध जताया है। वही पालिका कर्मी द्वारा भी चेयरमैन एवं अधिशाषी अधिकारी सहित उच्च अधिकारियों को भेजे गये पत्रों में कहा गया है कि पालिका के कुछ सभासदों द्वारा पालिका की सरकारी जमीनो पर अपने परिजनों तथा चेहतों द्वारा अवैध कब्जा कराया जा रहा है। वही अधिशाषी अधिकारी प्रद्युम्न कुमार का कहना है कि पालिका की जमीन पर अवैध कब्जा होने की जांच भी गतिमान है। अभी दस आरोपियों के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज करा दिया गया है।

## महाकुम्भ एवं रामलला के दर्शन के लिए कस्बा से सैकड़ों श्रद्धालु रवाना

भास्कर ब्यूरो

**मिरहची।** महाकुंभ की यात्रा को लेकर मिरहची नगर क्षेत्र से मंगलवार को आधा दर्जन से अधिक बसों को माता पथवारी मंदिर से मिरहची चैयरमैन प्रतिनिधि सर्वेश कुमार उपाध्याय द्वारा भागवा ध्वज लहराकर रवाना किया गया।



आस्था के प्रतीक अयोध्या धाम एवं प्रयागराज संगम को सैकड़ों श्रद्धालु सवारी स्नान व भगवान श्रीराम के दर्शन को इन धार्मिक स्थलों को रवाना हुए। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी देवी उपाध्यक्ष एवं सर्वेश उपाध्याय का श्रद्धालुओं ने पगड़ी व पटका पहनाकर फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत के सभासद एवं ट्रेवल्स मालिक दीपक गुप्ता ने बताया कि धार्मिक यात्रा को लेकर लगभग 10 बसों को लेकर जा रहे हैं। जो कि यात्रियों को रामलला के दर्शन एवं कुंभ में स्नान कराएंगी। इस मौके पर अंकित कुमार, विकास माथुर, राजीव महेश्वरी, राजेंद्र सिंह हल्दिया, रवि कुशवाह, राहुल श्रीवास्तव, गोपाल साहू, बॉबी साहू मस्ताना, रामखिलाडी साहू सहित सैकड़ों श्रद्धालु यात्री मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से एक लाख से अधिक सम्मन शुल्क वसूला

**एटा (भास्कर ब्यूरो)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 81 वाहनों का चालान कर 1,08,000 रुपये का सम्मन शुल्क बसूल किया गया। यातायात जागरुकता हेतु चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत एसएसपी श्याम नारायण सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा 28 जनवरी को चैकिंग के दौरान यातायात के नियमों का उल्लंघन करने, ड्रिंक एंड ड्राइव, तीन सवारी, बिना हेलमेट, काली फिल्म तथा नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने, बिना नंबर प्लेट, नो पार्किंग में खड़े वाहनों तथा मोडिफाइड वाहनों सहित कुल 81 वाहनों के चालान कर 1,08,000 रुपये सम्मन शुल्क बसूल किया गया। साथ ही मलावन टोल प्लाजा पर एआरटीओ के साथ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए व पंपलेट वितरित कर आमजन को यातायात नियमों प्रति जागरूक किया गया।

## ब्रह्माकुमारी ने शहीद को दी श्रद्धांजली

### संसार भी युद्ध का मैदान है, जहां बुराईयों से लड़ने के लिए निरन्तर युद्ध चलता है

भास्कर ब्यूरो

**हाथरस।** टुकसान में पूर्व शहीद सैनिक मुनेन्द्र सिह के स्मारक पर श्रृद्धांजली सभा का आयोजन किया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अलीगढ रोड स्थित आनन्दपुरी कालोनी केन्द ने पूर्व फौजियों के संगठन के संरक्षक सूबेदार रामवीर सिंह के साथ पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष सूबेदार महीपाल सिंह एवं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ब्रह्माकुमारी शान्ता बहिन ने शहीद मुनेन्द्र सिंह ठेनुआ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजली दी। सर्वप्रथम राजयोग कक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें सम्बोधित करते हुए शान्ता बहिन ने कहा कि हर कदम श्रीमत यानि परमात्मा की श्रेष्ठ मत पर हैं तो सफला है। सद्गुरू भी वही एक



परमात्मा हैं, जिनसे प्राप्त वरदानों से सहज सफलता है। जितना समय मिले अपनी शान्त स्वरूप में स्थित रहने के अभ्यसी बनें। शान्ता बहिन ने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपनी जान हथेली पर रखकर वीर सैनिक हमेशा तत्पर रहते हैं। जिनसे सभी नागरिक सुरक्षित महसूस करते हैं। ऐसे शहीदों की शहादत पर हरेक नागरिक को नमन करना चाहिए। यह संसार भी युद्ध का मैदान है, जहॉ बुराईयों से लड़ने के लिए निरन्तर युद्ध है। इसमें भी जीते जी जो मरता है वह स्वर्ग का अधिकारी बनता है। वहां स्थानीय बच्चों को गिफ्ट दे उन्हे देश हित में कार्य करने के लिए जागरूक किया।

कार्यक्रम में भारतीय सैना के भगवान सिंह, ना.सू. लक्ष्मण सिंह, ना.सू. गिर्राज सिंह, सूबेदार बाबू सिंह, कैप्टन चन्द्रपाल सिंह, कैप्टन सुखवीर सिंह, इन्द्रपुरी,वेदप्रकाश, महेश चन्द्र सहित दर्जनों भूतपूर्व सैनिक, जेसीओ आदि के अलावा मुकेश कुमार, उमेश चन्द्र, श्याम सिंह, इन्द्रजीत, रामकिशन, राजेन्द्र, नितिन, अभय, विवेक, धर्मेन्द्र, अंकुश, गुडडी, लीलादेवी, अनामिका, साधना आदि दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सीएम डैशबोर्ड, फैमिली आईडी कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

### सीडीओ ने शिथिलता बरते जाने बीडीओ शीतलपुर, नि. कलां को दी कड़ी चेतावनी

भास्कर ब्यूरो

**एटा।** डीएम प्रेमरंजन सिंह के निर्देशानुसार सीडीओ डॉ. नागेंद्र नारायण मिश्र की अध्यक्षता में विकास भवन में सीएम डैशबोर्ड, फैमिली आईडी.कार्ड की समीक्षा बैठक विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में ए प्लस श्रेणी प्राप्त हुआ है वह अपनी कार्य दक्षता में विशेष प्रयास कर अपनी रैंक में निरंतर प्रगति करते रहें तथा जिन विभागों को बी, सी,डी श्रेणी प्राप्त हुई है वह अपनी कार्य क्षमता



में सुधार कर विशेष प्रयास करें। यदि किसी भी विभाग की उदासीनता एवं खराब कार्यशैली के कारण जनपद की रैंक प्रभावित हुई तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सीडीओ ने कहा कि विशेष प्रयास कर अपनी रैंक किसी भी दशा में प्रभावित न होने दें।

उन्होंने कहा कि अगले माह जिन अधिकारियों प्रगति की खराब पाई जाएगी उन पर कार्रवाई हेतु शासन में पत्राचार किया जाएगा। सभी बीडीओ को कहा कि हर पात्र व्यक्ति तक लाभार्थी परक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए फैमिली आईडी कार्ड बनाए जाने हेतु प्रेरित करें।

उन्होंने कार्य में शिथिलता बरतने पर बीडीओ निधौली कला, अवागढ़ एवं शीतलपुर को चेतावनी देते हुए फैमिली आई.डी. कार्ड बनाए जाने की स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक मे डीएसटीओ प्रदीप कुमार, रेखा मिश्रा, समस्तबीडीओ, सम्बन्धित विभागों के विभागाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## पांच वाहनों की नीलामी से मिले 25 हजार रुपये

**हाथरस (भास्कर ब्यूरो)।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में हाथरस की सहपऊ कोतवाली परिसर में ऑपरेशन क्लीन अभियान में लावारिस पांच वाहनों की नीलामी कर पच्चिश हजार रूपए राजस्व प्राप्त किया। हाथरस पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस महानिदेशक लखनऊ उप द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपरेशन क्लीन के क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानो पर लावारिस व एमवी एक्ट में दाखिल, सीज वाहनों का यथाशीघ्र नियमानुसार निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में थाना सहपऊ पर लावारिस में दाखिल हुये 5 मोटर साइकिल का मूल्यांकन उपसंभागीय परिवहन अधिकारी हाथरस द्वारा कराया गया था, इसके उपरान्त उप जिलामजिस्ट्रेट सादाबाद जनपद हाथरस व क्षेत्राधिकारी सादाबाद की अध्यक्षता में गठित टीम के क्रम में कुल 5 वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया कराई गई।

## अलीगंज तहसील में तहसीलदार ने अभिलेखागार में की छापामार कार्रवाई

भास्कर ब्यूरो

**अलीगंज।** अलीगंज के तहसीलदार नीरज वार्ष्णेय को कार्यालय में हेराफेरी किए जाने की सूचना लगातार मिल रहीं थीं इन्हीं सूचनाओं के आधार पर उन्होंने अचानक अभिलेखागार का दौरा कर दाखिल खारिज की फाईलों में की जाने बाली हेराफेरी को पकडा और उन्होनें लिपिक, आरके एवं एआरके के बिरूद्ध कार्यवाही किए जाने के संकेत दिए हैं। तहसीलदार द्वारा की जाने बाली इस कार्यबाही से तहसील कर्मियों में हडकम्प जैसी स्थिति है। तहसीलदार ने बताया कि उनको विशेष सूत्रों से सूचना मिली थी कि मुख्य अभिलेखागार के बगल में एक कमरा ऐसा है। जिसमें तमाम फाइलें तितर वितर पडी है। और वर्षो से जिला अभिलेखागार नहीं भेजी गई। इसी क्रम में



अचानक छापा मारे जाने पर सूचना सही पाई गई। यहॉ वर्ष 2016 से अब तक फाईलें जिला अभिलेखागार ही नहीं भेजी गई। तहसीलदार ने प्रकरण में उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित करं एफआईआर दर्ज कराने की बात भी कही है। देखना यह है कि क्या इस प्रकरण में वास्तविक में ही कार्रवाई होगी या फिर प्रकरण को रफा-दफा कर दिया जायेगा।

## हाथरस स्वास्थ्य विभाग का छापा, अस्पताल किया सीज

भास्कर ब्यूरो

**हाथरस।** स्वास्थ्य विभाग इन दिनों सक्रिय हो गया है। आने वाली शिकायातों व जांच पड़ताल के दौरान मिल रहे छोलाछाप डाक्टरों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए इगलास रोड स्थित प्रताप चैराहे पर अवैध रूप से चल रहे एक अस्पताल पर छापा मार कार्यवाही करते हुए अस्पताल को सीज कर दिया। डिप्टी सीएमओ डॉ. एमआई आलम के नेतृत्व में की गई इस छापेमारी में अलीगढ़ हॉस्पिटल के नाम से चल रहे इस केंद्र में न तो कोई प्रशिक्षित डॉक्टर था और न ही योग्य मेडिकल स्टाफ।

उन्होने बताया कि जांच में सामने आया कि एक मकान में चल रहे इस अवैध अस्पताल में



ऑपरेशन थिएटर और लैब की सुविधाएं थीं, जहां झोलाछाप मरीजों का इलाज करने के साथ-साथ विभिन्न जांचें और प्रसव भी करवाते थे। छापेमारी के समय एक गर्भवती महिला भी भर्ती मिली, जिसे तत्काल जिला महिला अस्पताल स्थानांतरित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जब अस्पताल का रजिस्ट्रेशन मांगा, तो मौजूद कर्मचारी कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सके।

## हाथरस में ओयो पर छापा, पांच लोग पकड़े

**हाथरस (भास्कर ब्यूरो)।** गेट कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने रत्नगर्भा कॉलोनी के पास स्थित एक ओयो होटल में छापेमारी कर पांच युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि होटल में कुछ युवक और युवतियां मौजूद हैं। जिसके बाद पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान पुलिस को होटल से पांच युवक मिले। जिन्हें तुरंत हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया। इस दौरान वहां लोगों की भीड़ भी एकत्रित हो गई। हिरासत में लिए गए युवक पुलिस से नजरें चुराते हुए दिखाई दिए। पुलिस की गयी कार्रवाई से आस पास क्षेत्र में खलबली मच गयी। हाथरस क्षेत्राधिकारी योगेन्द्र कृष्ण नारायण ने बताया कि फोन पर मिली सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारी इन युवकों से पूछताछ कर रहे हैं। इन लोगों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसे लेकर शिकायत की गयी थी। आगे की कार्यवाही की जा रही है जांच पड़ताल में जो भी सामने अयेगा कानूनी कार्यवाही की जायेगी। वहीं ओयों होटल पर पहुंची पुलिस टीम को देख वहां इलाके में सनसनी फैल गई।

## 30 जनवरी को केजरीवाल तथा अखिलेश यादव रिठाला में करेंगे रोड शो

भास्कर ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया जल्द ही दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के लिए समर्थन में रैली करते नजर आएंगे। 30 जनवरी को केजरीवाल और अखिलेश रिठाला विधानसभा में रोड शो करेंगे। इसके बाद दोनों नेता रैली को संबोधित करेंगे। इस रैली में कई सपा सांसद भी आप के लिए प्रचार करते दिखाई देंगे। कैराना से सांसद इकरा हसन भी आप के लिए प्रचार करेंगी। अखिल्श यादव ने पहले ही केजरीवाल को सपोर्ट करने का ऐलान किया था। सपा ने कुछ दिनों पहले दिल्ली में कांग्रेस की बजाय आप को सपोर्ट देने का ऐलान किया था। तीनों ही पार्टियां इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। ऐसे में अखिलेश ने आप को सपोर्ट देने की वजह भी बताई थी। उन्होंने कहा था कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी मजबूत है इसलिए उसे समर्थन दिया है। उन्होंने



बताया था कि जब इंडिया गठबंधन बन रहा था तब कहा गया था कि जो क्षेत्रीय पार्टी, जहां मजबूत है, उसे इंडिया गठबंधन और मजबूत करेगा। दिल्ली में आप मजबूत है इसलिए हम केजरीवाल के साथ खड़े हैं।

### पहली बार मंच पर दिखेंगे केजरीवाल और अखिलेश

दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने के लिए पार्टियों का ताबड़तोड़ प्रचार अभियान जारी है। सभी पार्टियों ने स्टार प्रचारकों की फौज उतार दी है। इसी बीच चुनावी दंगल में पहली बार अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल एक मंच पर नजर आएंगे। दोनों नेता पहले रिठाला में रोड शो करेंगे। इसके बाद रैली को संबोधित करेंगे। कई सपा सांसद भी पार्टी मुखिया के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।

### यमुना में डुबकी लगाने की चुनौती पर केजरीवाल का किया था समर्थन

दिल्ली की एक चुनावी रैली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि मैंने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ कुंभ में स्नान किया क्या आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल अपने मंत्रियों के साथ यमुना में नहा सकते हैं? इसपर अखिलेश ने केजरीवाल का बचाव करते हुए बिना नाम लिए एक्स पर लिखा था, 'दूसरों को चुनौती देनेवाले अपने प्रदेश में मथुरा से गुजरती यमुना जी में आचमन करके दिखा दें।'

## अपर जिला न्यायाधीश ने वृक्षों का भौतिक सत्यापन किया

भास्कर ब्यूरो

**हाथरस।** जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार के निर्देशन में वन विभाग द्वारा किये गये वृक्षारोपण का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हाथरस के अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव, प्रशान्त कुमार द्वारा आनन्दपुर, बहादुरपुर, सिंचावली सानी, एवं नगला कॉच एंव सादाबाद क्षेत्र में सादाबाद, मुरसान मार्ग एवं आगरा-अलीगढ़ मार्ग का भौतिक स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से क्षेत्रीय वनाधिकारी, सिकन्द्राराऊ, दिलीप कुमार, क्षेत्रीय वनाधिकारी, सादाबाद, पारूल गर्ग, क्षेत्रीय वनाधिकारी, हाथरस अमित गौड़, वन दारोगा, अनिल कुशवाह, अंकित सिंह,



चन्द्रपाल सिंह, आशीष कुमार एवं अली हसन, सर्वेश कुमार तथा क्षेत्रीय वन रक्षक एंव अन्य वन विभाग के कर्मचारीगण की उपस्थिति में टी.टी.जैड. क्षेत्र के अन्तर्गत लगाये गये वृक्षों का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय वनाधिकारीयों को पेड़-पौधों की साफ-सफाई पानी की समुचित व्यवस्था एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये।

## दिल्ली चुनावः दंगे के आरोपी ताहिर हुसैन को मिली कस्टडी परोल, चुनाव प्रचार की इजाजत

भास्कर ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगो के आरोपी ताहिर हुसैन को कस्टडी पैरोल दे दी है। ताहिर हुसैन को चुनाव प्रचार के लिए कस्टडी परोल दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने ताहिर हुसैन को 29 जनवरी से 3 फरवरी तक कस्टडी परोल दिया है। इस दौरान ताहिर को पुलिस कस्टडी में चुनाव प्रचार की इजाजत होगी। हालांकि, ताहिर करावल नगर अपने घर नहीं जा पाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने ताहिर हुसैन को कई कड़ी शर्तों के साथ चुनाव प्रचार के लिए कस्टडी परोल दी है। कोर्ट के आदेशानुसार, ताहिर हुसैन जेल मैनुअल के मुताबिक सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक प्रचार के लिए जेल से बाहर रहेगा। इस दौरान ताहिर हुसैन को दो लाख सात हजार, लगभग प्रतिदिन के हिसाब से दो दिनों की अग्रिम राशि जमा करनी होगी। ताहिर हुसैन अपने घर नहीं जा सकेगा और केस से जुड़े मामले पर कोई बयान नहीं देगा। हालांकि, ताहिर पार्टी के ऑफिस जा सकता है।

### एआईएमआईएम ने दिया है टिकट

दरअसल, एआईएमआईएम ने दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुस्तफाबाद निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिया है। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने 14 जनवरी को ताहिर हुसैन को नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए हिरासत पैरोल दिया था। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 24 फरवरी, 2020 को दंगे हुए थे, जिसमें 53 लोग मारे गए थे और कई घायल हुए थे। इस दंगे में आईबी के कर्मचारी अंकित शर्मा की मौत हुई थी। ताहिर इस मामले में आरोपी है।

## हरभजन के साथ शंटी का शक्तिशाली रोड शो

भास्कर ब्यूरो

**शाहदरा।** दिलशाद गार्डन में आप प्रत्याशी जितेंद्र सिंह शंटी, जिन्हें एम्बुलेंस मैन के नाम से भी जाना जाता है, ने एक शक्तिशाली रोड शो का आयोजन किया। इस अवसर पर क्रिकेट के दिग्गज और सांसद हरभजन सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में उनका समर्थन किया।



शंटी ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर दिलशाद गार्डन की सड़कों पर एक भव्य रोड शो का आयोजन किया, जिसमें स्थानीय निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शंटी ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे स्वास्थ्य देखभाल, बुनियादी ढांचे और सामुदायिक कल्याण में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हैं। रोड शो में उत्साही स्थानीय लोगों की भारी भागीदारी देखी गई, जिन्होंने बेहतर शाहदरा के लिए शंटी के दृष्टिकोण का समर्थन किया। आशा और प्रगति के मजबूत संदेशों के साथ, शंटी ने एक स्वस्थ और सुरक्षित समुदाय की दिशा में काम करना जारी रखने की कसम खाई।

दैनिक भास्कर
बुधवार, 29 जनवरी 2025 नोएडा 21

# सार सुर्खियां

## सि.बी. चक्रवर्ती ने संभाला आयुक्त नगरीय प्रशासन का दायित्व



भोपाल । नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त सि.बी. चक्रवर्ती एम. ने मंगलवार को दोपहर बाद भोपाल के पालिका भवन स्थित संचालनालय में कार्यभार ग्रहण किया। श्री चक्रवर्ती ने अधिकारियों से चर्चा करते हुए विभाग की प्रमुख योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि केन्द्र और राज्य सरकार की विभाग से जुड़ी प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाई जाये। नगरीय प्रशासन की जिन प्रमुख योजनाओं में मध्यप्रदेश का स्थान अग्रणी है, उन योजनाओं पर लगातार ध्यान रखते हुए अन्य योजनाओं पर भी तेजी से काम किया जाये। श्री चक्रवर्ती ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के नए टूल्स का उपयोग करते हुए इसे और अधिक पब्लिक फ्रैंडली बनाया जाये। आयुक्त ने कहा कि मध्यप्रदेश की फायर पॉलिसी प्रदेश की सड़कों एवं अन्य पैरामीटर के अनुरूप हो, इस बात का भी ध्यान में रखा जाये। इस मौके पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

## एसडीएम व मंडी समिति की टीम ने किया सब्जी मंडी की भूमिका निरीक्षण



लावड़। कस्बा लावड़ के लिए सब्जी मंडी का सरधना विधायक अतुल प्रधान द्वारा उठाए गए मुद्दे पर सोमवार को कस्बे में लखनऊ से लावड़ कस्बे में पहुंची मंडी समिति की टीम व एसडीएम सरधना और विधायक चेयरपर्सन अधिशासी अधिकारी द्वारा सब्जी मंडी के लिए भूमि का निरीक्षण किया गया। कस्बे मे मुख्य मार्ग लावड़ मसूरी रोड स्थित सब्जी मंडी को जल्द ही यहां से हटाकर अन्य स्थान पर ले जाया जाएगा।जिससे कस्बे के साथ साथ क्षेत्र के लोगों को भी जाम से निजात मिलेगी। नगर पंचायत लावड़ मे जल्द ही स्थानांतरित होगी सब्जी मंडी। सोमवार को एसडीएम सरधना नारायणी भाटिया, व लखनऊ से आई मंडी समिति की टीम के साथ कस्बे में सरधना विधायक अतुल प्रधान, चेयर पर्सन हज्जन आफताब, व अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार, के साथ अंदावली मार्ग स्थित पर भूमि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सरधना विधायक अतुल प्रधान, चेयरपर्सन आफताब बेगम,एसडीएम सरधना नारायणी भाटिया, मंडी समिति की टीम व अधिशासी अधिकारी, सभासद राजेश देवी, चेयर पर्सन पति हाजी शकील कुरेशी, सहित नगर पंचायत कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## चंद घंटो के भीतर मिली बडी सफलता



मेरठ। थाना लिसाडी गेट में पांच लोगो की हत्या करने वाला 50000/- रुपए का इनामी अभियुक्त सलमान जो रात्रि में पुलिस मुठभेड के दौरान भागने में सफल हो गया था, वह निमार्णाधीन मेरठ रिंग रोड के किनारे ग्राम नरहाडा की सीमा में छिपा हुआ है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना लोहियानगर मय फोर्स मय स्वाट टीम प्रभारी मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचे। पुलिस पार्टी ने अभियुक्त को घेरकर आत्मसमर्पण करने हेतु कहा। अभियुक्त ने आत्मसमर्पण करने के बजाय पुलिस पार्टी के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर किया, पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में अभियुक्त दाये पैर मैं गोली लगने से घायल/ गिरफ्तार हुआ। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमन्चा .315 बोर व एक खोखा कारतूस .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुए। घायल अभियुक्त को वास्ते उपचार व जीवन रक्षा के दृष्टिगत प्यारे लाल जिला अस्पताल मेरठ भेजा गया। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## अजराड़ा के जामिया गुलजारे हुसैनिया इंटर कॉलेज में 76 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मना



मुंडाली। अजराड़ा गांव स्थित जामिया गुलजारे हुसैनिया इंटर कॉलेज में 76 वां गणतंत्र दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री शाहिद मंजूर के पुत्र नवाजिश शाहिद मंजूर व राशिद चौधरी ने शिरकत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य मेहराजुद्दीन ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को संविधान और लोकतंत्र के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर स्कूल परिसर में अभिभावकों और स्थानीय गणमान्य लोगों की भी उपस्थिति रही। पूरा कार्यक्रम देशभक्ति की भावना और उल्लास से भरा हुआ था।

## हिंदुस्तान स्काउट गाइड्स महाकुंभ में भाव से कर रहे सेवा



मेरठ। देश के हर राज्य व हर जिले से बड़ी संख्या में लोग प्रयागराज महाकुंभ पहुंच रहे हैं। तथा मां गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में पुण्य की डुबकी लगा रहे हैं। आपको बताते चले कि 144 वर्षों के बाद ये पर्व हम सब देशवासियों के लिए आया हैं। इसी पावन पर्व में सुरक्षा, सहायता, दृढ़ता, तथा नेशन फर्स्ट के उद्देश्य के साथ हिंदुस्तान स्काउट गाइड ने भी अपने कर्मचारियों को उतार रखा है। स्काउट गाइड के सभी कर्मचारियों का उद्देश्य और ध्येय यही है कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु और साधु संत तथा छोटे छोटे बच्चे तथा उनके साथ आए परिवारों को शारीरिक, मानसिक, या किसी उपचार से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न न हो। उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है। प्रयागराज महाकुंभ में मेरठ मंडल, शामली, बागपत समेत समूचे प्रदेश के स्काउट गाइड का प्रशिक्षित बल प्रयागराज महाकुंभ में अपनी ड्यूटी दे रहा हैं।

## सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में हर्षोल्लास से मना गणतंत्र दिवस




सरधना। कालंद चुंगी स्थित सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल सरधना में रविवार को 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अलका शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया, साथ ही सभी उपस्थित कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय गान गाकर देश के 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्र के प्रति सम्मान व देश प्रेम की भावना प्रकट की गयी। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने सभी को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर प्रीतीश कुमार सिंह एवम विद्यालय प्रबंधक शाल्विक जैन, श्रीमती शिवानी जैन ने सभी को गणतंत्र दिवस की 76वी सालगिरह की बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने देश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों को याद रखना चाहिए और उनका शुक्रगुजार होना चाहिए।

# पालकी महोत्सव:कस्बा हर्रा में जैन समाज ने धूमधाम के साथ भव्य पालकी यात्रा निकाली





**भास्कर ब्यूरो**

सरूरपुर। मंगलवार को कस्बा हर्रा में श्री 1008 आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक मनाया गया। जिसमे प्रथम लड्डू की बोली अनंतवीर जैन, संजय जैन दिल्ली,द्वितीय लड्डू की बोली राकेश जैन अक्षय जैन,तृतीय लड्डू की बोली प्रवेश जैन वंश जैन दिल्ली के नाम रही।पालकी यात्रा का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख ठा० मनोज चौहान व नगर अध्यक्ष कुंवर मौ अली ने किया। इसमे धनपति कुबेर की बोली राजेश जैन अनिल जैन दिल्ली के नाम रही।मंगलवार को जैन समुदाय के लोगों ने बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ रथ यात्रा निकाली। इस अवसर पर उन्होंने दोपहर लगभग 12:30 बजे भगवान महावीर निर्वाण लड्डू को रथ में विराजित कर विशाल जुलूस व झांकी निकाली।इस दौरान कस्बे से दिल्ली रहने जा चुके लगभग 30 जैन परिवार के लोग जुलूस में शामिल रहे। जिसमें पुरुषों, महिलाओं सहित भारी तादाद में बच्चों की भी उपस्थिति रही।कस्बा हर्रा स्थित जैन मंदिर में सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। सुबह पूजा-अर्चना के बाद जैन मंदिर से धूमधाम के साथ रथ यात्रा निकाली गई।रथ यात्रा वार्ड 4 स्थित जैन मंदिर से शुरू होकर वार्ड1डॉ भोले चौराहा,वार्ड 10 मरकज मस्जिद, वार्ड 11 सरार्फा बाजार, व वार्ड 12 चौक बाजार मार्ग होते हुए वापिस जैन मंदिर में जाकर संपन्न हुई।इस अवसर पर सुरक्षा के मद्देनजर हर्रा पुलिस चौकी इंचार्ज शैलेंद्र यादव पुलिस बल के साथ तैनात रहे।इस रथ यात्रा में सरूरपुर ब्लॉक प्रमुख मनोज चौहान,नगर अध्यक्ष कुंवर मोहम्मद अली, सुखानंद जैन,राकेश जैन,ठा कुलदीप चौहान, डॉ सत्येंद्र, ठेकेदार रणवीर, राजेश जैन, संजय जैन,प्रवेश जैन,बूटन जैन, कमल जैन,सचिन जैन,विनेश जैन,आलोक जैन,भूषण जैन,पारस जैन,अमित जैन आदि शामिल रहे।

## तहसील मुख्यालय पर भारतीय किसान संगठन ने किया धरना-प्रदर्शन



नगर में जाम समेत विभिन्न समस्याओं से निजात की मांग को सौंपा ज्ञापन

**भास्कर ब्यूरो**

सरधना। विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को भारतीय किसान संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष फजर मोहम्मद के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने सरधना तहसील में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सरधना नगर में हर वक्त जाम लगने से लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने स्मार्ट मीटर, बेसहारा गौवंश, जाम की समस्या को लेकर अधिकारियों को घेरा। जमकर नारेबाजी की। बाद में उन्होंने तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपकर जल्द समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। जल्द समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष फजर मोहम्मद पांचली के नेतृत्व में तहसील पहुंचे सैकड़ो कार्यकताओं ने एसडीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। इस मौके फजर मोहम्मद ने कहा कि इस समय ऊर्जा निगम किसानों व गरीब मजदूरों का खुला उत्पीड़न कर रहा है। जिसका मन चाहे उसका मीटर उखाड़कर ले जाते है। लोगों के यहां जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जिसका संगठना खुला विरोध करता है। उन्होंने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि खुले में घूम रहे बेसहारा पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इतना ही नहीं हाईवे पर वे खुद तो हादसे का शिकार हो रहे हैं, वाहन चालक भी उनसे टकराकर अपनी जान गवां रहे हैं। तीसरी समस्या उन्होंने सरधना में हर समय रहने वाले जाम की उठाई। कहा कि बाहर से आने वाले लोडिड वाहनों का एक समय तय किया जाए, दिन में इनपर पूरी तरह से पाबंदी लगे तब ही सरधना को जाम से निजात मिल पाएगी। धरना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार अनुराग सिंह ने किसानों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्हें संगठन के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो संगठन की ओर से आंदोलन किया जाएगा। हाजी इमरान, जुलफिकार राणा, डा. साजिद, प्रदीप चौधरी, युसुफ चौहान, दानिश प्रधान, दीनमोहम्मद, रहमत अली आदि मौजूद थे।

## यातायात जागरूकता के लिए वेस्टर्न यूपी टोल प्लाजा पर वॉल की पेंटिंग




**भास्कर ब्यूरो**

लावड। दिल्ली देहरादून हाईवे स्थित सिवाया टोल पर यातायात जागरूकता के लिए वॉल पेंटिंग की गई। वेस्टर्न यूपी टोल महाप्रबंधक एंड्रयू लुईस ने बताया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत वेस्टर्न यूपी टोलवे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा अपनों की परवाह के लिए सड़क पर यातायात के नियमों का पालन कराने के लिए वॉल पेंटिंग कराई गई कार्यक्रम में सुहैब खान व अश्वनी चौहान ने समस्त छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि हम किस तरह अपने परिवार को सड़क दुर्घटनाओं से बचा सकते है। इस दौरान साथ रही प्रधानाचार्या डॉ नीरा तोमर,मेंटेनेंस प्रबंधक बृजेश सिंह, सुरक्षा अधिकारी मनिंदर विहान,मैनेजर अनुज सोम,राणा प्रताप सिंह,शिवा कुमार,आलोक पांडे,अध्यापिका रचना शर्मा, शालिनी,नीरज कुमार,अश्वनी चौधरी,शशिकांत शर्मा, छात्राएं रुचिका, तुलसी, अदिति, सोनिया, सौम्या, पायल, काजल, वैष्णवी, चंचल, कामना, अनामिका आदि लोग मौजूद रहे।

## कभी काम के लिए लगाई सड़कों पर रेहड़ी, आज हजारों महिलाओं को बना रही आत्मनिर्भर

नई दिल्ली। कड़ी मेहनत के दम पर महिलाओं और बेटियों ने सफलता के आसमान को छू लिया है।
शिक्षा, खेल ही नहीं बल्कि व्यवसाय में इनकी सफलता औरों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। जो काम केवल पुरुषों के समझे जाते थे, उनमें इन महिलाओं की दखल ने दूसरी महिलाओं के लिए एक नई राह तो गढ़ी ही पुरुषों को भी यह संदेश दिया कि किसी भी क्षेत्र, चाहे वह शारीरिक श्रम का ही क्यों न हो, पर केवल उनका ही आधिपत्य नहीं है। कृष्णा यादव ने भी अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के दम पर पुरूषों को इसका जवाब दे दिया हैं।

## क्षेत्र में धूमधाम से मना 76वा गणतंत्र दिवस



**भास्कर ब्यूरो**

सरूरपुर। क्षेत्र के नगर पंचायत हर्रा, करनावल, खिवाई कार्यालयों और क्षेत्र के समस्त स्कूलो में 76 वें गणतंत्र दिवस को पूरे उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। नगर पंचायत खिवाई में चेयरपर्सन सबिला व अधिशासी अधिकारी हरिनारायण सिंह, कस्बा हर्रा में अध्यक्ष कुंवर मोहम्मद अली व अधिशासी अधिकारी नीति गुप्ता,कस्बा करनावल में चेयरमेन लोकेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। क्षेत्र में गणतंत्र दिवस का पर्व बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। शिक्षण संस्थानों में जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम देखने को मिली। देश भक्ति के गीतों से पूरा माहौल देश प्रेम के रंग में रंग गया। क्षेत्र के गुडविन पब्लिक स्कूल, अमानिया पब्लिक स्कूल,स्टार पब्लिक स्कूल,लिमरा पब्लिक स्कूल, फैजान पब्लिक स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल कदम पब्लिक स्कूल में आयोजित इस समारोह में देशप्रेम, अनुशासन और उत्साह का अनोखा समागम देखने को मिला।प्रयास जन सेवार्थ समिति ने कई स्कूलों में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगान के साथ-साथ परेड में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रयास जन सेवा समिति ने अमानिया पब्लिक स्कूल की एक छात्रा जिसे छोटा गूगल के नाम से जाना जाता है। समिति ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## भारतीय किसान यूनियन आजाद मंच के राष्ट्रीय सचिव बने आदिल चौधरी



**भास्कर ब्यूरो**

किठौर। ग्राम सौंदत में भारतीय किसान यूनियन आजाद मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी मेजबानी चौधरी सलमान अख्तर ने की। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट असीम खत्री और युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट आबिद हंस की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान, भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष) से त्यागपत्र देकर संगठन में शामिल हुए ललियाना निवासी आदिल चौधरी को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, किसान हितों से जुड़े मुद्दों और संगठन की मजबूती के लिए रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और किसानों के हितों की रक्षा के लिए समर्पित प्रयास करने का संकल्प लिया।

## ग्रेटर नोएडा का 34वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मना



**भास्कर ब्यूरो**

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा का 34वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह और दादरी विधायक के प्रतिनिधि दीपक नागर मौजूद रहे। इस आयोजन में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ प्रेरणा सिंह, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस सहित वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।
कार्यक्रम का आयोजन ग्रेटर नोएडा एम्प्लॉयीज एसोसिएशन के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू भड़ाना, महासचिव भारत, उपाध्यक्ष अंजु, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष अनीता शर्मा, और पदाधिकारी पप्पू रावल, प्रहलाद कुमार, रामकुमार पटेल, कर्मवीर वैसोया समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।
यह आयोजन न केवल प्राधिकरण के इतिहास और उपलब्धियों को याद करने का अवसर बना, बल्कि क्षेत्र के विकास में सभी की साझी भूमिका को भी रेखांकित किया।

## पेंशन स्कीम का सांकेतिक विरोध

नहटौर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम तथा नेशनल पेंशन स्कीम के विरोध में सांकेतिक प्रदर्शन किया। मंगलवार को सीएचसी पर पेंशन स्कीम के विरोध में कर्मचारियों ने सरकार की ओर से जारी आदेश की प्रतियां जलाई। कर्मचारियों ने नई पेंशन स्कीम को धोखा बताते हुए पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। प्रदर्शन में मुख्य फामेर्सी अधिकारी सीपी सेमवाल, अरूण कुमार, शुभम, रिकांशु, खुशराज, सौरभ, आदि उपस्थित रहे।

## जेल से रिहा हुए किसानों का हुआ स्वागत समारोह, प्रशासन पर जमकर बरसे किसान नेता



**भास्कर ब्यूरो**

ग्रेटर नोएडा। दनकौर किसान आदर्श इंटर कॉलेज के पास एक कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को किसान एकता संघ संगठन ने जेल से रिहा होकर किसानों का स्वागत समारोह किया। इस दौरान सैकडों संख्या में जिले भर के किसान मौजूद रहे। आंदोलन के दौरान जेल से रिहा होकर आए किसान नेता जमकर प्रशासन पर बरसे। उन्होंने विभिन्न गंभीर आरोप भी प्रशासनिक अधिकारियों पर लगाए। इस कार्यक्रम के दौरान किसान एकता संघ संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने किसान आन्दोलन के दौरान जेल गए 5 किसान नेता और सैकडों किसानों का स्वागत किया। इस दौरान किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने कहा कि जिले के किसानों का 10 प्रतिशत विकसित भूखंड, आबादी निस्तारण और 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने आदि समस्याओं को लेकर 25 नवंबर से आन्दोलन शुरू हुआ था। जिला प्रशासन ने तानाशाही रवैया अपनाकर सैकडों किसानों को जेल भेज दिया था। जिसमें 5 किसान नेता करीब एक महीने में जेल से रिहा हुए थे। जेल से रिहा होकर आए किसान नेता डॉ. रुपेश वर्मा ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने आंदोलन के दौरान किसानों पर जमकर तानाशाही दिखाई थी। उन्होंने कहा कि अपना हक मांगने पर प्रदेश में किसानों को लाठी मिलती है। किसानों का कहना है कि इस तरह प्रशासन उनका हौसला तोड़ नहीं सकता।
आगे भी वह अपनी मांगों को लेकर इसी तरह बड़े आंदोलन करते रहेंगे। इस दौरान आबादी की समस्या को लेकर यमुना प्राधिकरण पर एक बड़ा आंदोलन करने की योजना भी बनाई गई। इस दौरान पप्पे नागर, सुखबीर खलीफा, संतराम भाटी, प्रमोद शर्मा, देशराज नागर, ओमबीर समसपुर, ऊदल आर्य, सतीश कनारसी, जगवीर नम्बरदार, कृष्ण बैसला, राजेन्द्र, वनीश प्रधान, आजाद, उम्मेद एडवोकेट, सुमित एडवोकेट, मनीष नागर, विक्रम नागर, वीरसिंह और नेपाल कसाना आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## लोकतंत्र की रक्षा की शपथ के साथ मना गणतंत्र दिवस




**भास्कर ब्यूरो**

नजीबाबाद। मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस लोकतंत्र की रक्षा की शपथ व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मूर्ति देवी कन्या इण्टर कॉलेज नजीबाबाद में आज 76 वां गणतन्त्र दिवस पर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मोहित कर दिया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर ध्वजारोहण प्रबन्धक नीरज जैन एवं कायार्वाहक प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी द्वारा किया गया एवं छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रबन्धक एवं कायार्वाहक प्रधानाचार्या ने कार्यक्रम के समापन पर अपने विचार प्रस्तुत किये व गणतन्त्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दी।

# ग्रेनो प्राधिकरण के 34वें स्थापना दिवस पर अस्तौली गांव के किसानों को मिला बड़ा तोहफा



**भास्कर ब्यूरो**

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के 34वें स्थापना दिवस पर मंगलवार को अस्तौली गांव के किसानों को बड़ा तोहफा मिला। यहां स्थापित किए जा रहे अत्याधुनिक कूड़ा निस्तारण केंद्र (डंपिंग ग्राउंड) से प्रभावित किसानों को अतिरिक्त मुआवजा दिया गया। प्राधिकरण के बोर्ड रूम में आयोजित कार्यक्रम में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह की उपस्थिति में 23 किसानों को 10.35 करोड़ रुपये के चेक दिए गए। इस दौरान सेक्टरों और गांवों के विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। अब डंपिंग ग्राउंड में कूड़ा निस्तारण संयंत्र व अन्य विकास कार्यों को गति मिलेगी। प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आने वाले अस्तौली गांव के पास सेनेटरी लैंडफिल साइट (कूड़ा निस्तारण केंद्र) विकसित की जा रही है। अलग- अलग कंपनियों द्वारा संयंत्र स्थापित करने के साथ जरूरी सुविधाएं भी मुहैया कराई जानी हैं। ग्रेटर नोएडा और नोएडा के कूड़े का उसी दिन निस्तारण किए जाने की योजना है। यहां प्रस्तावित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट परियोजना के लिए 73.0396 हेक्टेयर जमीन की जरूरत है। जिसमें से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए 53.5720 हेक्टेयर, 24 मीटर चौड़ी सड़क के लिए 11.7164 हेक्टेयर तथा 6 फीसदी आबादी भूखंड के लिए 2.0470 हेक्टेयर कुल 66.3354 हेक्टेयर भूमि आपसी सहमति के आधार पर खरीदी जा चुकी है। परियोजना से प्रभावित किसान 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा की मांग को लेकर पिछले कई महीनों से धरना प्रदर्शन कर रहे थे,जिससे काम नहीं हो पा रहा था। महत्वपूर्ण परियोजना होने की वजह से इस संबंध में शासन को अवगत कराया गया। शासन के निर्देश पर प्रभावित किसानों को अतिरिक्त मुआवजा दिए जाने का निर्णय लिया गया। मंगलवार को प्राधिकरण के 34वें स्थापना दिवस पर 23 किसानों को जमीन अधिग्रहण के मुआवजा से संबंधित अतिरिक्त मुआवजा के रूप में 10.30 करोड़ रुपये का चेक दिया गया। बता दें कि अस्तौली में सॉलिड वेस्ट के निस्तारण के लिए मैसर्स एनटीपीसी द्वारा संयंत्र स्थापित किए जाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त वेस्ट टू बायो सीएनजी 300 टीपीडी एवं वेस्ट ट बायो सीएनजी 50 टीपीडी के कार्य भी आवंटित किया जा चुका है। इस मौके पर एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ प्रेरणा सिंह, ओएसडी गिरीश झा, ओएसडी जितेंद्र गौतम, महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह, महाप्रबंधक प्लॉनिंग नीलू सहगल, महाप्रबंधक आरके भारती, वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह आदि अधिकारी व भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष मुद्दा रखा था

जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने बीते दिनों अस्तौली डंपिंग ग्राउंड से प्रभावित किसानों के मुद्दे को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखा था, जिसके बाद किसानों के हित में यह निर्णय लिया गया। मुआवजे का चेक बांटने के दौरान विधायक ने उपस्थित किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिले के किसानों की लंबित समस्याओं को चिन्हित कर लिया गया है, जिनका शीघ्र निराकरण होगा। मुख्यमंत्री द्वारा जिले के तीनों प्राधिकरण को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसानों की लंबित समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए। विधायक ने कहा कि प्रदेश का विकास किसानों की सहमति के बिना संभव नहीं है। इसलिए किसानों की आने वाली पीढियां के लिए हमें ऐसी योजनाएं बनानी चाहिए, जिससे उनका जीवन स्तर उन्नत और खुशहाल हो।

अगर आप काम को मजाक के रूप में लेंगे तो वो सही में आपको मजाक ही लगेगा।

# सरकारी योजनाएं गरीबों के लिए बनी लॉलीपॉप

- पेंशन के लिए आवेदक खा रहे दर-दर की ठोकरें
- कभी ब्लॉक तो कभी नगर पंचायत कार्यालय के काट करे चक्कर

भास्कर ब्यूरो

**मिरहची।** एक तरफ शासन प्रशासन नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरकार द्वारा प्रदान की जाने बाली योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत दिलाना चाहता है तो वही प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी इन योजनाओं को पात्र लोगों को दूर करते ही जा रहे हैं जी हां, ऐसे ही मामले नगर पंचायत मिरहची में आये दिन प्रकाश में आते हैं जहां पेशन को प्राप्त करने के लिए पात्र नगर पंचायत कार्यालय जाते हैं तो वहों से ब्लाक कार्यालय भेज दिया जाता है।

ब्लाक कार्यालय जाने पर वहां से उन्हें नगर पंचायत भेजकर परेशान किया जा रहा है।

समाज सेवियों ने ब्लाक कार्यालय पर समाज कल्याण विभाग का पटल देख करे एडीओ के बिरूद्ध कार्रवाई की मांग डीएम से की है।

पेंशन के आवेदकों ने बताया कि उन्होंने अपना आवेदन पूर्ण कराकर नगर पंचायत कार्यालय में जमा किया




जब वह अपनी पेंशन की जानकारी हेतु नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे तो उन्होंने ब्लाक कार्यालय भेज दिया। जब हम लोग ब्लाक कार्यालय पहुंचे तो उन्होंने नगर पंचायत भेज दिया इस तरह से काफी परेशान किया जा रहा है। क्षेत्र के समाज सेवियों राजपाल सिंह चौहान, मुकेश साहू, जेपी कश्यप, सोमेन्द्र साहू, गुरूदयाल साहू, माया प्रकाश चैहान आदि ने डीएम प्रेमरंजन सिंह से ब्लाक कार्यालय पर तैनात एडीओ समाज कल्याण के बिरूद्ध जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

> अभी तक समाज कल्याण विभाग द्वारा आवेदन अग्रसारित किए जाने की अधिकार आईडी नहीं दी है इसी के चलते इस कार्यालय को प्राप्त होने बाले बाले सभी आवेदन ब्लाक कार्यालय भेजे जा रहे हैं यदि पेशन में किसी प्रकार की असुविधा हो रही है तो इसके लिए बीडीओ मारहरा ही जिम्मेदार है।
> **लक्ष्मी उपाध्याय - अध्यक्ष नगर पंचायत मिरहची।**

> नगर पंचायत में जो भी गांव आते हैं उनका डेटा चेंज करने की प्रक्रिया शुरू करा दी गई है शीघ्र ही इस समस्या का निदान करा दिया जायेगी और सीधे-सीधे नगर पंचायत से ही आवेदन अग्रसारित होने लगेंगे।
> **सत्यम त्रिपाठी - जिला समाज कल्याण अधिकारी, एटा।**

# उत्तराखंड में प्रतिभाग करेंगे जलेसर के सुमित व अर्जुन

भास्कर ब्यूरो

**एटा/जलेसर।** आगामी 31 जनवरी से 4 फरवरी तक अल्मोड़ा उत्तराखंड में 38 वे नेशनल गेम्स का आयोजन होगा। जिसमे योगासन के सीनियर आर्टिस्टिक पेयर में नगर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सुमित कुमार पुत्र कमल सिंह नगला गोदी एवं आदर्श इंटर कॉलेज के अर्जुन पुत्र भूरी सिंह मोहल्ला सादात के प्रतिभाग करेंगे।

आदर्श इंटर कॉलेज में योगा ऑर्बिट फाउंडेशन के अध्यक्ष व कोच अनिल कुशवाह के द्वारा पिछले 3 वर्ष से योगासन की क्लास संचालित की जा रही है। जिनके कुशल प्रशिक्षण की वजह से पहली बार नेशनल गेम्स मे जलेसर के प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगें। योग विद्यार्थियों के लिए एक



अच्छा करियर विकल्प भी है। संजीव वर्मा, ईओ प्रद्युम्न कुमार, प्राचार्य आरके गोस्वामी, सीएचसी अधीक्षक डॉ. पवन शर्मा, डॉ. श्यामविहारी तिवारी, संजय कुशवाह, प्रबंधक संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा, अजय मोहन शर्मा, अचल सिंह, नरेश पाल सिंह, आशू ठाकुर, अमित पण्डित आदि ने कोच, प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी हैं।

## पथ संचलन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने बिखेरा जलवा

भास्कर ब्यूरो



**एटा/जलेसर।** गणतंत्र दिवस के मौके पर नगर के श्रीनिवास अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इन्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा के नेतृत्व में घोष के भैयाओं द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सत्यप्रकाश, प्रबन्धक वीरेन्द्र प्रताप सिंह आदि अनेक अतिथिगण मौजूद रहे। पथ संचलन का शुभारम्भ पालिका अध्यक्षा ने झंण्डी दिखाकर किया। पथ संचलन में भारत माता, हेडगेवार, महाकुम्भ, अम्बेडकर, युवा क्रान्तिकारी, श्रीराम की झांकियों ने मन मोह लिया। जो नगर के विभिन्न मार्ग से होते हुए विद्यालय में समापन हुआ। नगर वासियों द्वारा विभिन्न स्थानों तोरण द्वारा बनाए गए तथा पुष्पवर्षा कर संचलन का स्वगात किया गया।

इस मौके पर केनरा बैंक के अधिकारी रोशन कुमार, उत्साह भारद्वाज एवं विद्यालय संस्थापक नरेन्द्र दीक्षित, एसएस दीक्षित सहित सभी अध्यापक एवं अध्यापिका मौजूद रहे।

## पटना के पास रजवाह में मिला युवक का शव, क्षेत्र में सनसनी

**एटा/जलेसर (भास्कर ब्यूरो)।** मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव पटना के निकट रजवाह में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजा गया है। कोतवाली के गांव पटना के निकट रजवाह में मंगलवार को सुबहएक शव पड़ा हुआ था। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष के लगभग है। मृतक ब्राउन कलर की जैकेट उसके अंदर सफेद रंग की कमीज तथा अंदर काले रंग की बनियान पहने हुए है। नीचे नीले रंग की जींस पहने हुए है। प्रभारी निरीक्षक डॉ. सुधीर राघव ने बताया कि मृतक की आंख में हल्की सी चोट है। तथा होठ पर छोटा सा कट का निशान है। ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक शौच इत्यादि करने के लिए रजवाह में उतरा हो और पानी में गिर गया हो। शव की जानकारी आसपास के पुलिस थानों में दे दी गयी है।

## बाबा साहब के संविधान में बदलाव नहीं होने देगी सपा: जुबैरी

भास्कर ब्यूरो

**एटा।** समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जारहे पीडीए चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत एटा विधानसभा मे मोहल्ला होली तकिए पर एक मीटिंग आयोजित की गई जिसको संबोधित करते हुऐ जिला अध्यक्ष परवेज जुबैरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान में किसी भी तरह का बदलाव नहीं होने देगी। उन्होंने देश के संविधान और बाबा साहब का मान और आरक्षण बचाए जाने का आह्वाहन किया। बैठक को सपा नेता जहीर अहमद, अनिल सागर, जसबीर सिंह, जमशेद आलम,



राधेश्याम शर्मा, विनोद यादव आदि ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर अदनान सिद्दीकी, हाशिम रजा, शाकिर अली, सोहराब हुसैन आदि बड़ी तादाद में सपाई मौजूद रहे। वहीं मारहरा विधानसभा में पीडीए चर्चा के अंतर्गत शीतलपुर ब्लॉक के ग्राम अथिया में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में बाबा साहब का अपमान किया है इस का बदला जनता 2027 में विधानसभा के चुनाव में भाजपा को पराजित करेगी। पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल कुमार यादव ने कहा कि यह सरकार हिंदू मुस्लिम को आपस में लड़वाकर शासन करना चाहती है समाजवादी पार्टी इस को कामयाब नहीं होने देगी।

सभा को वीरपाल सिंह लोधी, धर्मेंद्र शाक्य, बृजेश यादव, मानपाल सिंह, गिरीश यादव आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सतीश वर्मा, जयवीर जाटव, देव सिंह, राकेश कुमार, सूरज पाल, परमानंद आदि मौजूद रहे।

- पीडीए चर्चा कार्यक्रम के तहत हुआ बैठक का आयोजन
- एटा एवं मारहरा विधानसभा में आयोजित हुईं पीडीए बैठक

### दंपत्ति को कार ने मारी टक्कर, महिला की मौत

**हाथरस (भास्कर ब्यूरो)।** सिकन्द्राराऊ कोतवाली क्षेत्र में गांव नगला जलाल के पास एक्सीडेन्ट में महिला की मौत हो गयी। अलीगढ़ जिले के गांव फुसावली निवासी ओंमकार अपनी पत्नी अनीता के साथ बाइक द्वारा कासगंज से वापस बरला जा रहा था। रात 8:30 बजे करीब नगला जलाल पर पीछे से आई कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दंपत्ति गंभीर घायल हो गए। महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मृत घोषित कर दिया गया। दुर्घटना के बाद कार चालक कार को मौके पर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### ढाबे पर मृत मिला कर्मी, पुलिस जांच में जुटी

**हाथरस (भास्कर ब्यूरो)।** सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के हाईवे पर स्थित उमरावपुर के पास सोनू नामक एक व्यक्ति ढाबे पर काम करता था। देर रात वह ठीक-ठाक सोया पर संदिग्ध परिस्थितियों में वह सुबह बिस्तर पर मृत देख ढ़ाबा पर हड़कम्प मच गया, घटना की सूचना पर इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गई और ढाबा कर्मी की मौत को संदिग्ध मानते हुए शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पोस्टमार्टम करा घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## ब्राह्मण महासभा की बैठक संपन्न

भास्कर ब्यूरो



**हाथरस।** श्री ब्राह्मण महासभा पंजीकृत की कार्य कारिणी की बैठक संस्था के ऑफिस नवल नगर में डॉक्टर जितेंद्र स्वरुप शर्मा के अध्यक्षता में हुई। जिसमें अवगत कराया गया कि ब्राह्मण महासभा पंजीकृत हाथरस उत्तर प्रदेश का नवीकरण अगले 5 वर्ष के लिए हो गया है। बैठक में अग्रिम कार्यकम बनाने पर विचार विमर्श किया गया, तथा शीघ्र ही कोई कार्यक्रम किए जाने का निर्णय लिया गया। नवीनीकरण हो जाने का हर्षोल्लास करतल ध्वनि से तथा, भगवान परशुराम के जय करो तथा ब्राह्मण महा समाज की जय के साथ स्वागत किया गया। सभा में उपस्थित सर्वश्री अतुल शर्मा, रामसहाय उपाध्याय, उमाशंकर वशिष्ठ, सत्येंद्र स्वरूप शर्मा देव स्वरूप शर्मा शैलेंद्र वशिष्ठ, उमेश कुमार शर्मा, विशाल सारस्वत, नागेंद्र पाठक, विनोद उपाध्याय राधामाधव शर्मा एड, डॉ. जितेंद्र स्वरूप शर्मा व सभी सदस्यों का अंगवस्त्र डालकर तथा जलपान की व्यवस्था में पंडित देव स्वरूप शर्मा का विशेष सहयोग रहा अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक संपन्न हुई।

## छात्रों को पुलिस और प्रशासनिक कार्यों के प्रति किया जागरूक

**हाथरस (भास्कर ब्यूरो)।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में स्टूडेंट्स पुलिस एक्सपीरियंशल लर्निंग प्रोग्राम के तहत विभिन्न डिग्री कॉलेज, हाथरस से आये छात्रों को थाना हाथरस गेट पर पुलिस और प्रशासनिक कार्यों के प्रति जागरूक किया गया तथा थाने का भ्रमण कराकर पुलिस द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली गेट शिवकुमार शर्मा, निरीक्षक मुकेश बाबू एवं डिग्री कॉलेज से आये हुए छात्र उपस्थित रहे। थाना पर सभी अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्रों को अनुभवात्मक सिखलाई के अन्तर्गत कानून और आपराधिक प्रक्रिया, आपराधिक अनुसंधान, यातायात नियंत्रण, साइबर क्राइम, मानव तस्करी, कानून व्यवस्था आदि विषयों पर जानकारी देते हुए पुलिस के प्रति नेतृत्व, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों को विकसित करने के लिए जागरूक किया गया।

## रोगियों को जागरूक करने के लिए किया नुक्कड़ नाटक का आयोजन

भास्कर ब्यूरो

**हाथरस।** सासनी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आरजी कालेज के छात्र-छात्राओं ने सौ दिवसीय कार्यक्रम में नुक्कड नाटक के माध्यम से क्षय रोग के प्रति लोगों को जागरूक किया। नुक्कड नाटक के जरिए बताया गया कि क्षय (टीबी) रोग से जूझ रहे रोगियों को व लक्षणों के उपचार के बारे में विभाग समय-समय पर जागरूक करता है। और विभाग इन रोगियों को मुफ्त दवाइयां भी देता है।

इसके साथ एमओआईसी डा. दलवीर सिंह ने इस बीमारी के लक्षणों के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसी, कमजोरी, शाम के समय तापमान में वृद्धि,



रात को पसीना, आदि हो तो निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। उन्होंने विस्तार से बताया कि विश्व के सबसे घातक संक्रामक रोग एक टीबी है। मगर रोगी के लक्षणों का समय पर पता चल जाए और रोग का उपचार हो जाए तो यह रोग कोई ला-इलाज नहीं है। इस दौरान सीएचसी स्टाफ एवं आरजी कालेज छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

## अटल जन्म शताब्दी के संबंध में भाजपा ने की प्रेसवार्ता

भास्कर ब्यूरो



**हाथरस।** भाजपा जिला कार्यालय हाथरस पर अटल जन्म शताब्दी वर्ष कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी द्वारा प्रेस वार्ता की गई। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए हर्ष का विषय है कि यह वर्ष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष है, श्रद्धेय अटल जी की जयंती 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप मनाई गयी। इस अवसर पर बूथ, मंडल, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों कार्यक्रम व्यापक रूप से संपन्न हुए। श्रद्धेय अटल जी के स्मारक सदैव अटल नई दिल्ली पर श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, भारत के माननीय राष्ट्रपति, माननीय उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित केन्द्रीय मंत्रीगण के साथ-साथ एनडीए के नेतागण एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सभा में भाग लिया।

## जिला आबकारी ने हाथरस गेट क्षेत्र में की छापामार कार्रवाई

**हाथरस (भास्कर ब्यूरो)।** आबकारी टीम ने हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र में छापामार कार्यवाही करते हुए होटल ढ़ाबों पर होटल ढ़ाबा संचालकों को हिदायत देते हुए, किसी भी प्रकार की नकली शराब व आदि की बिक्री आदि पर ध्यान देने को कहा। जिला आबाकारी अधिकारी कृष्ण मोहन ने बताया कि अवैध शराब निर्माण, बिक्री परिवहन, भंडारण, अपमिश्रण, ओवर रेटिंग के प्रवर्तन अभियान के दृष्टिगत आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशन तथा जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपद हाथरस में आबकारी टीम द्वारा थाना हाथरस गेट अंतर्गत लहरा , मंडी समिति, अलीगढ़ रोड क्षेत्र में स्थित विभिन्न देशी, विदेशी मदिरा एवं बीयर की दुकानों औचक निरीक्षण करते हुए स्टॉक का मिलान किया गया तथा राजस्व हित में सभी पॉपुलर ब्रांड्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए गए। कार्यवाही के दौरान जिला आबाकारी अधिकारी कृष्ण मोहन, आबकारी निरीक्षक क्षितिज कुमार, हाथरस सदर मय आबकारी स्टाफ मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने लाला लाजपत राय की जयंती मनाई

भास्कर ब्यूरो

**हाथरस।** मंगलवार को आगरा रोड पर लाला लाजपत राय जयंती वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह गहलोत की अध्यक्षता में मनाई गई कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व प्रधानाचार्य हरिशंकर वर्मा ने किया



सर्वप्रथम कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने उनके छवि चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि लाला लाजपत राय ने देश की आजादी के लिए कई काम किए. वे एक क्रांतिकारी राजनीतिज्ञ और लेखक थे. उन्हें पंजाब का शेर और पंजाब केसरी के नाम से जाना जाता है इन्होंने पंजाब नैशनल बैंक और लक्ष्मी बीमा कम्पनी की स्थापना भी की थी ये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में गरम दल के तीन प्रमुख नेताओं लाल-बाल-पाल में से एक थे।

उन्होंने कमीशन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया, और साइमन गो बैक का नारा बुलंद किया। 30 अक्टूबर, 1928 को लाहौर में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान, लाठीचार्ज के दौरान पुलिस की लाठियों से घायल होने के बाद राय गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में 17 नवंबर, 1928 को उनकी मृत्यु हो गई। कार्यक्रम में कवि वासुदेव उपाध्याय एवं दीपक रफी ने अपनी कविता के माध्यम से नमन करते हुए कहा कि पंजाब केसरी की उपाधि मिली थे।

## मिनी स्टेडियम की मांग को लेकर सीएम के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन



**हाथरस (भास्कर ब्यूरो)।** सादाबाद तहसील में भारतीय किसान यूनियन चै.चरण सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह के द्वारा जिला अधिकारी हाथरस को मुख्यमंत्री के नाम मिनी स्टेडियम बनवाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें बताया कि सादाबाद क्षेत्र में खेल क्षेत्र की बहुत सारी प्रतिभाएं है, जिन्हें अपने खेलों की तैयारी के लिए सड़कों का सहारा लेना पड़ता है। दुर्घटनाओं के कारण पूर्व में कई प्रतिभावान खिलाड़ीयों की जान भी जा चुकी है। लिहाजा जल्द से जल्द क्षेत्र में स्टेडियम की आधारशिला रखी जाए।

## मौनी अमावस्या आज, हर-हर गंगे के जयकारों से गूजेंगे गंगा घाट

### श्रद्धालुओं के अतिरिक्त वाहनों को लेकर यातायात पुलिस ने रूट किया डायवर्ट

भास्कर ब्यूरो

**कासगंज।** मौनी अमावस्या के अवसर पर सोरों, लहरा, कछला, कादरगंज गंगाघाट पर स्नान करने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेगे। जहां भोर की किरण के साथ ही गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा अर्चना करेंगे। श्रद्धालुओ के अतिरिक्त वाहनों को लेकर यातायात पुलिस ने रूट डायर्वट लागू किया है। यह रूट डायवर्ट सुबह चार बजे रात आठ बजे तक जारी रहेगा।

एसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि बुधवार को मौनी अमावस्या है। मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान के लिए राजस्थान, मध्यप्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश के विभिन्न



जनपदो से गंगा स्नान करने के लिए जिले के गंगा घाट सोरों, लहरा, कछला के अलावा कादरगंज गंगा घाट पर भारी संख्या में श्रद्धालु अपने अपने निजी वाहनों से आते हैं। श्रद्धालुओ को किसी प्रकार की समस्या पैदा न हो, जिससे से मुक्ति दिलाने के लिए भारी वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है। यह रूट डायवर्ट प्रक्रिया बुधवार की सुबह चार बजे से लागू होकर रात आठ बजे प्रभावी रूप से जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि मथुरा, एटा की ओर से आने वाले वाहनों को सौरव ढावा से होते हुए अमांपुर बस स्टैंड होते हुए सीधा सहावर गंजडुंडवारा के रोड बदायूं की ओर निकला जाएगा। बदायूं की ओर से आने वाले वाहनों को कादरगंज होते हुए गंजडुंडवारा, सहावर मार्ग से सीधा सौरभ ढावा से निकले जाएंगे। इसके लिए उन्होंने जगह जगह पर भारी मात्रा में यातायात पुलिस के अलावा सिविल पुलिस को भी लगाया गया है।

## नो हेलमेट, नो पेट्रोल को किया जागरूक, दो वाहन सीज, 137 के चालान

**कासगंज (भास्कर ब्यूरो)।** जनपद में चलाए जा रहे 31 दिवसीय विशेष अभियान के तहत मंगलवार को भी जागरूकता कार्यक्रम हुए। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उन्होंने टीम के साथ जनपद के प्रमुख चैराहों, तिराहों एवं भीड़भाड वाले स्थानों पर तेज गति, रॉन्ग साईड पर वाहन नहीं चलाने की अपील की। इस दौरान पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो पेट्रोल के बोर्ड देखे। पेट्रोल पंप पर उपस्थित कर्मचारियों को बताया कि बिना हेलमेट के किसी को भी पेट्रोल न दें। दो पहिया वाहन चालक एवं चार पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों के सम्बन्ध में पंपलेट देकर जागरुक किया। ओवर स्पीड, मॉडिफाइड साइलेंसर, ब्लैक फिल्म, लाल नीली बत्ती, जाति संप्रदाय लिखे वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो वाहन सीज किए, जबकि 137 वाहन चालकों के चालान किए गए हैं।

### दहेज हत्या के मामले में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज (भास्कर ब्यूरो)।** थाना सिकन्दरपुर वैश्य पुलिस ने क्षेत्र से दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया है। इंस्पेक्टर ब्रजपाल सिंह ने बताया कि थाना में दर्ज दहेज हत्या के मामले में उमेश कुमार पुत्र विनोद कुमार, विनोद कुमार पुत्र साहब सिंह निवासीगण सिकंदरपुर वैश्य वांछित चल रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अग्रिम कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया है।

### तमंचा, कारतूस समेत आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज (भास्कर ब्यूरो)।** पटियाली थाना पुलिस ने क्षेत्र से एक आरोपी को तमंचा, कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है। पटियाली इंस्पेक्टर राधेश्याम सिंह ने बताया कि थाना में तैनात एसआई मुन्ना लाल ने चेकिंग के दौरान गांव रुस्तमपुर के मोड़ से विक्रम सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी थाना गांव थाना पटियाली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की है।

### पुलिस ने गिरफ्तार किया वारंटी

**कासगंज (भास्कर ब्यूरो)।** पटियाली थाना पुलिस ने क्षेत्र के थाना गांव के निकट से एक वारंटी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारंटी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है। इंस्पेक्टर राधेश्याम सिंह ने बताया कि जनपद एटा के न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पुलिस को वारंटी की तलाश थी। सटीक जानकारी पर एसआई पवन कुमार ने थाना गांव के निकट कार में सवार शुभम उर्फ गोलू पुत्र राजवीर सिंह निवासी मोहल्ला मिश्राना थाना पटियाली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने वारंटी को न्यायालय में पेश किया है।

# न्यू मैक्स के मैनेजर से मांगी दो करोड़ की रंगदारी

## पुलिस ने दो बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर किया लंगड़ा

भास्कर ब्यूरो

**खतौली / मुज़फ्फरनगर।** न्यू मैक्स के मैनेजर से दो करोड़ की रंगदारी मांगने वाले अक्षयजीत उर्फ मोनी समेत दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में लंगड़ा कर दिया। पुलिस के अनुसार व्हाटसएप पर आई धमकी के बाद सुशील मूंछ और उसके दो बेटों मनजीत टोनी और अक्षयजीत उर्फ मोनी को आरोपी बनाया गया है।







सोसायटी बसाने वाली न्यू मैक्स कंपनी के मैनेजर को व्हाटस एप के जरिए दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। धमकी देने वाले ने खुद को अक्षयजीत उर्फ मोनी बताते हुए पिता सुशील मूंछ और भाई का जिक्र किया था। दो करोड़ कब और कहां पहुंचाने है, जल्द ही उसे बताने की बात कही थी। धमकी के बाद न्यू मैक्स के मैनेजर की हालत खराब हो गई। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित मैनेजर ने मंसूरपुर थाने में तहरीर देकर दो करोड़ की रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए माफिया सरगना सुशील मूंछ और उसके दोनों बेटों मनजीत और अक्षयवीर को आरोपी बनाया था। मंगलवार को सूचना के आधार पर बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में दो बदमाश घायल हो गए। जिनमें अक्षयजीत उर्फ मोनी भी शामिल है।

मोनी माफिया सरगना सुशील मूंछ का बेटा बताया गया है। मुठभेड़ की सूचना के बाद एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत और सीओ रामाशीष यादव भी मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। घायल दोनों बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि न्यू मैक्स कंपनी के मैनेजर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बाद खतौली और मंसूरपुर पुलिस की विशेष गठित की गई। पुलिस को खबर मिली थी कि अक्षयजीत अपने एक साथी कार में सवार होकर भागने की फिराक में है। पुलिस ने घेराबंदी की। मुठभेड़ में बदमाश घायल हो गए। घायलों में अक्षय जीत तथा दूसरा बदमाश गैंग का शार्प शूटर अमरदीप निवासी मथेडी है। इनके कब्जे से 9 एमएम की पिस्टल, तमंचा और कार बरामद हुई है। एसएसपी ने पुलिस टीम को पुरस्कार देने की घोषणा की है।

# ताजा कूड़ा हटवाने को पालिका खर्च करेगी 1.74 करोड़

भास्कर ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका परिषद् के द्वारा शहरी क्षेत्र से रोजाना निकल रहे 234 मीट्रिक टन फ्रेश वेस्ट (ताजा कूड़ा) का निस्तारण कराना सिरदर्द बन रहा है। इस कूड़े के निस्तारण के लिए पालिका लगातार डेढ़-दो साल से प्रयास कर रही है, लेकिन शहर से निकल रहे फ्रेश वेस्ट के निस्तारण का रास्ता नही निकल पा रहा है। तीन बार इसके लिए निविदा भी निरस्त की जा चुकी है। अब पालिका प्रशासन ने चौथी बार में दिल्ली की एक कंपनी को ठेका दिया है। यह कंपनी छह माह में फ्रेश वेस्ट का निस्तारण करेगी, जिसके लिए पालिका द्वारा कंपनी को प्रत्येक माह के लिए 96 हजार रुपये का भुगतान किया जायेगा। शहर के 55 वार्डों से प्रतिदिन निकल रहे करीब 234 मीट्रिक टन कूड़े के निस्तारण को लेकर पालिका प्रशासन परेशान है। इसको कंपनी एमआईटूसी के माध्यम से किदवई नगर प्लांट पर बने डम्पिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। करीब दो साल से शहर से निकल रहे फ्रेश वेस्ट के निस्तारण का प्रयास लगातार किया जा रहा है। इसमें पहले पालिका ने सोलिड वेस्ट सेग्रीकेशन के लिए योजना बनाई और सेग्रीकेशन मशीन खरी. दने का प्रस्ताव किया गया था। अगस्त 2023 में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के आदेश के बाद 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से 500 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता की मशीन खरीदने की कवायद हुई, इसके लिए 2.36 करोड़ रुपये का व्ययानुमान बनाया गया था, यह मशीन किदवई नगर प्लांट पर स्थापित की जानी थी, लेकिन अगस्त 2023 में मुख्य सचिव के साथ हुई वीसी में पालिका के इस प्रस्ताव के खिलाफ मिले दिशा निर्देश पर डीएम ने कमेटी की बैठक में निरस्त कर दिया गया, क्योंकि मुख्य सचिव ने फ्रेश कूड़े के निस्तारण का कार्य निविदा आमंत्रित कर करने के निर्देश दिये थे। इसके बाद पालिका ने छह माह के डम्प 42120 मीट्रिक टन वेस्ट को निस्तारित करने के लिए निविदा मांगी। छह माह के वेस्ट के लिए कंपनी को पालिका 96 हजार रुपये प्रतिमाह का भुगतान करेगी। 1



करोड़ 74 लाख 37 हजार 680 रुपये इस पर खर्च होंगे। अब यह प्रस्ताव 30 जनवरी को प्रस्तावित पालिका बोर्ड की मीटिंग के लिए जारी एजेंडे में शामिल किया गया है। सदन की स्वीकृति मिली तो कंपनी को कार्यादेश जारी किया जायेगा। पालिका ईओ डा. प्रज्ञा सिंह का कहना है कि शहर से प्रतिदिन 234 मीट्रिक टन कूड़ा किदवई नगर पहुंचाया जा रहा हैं। वहां कूड़ा डम्प करने के लिए स्थान काफी कम पड़ रहा है। ऐसे में यदि फ्रेश वेस्ट के निस्तारण के लिए कदम नही बढ़ाया गया तो इसको उम्प करने के लिए पालिका के पास कोई भी स्थान नही बचेगा। इसी को दृष्टिगत रखते हुए फ्रेश वेस्ट के प्रसंस्करण, निपटान और निष्कासन के लिए यह टैण्डर कराया गया है, जो पालिका से तय व्यय अनुमान से 50 प्रतिशत से भी कम दरों पर है।

# अति पिछड़ा वर्ग के लोग हो रहे है जागरूक : मोहन

भास्कर ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के रामपुरी स्थित कैम्प कार्यालय पर मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें युवा ज़िलाध्यक्ष की घोषणा की गई। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने बताया कि मंगलवार को युवा नेता गौतम कुमार सैन अपने साथियों के संगमोर्चा में शामिल हुए। मोहन ने बताया कि गौतम कुमार सैन को युवा ज़िलाध्यक्ष बनाया गया है। डा. सचिन पाल को महासचिव पद पर मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने कहा कि अति पिछड़ा वर्ग के लोग जागरूक हो रहे हैं। पिछडा वर्ग के लोग अपने समाज के लिए काम करना चाहते है। कहा कि पिछड़ा वर्ग किसी भी सूरत में शोषण बर्दाश्त नही करेंगा। कहा कि अति पिछड़ा वर्ग के लोगों को एकजुट होना ही होगा। युवा जिला अध्यक्ष गौतम कुमार सैन ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उस पर वह खरा उतरने का काम करेंगे। कहा कि समाज के सभी युवाओं को एकजुट किया जाएगा। इस दौरान राजकुमार सैनी, सतपाल प्रजापति, सचिन सैन, सुनील प्रजा. पति, संजय पाल,पवन कश्यप, जय कुमार प्रजापति, संजय प्रजापति, आनंद प्रजापति, संजू कुमार, रवि कुमार, मनोज पाल आदि मौजूद रहे।



# बाइक व ट्रक की भिड़ंत, दो महिला व युवक घायल

भास्कर ब्यूरो

**छपार।** कस्बा छपार में बाइक व ट्रक की भिड़ंत से दो महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची छपार पुलिस ने तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। ट्रक चालक ट्रक को लेकर फरार हो गया।

कस्बा छपार निवासी सहावेज बरला बिजली घर में संविदा पर कार्य कृत है। मंगलवार की सुबह 8:00 बजे बाइक सवार सहावेज गांव की दो महिला जेबा व सायमा जो कि बरला के एक मदरसा में शिक्षिका के पद पर तैनात हैं उक्त दोनों महिलाओं को अपनी महल बाइक पर बिठाकर बरला आ रहा था जब बाइक सवार बरला टोल प्लाजा के पास पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आ रही दूसरी बाइक ने उसे ठोक दिया।

जिस कारण बाइक सवार असंतु. लित होकर आगे चल रहे ट्रक से भीड़ गया जिस कारण बाइक सवार सावेज व दोनों शिक्षक महिला सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से तीनों घायल हो गए सूचना पर पहुंची छपार पुलिस ने तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया एवं उनके परिजनों को घटना के संबंध में सूचना दी ट्रक चालक वह दूसरा बाइक सवार दोनों फरार हो गए।

# सीएमओ समेत आला अधिकारियों ने किया चिकित्सकीय कार्य

भास्कर ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** महानिदेशक के निर्देशानुसार प्रदेश के प्रशासनिक पदों पर तैनात मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अधीक्षिका, चिकित्सा अधिकारियों ने अपने प्रशासनिक दायित्व के निर्वहन के साथ-साथ सप्ताह में तीन दिन यथा संभव दो घंटे प्रति दिवस चिकित्सकीय कार्य करेंगे।

इस क्रम में मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया के द्वारा जिला चिकित्सालय में हडडी रोग विभाग में मरीजों को परामर्श कर उन्हें चिकित्साकीय उपचार दिया गया। इसके अलावा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिव्या वर्मा के द्वारा जिला चिकित्सालय के नाक, कान, गला विभाग में चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शैलेश जैन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरथावल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रशांत कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विजेंद्र कुमार ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरवट में, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव निगम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार ने साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जानसठ में चिकित्सा के परामर्श दिया गया।



# जानसठ में तीन पैथोलॉजी लैब को किया सील

भास्कर ब्यूरो

**जानसठ।** स्थानीय कस्बे में तीन पैथोलॉजी लैब को सील किया गया। जिससे पैथोलॉजी लैब संचालकों में हड़कंप मचा गया। पैथोलॉजी लैब मानक के अनुरूप नही चल रही हैं। बिना रजिस्ट्रेशन एवं चिकित्सकों के ही संचालन हो रहा है। मंगलवार को स्थानीय सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अजय कुमार ने हिंद पैथोलॉजी लैब सहित कस्बे की तीन लैब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लैब संचालक कोई रजिस्ट्रेशन एवं अन्य कागजात नही दिखा पाए जिसके चलते लैब को सील कर दिया गया है। लैब सील करने की कार्रवाई को लेकर लैब संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। सीएससी प्रभारी डॉक्टर अजय कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान तीन पैथोलॉजी लैब संचालक कोई पेपर नही दिखा पाए जिसके चलते उन्हें सील कर दिया गया है। कार्रवाई को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। अभियान चलाकर कस्बे में स्थित अन्य पैथोलॉजी लैब का भी निरीक्षण किया जाएगा।




# सपा ने पीडीए चर्चा कार्यक्रम से किया आगाज़

भास्कर ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने बताया कि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 27 जनवरी से फरवरी माह तक चलने वाले पीडीए चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत सदर विधानसभा, मुजफ्फरनगर, पुरका. जी, खतौली, मीरापुर में कार्यक्रम से आगाज हुआ। मुजफ्फरनगर विधानसभा के सेक्टर 15 के मोहल्ला रैदासपुरी में विधानसभा अध्यक्ष डा. अविनाश कपिल विधानसभा उपाध्यक्ष संजय जानिया द्वारा आयोजित पीडीए चर्चा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र त्यागी बॉबी ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में सामा. जिक न्याय,बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान उनके विचार को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिसमें पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक वंचित शोषित पीड़ित समाज के अधिकारों का हनन आरक्षण से छेड़छाड़ भाजपा सरकार की कार्यशैली बन गई है। पूरे प्रदेश में समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व समाज को सम्मान उनके अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं। सभी को एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करना होगा। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष सोमपाल सिंह कोरी सदर विधानसभा अध्यक्ष डा. अविनाश कपिल महानगर उपाध्यक्ष पवन गिरी युवजन सभा महानगर अध्यक्ष रजत शर्मा आदि ने भी संबोधित किया।



# एसडीएम ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

भास्कर ब्यूरो

**खतौली।** प्राथमिक विद्यालय मुबा. रकपुर तिगाई में एसडीएम मोना. लिसा जौहरी औचक निरीक्षण के लिए पहुंची। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विद्यालय की हर व्यवस्था का सूक्ष्मता से आकलन किया। बच्चों से गणित, हिंदी और अंग्रेजी विषयों पर सवाल भी पूछे गए।

कई बच्चों ने तत्परता से उत्तर देकर उनकी प्रशंसा पाई। वहीं जिन बच्चों का प्रदर्शन संतोषजनक नही था उनके लिए एसडीएम ने शिक्षकों से कहा वे अतिरिक्त मेहनत कर उनकी पढ़ाई को सुधारें।

एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई के महत्व पर जोर दे। प्राथमिक विद्यालय केवल एक शिक्षण केंद्र नही है यह बच्चों के भविष्य की बुनियाद है। शिक्षकों का कर्तव्य है कि वे बच्चों को ऐसा मार्गदर्शन दें जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

निरीक्षण के दौरान मिड डे मील की गुणवत्ता की भी जांच की। स्वयं भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता का आकलन किया। किचन और ग्राउंड का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सफाई की कमियों पर नाराजगी जताई। बाहर के मैदान की सफाई ना होने पर उन्होंने ग्राम प्रधान को फोन कर सफाई कर्मचारी भेजने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने शिक्षकों से कहा कि वे केवल किताबों की पढ़ाई तक सीमित न रहें, बल्कि बच्चों को सामान्य ज्ञान और करंट अफेयर्स की जानकारी देकर उनका बौद्धिक विकास भी करें। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार अमित रस्तोगी भी उपस्थित रहे।



# सरकारी भूमि पर हो रहा है अवैध निर्माण

भास्कर ब्यूरो

**खतौली।** मेन जी.टी. रोड पर नगर पालिका गेट के पास तथा दूसरा निर्माण कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर सरकारी भूमि पर कब्जा कर किया जा रहा है। यह निर्माण प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है, लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नही हुई है।

स्थानीय लोगों ने इस मामले को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाने की मांग की है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, एक स्थानीय दुक. ानदार ने 17 गज जमीन खरीदी है, लेकिन इसके अतिरिक्त सरकारी सड़क की जमीन पर भी पक्की दुकान बनाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन नगर पालिका, पीडब्ल्यूडी और स्थानीय प्रशासन की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जी.टी. रोड जैसे व्यस्त क्षेत्र में इस तरह के अवैध निर्माण से न केवल यातायात प्रभावित होगा, बल्कि सरकारी संपत्ति पर भी गलत उदाहरण प्रस्तुत होगा। आस-पास के लोगों ने इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और अवैध कब्जे को तुरंत हटाने की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे निर्माणों पर रोक लगाकर जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में सरकारी भूमि का दुरुपयोग न हो।

# लाला लाजपत राय की 160 वीं जयंती मनाई



भास्कर ब्यूरो

**खतौली।** शिशु शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में लाला लाजपत राय की 160 वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्राइमरी जूनियर एवं सीनियर विंग के छात्र-छात्राओं ने लाला लाजपत राय के जीवन पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर बोलते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य कान्ता स्वरूप सिंगल ने कहा कि साइमन कमीशन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए लाला लाजपत राय ने कहा था मेरे शरीर पर पड़ने वाली एक-एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगी। स्वामी दयानंद सरस्वती ने लाला लाजपत राय को स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की संयोजक सीमा त्यागी ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकेश गुप्ता, अवधेश कुमार, ममता शर्मा, आशीष कुमार, शिव कुमार, रविंद्र कुमार, गोपाल आदि अध्यापक उपस्थित रहें।

# इकाई प्रमुख लोकेश कुमार के नेतृत्व में मिल कर्मचारियों ने मनाया गणतंत्र दिवस

भास्कर ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** 26 जनवरी के दिन राष्ट्र के 76वें गणतन्त्र दिवस पर इण्डियन पोटाश लि0 की चीनी इकाई रोहाना कलां के परिसर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें मिल के सुरक्षा कर्मियों द्वारा भवय प्रेड की गई एवं संस्थान के अमृत इण्टर कॉलेज के एन0सी0सी0 कैडिटों और छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन कर समस्त दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मिल में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यत इकाई प्रमुख लोकेश कुमार, वरिष्ठ प्रबन्धक मा0संसा0/विधि आर0के0 तिवारी, प्रबन्धक लेखा तरूण कुमार गौड़, विभागाध्यक्ष अभि0 रामबीर लल्लर, विभागाध्यक्ष उत्पादन पंकज बालियान, विभागाध्यक्ष गन्ना अरविन्द कुमार, उप प्रबन्धक गन्ना संजीव चौधरी, मुख्य अभि. विद्युत प्रमोद आन्नद, मुख्य अभि0सिविल नरेश कुमार रस्तौगी, उप अभि. चिन्तराम गौतम, सहा0प्रबन्धक आईटी रजत चौधरी, उ. प्र. उप आबकारी निरीक्षक राम अभिलाष, सहा0 प्रबन्धक विकय प्रमोद कृष्ण त्रिपाठी, आदेश शर्मा, कुलवन्त सिंह, प्रमोद कुमार, अमित त्यागी, अमित कुमार, हरजीत सिंह, पंकज शर्मा आदि शामिल रहें।



# गणतंत्र दिवस पर किया ध्वजारोहण





भास्कर ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** श्री ओम्कारेश्वर लिटिल लीडर्स अकादमी में प्रधानाचार्य प्रीति तायल व प्रबंधक प्रमोद शर्मा ने गणतंत्र दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर ध्वजारोहण किया।

इस दौरान प्रबंधक प्रमोद शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र का उत्सव हम सब बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं यह हमारा राष्ट्रीय पर्व है।

हर भारतीय को राष्ट्रीय पर्व धूमधाम से बनाना चाहिए प्रधानाचार्य प्रीति तायल ने कहा कि अनुशासन में रहकर अच्छे नागरिक बनना हर भारतवासी का कर्तव्य है। अनुशासन जहां जीवन को अनुकूल बनाता है वही अनुशासन ही देश को महान बनाता है।

इस दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभक्ति से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में मधु मीनल रितिका तनु गीतांजलि मर्यादा सरोज रजनी सपना पूजा रजनीश आशीष स्वीटी अर्चना वर्मा सुमन आदि का सहयोग रहा।

## गन्ने के खेत से मिला कबड्डी खिलाड़ी का शव

**छपार।** घर से गायब हुए कबडडी खिलाड़ी का शव घर के पीछे गन्ना के खेत में पड़ा मिला। उसने तमंचे से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। तमंचा उसकी उंगलियों में फंसा मिला। मृतक अपने पिता का इकलौता पुत्र था। मौके पर पहुंची छपार पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव बसेड़ा निवासी अनिल कुमार का 18 वर्षीय पुत्र वंश काकरान सोमवार को घर से अचानक गायब हो गया जब शाम तक घर नही पहुंचा तो उसे तलाश किया गया लेकिन कोई पता नही चल सका उसके पिता ने थाने रिपोर्ट दर्ज कराई। मंगलवार को किसान कमलेश खेत के पास खेल रहे बच्चों ने शव पड़ा देखकर शोर मचाया। शव को देखने के लिए ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक दो ही बहन भाई थे बहन बड़ी है। मृतक उत्तराखंड के कॉलेज में 12 कक्षा का छात्र था और कबडडी खिलाड़ी था। आत्महत्या के कारणों का पता नही चल सका। प्रभारी निरीक्षक विकास यादव ने बताया कि किसी विवाद से इंकार किया है। तमंचा 12 बोर व खोखा कारतूस पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## बैंक का कर्जदार हुआ गिरफ्तार, राजस्व विभाग ने की कार्रवाई

**भोपा।** बैंक के बड़े कर्जदार व जानसठ तहसील के दस बड़े बकाएदारों में शामिल बरूकी के ग्रामीण को राजस्व विभाग की टीम ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बरूकी मे राजस्व विभाग ने कार्रवाई करते हुए गांव निवासी सुभाष को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को उप जिलाधिकारी जानसठ के निर्देश पर नायब तहसीलदार बृजेश कुमार, क्षेत्रीय राजस्व अमीन नीरज कुमार शर्मा आदि की टीम ने तहसील जानसठ के दस बड़े बकायेदारों फहरिस्त में शामिल बरूकी निवासी सुभाष को गिरफ्तार किया हैं। राजस्व अमीन नीरज शर्मा ने बताया की बकायेदार सुभाष पर लगभग 27 लाख रुपए का बकाया हैं। लंबे समय से वह बैंक की रकम को जमा नही कर रहा था। उधर, कुछ लोगों का कहना था कि बकायेदार की जमीन पर पहले ही इस संबंध में कार्रवाई हो चुकी है।

# क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

भास्कर ब्यूरो

**मोरना।** खण्ड विकास कार्यालय परिसर मोरना में आयोजित मीटिंग मे क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अधिका. रियों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी तथा ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्यों से विकास में सहभागिता की अपील की गई। बैठक में ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्यों व ग्रामीणों को ग्रामीण आवास योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर सरकार अनेक योजनाएं चलाये हुए है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, स्वच्छता, सड़क निर्माण, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने सहित आवास व अनेक प्रकार की पेंशन आदि का लाभ प्रत्येक लाभार्थी को मिल रहा है। ब्लॉक के प्रत्येक गांव में आवास योजना का सर्वे चल रहा है, जिसमें ग्रामीण अपना सहयोग देकर योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। बीडीसी सदस्य विकास कार्यों में अपनी सहभागिता को सुनिश्चित करें। ग्रामीण प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ उठाएं। बीडीओ अक्सीर खान ने कहा कि ग्रामीणों को जागरूक कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं। एडीओ पँचायत योगेशदत्त त्यागी ने शौचालय, ओडीएफ प्लस व एडीओ समाज कल्याण सुधीर बालियान ने शादी अनुदान, पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्वयं सहायता समूह गठन, एडीओ कृषि अंकुल कुमार शर्मा ने फार्मर रजिस्ट्री, किसान सम्मान निधि सहित सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में मनरेगा, कृषि विभाग, सिंचाई सम्बंधित समस्या, सहकारिता विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, बाल विकास परियोजना के पोषाहार कुपोषण की रोकथाम, अल्प बचत आदि योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से रविन्द्र उर्फ छोटा प्रधान, मनोज वालिया, आबिद प्रधान, असलम खान, फरमान, जावेद, राजकुमार प्रधान, एडीओ सुरेन्द्र सिंह, मुनेश आदि मौजूद रहे।



# राकेश टिकैत ने महापंचायत को लेकर पंचायत स्थल का किया निरीक्षण

भास्कर ब्यूरो


**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने मंगलवार को होने वाली किसान महापंचायत स्थल नवीन मंडी का निरीक्षण किया। उनके साथ सहारनपुर मण्डल के पदाधिकारी मौजूद रहे। साथ ही राकेश टिकैत ने ग्रामीण अंचल से मंडी में आने वाले गुड और शक्कर की आवक के विषय में भी जानक. ारी प्राप्त की। इस अवसर पर राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार की मंशा इन मंडियों को समाप्त करने की है परंतु ऐसा होने नही दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के किसान अपनी बड़ी पंचायतें मंडी स्थल पर करते हैं अत: इस बार मुजफ्फरनगर महाप. ंचायत के लिए भी नवीन मंडी स्थल को चुना गया है। राकेश टिकैत के साथ मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष मुजफ्फरनगर चौधरी नवीन राठी ,मंडल अध्यक्ष सहारनपुर अशोक कुमार, पश्चिम उत्तर प्रदेश महासि. चव योगेश शर्मा, आदि रहे ।



## हिन्दू संगठनों ने दी धरने की चेतावनी, रास्ता खुलवाने की मांग

भास्कर ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त हिंदू मोर्चा के तत्वाधान में मंगलवार को हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए इस्लामिया इंटर कॉलेज द्वारा बंद किए गए रास्ते को खोलने की मांग की। इस अवसर पर हिंदू नेताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में इस्लामिया इंटर कॉलेज ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर बाग प्यारे लाल मोहल्ले के हिंदुओं का रास्ता बंद कर दिया था जिसके कारण वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं का रास्ता बंद हो गया था। उन्होंने इस्लामिया इंटर कॉलेज की संपति की जांच की मांग भी की। साथ ही उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर जल्दी ही सरकारी रास्ते को नही खोला गया तो इस्लामिया इंटर कॉलेज में ही धरना दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मनोज सैनी , राधेश्याम विश्वकर्मा, बाबूराम पाल , डॉक्टर योगेंद्र शर्मा प्रदेश महासचिव शिवसेना बागेश अग्रवाल प्रदेश, प्रमोद वर्मा आदि रहे।



कठिन परिस्थितियों में समझदार आदमी रास्ता खोजता है और कमजोर आदमी बहाना

# भारतीय किसान यूनियन क्रांति की बैठक का हुआ आयोजन

- उपजिलाधिकारी को सौंपा गया 9 सूत्रीय ज्ञापन,

भास्कर ब्यूरो



बेहट। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन क्रांति की एक बैठक तहसील परिसर में आयोजित की गई जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार किया गया। बैठक के बाद एक 9 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में उठाई गई मांगों में किसानों के खसरा खतौनी में वह आधार कार्ड में नाम अलग-अलग होने की वजह से फार्मर आईडी नहीं बन पा रही है इसे शीघ्र दुरुस्त कराया जाए। राशन कार्ड में यूनिट दर्ज करने के नाम पर आपूर्ति विभाग द्वारा राशन कार्ड धारकों के साथ अभद व्यवहार किया जा रहा है। कस्बे के मोहल्ला खालसा में एसबीआई बैंक व बैंक आफ इंडिया की गली में भाई के खड़ी होने से बहुत परेशानी हो रही है। हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है निजात दिलाए जाने की कृपा करें। कस्बे में कुछ दिनों से पानी की सप्लाई में गंदगी आ रही है जिससे लोग बीमार होने की आशंका है। क्षेत्र में बढ़ता नशा बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। युवा वर्ग अंधकार की ओर जा रहा है। बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा जनता का उत्पीड़न किया जा रहा है जो किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं होगा।

संसारपुर में सहारनपुर ग्रुप आफ कॉलेज दून कॉलेज के द्वारा संस्कार कॉलेज के नाम से जो शिक्षण संस्था है वह उन विद्यार्थियों की जमा की गई फीस वापस नहीं कर रहा है, जो किसी कारण पढ़ नहीं सके। इसके अलावा ज्ञापन में अन्य समस्याएं शामिल है। ज्ञापन सौंपने वालो में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अमित सैनी, महिला प्रदेश अध्यक्ष रीना धीमान, प्रदेश सचिव रिंपी काम्बोज, तहसील अध्यक्ष सतवीर सिंह, जिला सचिव सचिन, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा सरिता देवी, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सैनी, प्रदेश मीडिया प्रभारी संजय सैनी, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिनिधि महिला मोर्चा सोनू धीमान, तहसील अध्यक्ष युवा पंकज सैनी, तहसील सचिव अमित कुमार, श्रीमती संगीता सैनी आदित्य व ब्रह्मपाल आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा में किया भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन

भास्कर ब्यूरो



नानौता। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथावाचक संत ऋषिपाल महाराज जी ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने सातवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मां देवकी को वापस देना, सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन किया गया। सुदामा प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। श्री खाटू नरेश चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा मे कथावाचक संत ऋषिपाल महाराज जी ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा जी से समझा जा सकता है। सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र कृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे लेकिन द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब भी भक्तों पर विपदा आई है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। इस अवसर पर प्रधान संदीप कुमार, जसवीर शर्मा, सोमपाल सैनी, बाबूराम चैहान, धर्म सिंह, राजेन्द्र राणा, मुकेश सैनी, ईसम भगत जी, आयुश शर्मा, सागर शर्मा, कंवरपाल प्रजापति, अनुज सैनी, सतीश रोहिला, मुकेश धनगर, राजीव धीमान, बबलू पेंटर, पवन धनगर, भूरा, प्रताप राणा, सागर शर्मा, सोनू सैनी, मनोज तोमर आदि मौजूद रहे।

# अच्छे संस्कारों एवं सही मार्गदर्शन से बच्चे प्रतिभावान बनते हैं: दीक्षा कुमारी

भास्कर ब्यूरो




रामपुर मनिहारान। पीएमश्री विद्यालय यू पी एस रामपुर मनिहारान में कैरियर मेले का आयोजन किया गया जिसमें आमंत्रित मुख्य अतिथि महिला उपनिरीक्षक दीक्षा कुमारी ने कहा कि अच्छे संस्कार और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन से बच्चे प्रतिभावान बनते हैं। उन्होंने कहा कि लडकियों की शिक्षा से आदर्श समाज का निर्माण होता है। दीक्षा कुमारी ने मिशन शक्ति के अन्तर्गत बालिकाओं को महिला अधिकारों के प्रति एवं शोषण के विरुद्ध जागृत करते हुए हेल्पलाइन नम्बरों के यथासमय इस्तेमाल की जानकारी से अवगत कराया। विद्यालय की इंचार्ज शशी बाला ने अपने वक्तव्य मे कहा कि हमारा प्रयास बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उनकी रुचि के अनुसार उन्नति के मार्ग पर सही दिशा प्रदान करना है। डा. अंशु रानी ने कहा कि यदि बच्चों को यथासमय सही अवसर व मार्गदर्शन मिले तो उन्नति की कठिन मंजिल भी आसान हो जाती है। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कुलबीर सिंह चैहान ने कहा कि प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा ग्रहण कर बच्चे देश को तरक्की की ओर ले जाने मे सक्षम होते हैं। विद्यालय प्रांगण मे लगाये गये कैरियर मेले में प्रदर्शित बच्चों द्वारा तैयार किये गए कृषि, विज्ञान, शिक्षा, कला आदि विभिन्न विषयों के मॉडल मुख्य आकृषण रहे। इस अवसर पर स्टाफ नर्स मोनिका, महिला हैड कांस्टेबल नीलम, ईरा चैहान, ओमलता एवं समस्त शिक्षक वर्ग तथा शिक्षार्थी वर्ग उपस्थित रहा।

# 12 फरवरी को दिया जाएगा चौधरी अजित सिंह खेल अवार्ड, खेल हस्तियां होंगी सम्मानित



भास्कर ब्यूरो

सहारनपुर। राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ द्वारा 12 फरवरी को सहारनपुर के हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर चौधरी अजित सिंह खेल अवॉर्ड का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गाजियाबाद से आए राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक ने समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष चै. नीरपाल सिंह ने की। उन्होंने कहा कि इस दिन रालोद संस्थापक व किसान नेता स्वर्गीय चौधरी अजित सिंह की जयंती पर अन्नदाताओं और खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक ने कहा कि खेल प्रकोष्ठ की टीम खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने में लगातार सक्रिय है। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी भी खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत हैं। कार्यक्रम के संयोजन की जिम्मेदारी कार्यक्रम का संयोजक खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर को बनाया गया है। सह संयोजक के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष पुनीत चौधरी, वरिष्ठ नेता चै. अर्जुन सिंह, जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, प्रवक्ता सुमित पंवार और महासचिव आरिफ मलिक को नामित किया गया है। यह आयोजन खिलाड़ियों के प्रोत्साहन और खेलों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास होगा।

# शस्त्र लाईसेंस धारी 15 दिन के भीतर कराएं प्रविष्टियों को अद्यतन

- शस्त्र लाईसेंस लेने के बाद क्रय न करने वाले 409 लाईसेंसधारियों की सूची जिलाधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा,
- 03 वर्ष तक शस्त्र क्रय न किए जाने तथा नवीनीकरण पंजिका में प्रविष्ट न होने पर शस्त्र लाईसेंस निरस्त किए जाने का प्राविधान : जिला मजिस्ट्रेट,

भास्कर ब्यूरो-

सहारनपुर। जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने बताया कि जनपद सहारनपुर में राजकीय सेवकों जीएस शस्त्र लाईसेंस पंजिका में कुल 409 शस्त्र लाईसेंसी ऐसे है, जिनके द्वारा तीन वर्ष से अधिक समय होने के उपरांत भी अपने शस्त्र लाईसेंस पर शस्त्र दर्ज नही कराया गया है और बहुत अधिक लंबी अवधि से शस्त्र लाईसेंस का नवीनीकरण नही कराया गया है। शस्त्र लाईसेंस राजकीय सेवको की तत्समय जनपद में तैनाती के समय स्वीकृत किये गये थे। राजकीय सेवक वर्तमान में जनपद में तैनात नही है और उनका वर्तमान पता भी उपलब्ध नही है।

आयुध नियमावली-2016 के नियम 18 मे उल्लिखित शस्त्र लाईसेंस निर्गत होने के पश्चात 03 वर्ष की अवधि व्यतीत होने के उपरान्त भी शस्त्र क्रय नही किये जाने एवं दीर्घावधि से शस्त्र लाईसेंस के नवीनीकरण की पंजिका में प्रविष्टि न होने के कारण शस्त्र लाइसेंस निरस्त किये जाने योग्य है। जिन 409 शस्त्र लाईसेंसो पर शस्त्र क्रय नही किया गया है, उनकी सूची नजारत अनुभाग, कार्यालय जिलाधिकारी, सहारनपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है, जिसका किसी भी कार्यदिवस में अवलोकन किया जा सकता है। जिला मजिस्ट्रेट ने सार्वजनिक सूचना द्वारा ऐसे शस्त्र लाईसेंसियो को एक अवसर प्रदान करते हुये सूचित किया है कि जिनके द्वारा अपने शस्त्र लाईसेंसो पर अभी तक शस्त्र क्रय एंव शस्त्र लाईसेंस के नवीनीकरण की प्रविष्टि नही कराई गई है, वह 15 दिवस के भीतर आयुध अनुभाग में उपस्थित होकर अपने शस्त्र लाईसेंस संबंधी सभी प्रविष्टियों को अद्यावधिक करा लें। प्रविष्टियां अद्यावधिक न कराये जाने की स्थिति में अग्रिम कार्यवाही हेतु समस्त उत्तरदायित्व संबंधित शस्त्र लाईसेंसी का होगा।

# युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या, गांव में तनावपूर्ण माहौल

- मामूली विवाद को लेकर की गई युवक की हत्या,
- कोतवाली क्षेत्र के लबकरी गांव का मामला,

भास्कर ब्यूरो



देवबंद। मामूली विवाद के चलते युवक की चाकुओ से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लबकरी निवासी अनस पुत्र असलम (19 वर्ष) का गांव के ही अली हसन पक्ष के लोगों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद अली हसन समेत तीन लोगों ने अनस के ऊपर ताबड़तोड़ चाकुओ से हमला कर दिया। इसके बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। गंभीर अवस्था में परिजन अनस को यहां के सरकारी लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान अनस की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अनस दो दिन पहले ही कम से घर लौटा था। हमलावरों में एक आरोपी बाहर का भी बताया जा रहा है जो गांव में रिश्तेदारी में आया हुआ था। एसपी देहात सागर जैन ने बताया मृतक अनस के शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक परिवार की ओर से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश में पुलिस की टीम लगी हुई है।

**हत्या के बाद परिवार में पसरा मातम....**

गांव लबकरी में अनस की हत्या के बाद मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों की भीड़ मृतक परिवार के घर पर जुटी रही। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। वह अभी दो दिन पहले ही कम से घर लौटा था, उधर पुलिस हत्या के कारण को लेकर जांच में जुट गई है।

# जोनल मंत्री का शपथ ग्रहण समारोह

भास्कर ब्यूरो



मुरादाबाद । यूपी मुरादाबाद राज्यकर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसियेशन मुरादाबाद की जोनल कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह गत 9 जनवरी को हो गया था लेकिन जोनल मंत्री जितेंद्र का शपथ ग्रहण नही हो पाया था जिन्हें आज रामगंगा विहार फेज-2 मुरादाबाद राज्यकर विभाग के सभागार में आयोजित किया गया । जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुरादाबाद मंडल के राज्यकर विभाग के कमिश्नर ग्रेड टू आर ए सेठ द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई कमिश्नर ग्रेड टू आर ए सेठ ने सभी को बधाई देते हुए कहा वह साथी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर उनसे कभी भी वार्ता कर सकते हैं लेकिन उनका विभाग ऐसा है । जिसे प्रदेश में मुख्य स्थान पर कर के लिए जाना जाता हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री की भी इस विभाग से काफी आशाएं रहती हैं। इसलिए सभी को अपना मुखविरो का तंत्र मजबूत करते हुए करवाचकों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लानी होगी। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी आर एन त्रिपाठी प्रांतीय महा मंत्री विपिन चौधरी ने भी सम्बोधित करते हुए कहा साथी कर्मचारियों की मांगों को लेकर उनकी प्रमुख सचिव से वार्ता चल रही हैं और जल्द ही मुख्यमंत्री से भी उनकी मुलाकात होने वाली हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष अवधेश कुमार , गेंदा सिंह वरिष्ठ अधिकारी मोहित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का संचालन श्रीकांत द्वारा किया गया। अध्यक्ष राजीव पाल ने बताया कि गत 9 जनवरी को हुए शपथ ग्रहण समारोह में जोनल मंत्री जितेंद्र शपथ नही ले पाए थे। इसलिए उनकी शपथ के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# एसबीआई बैंक कृषि शाखा हुई स्थानांतरित, प्रबंधक विनीत रांधी ने हवन कर किया कार्य का शुभारंभ

भास्कर ब्यूरो



मुरादनगर। एसबीआई बैंक की रेलवे रोड स्थित कृषि शाखा दिल्ली मेरठ रोड स्थित जाट कालोनी के सामने स्थानांतरित हुई है। जिसमें प्रबंधक विनीत रांधी ने हवन व पूजा कर कार्य का शुभारंभ किया। बता दें कि एसबीआई बैंक की कृषि शाखा नगर के रेलवे रोड पर करीब 50 वर्षो कार्य कर रही थी। लेकिन रेलवे रोड पर भीड़भाड़ अधिक होने से बैंक की सुरक्षा व कार्य करने में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा था। जिसके चलते एसबीआई बैंक के अधिकारियों ने ग्राहकों की सुविधा के मद्देनजर बैंक के लिए आवेदन आर्मत्रित किए थे। बैंक के लिए दिल्ली मेरठ रोड स्थित जाट कालोनी के सामने जगह का प्रस्ताव आया था। एसबीआई बैंक के अधिकारियों ने जगह का प्रस्ताव स्वीकार कर बैंक को स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। बैंक प्रबंधक विनीत रांधी के प्रयास से एसबीआई बैंक को नए भवन में स्थानांतरित कर दिया। एसबीआई बैंक प्रबंधक विनीत रांधी ने बताया कि नए भवन में हवन व पूजा कर प्रसाद वितरित कर कार्य का शुभारंभ किया गया है। इस मौके पर क्षेत्रीय महासचिव पश्चिम यूपी चौधरी जितेंद्र सिंह कुंडू, प्रबंधक विनीत रांधी एडवोकेट महावीर यादव समाजसेवी राधे किशन अरोड़ा सेवा प्रबंधक आशा सरोहा फील्ड अफसर रणबीर सिंह प्रीति जैन धर्मवीर सिंह डॉ राजपाल सिंह मछली पालक रजनीश चौधरी व व्यापारी चौधरी विक्रम सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पटाखों के धमाकों से दो बच्चे घायल

**भास्कर ब्यूरो,** पाकबड़ा । मंगलवार को थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर मे उस वक्त हड़कंप मच गया जब खेत में लगे आलू के खेत की नराई चल रही थी उसी दौरान गांव के दो बच्चों द्वारा खेत पर पहुंचे और पॉलीथिन में रखे पटाखे को बच्चों द्वारा पत्थर मारा गया उस दौरान पटाखे का धमाका नहीं हुआ जैसे दोनों बच्चों ने उसे पोलीथीन को हाथ में उठाया तभी तेजी के साथ धमाका हुआ और दोनों बच्चे कुलदीप , रोबिन गंभीर रूप से घायल हो गए और गांव में हड़कम मच गया सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी हाईवे थाना प्रभारी विनोद कुमार पहुंचे और दोनों बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और मामले की जांच शुरू कर दी।





# सार सुर्खियां

## शिवालिक वन प्रभाग में अग्नि कक्ष की स्थापना,

भास्कर ब्यूरो, सहारनपुर। वर्ष 2025 के आगजनी सीजन में वनों में आग की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई के लिए शिवालिक वन प्रभाग, सहारनपुर में 24 घंटे कार्यरत अग्नि नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। वन विभाग के अनुसार अग्नि दुर्घटनाओं की सूचना तत्काल प्रभाव से नियंत्रण कक्ष में दी जा सकती है। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारी सैयद अरशद हुसैन (मोबाइल 7500868830) और कनिष्ठ सहायक कुमुद चैधरी (मोबाइल 7839435280) को संपर्क किया जा सकता है। वन विभाग ने जानकारी दी कि नियंत्रण कक्ष में एक विशेष पंजिका संधारित की गई है, जिसमें आग लगने की हर घटना दर्ज की जाएगी। साथ ही, आरक्षित और संरक्षित वन क्षेत्रों में ज्वलनशील पदार्थ ले जाना सख्त वर्जित है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जनसाधारण से अनुरोध है कि वे वनों में आग लगने की घटनाओं की जानकारी तुरंत उपरोक्त दूरभाष नंबरों पर साझा करें, जिससे समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें।

## बच्चों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली




**भास्कर ब्यूरो,** शिकोहाबाद। यंग स्कॉलर्स अकादमी के परिसर में संचालित पांच दिवसीय स्काउट व गाइड शिविर में शिक्षा के प्रति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल प्रबंधक डॉक्टर संजीव आहूजा एवं प्रबंध निदेशिका ईशा आहूजा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनजागरण रैली में प्रतिभा करने वाले स्काउट और गाइड विभिन्न प्रकार के नारे लगाते हुए चल रहे थे, जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, एक दो तीन चार, शिक्षा है सब का अधिकार, भारत माता की जय। जागरूकता रैली शंभू नगर, मेला वाले बाग से होकर टुइंयां मंदिर होती हुई जसलई रोड स्थित विद्यालय प्रांगण में आकर समाप्त हुई। इसके साथ ही कैम्प में तंबू निर्माण पाक-कला आदि का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रबंधक ने कहा कि इस प्रकार की रैली से छात्रों में जोश आता है। कैम्प में जीवन जीने की कला सीखने का मौका मिलता है। निदेशिका ने कहा कि स्काउटिंग हम सभी को प्रकृति की गोद में रहना सिखाती है। इस अवसर पर सीमा मिश्रा, एनसीसी अधिकारी मनोज इंडोलिया, ऋतिकेश खेल प्रशिक्षक एवं सुचित, मनीष कुमार, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने दबोचा प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा विक्रेता



**भास्कर ब्यूरो,** रामपुर मनिहारान। कोतवाली पुलिस ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से अवैध माझा बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सजवान के निर्देशन में प्रतिबन्धित चाइनीज मांझे की बिक्री व इस्तेमाल के विरुद्ध चलाए जा रहे चैकिंग अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल व क्षेत्राधिकारी नकुड एसएन वैभव पांडेय के पर्यवेक्षण एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह व उपनिरीक्षक हरेंद्र सिंह तथा कांस्टेबल रोहित राणा व कांस्टेबल विक्रांत सरोहा टीम द्वारा मंगलवार को आजाद अहमद पुत्र इरशाद निवासी मौहल्ला पीपलतला रामपुर मनिहारान को मौहल्ला पीपतला से गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से प्रतिबन्धित चाईनीज मांझा भी बरामद किया गया है।जिसके आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध बीएनएस व पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की वांछित धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायलय के समक्ष पेश किया गया है।

## रविदास जयंती और शब-ए-रात की तैयारियों को लेकर सपा प्रतिनिधिमंडल ने सौंपे ज्ञापन



**भास्कर ब्यूरो,** सहारनपुर। रविदास जयंती और शब-ए-रात से पूर्व नगर की व्यवस्थाओं को दुरु... लिए समाजवादी ... विधानसभा प्रभारी ... टिंकू अरोड़ा और ... प्रतिनिधिमंडल ने ... आयुक्त को दो ... अभिषेक टिंकू अरोड़ा ... कि रविदास जयंती पर शोभा यात्रा के रूट की सड़कों की मरम्मत, लाइट रिपेयरिंग, पेयजल व्यवस्था और स्वागत स्थलों पर नालों पर स्लैब डालने की आवश्यकता है। इसके लिए नगर निगम को पहले से सभी तैयारियां पूरी कर लेनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने शब-ए-रात के मद्देनजर सहारनपुर के कब्रिस्तानों में सफाई, लाइट और पेयजल व्यवस्था सुचारू करने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि शब-ए-रात के दिन अल्पसंख्यक समुदाय के लोग अपने बड़ों की कब्र पर फातिहा पढ़ने और दुआ करने के लिए कब्रिस्तान जाते हैं, ऐसे में व्यवस्थाएं पूरी रहनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में पार्षद नितिन जाटव, अहमद मालिक, स्वराज, नदीम अंसारी, परवेज मालिक, हाजी फजलुर्रहमान, इमरान सैफी, फराज अंसारी, कलीम मालिक, और वरिष्ठ व्यापारी नेता अदनान प्रधान शामिल थे।

## सिरसका गांव में बारात घर विवाद सुलझा, जमीन चिन्हित



**भास्कर ब्यूरो,** नकुड़ (सहारनपुर)। ग्राम सिरसका में काफी दिनों से बारात घर को लेकर चल रहा विवाद आखिरकार सुलझ गया। एसडीएम संगीता राघव और सीओ एसएन वैभव पांडेय ने गांव पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाया और बारात घर के लिए खसरा नंबर 95 व 116 में खाली भूमि चिन्हित कर दी। ग्राम प्रधान पिंकी बौद्ध ने बताया कि जनहित में बारात घर के निर्माण के लिए यह मामला उठाया गया था, लेकिन आपसी विवाद के कारण निर्णय नहीं हो पा रहा था। मामले को प्रशासन के संज्ञान में लाया गया, जिसके बाद उच्चाधिकारियों ने हस्तक्षेप कर समाधान किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि और रालोद एससीध्एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जसमेर सिंह ने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए इसे गांव के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

## शिक्षकों ने जलाई यूपीएस स्कीम की चिता

**भास्कर ब्यूरो,** नानौता। सरकार की ओर से यूपीएस स्कीम द्वारा शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पेंशन देने के सरकारी फामूर्ले का शिक्षकों ने विरोध करते हुए यूपीएस स्कीम की प्रति जलाई। मास्टर विजय कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर नगर एवं क्षेत्र के शिक्षकों ने खुड़ाना बीआरसी पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने यूपीएस कि प्रति कि चिता जलाते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि ये विरोध और संघर्ष पुरानी पेंशन बहाली होने तक जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान विरोध करने वाले शिक्षकों ने कहा कि यूपीएस स्कीम से शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कई तरह के नुक्सान है। ये स्कीम शिक्षकों के भविष्य के लिए घातक साबित होगी।